RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 128
लखनऊ, शनिवार, 27 फरवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



वायु प्रदूषण के लिए भूमि के सराहनीय प्रयास
विविध-12

www.dailypioneer.com

# पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान

## बंगाल में आठ और असम में तीन, तमिलनाडु, केरल व पुडुचेरी में एक-एक चरण में होगा मतदान, दो मई को आएंगे नतीजे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चुनाव** आयोग ने पश्चिमी बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। बंगाल में आठ चरणों में वोट डाले जाएंगे जबकि असम में तीन चरणों में मतदान होगा। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 6 अप्रैल को एक ही चरण में वोटिंग जो जाएगी। करीब एक महीने लंबे कार्यक्रम में 27 मार्च को पहले चरण का मतदान होगा और 29 अप्रैल को आखिरी वोटिंग होगी। पांचों राज्यों के नतीजे एक साथ दो मई को घोशित कर दिए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ, आदर्श आचार संहिता शुक्रवार शाम से लागू हो गई। पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में समाप्त हो रहा है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयोग सुनील अरोड़ा ने कहा कि इन विधानसभा चुनावों में 824 सीटों के लिए लगभग 18.68 करोड़ मतदाता 2.7 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। मतदान केंद्र हर हाल में ग्राउंड फ्लोर पर ही बनाए जाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में 1500 के बजाय अधिकतम 1000 मतदाता ही होंगे

### ● 27 मार्च को पहला और 29 अप्रैल को अंतिम वोटिंग
### आचार संहिता लागू

और वोट डालने के लिए एक घंटा अतिरिक्त दिया जाएगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था भी की जाएगी। असम में 26 मार्च (47 सीटें), 1 अप्रैल (39 सीटें), 6 अप्रैल (40 सीटें) को तीन चरणों में 126 सीटों के लिए चुनाव होंगे। यहां नामांकन की अंतिम तिथि 9 मार्च है। पश्चिम बंगाल में 294 सीटों के लिए पहले चरण में 27 मार्च को 30 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इसके बाद 1 अप्रैल (30 सीटें), 6 अप्रैल (31 सीटें), 10 अप्रैल (44 सीटें), 17 अप्रैल (45 सीटें), 22 अप्रैल (43 सीटें), 26 अप्रैल (36 सीटें), और आखिरी आठवें चरण के लिए 29 अप्रैल को 35 सीटों पर मतदान होगा। पिछली बार, विधानसभा चुनाव सात चरणों में कराए गए थे। तय कार्यक्रम के अनुसार, केरल में 140 सीटों, तमिलनाडु में 234 सीटों और पुडुचेरी में 30 सीटों पर एक ही चरण में 6 अप्रैल को चुनाव होंगे। चुनाव प्रचार के दौरान धमकियों और हिंसा के



खतरे को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदान केंद्रों की सुरक्षा योजना मुख्य रूप से एक समिति द्वारा तय की जाएगी, जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और राज्य केंद्रीय सषस्त्र पुलिस बल समन्वयक होंगे। अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 6,600 से अधिक मतदान केंद्रों की पहचान संवेदनशील के रूप में की गई है, जबकि और 715 अतिसंवेदनशील घोषित किए गए हैं। इसी तरह असम में 2,654 से अधिक मतदान केंद्रों की पहचान अतिसंवेदनशील और 338 संवेदनशील के रूप में की गई है। अगस्त 2020 में आयोग द्वारा जारी कोविड-19 दिषानिर्देष का हवाला देते हुए सुनील अरोड़ा ने कहा कि मतदान का समय एक घंटे बढ़ा दिया गया है और डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार को पांच लोगों तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य अपनी स्थानीय कोविड-19 स्थिति के अनुसार दिशानिर्देशों को संशोधित कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है और इस बार भाजपा से उसका कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस और वाममोर्चा ने गठबंधन के सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। केरल में पहली बार त्रिकोणीय चुनावी लड़ाई की संभावना बन रही है। भाजपा ने केरल में अपनी राजनीतिक ऊर्जा झोंक दी है, जबकि कांग्रेस के कई दिग्गजों ने राज्य में मेहनत की है। पुदुचेरी में हाल ही में एक के बाद एक कई विधायकों के इस्तीफा देने से दक्षिण में कांग्रेस का आखिरी किला भी ढह गया था। यहां लड़ाई पूर्व मुख्यमंत्री एन रंगासामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस और अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस के बीच है। नागरिकता संशोधन विधेयक के चलते कई तबकों में उपजी नाराजगी के चलते असम में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर लगा है। वहीं तमिलनाडु में दशकों बाद पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता और दिग्गज एम करुणानिधि की अनुपस्थिति में चुनाव हो रहे हैं। यहां भी मुकाबला काफी दिलचस्प रहेगा।

### हर चुनाव कर्मी का होगा टीकाकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने शुक्रवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में तैनात हर कर्मी का कोविड-19 का टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान से चुनाव संपन्न कराने की स्थितियां अनुकूल हुई हैं और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने चुनावी ड्यूटी पर तैनात हर कर्मी को टीकाकरण के मकसद से अग्रिम मोर्चे का कार्यकर्ता माना है। जहां मतदान का समय एक घंटा बढ़ाया गया है, वहीं एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1000 की गई है।

# आठ चरणों में चुनाव पर भड़क उठीं ममता



**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में आठ चरण में विधानसभा चुनाव कराए जाने की घोषणा पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें संदेह है कि तारीखों की घोषणा भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के सुझावों के अनुसार की गई है।

बनर्जी ने कालीघाट स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को राज्य को 'भगवा खेमे की आंखों से' नहीं देखना चाहिए, उनका इशारा भाजपा की ओर था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का पूरा सम्मान करते हुए मैं यह कहना चाहती हूं कि इस पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं कि बंगाल में कई चरणों में चुनाव क्यों होंगे, जबकि अन्य राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। यदि चुनाव आयोग लोगों को न्याय प्रदान नहीं करता तो लोग, कहां जाएंगे। बनर्जी ने कहा कि 'इन सभी चालों' के बावजूद, वह चुनाव जीतेंगी।

उन्होंने कहा कि मुझे अपने सूत्रों से जानकारी मिली है कि चुनाव की तारीखें उसी अनुरूप हैं, जिस तरह से भाजपा चाहती थी। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के सुझावों के अनुसार तारीखों की घोषणा की गई है? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री राज्य के चुनाव के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग नहीं कर सकते हैं। बनर्जी ने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के चुनाव जीतने के बारे में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वह राज्य की बेटी हैं और बंगाल को भाजपा से बेहतर जानती हैं।

# बाजार में दस महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट

### ● सेंसेक्स 1,940 अंक लुढ़का




**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में गिरावट के बीच बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को करीब 1,940 अंक लुढ़क गया। यह 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट है। एनएसई निफ्टी भी 568 अंक से अधिक का गोता लगाकर 15,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया।

वैश्विक स्तर पर बांड बाजार में तेजी के बीच चौतरफा बिकवाली से यह गिरावट आई। इसके अलावा निवेशक तीसरी तिमाही के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़े आने से पहले सतर्क दिखे। साथ ही उनकी अमेरिका और सीरिया के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव पर भी नजर है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,939.32 अंक यानी 3.80 प्रतिशत लुढ़क कर 49,099.99 अंक पर बंद (शेष पेज 9)

### अर्थव्यवस्था में अक्टूबर दिसंबर तिमाही में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष में लगातार दो तिमाही में गिरावट के बाद तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के शुक्रवार को जारी आंकड़े में यह जानकारी दी गई है। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एनएसओ के राष्ट्रीय लेखा के दूसरे अग्रिम अनुमान में 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान जताया गया है। जनवरी में एनएसओ ने (शेष पेज 9)

# दूसरे राज्यों से आने वालों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग व क्वारंटीन की व्यवस्था करें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 की फोकस टेस्टिंग किये जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखकर अधिक से अधिक टेस्ट किये जाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में प्रतिदिन 1 लाख 25 हजार से कम टेस्ट न हों।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में कोरोना के मामलों में हो रही बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत प्रदेश में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। प्रदेश में बाहरी राज्यों से आ रहे लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग एवं क्वारंटीन की आवश्यकतानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से बचाव तथा उपचार के सम्बन्ध में प्रभावी व्यवस्था बनाये रखी जाये। जनपदों में स्थापित इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाये।

कोरोना से बचाव के संबंध मे लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाये। उन्होंने इस कार्य में विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ.साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी उपयोग किये जाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी (शेष पेज 9)

# कोविड-19: विदेशी वैरिएंट पर नजर, 18 राज्यों में निगरानी

### ● यूके, दक्षिण अफ्रीकी और ब्राजीलियाई स्ट्रेन से संक्रमित लोगों की संख्या हुई 194

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूके,** दक्षिण अफ्रीकी और ब्राजीलियाई कोविड-19 स्ट्रेन से संक्रमित लोगों को संख्या शुक्रवार को बढ़कर 194 पहुंच गई। इसके चलते महाराष्ट्र, केरल और तेलंगाना समेत 18 राज्य बीमारी निगरानी और बचाव के लिए गठित केंद्रीय एजेंसी नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) की निगरानी में आ गए हैं।

इन क्षेत्रों में कोविड-19 के यूके, दक्षिण अफ्रीकी और ब्राजीलियाई वेरिएंट मिले हैं। साथ ही इन्ही राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामलों में उछाल आया है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इन नए वैरिएंट के चलते मामलों में इजाफा नहीं हुआ है। एनसीडीसी ने राज्यों से कहा है कि वे अन्य देशों से आने वाले वैरिएंट पर नजर रखे, वहीं देश में इन वैरिएंट से संक्रमित होने वालों की संख्या (शेष पेज 9)

### कोरोना पर मौजूदा दिशानिर्देश 31 मार्च तक लागू रहेंगे: गृह मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 पर मौजूदा दिशानिर्देश 31 मार्च तक लागू रहेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हालांकि कोविड-19 के उपाचाराधीन और (कोरोना वायरस) संक्रमण के नए मामलों में काफी कमी आई है, लेकिन निगरानी, रोकथाम और सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है ताकि महामारी से पूरी तरह से उबरा जा सके।

राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को लक्षित आबादी समूह का टीकाकरण करने में तेजी लाने की भी सलाह दी गई है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके और महामारी को खत्म किया जा सके। गृह मंत्रालय ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए निरूद्ध क्षेत्रों का सीमांकन सावधानीपूर्वक जारी रखा जाए, वायरस के प्रसार की रोकथाम से जुड़े दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए, कोविड की रोकथाम में सहायक व्यवहार को बढ़ावा दिया जाए और सख्ती से लागू किया जाए तथा विभिन्न अनुमति प्राप्त गतिविधियों के सबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का ईमानदारी से अनुपालन किया जाए।

मंत्रालय ने कहा कि इसलिए 27 जनवरी को जारी दिशानिर्देशों एवं एसओपी को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा सख्ती से लागू किए जाने की जरूरत है। बयान में कहा गया है कि गृह (शेष पेज 9)

# टीके के लिए आन साइट पंजीकरण करा सकेंगे बुजुर्ग

### ● बीमारी से ग्रस्त 45 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी ले सकते हैं इस सुविधा का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और पहले से किसी बीमारी से ग्रसित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का एक मार्च से कोविड-19 टीकाकरण करने की तैयारी में जुटा हुआ है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 'ऑन-साइट' पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि योग्य लाभार्थी अपनी पसंद के टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराएं और टीका लगवाएं।

टीके के लाभार्थी को-विन 2.0 पोर्टल डाउनलोड कर और आरोग्य सेतु आदि मोबाइल ऐप के जरिए पहले भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि लाभार्थी अपनी पसंद के कोविड-19 टीकाकरण केंद्र (सीवीसी) को चुन सकते हैं और टीका लगवाने के लिए अपना समय निर्धारित करवा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि सरकारी टीकाकरण केंद्रों में टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा। वहीं, टीकाकरण केंद्र के रूप में निर्धारित निजी स्वास्थ्य संस्थानों में टीका लगवाने वालों को पहले से तय शुल्क का भुगतान करना होगा। केंद्र सरकार ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों और एमडी (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के साथ यह सूचना साझा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई बैठक में टीका प्रशासन (को-विन) पर उच्चाधिकार समूह के अध्यक्ष और कोविड-19 पर टीका प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह के सदस्य डॉ आर एस शर्मा भी शामिल हुए। कोविड-19 के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को शुरू हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि आयु समूह के आधार पर टीकाकरण का नया चरण देश में टीकाकरण अभियान को कई गुना विस्तारित कर देगा। इस चरण की एक खास विशेषता यह है कि टीकाकरण के मौजूदा चरण में जो स्वास्थ्यकर्मी या (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,099 | ⬇ 1939 | |
| निफ्टी | 14,529 | ⬇ 568 | |
| सोना | 45,599 | ⬇ 342 | /10g |
| चांदी | 67,419 | ⬇ 2007 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पकड़ी गई 4.5 करोड़ रुपये की चरस, चार महिलाएं गिरफ्तार

बहराइच। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान मे नेपाल की चार महिलाओ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किग्रा. से अधिक चरस बरामद की गई है। बहराइच के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन मिश्र ने बताया कि थाना मोतीपुर अंतर्गत मिंहीपुरवा बस स्टैंड से लगभग तीन किमी. दूर एक जगह से नेपाल की तीन महिलाओं को 10 किग्रा. से अधिक चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। महिलाओं ने अपनी पहचान नेपाल के पूर्वी रुकुम जिला निवासी रंजीना रोका, मंजू रोका व सिर्जना रोका के रूप में बताई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एसएसबी और पुलिस के संयुक्त गश्ती दल ने नेपाल के रोलपा जिले की रहने वाली मनीषा को पांच किग्रा. से अधिक चरस सहित गिरफ्तार किया है।

# मेस इंचार्ज के पद पर तैनात जेसीओ की गला रेत कर हत्या

### ● दूसरा साथी जेसीओ घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूरी पर गंभीर हालत में मिला, अस्पताल में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** सेना की मध्य कमान आफिसर्स मेस के इंचार्ज के पद पर तैनात जूनियर कमीशंड अफसर (जेसीओ) की शुक्रवार को गला रेतकर हत्या कर दी गई। जबकि दूसरा साथी जेसीओ घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूर पर गंभीर हालत में मिला। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले पांच दिनों से चार्ज हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस के मुताबिक घायल जेसीओ के होश में आने के बाद ही घटना की खुलासा होगा। फिलहाल केस दर्ज करते हुए (शेष पेज 9)

### घायल जेसीओ सुलझाएगा गुत्थी

**सेना** के एक जेसीओ की छावनी के सबसे सुरक्षित कस्तूरबा रोड स्थित आफिसर्स मेस के भीतर बने एक रूम में हत्या और दूसरा साथी घटनास्थल से कुछ कदमों की दूरी पर घायल अवस्था मिलना रंजिशन हत्या की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि हत्या चार्ज हस्तांतरण को लेकर हुए विवाद के कारण हुई, या फिर इसके पीछे कोई और दूसरी वजह है। डीसीपी संजीव सुमन ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दूसरा जेसीओ आईसीयू (शेष पेज 9)

# आर्थर जेल में विशेष कोठरी को नीरव का इंतजार



**भाषा।** मुंबई




**पंजाब** नेशनल बैंक घोटाला मामले में जालसाजी और धनशोधन के आरोपों पर भारत में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के पक्ष में एक ब्रिटिश अदालत का फैसला आ जाने के साथ ही मुम्बई की आर्थर रोड जेल ने उसे रखने के लिए एक विशेष कोठरी तैयार कर ली है।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जेल अधिकारी ने बताया कि नीरव मोदी को यहां लाए जाने के बाद उसे अतिसुरक्षा वाले बैरक नंबर 12 की तीन कोठरियों में से एक में रखा जाएगा। उन्होंने कहा, जेल में नीरव मोदी को रखने की तैयारी पूरी कर ली गई है और उसे जब भी प्रत्यर्पित कर लाया जाएगा, तो उसके लिए जेल की कोठरी तैयार है। ब्रिटेन के एक न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीरव मोदी को अपने खिलाफ मामले में भारतीय अदालतों के समक्ष जवाब देना है और ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिससे संकेत मिलता हो कि भारत में उसके मामले की निष्पक्ष सुनवाई नहीं होगी।नीरव मोदी प्रत्यर्पण के विरूद्ध करीब दो साल की अपनी कानूनी लड़ाई हार गया। आरोपों की गंभीरता की वजह से उसे बार- बार जमानत से वंचित होना पड़ा और वह मार्च, 2019 में गिरफ्तारी के बाद से लंदन की एक जेल में है। महाराष्ट्र के जेल विभाग ने 2019 में केंद्र को जेल की स्थिति और नीरव मोदी को रखने के लिए सुविधाओं के बारे में जानकारी दी थी।

पीएनबी घोटाले में आरोपित नीरव मोदी के प्रत्यर्पण संबंधी फैसले को भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी सरकार के संकल्प के अनुकूल बताया है। भाजपा के महासचिव और राज्यसभा सदस्य दुश्यंत गौतम ने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि देश के खिलाफ अपराध करने वाले हर व्यक्ति को दंडित करना है। उन्होंने कहा कि नीरव का फैसला देश के हर घोटालेबाज और आर्थिक अपराधी के लिए स्पष्ट संदेश है भले ही वो देश के बाहर भाग गये हों कि इस सरकार के कार्यकाल में कोई बच नहीं सकता।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर ने कहा कि यूपीए के शासन में देश को लूटने वाला कोई भी शख्स बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा नेता और बंगाल के उप प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि नीरव के प्रत्यर्पण मामले में मिली जीत वास्तव में भारतीय जांच एजेंसियों की कामयाबी है।

# संघ को समझना है तो उसकी सेवा को जानें

## मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ: स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र पुस्तक का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**संघ** को समझना है तो संघ की सेवा की दृष्टि समझने का प्रयास करना होगा। हर आपदा में बिना किसी सरकारी सहायता के संघ देश के नागरिकों के लिए बिना किसी भेदभाव के दिनरात सेवाकार्यों में सम्पूर्ण समर्पण के साथ लगा रहा। भारत की दृष्टि ही संघ की दृष्टि रही है। आलोचनाओं से विचलित हुए बिना संघ ने भारत की दृष्टि को अपनाया है। स्वयंसेवक का सिर्फ एक धर्म है वो है राष्ट्र धर्म जिसका संघ ने सदैव पालन किया। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों पर आधारित एक पुस्तक विमोचन के दौरान कहीं।

लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में संघ के बड़े पदाधिकारियों की मौजूदगी में शुक्रवार को संघ के सह प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की पुस्तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ: स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा यह केवल एक पुस्तक नहीं है बल्कि एक दृष्टि भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1925 से सेवारत, विगत 96 वर्षों का एक ऐसा संगठन रहा जो बिना किसी सरकारी सहयोग से भारतीय संस्कृति सभ्यता को अनंत काल तक बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

सेवा के माध्यम से कोरोना के महामारी के दौरान संघ के योगदान को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा देश में जब कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए 25 मार्च 2020 को लॉकडाउन प्रारंभ हुआ। ऐसे कठिन समय में कोई संगठन जो सबसे पहले सेवाकार्य के लिए आगे आया वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ था। संघ के स्वयं सेवकों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर आम जन को फूड डिलीवरी और चिकित्सीय सहयोग जैसे सेवा कार्यों को अंजाम दिया। वहीं विभिन्न राज्यों से पलायन कर रहे प्रवासी कामगारों की भी संघ ने भरपूर मदद की, किसी को भी भूखा नही सोने दिया यहां तक कि लोगों के पांव तक धोए। प्रवासियों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने में सरकार की मदद की। इस पूरे सेवा कार्य के दौरान संघ ने किसी का मत, जाति, भाषा और क्षेत्र नहीं पूछा।

मुख्यमंत्री ने कहा संघ भारत के वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वेभवन्तु सुखिन: के दर्शन का अनुसरण करते हुए विगत 96 वर्षों से आलोचनाओं के परे रह कर निर्विकार भाव से सेवा करता रहा। संघ के कार्यकर्ता गांव के नागरिकों तक को विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में गंभीर बीमारियों में लोगों की सेवा और सुविधा के लिए टाटा कैंसर हास्पिटल हो या पीजीआई में मरीजों और उनके परिवार वालों को सभी सुविधा मुहैया कराने वाले संस्थानों का कुशलता से संचालन किया। दुरूह केदारनाथ, बद्रीनाथ में भारी बर्फबारी के बीच संघ ने श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सालय बनाया। प्रयागराज में कुम्भ के दौरान संघ ने सरकार को सहयोग करने के लिए मेले में श्रद्धालुओं की आँखों की जांच और इलाज के लिए आँख का एक विशालकाय अस्पताल ही बना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय परम्परा और मूल्यों के संकल्पित संघ राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण और स्वामी विवेकानंद स्मृति निर्माण जैसे राष्ट्रहित के कार्यों में हमेशा आगे रहा है। संघ के दर्शन ने कुंभ में आयोजित 6 वैचारिक कुंभों ने विश्व भर में भारत की संस्कृति का मान बढ़ाया है। वर्ष 2025 में संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष आयोजन में यह पुस्तक हम सबका मार्गदर्शन करेगी और संघ के कार्यों से जन जन को परिचित कराएगी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री जी के सपनों का एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

# मिशन शक्ति से महिलाओं में सामाजिक जागरूकता बढ़ी: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। महिलाओं की सुरक्षा और आत्मसम्मान के प्रति सामाजिक जागरूकता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस के विभिन्न अंगों तथा नागरिक पुलिस अभियोजन आदि द्वारा पूरे समन्वय के साथ इस अभियान में कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी किसानों की उपज के मूल्य का त्वरित भुगतान किया जाये। बैठक में अवगत कराया गया कि अब तक 94 प्रतिशत किसानों को भुगतान कर दिया गया है। शेष किसानों के भुगतान की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने वरासत अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अभियान को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान करने के लिये मण्डल स्तर पर स्थापित कोचिंग केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं शिक्षण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। फील्ड में तैनात अधिकारियों को योजना के प्रभावी संचालन के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाये। उन्होंने प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई इस योजना को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

## लेह में शहीद जवान के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने लेह में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद मऊ निवासी सेना के जवान गणेश यादव के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद गणेश यादव के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है।

## अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए बनाए गए सचल जांच दल

**लखनऊ।** सचिव-निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण एवं करापवंचन रोके जाने के उद्देश्य से 33 जनपदों में चिन्हित रूटों पर सचल जांच दलों का गठन किया गया है। डॉ रोशन जैकब ने बताया कि जनपद हमीरपुर में 7, प्रयागराज, झांसी, बांदा, फतेहपुर, मीरजापुर व महोबा में 3-3 सचल दलों, सहारनपुर, बागपत, बिजनौर, रामपुर, आगरा, सोनभद्र, जालौन व चित्रकूट में 2-2 तथा बरेली, मथुरा, फिरोजाबाद, हाथरस, गाजीपुर, बलिया, आजमगढ, कुशीनगर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, बाराबंकी, बस्ती, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव व ललितपुर में 1-1 सचल जांच दल का गठन किया गया है। डॉ जैकब ने बताया खनिज वाहनों की जांच हेतु सचल दल के उपयोगार्थ आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था खनिज न्यास निधि से करायी गयी है और सहयोग के लिए थानों को भी निर्देशित किया गया है।

# गन्ना और चीनी उत्पादन से खुलेगा रोजगार का पिटारा

## सरकार ने नीति आयोग में रखा चीनी उद्योग के विकास का खाका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार के फैसलों ने गन्ना किसानों और चीनी उद्योग दोनों की सूरत बदल दी है। दम तोड़ रहे चीनी उद्योग को सरकार ने नई उड़ान दी है। एक के बाद एक बंद होती चीनी मिलों को सरकार ने न सिर्फ दोबारा शुरू कराया बल्कि यूपी को देश में चीनी उत्पादन में नंबर वन बना दिया। आने वाले समय के लिए चीनी उद्योग के विकास का खाका भी तय कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीति आयोग में यूपी में चीनी उद्योग और गन्ना उत्पादन के विकास की रूपरेखा पेश कर दी है।

यूपी में गन्ने के साथ ही चीनी उद्योग को भी नई ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी है । चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाने के साथ ही सरकार गन्ना उत्पादन के जरिये बड़े स्तर पर रोजगार भी सृजन करने जा रही है ।

नीति आयोग के सामने पेश किए गए ब्योरे के मुताबिक राज्य सरकार ने तीन पेराई सत्रों एवं वर्तमान पेराई सत्र 2020-21 समेत यूपी में कुल 3,868 लाख टन गन्ने की पेराई कर 427.30 लाख टन चीनी का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। राज्य सरकार ने लगभग 45.44 लाख गन्ना किसानों को 123 लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया है । वर्ष 2017-18 से 31 जनवरी 2021 तक 54 डिस्टिलरीज के माध्यम से प्रदेश में कुल 261.72 करोड़ लीटर एथनॉल का उत्पादन हुआ है, जो कि एक रिकार्ड है। बीते 25 सालों में पहली बार 243 नई खांडसारी इकाइयों की स्थापना के लिए लाइसेंस जारी किये गए। जिनमें से 133 इकाइयां संचालित हो चुकी हैं। इन इकाइयों में 273 करोड़ का पूंजी निवेश होने के साथ करीब 16,500 लोगों को रोजगार मिलेगा। और 243 नई खांडसारी इकाइयों की स्थापना होने पर 50 हजार लोग रोजगार पायेंगे।

गौरतलब है कि सपा और बसपा की सरकार में बकाया भुगतान के लिए गन्ना किसानों को दर दर भटकना पड़ता था। हालात से परेशान कई किसान गन्ना उत्पादन से तौबा कर बैठे थे। लेकिन योगी सरकार ने गन्ना मूल्य का ऐतिहासिक भुगतान कर किसानों को गन्ने की मिठास लौटा दी है। राज्य में किसानों की आय दोगुना करने के संकल्प पर तेजी से किए जा रहे कार्यों और किसानों के हितों में लिए गए बड़े फैसलों के कारण चीनी उत्पादन में यूपी देश में पहले नंबर पर आ खड़ा हुआ। 70 करोड़ लीटर एथनॉल उत्पादन करके भी यूपी देश मे नम्बर एक पर है ।

प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान एक भी चीनी मिल बंद नहीं हुई। सभी 119 चीनी मिलें चलीं और लॉक डाउन में भी 5954 करोड़ का भुगतान किया गया। योगी सरकार ने गन्ना किसानों के हित में बड़े फैसले लेकर डूबते चीनी उद्योग को नई उड़ान दे दी । यूपी के तीन करोड़ 35 लाख परिवारों से गन्ना विभाग जुड़ा है। प्रदेश में करीब 45.44 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता किसान हैं और लगभग 67 लाख किसान गन्ने की खेती से जुड़े हैं। आज देश में 47 प्रतिशत चीनी का उत्पादन यूपी में हो रहा है।

# माघी पूर्णिमा स्नान पर्व को सुचारु रूप से सम्पन्न कराएं: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज माघ मेला 2021 के प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों एवं माघ मेले में स्नान हेतु देश विदेश से पधारे संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में इस दिन स्नान, दान एवं यज्ञ का विशेष महत्व है। संगम तट पर एक माह का कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं के लिये यह तिथि एक विशेष पर्व है। माघी पूर्णिमा पर एक मास का कल्पवास पूर्ण हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माघी पूर्णिमा स्नान पर्व को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा समस्त आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये गये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि श्रद्धालुओं के लिए सुविधा व सुरक्षा की सभी जरूरी व्यवस्थाओं सहित कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। दूसरी ओर

## ● संत रविदास जयन्ती पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री ने संत रविदास जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास के विचारों का विस्तार असीम है। संत रविदास ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया। वे समता और सदाचार को अत्यन्त महत्व देते थे। उन्होंने अपने कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा के माध्यम से आंतरिक पवित्रता और निर्मलता पर बल दिया। संत रविदास ने अपनी रचनाओं में लोकवाणी का अद्भुत प्रयोग किया, जिसका जनमानस पर अमिट प्रभाव पड़ा। वहीं विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने संत रविदास की जयंती एवं महान देश भक्त चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की है।

## जीत पर प्रियंका ने दी बधाई

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई को मिली जीत पर विजयी प्रतिनिधियों को बधाई दी है। प्रियंका ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि द्वारा रोजगार मांगने की जोरदार हुंकार भरने वाले दिन ही छात्रसंघ के चुनाव के रिजल्ट युवा मन की एक झलक है। युवाओं ने मुद्दामूलक राजनीति पर मुहर लगाई है। सभी विजयी छात्र संघ प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं।

ग्रीन फील्ड कालेज, इलसिया ग्रन्ट, रामकोट सीतापुर, पिन कोड़-261001

आवश्यकता है

प्राचार्य- 01 पद।
सहायक आचार्य (परास्नातक स्तर -एम0ए0)- गृह विज्ञान-02 पद, अग्रेजी साहित्य 02 पद ।
सहायक आचार्य (स्नातक स्तर-बी0ए0)-शिक्षाशास्त्र, चित्रकला, राजानीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र एवं संस्कृत। (प्रत्येक विषय हेतु 01 पद) कामर्स (बी0काम0) 03 पद ।
योग्यता-यू0जी0सी/ राज्य सरकार/ लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक/योग्यताधारी अभ्यर्थी समस्त शौक्षिक प्रमाण पत्रों फोटो सहित आवेदन पत्र 15 दिनो में पंजीकृत डाक से भेजे।

प्रबन्धक/सचिव
मो0-73-1000-5000

## आजमगढ़ का कुख्यात इनामी लुटेरा महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**लखनऊ।** आजमगढ़ जिले के कुख्यात 25000 के इनामी अपराधी असवद को एसटीएफटीम महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अध्यक्ष ने बताया कि वह मुंबई में रहकर स्मैक की सप्लाई कर रहा था। एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ के एक मुकदमें मे वांछित 25 हजार का इनामी अपराधी असवद मुम्बई में रह रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ की एक टीम मुम्बई के लिए रवाना की गयी। एसटीएफ टीम मुम्बई पहुॅचकर थाना नौपाडा व अपराध शाखा यूनिट.1 ठाणे महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से वांछित अभियुक्त असवद उपरोक्त को हरी निवास सर्किल से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछतांछ पर बताया कि वह बचपन से अपने पिता के साथ महाराष्ट्र में रहता था। वर्ष 2008 में किसी बात को लेकर कुछ लोगों से मारपीट हो गयी थीए जिस सम्बन्ध में इसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हो गया था।

# युवा पीढ़ी के साथ भाजपा ने किया धोखा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के छात्र संघ चुनाव में समाजवादी छात्र सभा के नवनिर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष विमलेश यादव को जीत पर बधाई एवं भविष्य की शुभकामनायें दी हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने युवा पीढ़ी के साथ धोखा किया है। भाजपा सरकार की कुनीतियों से नौजवान हताश हो गया है। मुख्यमंत्री के इशारे पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। प्रयागराज में दो दिन पूर्व भर्ती विज्ञापन की मांग कर रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने दौड़ा दौड़कर पीटा। वहीं आज वाराणसी के बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शनरत छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुख्यमंत्री आवास के पास ग्राम विकास अधिकारी पद पर चयनित बेरोजगार नौजवान जिन्हें नौकरी तो मिल गयी है लेकिन नियुक्ति नहीं मिली। प्रदर्शन कर रहे उन बेरोजगारों को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। बलिया में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रोन्नत करने से जुड़े मुद्दे में अनियमितता को लेकर धरनारत छात्रों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार के अंतिम बजट में भी युवाओं के रोजगार की दिशा में कोई ठोस प्रबन्ध नहीं है। भाजपा की विध्वंसकारी नीतियों से युवाओं का पूरी तरह मोहभंग हो गया है। भाजपा की सरकार के कारण नौजवानों के भविष्य के सामने अंधेरा छा गया है। न रोजगार की व्यवस्था और न नौकरी की सम्भावना। सब कुछ नेस्तनाबूत हो गया है। विश्वविद्यालयों.कालेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी और नौजवान घोर निराशा में हैं।

## मास्क चेकिंग के किसी भी अभियान से प्रदेश पुलिस ने किया इंकार

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस ने मास्क चेकिंग को लेकर किसी भी प्रकार का अभियान चलाए जाने की बात से इनकार किया है। सोशल मीडिया पर बीते बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मास्क चेकिंग अभियान चलाने संबंधी मैसेज तेजी से वायरल हुआ था। जिसमें जानकारी दी गई थी कि 26 फरवरी को प्रात: 9 बजे से यूपी के सभी थाना क्षेत्रों में मास्क चेकिंग का 30 दिनों तक अभियान चलाया जाएगा। सभी शहर और ग्रामवासी मास्क का प्रयोग करें और चालान की कार्रवाई से बचें, साथ ही 10 घंटे की अस्थायी कारावास की सजा से भी बचें। वायरल पोस्टर में निवेदक के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस लिखा हुआ था। शुक्रवार को यूपी पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मास्क चेकिंग का 30 दिन का ऐसा कोई भी अभियान नहीं चलाया जा रहा है, और न ही ऐसी कोई सूचना प्रसारित की गई है। ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

# भाजपा सरकार ने खनन माफियाओं को सौंप दिया नदी का पूर्ण अधिकार: लल्लू



## ● प्रियंका गांधी का संदेश और दस लाख की आर्थिक मदद लेकर प्रयागराज पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने शुक्रवार को प्रयागराज के बसवार पहुंचकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा दी गयी 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता पीड़ित निषाद समुदाय के लोगों को सौंपी। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, कई प्रदेश पदाधिकारी, प्रयागराज के जिला अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा निषाद समुदाय को उनके हक से वंचित करने के लिए एवं प्रताड़ित करने के लिए खनन माफियाओं को नदी का पूर्ण अधिकार सौंप दिया है जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी आगामी 1 मार्च से 20 मार्च तक नदी अधिकार यात्रा निकाल रही है जो प्रयागराज से शुरू होकर बलिया में समाप्त होगी। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डा उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि विगत दिनों बसवार, प्रयागराज में पुलिस प्रशासन द्वारा निषाद समुदाय के लोगों की नावें तोड़ी गई, उनके घरों में घुसकर महिलाओं और बच्चों को मारा पीटा गया था। निषाद समुदाय के साथ हुए उत्पीड़न और अत्याचार पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सहित तमाम नेताओं ने 21 फरवरी को बसवार, प्रयागराज पहुंचकर पुलिस उत्पीड़न के शिकार हुए निषाद समुदाय के लोगों से मिलकर बात सुनी एवं उन्हें भरोसा दिलाया था कि वह और पूरी कांग्रेस पार्टी निषाद समुदाय के अधिकारों के लिए उनके साथ खड़ी है।

प्रियंका गांधी के संदेश को लेकर प्रदेश अजय कुमार लल्लू निषादों के अधिकार और आजीविका को सुनिश्चित करने व नदी अधिकार यात्रा को अंतिम रूप देने के लिए बसवार प्रयागराज पहुंचे। प्रियंका गांधी ने घोषणा की थी कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित निषाद परिवारों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०
CIN:U31200UP2003SGC027460
ई-निविदा सूचना
अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित विवरणानुसार दो भागों में दिनांक 22.03.2021 को समय 18:00 बजे तक प्रतिष्ठित एवं योग्य ठेकेदारों/निविदादाताओं से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं दिनांक - 23.03.2021 को समय 13:00 बजे खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी उ0प्र0 शासन की आधिकारिक ई-प्रोक्योरमैंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
1. ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या-42/SE/EDCCkt/2020-21: कार्य: विद्युत वितरण मण्डल-चित्रकूट के अधीन विद्युत वितरण खण्ड-चित्रकूट एवं राजापुर की सीमान्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रो के 11 केवी स्विचगियर पैनलो के वार्षिक अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य। धरोहर धनराशि: रू0 10,000.00, निविदा शुल्क: रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
अधी0अभि0, वि0वि0मं0, चित्रकूट
1563/वि वि मं चि/2020-21/निविदा प्रकाशन दिनांक 24.02.2021
राष्ट्र हित में बिजली बचायें

क्षेत्रीय निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष उत्तरीय क्षेत्र
कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में
और
मैसर्स पारिख रेजिन लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय
54/38, नयागंज, कानपुर (उ0प्र0) - 208001 में स्थित है के मामले में, ........ आवेदक
आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी को ऐसे संपरिवर्तन का अधिकार देने के लिए तारीख 23 जनवरी, 2021 को आयोजित विशेष आम अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प की शर्तो के अनुसार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में संपरिवर्तन करने की इच्छा रखने वाली कंपनी ने पूर्वोक्त नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अधीन आवेदन किया है।
कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति के कारण यदि किसी व्यक्ति के हित पर प्रभाव पड़ने की संभावना है तो वह व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर निम्नलिखित पते पर आवेदक कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय को भेजी गई प्रति सहित किसी हलफनामे द्वारा अपनी आपत्ति भेज सकता है या किसी के माध्यम से भिजवा सकता है या रजिस्ट्रीकृत पोस्ट द्वारा भेज सकता है जिसमें संबंधित क्षेत्रीय निदेशक बी-2 विंग, द्वित्तीय तल, पर्यावरण भवन, सी जी ओ काम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को उसके हित और आपत्ति के आधार की प्रकृति का उल्लेख किया जायेगा।
वास्ते
पारिख रेजिन लिमिटेड
हस्ता/-
विजय सुरेश परिख
निदेशक डिन: 00721950
दिनांक: 23/01/2021
स्थान: कानपुर
मैसर्स पारिख रेजिन लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय
54/38, नयागंज, कानपुर (उ0प्र0) - 208001

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र बीरेश को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्तव व सरोकार नहीं रहेगा। रामकिशोर पुत्र स्व0 मूलचन्द्र निवासी-ग्राम हैदरपुर, पोस्ट-गुरधपा थाना हरगाँव जनपद सीतापुर

आवश्यकता

आवश्यकता है
रामनगीना किसान महाविद्यालय मुड़ियारी, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, प्राणि विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं की योग्यता व वेतनमान यू.जी.सी.। विश्वविद्यालय परनियमावली के अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक से दी जायेगी।
प्रबंधक-9415209715

# प्रतिभावान बेटियों के नाम होगा गांव का एक तालाब

## गरीब असहाय महिलाओं को पट्टा-अभिलेखों का किया जाएगा वितरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार की नीतियों व योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए विभागों की ओर से युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत राजस्व विभाग की ओर से 26 फरवरी से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तक जनपद स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम, ब्लॉक, तहसील व जनपद स्तर पर शुक्रवार से सात मार्च तक महिलाओं को विभाग की ओर से संचालित योजनाओं, महिला अधिकारों से जुड़े प्रावधानों, ऑनलाइन सुविधाओं व अन्य बातों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही बालिकाओं के मनोबनल को बढ़ाने के लिए एक ओर जनपदों में बालिकाओं के नाम पर वृक्षारोपण किया जाएगा व ग्राम सभा में एक तालाब को दसवीं व बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम पर एक साल के लिए नामित किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण की आवाज को बुलंद करते हुए सभी जनपदों में अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गोष्ठियां व जागरूकता कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में ग्राम, ब्लॉक, तहसील व जनपद स्तर पर सात मार्च तक महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। राजस्व विधियों में महिला अधिकारों से जुड़ें प्रावधानों, राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास, हैसियत प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उपलब्ध करायी जा रही ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारियां दी जाएगी। जिसके तहत प्रदेश में ग्राम स्तर पर 26, 27 व 28 फरवरी, ब्लाक स्तर पर 1, 2 व 3 मार्च, तहसील स्तर पर 4 व 5 मार्च और जनपद स्तर पर 6 व 7 मार्च को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

महिला हेल्प डेस्क का जनपद स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ ही प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क पर 8 मार्च को वित्तीय वर्ष 2020-21 में स्वीकृत किए गए पट्टों के सापेक्ष महिला पट्टेदारों को पट्टा अभिलेखों का वितरण किया जाएगा। प्रदेश में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली छात्राओं के नाम पर प्रत्येक ग्राम सभा में एक वर्ष के लिए एक तालाब नामित कर छात्रा का नाम बोर्ड ग्राम सभा में स्थित किसी एक तालाब पर एक वर्ष की अवधि के लिए लगाया जाएगा। उस तालाब का का सौन्दर्यीकरण मनरेगा के अन्तर्गत कराया जाएगा। प्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं मुहिम को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के जनपदों में बालिकाओं के नाम से वृक्षारोपण किया जाएगा।

बी.एस.एस. इण्टर कॉलेज, काकादेव, कानपुर नगर
विज्ञप्ति
बी.एस.एस.इ. कॉलेज, कानपुर नगर के लिपिक हेतु एक (1) पद अनारक्षित वर्ग नियुक्ति हेतु वेतनक्रम 21700-56900 (छठवां वेतन आयोग 5200-20200 ग्रेड वेतन 2000) में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इसमें अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता- इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण के साथ-साथ कम्प्यूटर संचालन का डोयेक (डी.ओ.ई.ए.सी.सी.) संस्था द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण-पत्र एवं हिन्दी/अंग्रेजी में 25/30 शब्द टंकण प्रति मिनट की गति होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु राज्य सरकार द्वारा जारी नवीनतम शासनादेश के अनुसार/आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि तक न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष हो। आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता (सभी अंक पत्र, प्रमाण पत्र व सामान्य निवास) की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां अवश्य संलग्न करें।
अभ्यर्थी का आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 21/03/2021 तक विद्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक 27/03/2021 को समस्त मूल अभिलेखों व 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित विद्यालय में प्रात: 10:00 बजे उपस्थित हों। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ प्रबन्धक बी.एस.एस.इ. कॉलेज, काकादेव, कानपुर नगर के पदनाम से देय रुपये 100/- का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करें।
प्रबन्धक

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अमीनाबाद स्थित जुगल किशोर ज्वैलर्स में लॉकर तोड़कर चोरी

## मौके पर पहुंचे पुलिस आयुक्त, खुलासे के लिए टीम गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेखौफ** चोरों ने लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस को चुनौती देते हुए शहर के प्रतिष्ठित जुगल किशोर ज्वैलर्स एन्ड बैंकर्स के गहनों के शोरूम में चोरी की वारदात को अन्जाम दिया और फरार हो गए। सुरक्षित लाकरों वाले इस शोरूम मे चोर पीछे के रास्ते से दाखिल हुए और एक लाकर को पीछे से तोड़ कर चोरी करने मे कामयाब हो गए।

पुलिस को चुनौती देने वाली चोरी की यह बड़ी वारदात अमीनाबाद थाना क्षेत्र स्थित झण्डे वाला पार्क के पास ऐसे स्थान पर हुई जहां से मौलवीगंज पुलिस चौकी महज़ चन्द कदमों की दूरी पर है। इसके अलावा प्रकाश कुल्फी पुलिस चौकी की दूरी भी महज़ दो सौ मीटर ही है और इतनी ही दूरी पर अमीनाबाद कोतवाली भी है। मौलवीगंज पुलिस चौकी से चन्द कदमों की दूरी पर स्थित जुगल किशोर ज्वैलर्स एन्ड बैंकर्स के शोरूम में हुई गहनों की चोरी की वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर भी मौके पर पहुँचे और वारदात के खुलासे के लिए उन्होंने पुलिस की टीमों का गठन भी कर दिया। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर का कहना है कि जुगल किशोर ज्वेलर्स के शोरूम मे चोर उपर से पीछे के रास्ते से दाखिल हुए । चोरों ने शोरूम के अन्दर ज़ेवरात के दो लाकर तोड़ने की



कोशिश की मगर चोर लाकर तोड़ने में सफल नहीं हुए उन्होंने कहा कि चोरों ने शोरूम के अन्दर अलमीरा का लाकर तोड़ने की कोशिश की लेकिन जब लाकर आगे से नहीं टूटा तो चोरों ने अलमीरा के पीछे की दीवार को काट कर अलमीरा के लाकर में रखे कुछ गहने चुरा लिए। जुगल किशोर ज्वेलर्स से चोर कितने गहने चुरा कर ले गए है, इसका स्पष्ट तरीके से अभी पता नहीं चल सका है। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद मौके पर एसटीएफ के टीम के अलावा फोरेन्सिक की टीम और डाग स्क्रायड को भी बुलाया गया । पुलिस चैकी से चन्द कदमों की दूरी पर हुई चोरी की इस घटना के बाद पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने इन्स्पेक्टर अमीनाबाद के पेंच भी कसे है । चोरी की इस वारदात से अमीनाबाद के व्यावापारियो मे काफी रोष देखने को मिला। आक्रोषित व्यापारियों ने वारदात के जल्द खुलासे की मांग की है।

## बन्द थे सीसीटीवी कैमरे

**लखनऊ।** अमीनाबाद स्थित झण्डे वाला पार्क के पास जुगल किशोर ज्वेलर्स के शोरूम मे हुई चोरी की वारदात शोरूम के अन्दर लगे सीसीटीवी कैमरों मे इस लिए कैद नहीं हो पाई क्योंकि शोरूम के अन्दर लगे सीसीटीवी कैमरे बन्द थे। मौका-ए-वारदात का मुआयना करने पहुँचे पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर का कहना है कि रात के समय अन्दर के कैमरे बन्द कर दिए जाते थे। उनका कहना है कि शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जॉच की जा रही है। जुगल किशोर ज्वेलर्स शहर का प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम है और सुरक्षा के लिहाज़ से यहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को रात मे अगर बन्द कर दिया जाता है तो ये शोरूम की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है क्योंकि चोरी की वारदाते अक्सर रात मे ही होती हैं और अगर शोरूम के अन्दर लगे सीसीटीवी कैमरे चालू होते तो मुमकिन है कि चोरो के चेहरे सीसीटीवी कैमरों मे कैद ज़रूर होते ।

वहीं दो चौकियों और थाने के बीच जुगल किशोर ज्वेलर्स एन्ड बैंकर्स के शोरूम मे हुई चोरी की वारदात के बाद व्यापारियो ने पुलिस पर रात्रि गश्त मे लापरवाही का आरोप भी लगाया । व्यापारी अमीनाबाद पुलिस से बेहद नाराज़ नज़र आ रहे थे लेकिन पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने मौके पर पहुँच कर पुलिस को वारदता के खुलासे के लिए हिदायते दी और नाराज़ व्यापारियो को भी समझाने मे वो पूरी तरह से कामयाब हो गए । आक्रोषित व्यापारियो का कहना था कि अमीनाबाद ही नही बल्कि पूरे शहर का व्यापारी हमेशा पुलिस के सहयोग के लिए खड़ा रहता है लेकिन पुलिस की लापरवाही से व्यापारी अक्सर नुकसान उठाते रहते हैं। नाराज़ व्यापारियो का कहना था कि पुलिस की रात्रि गश्त नाम मात्र ही रहती है जिसका फायदा चोर उचक्के उठाते हैं।

# पहली मार्च से खुलेंगे प्राइमरी स्कूल, बच्चों के स्वागत की तैयारियां तेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के चलते तकरीबन 11 माह से बन्द चल रहे प्राइमरी स्कूलों के ताले पहली मार्च से खुल जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नौनिहालों के स्वागत के लिए स्कूलों में तैयारियां शुरू हो गई है। स्कूलों को रंगीन गुब्बारों, फूलों और झालरों से सजाया जाएगा ताकि महीनों बाद जब बच्चें स्कूल में कदम रखें तो उनको एक नया माहौल मिले। इसके साथ ही बच्चों को पहले दिन मनपसंद मिड डे मील देने का निर्देश दिया गया है।

लम्बी अवधि के बाद खुल रहे स्कूलों में इस बार प्रेरणा ज्ञानोत्सव मनाने के निर्देश शासन स्तर पर दिए गए हैं। इस कार्य मे अभिभावकों और एसएमसी के सदस्यों का सहयोग लेने को कहा गया है। स्कूली शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षक स्कूलों को बच्चों के लिए सजाएं ताकि कई महीनों बाद विद्यालय आने वाले छोटे बच्चों को संकोच न हो बल्कि स्कूल देख कर उनका मन प्रफुल्लित हो जाए। स्कूल व कक्षाओं की दीवारों को आकर्षक पेटिंग, स्लोगन आदि से सजाने को कहा गया है। स्कूलों को स्मार्ट क्लास व लाइब्रेरी से लैस किया गया है। अकेले लखनऊ के 1642 स्कूलों से करीब 100 स्कूल में स्मार्ट क्लासेज बनाए गए हैं। बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के 1.5 लाख से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 1 करोड़ 83 लाख से अधिक बच्चें पढ़ते हैं।

स्कूलों में बच्चों के पीने के पानी के लिए रनिंग वाटर की व्यवस्था की जाएगी। शिक्षकों को समरसेबिल पंप आदि लगाने के निर्देश दिए हैं।

# बिना सूचना के सील हुआ भवन, परिवार रहा बंधक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## परिवार को आरोप, 1432 रुपए हाउस टैक्स तीन वर्ष में बढ़ाकर किया 7.46 लाख रुपए

**चिनहट** में साढ़े सात लाख की हाउस टैक्स की बकाएदारी पर नगर निगम ने आवासीय भवन को सील कर दिया, जिसमें परिवार रह रहा था। आनन फानन में बकाया हाउस टैक्स वसूलने गए अफसरों ने आवास के बाहर गेट को सील कर चले आए, जिसकी परिवार को भनक तक नहीं लगी, परिवारी जन घंटों बंधक बने रहे। वहीं, पीड़ित परिवार का आरोप है कि परिवार को बिना सूचना दिए गेट को सील कर चले गए, जिससे परिवार घंटों फंसा रहा। 1432 रुपए हाउस टैक्स तीन वर्ष में बढाकर 7.46 लाख रुपए कर दिया। बावजूद इसके संशोधन करने की फरियाद अधिकारियों से पहले की जा चुकी थी। हालांकि जोनल अफसर ने पीड़ित के आरोपों को खारिज कर दिया है।

शुक्रवार को चिनहट क्षेत्र में कोतवाली रोड के मकान नंबर 624एफ/0418 के मकान मालिक राम सागर यादव पर बकाया हाउस टैक्स वसूलने नगर निगम के अधिकारी गए थे, लेकिन हाउस टैक्स की बकाएदारी न चुकाने पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। लेकिन हंगामा तब खड़ा हो गया जब नगर निगम ने बिना सूचना के ही सीलिंग की कार्रवाई कर डाली। परिजन रंजीत यादव ने बताया कि नगर निगम ने बिना सूचना के ही गेट को बाहर सील कर चले गए हैं, जबकि परिवार अंदर बंधक बना रहा। 12सौ वर्ग फिट में बने दो मंजिला भवन का हाउस टैक्स 2018 तक 1432 रुपए प्रति वर्ष जमा किया जाता था, वही बढ़ाकर मात्र तीन वर्षों में 7.46 लाख रुपए कर दिया। हालांकि ऑनलाइन बिल देखकर नगर निगम को संशोधन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। बीते वर्ष 28 सितंबंर को भवन मालिक के दिए पत्र में मूल हाउस टैक्स 48825 रुपए कर किया, जिसमें पुराना बकाया 439652 रुपए का बिल जोड़ा। साथ ही ब्याज 257577 रुपए भी शामिल

**चिनहट में सीलिंग की कार्रवाई परिजनों की जानकारी के बाद ही की गयी है, भवन मालिक के आरोप बेबुनियाद हैं। भवन का गोडाउन के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था, जिस पर हाउस टैक्स की बकाएदारी बढ़ गयी थी। बड़े गेट को सील कर छोटे गेट को आने जाने के लिए छोड़ दिया गया है।**

**अमित कुमार,** अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

किया। लेकिन बिना पक्ष जाने व सुने बिल चस्पा कर दिया। वहीं जोन चार के जोनल अधिकारी सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घर में गोडाउन का प्रयोग किया जा रहा है, जो वाणिज्य के दायरे में आता है, जिसको गणना कर बिल चस्पा किया गया है। वहीं घर में परिवारी जनों को बिना सूचना के भवन सील करने के आरोप को बेबुनियाद बताया है। कर इंस्पेक्टर द्वारा सूचित कर के ही भवन को सील किया है, बंधक के सारे आरोप गलत है। क्षेत्रीय कर अधीक्षक सुनील त्रिपाठी ने पूर्व सूचना के बाद ही कार्रवाई करने की बात कही है।

## छात्रा की हत्या करने का आरोप, केस दर्ज

**लखनऊ।** मड़ियांव के कैरियर मेडिकल कॉलेज की छात्रा गुरुवार को हॉस्टल के चौथी मंजिल से संदिग्ध हालात में नीचे गिर गिर गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में छात्रा के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बस्ती के मंगल बाजार निवासी ज्योति वर्मा कैरियर मेडिकल कॉलेज से बीडीएस सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। वह कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के चौथी मंजिल पर रहती थी। गुरुवार दोपहर करीब 2.30 बजे वह अचानक बालकनी से नीचे जा गिरी। गंभीर रूप से घायल ज्योति को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा के भाई शिव शंकर वर्मा ने हत्या की आशंका जताते हुए शुक्रवार को एफआईआर दर्ज करवाई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फंदे से लटकता मिला

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

गोसाईंगंज के आदमपुर नौबस्ता गांव निवासी भगवानदीन की 26 वर्षीय पुत्री रीमा की शादी 2013 में सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के हसियमऊ गांव निवासी छोटे लाल के पुत्र साईं लाल से हुई थी। मृतका के पिता भगवानदीन के मुताबिक शादी के बाद से ही उसकी बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। कई बार ससुराल पक्ष के लोगों ने बेटी को मारा पीटा।

# वाहन हटाने के विवाद में दबंगों ने मां-बेटों को जमकर पीटा

## महिला की हालत गंभीर, बलरामपुर रेफर

संवाददाता। निगोहां

**थाना क्षेत्र** के दयालपुर गांव में रास्ते के किनारे खड़े वाहन को हटाने को लेकर एक पक्ष के चार लोगों ने दूसरे पक्ष की एक महिला और उसके बेटों की लाठी .डंडों और कुल्हाड़ी के बट से जमकर पिटाई की जिससे महिला व दोनों बेटे गम्भीर रूप से घायल हो गए वही इस घटना को अंजाम देने के बाद सभी दबंग युवक मौके से भाग निकले। दिनदहाड़े हुई इस घटना में महिला की हालत गंभीर बनी हुई है ।ग्रामीणों की मदद से खून से लथपथ महिला सहित अन्य सभी घायल निगोहा थाने पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी ।पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत नाजुक देख उसे बलरामपुर रेफर कर दिया पुलिस ने दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दयालपुर गांव निवासी सावित्री देवी द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार रात उनकी चार पहिया वाहन घर के बाहर खड़ी थी तभी गांव के रहने वाले रज्जन, अरुण, सोनू, फूलचंद रास्ते मे खड़े वाहन की बात करते हुए उनसे गाली गलौज करने लगे, जब सावित्री ने इसका विरोध किया तो सभी चारों ने लाठी डंडा व कुल्हाड़ी के बट से उनकी जमकर पिटाई की मां को पिटता देख बचाने दौड़े उनके बेटे अनिल और सुनील



को भी उक्त चारों दबंगों ने जमकर मारा पीटा। इस मारपीट में सावित्री 50 का सर फट गया व दोनों बेटे अनिल व सुनील घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत नाजुक देख उसे बलरामपुर रेफर कर दिया। एसआई जयराम ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## डेढ़ करोड़ की जमीन भूमाफिया से मुक्त

**बख्शी का तालाब।** बख्शी का तालाब तहसील के अंतर्गत आने वाले पैकरामऊ गांव में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से कब्ज़ा जमाये भू पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। उयोजिलाधिकारी नवीन चंद्र ने बताया कि पैकरामऊ गांव की 0.638 हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से पक्का निर्माण के साथ अन्य तरीकों से अवैध कब्जा किया गया था।

# भगवान सिर्फ भाव के भूखे होते हैं: महापौर



**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान अपने अंतिम क्षण में है। समाज का हर वर्ग, सम्प्रदाय, मत, पंथ, सामाजिक संस्थाएं एवं हर क्षेत्र के लोगों ने इसमें योगदान दिया। आज का निधि समर्पण अभियान कुछ खास रहा। यह भगवान श्रीराम के प्रति उनकी आस्था ही थी कि आश्रम में मौजूद प्रत्येक घर से लोगों ने निधि समर्पण अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही कुष्ठ आश्रम की ओर जाने वाली इंटर लॉकिंग मार्ग का नारियल फोड़कर महापौर ने उदघाटन किया। शुक्रवार को आशियाना स्थित कुष्ठ आश्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया ने स्वयं जाकर निधि समर्पण अभियान के तहत निधि संग्रह किया। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर ने कहा कि भगवान तो भाव का भूखा होता है। आप मंदिर निर्माण में कितना समर्पण कर रहे है यह मायने नही रखता आप किस भाव से समर्पण कर रहे है यह मायने रखता है। इस मौके पर भाजपा पार्षद दल नेता कौशलेंद्र द्विवेदी, पार्षद विमल तिवारी, कमलेश सिंह, सर्वजीत सिंह, नेहा सौरभ सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप उपस्थित रहे।

## परियोजनाओं के परीक्षण के लिए समिति का गठन

**लखनऊ।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत 5 करोड़ रुपए तक की योजनाओं व परियोजनाओं के व्यय प्रस्तावों के मूल्यांकन एवं औचित्य (अप्रेजल) के परीक्षण हेतु समिति का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेमंत राव ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। जारी शासनादेश के अनुसार विशेष सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन समिति के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश, मुख्य वित्त लेखाधिकारी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश, निदेशक प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभात उत्तर प्रदेश द्वारा नामित प्रतिनिधि, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नामित अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, संबंधित निर्माण का प्रतिनिधि जो अधिशासी अभियंता के अनिम्न स्तर का हो तथा कुलसचिव डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ (केवल डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ से संबंधित मामलों में) समिति के सदस्य होंगे।

## कैंप में 120 दवा व्यापारियों को मिला फूड लाइसेंस

**लखनऊ।** लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट में सभी थोक व फुटकर दवा व्यापारियों के लिए फूड लाइसेंस का कैंप लगाया गया। जिसका उद्घाटन खाद एवं औषधि विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर डॉक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा करीब सुबह 11 बजे रिबन काटकर किया। इस मौके पर खाद विभाग के इंस्पेक्टर कमलेश कुमार शुक्ला एवं संजय कुमार वर्मा और संतोष कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। अत: इस मौके पर डॉक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा चार लाइसेंस भी निर्गत किए गए। शाम तक 120 व्यापारियों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी तथा अन्य फाइलों का निस्तारण शनिवार को किया जाएगा। कैंप में लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिराज रस्तोगी एवं महामंत्री हरीश शाह एवं संगठन के सभी पदाधिकारी एवं भारी मात्रा में दवा व्यापारियों ने उत्साह पूर्वक इस कैंप में भाग लिया।

## न्यायाधिकरणों की स्थापना लखनऊ में ही करने की मांग

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने व विभिन्न न्यायाधिकरणों की स्थापना लखनऊ में ही करने की मांग के मसले पर अवध बार एसोसिएशन ने एक मार्च तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। बीते 24 फरवरी से हाईकोर्ट के वकील इस मसले को लेकर अदालती कामकाज का बहिष्कार कर रहे हैं। अवध बार के इस निर्णय में सहयोग करते हुए अधीनस्थ अदालतों के वकील भी न्यायिक कार्यो से विरत रहे। लिहाजा सभी अदालतों में न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। वकीलों की मांग है कि नए बनाए जाने वाले सभी न्यायाधिकरण सूबे की राजधानी लखनऊ में ही स्थापित किए जाएं। इनमें जीएसटी, शिक्षा व कम्पनी न्यायाधिकरण शमिल हैं।

# पूल प्लेसमेंट ड्राइव में 88 विद्यार्थियों का हुआ चयन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्विद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में विवि की यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री इंटरफ़ेस सेल के माध्यम से आयोजन पूल प्लेसमेंट ड्राइव में 88 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह चयन पूल प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एनटीटी डाटा, कोफार्ज एवं मोबिलाइट कंपनियों में हुए हैं।

एनटीटी डाटा द्वारा घोषित परिणाम में विवि के सम्बद्ध संस्थानों के 34 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। एनटीटी डाटा द्वारा विद्यार्थियों को 3.5 लाख रूपये के शुरूआती पैकेज पर प्लेसमेंट प्रदान किया गया है। कोफार्ज में 18 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कोफार्ज ने 3.65 लाख के शुरूआती पैकेज पर प्लेसमेंट प्रदान किया गया है। मोबिलाइट में 36 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। मोबिलाइट ने विद्यार्थियों 2.4 लाख रूपये के शुरूआती पैकेज पर प्लेसमेंट प्रदान किया गया है। उपरोक्त के साथ ही कैडिला, अमेजन, इनफ़ोसिस, जेडएस एसोसिएट्स, एडुग्रेड कंपनियों की पूल प्लेसमेंट ड्राइव अगले माह में होना प्रस्तावित हैं। दूसरी तरफ आज अपरान्ह के उपरांत प्राप्त सूचना में एकेटीयू की यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री इंटरफेस सेल के माध्यम आयोजित पूल प्लेसमेंट ड्राइव्स में हेक्सावेयर में 39 एवं एनटीआर कंपनियों में 1 विद्यार्थी का चयन हुआ है।

## एलयू इंजीनियरिंग फैकल्टी के 17 छात्रों का यूएस बेस्ड एमएनसी में प्लेसमेंट

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में 17 छात्रों का चयन अमेरिकन कंपनी कोलैबेरा मे हुआ है। इंजीनियरिंग फैकल्टी के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि एमएनसी कंपनी कोलैबेरा मे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 7 छात्रों, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 4 छात्रों एवं बीसीए के 6 छात्रों का नेटवर्क एनालिस्ट के पद पर अधिकतम 3 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। अब तक इंजीनियरिंग संकाय के 118 छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित मल्टी नेशनल कम्पनीज में हो चुका है।

## बीएड के छात्रों की छात्रवृत्ति और फीस की भरपाई के आदेश

**लखनऊ।** प्रदेश भर में बीएड कक्षाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग, अल्पसंख्यक तथा पिछड़ा वर्ग के गरीब व जरूरतमंद छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति और फीस की भरपाई समाज कल्याण विभाग करेगा। इसको लेकर समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव बीएल मीणा ने आदेश जारी कर दिए हैं। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव बीएल मीणा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि वित्त विभाग के 5 नवम्बर 2020 के शासनादेश के जरिये बीएड, बीटीसी की छात्रवृत्ति और फीस भरपाई भुगतान के सम्बंध में लगी रोक हटाए जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है। इस शासनादेश में आगे कहा गया है कि एसोसिएशन आफ माइनारिटीज इंस्टीट्यूटशन प्रयागराज बनाम उप्र राज्य व अन्य के मामले में हाईकोर्ट के 15 दिसम्बर 2020 को पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में बीएड और बीटीसी व अन्य सभी पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति और फीस भरपाई के मामलों की जांच जारी रहेगी। इस जांच के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा जिलों के मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जांच समिति, बीटीसी शिक्षण संस्थानों की मान्यता संबंधी जांच के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा गठित समिति जांच करती रहेगी।

# सोना तस्करी के लिए मुफीद ठिकाना बना लखनऊ

इस्लाहउद्दीन शेख राजा। लखनऊ

**सोना** कितना सोणा है, गीत तो सुना ही होगा। यह गाना अब देशभर के तस्कर लखनऊ में गुनगुना रहे हैं। बड़े ही सुनियोजित तरीके से लखनऊ को बैंकाक, गल्फकंट्री और बांग्लादेश से होने वाली सोना तस्करी का गढ़ बना लिया गया है। इसके पीछे कम रिस्क और बड़ा मुनाफा भी कारण हैं। इस तथ्य पर पिछले दिनों सरकारी एजेंसियों द्वारा की गई सोने की कुछ बड़ी खेप की बरामदगी मुहर लगा रही है। वैसे भी यूएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोना दुनिया में तस्करी की जाने वाली पांच वस्तुओं में से है।


कस्टम विभाग ने पिछले पांच साल में एयरपोर्ट से करोड़ों रूपये मूल्य का कई किलो सोना पकड़ा है और अनुमान है कि उससे कही अधिक सोना ठिकाने लगाया जा चुका होगा, लखनऊ में डंप किया जा रहा यह सोना दिल्ली, जयपुर, मुंबई, अजमेर समेत पंजाब के कई बड़े शहरों में खपाया जा रहा है। नोटबंदी के बाद सोने के लिए बढ़ी दीवानगी को सोना तस्कर बखूबी भुना रहे हैं।

**कड़ाई और रेट डिफरेंस ने बदल दिया ट्रेंड:** प्रदेश की राजधानी होने के कारण लखनऊ सोने के आभूषणों की भी बड़ी मंडी रही है। पहले यहां मुंबई के सोने के कारोबारियों का बोलबाला था। मुंबई का अंडरवर्ल्ड सोने के तस्करी विदेशों से कराता था और लखनऊ जैसे कमाऊ महानगरों में इस सोने के खपत की जाती थी। एक वक्त ऐसा भी आया जब मुंबई से आने वाली ट्रेनों से लखनऊ तक तस्करी का सोना लाया जाता था और शहर में खपाया जाता था। बाद में यह सिंडिकेट डायरेक्ट ही सोना तस्करी गल्फ कंट्री से कराने लगा और यूपी में लखनऊ और बनारस को सोना तस्करी का गढ़ बना दिया गया। सूत्रों का कहना है कि बनारस और लखनऊ के बीच

## लखनऊ मंडी में खपत के साथ ही जयपुर तक भेजा जा रहा गल्फ कंट्री और बैंकाक से लाया गया सोना

सुगम आवागमन के बीच कुछ शातिर सर्राफा व्यवसायी सोने के खेल में करोड़ो का खेल करते रहते हैं। कुछ दिन पहले ही बनारस के सर्राफा व्यवसायी के कर्मचारियों के साथ प्रतापगढ़ में करोड़ो की लूट हुई थी, वह पैसा भी मुम्बई से सोना लाने के लिए ही ले जाया जा रहा था।

**गल्फ कंट्री और बैंकाक से आता है ज्यादातर सोना:** अफसरों की मानें तो लखनऊ आने वाला सोना ज्यादातर बैंकाक और गल्फ कंट्रीज से आता है। इसके पीछे सोने की शुद्धता और मुनाफा कारण हैं। बैंकाक और गल्फ कंट्री में सोना भारत के



मुकाबले प्रति तोला (10 ग्राम) चार से पांच हजार रुपये तक सस्ता है। एक कैरियर एक बार में बड़े आराम से 300 से 500 ग्राम तक सोना ला सकता है और एक बार में उसके ऊपर होने वाला खर्च महज 25 से 30 हजार रुपये आता है। ऐसे में कैरियर को मेहनताना देने के बाद भी सोना तस्करों को एक चक्कर में ही लाखों रुपये का मुनाफा होता है। कस्टम व आयकर विभाग के अधिकारियों का मानना है कि छापेमारी के बावजूद काफी मात्रा में सोने की तस्करी हो रही है। लखनऊ लाये गए सोने को तस्कर एक से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए ज्यादातर ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं और पूरे रास्ते दो से तीन ट्रेन बदलते हैं।

**सोना छिपाने के जतन कैसे-कैसे:** लखनऊ एयरपोर्ट से ही पिछले कुछ वर्षों में करोड़ों का सोना पकड़ा जा चुका है। सोना तस्करी के लिए अजब गजब तरीके अपनाए जा रहे हैं। शरीर के भीतर प्राइवेट पार्ट्स तक में छिपाकर सोना लाया जा रहा है। लखनऊ एयरपोर्ट पर एक यात्री ने 581 ग्राम सोने को जूसर मशीन के मोटर के आंतरिक और बाहरी परत के बीच छिपाया हुआ था, दुबई और शारजह से आये 3 व्यक्तियों ने ट्राली बैग के हैंडल में 1038 ग्राम सोना छुपाया हुआ था, दुबई से लखनऊ पहुंचे 4 अन्य यात्रियों में 3 किलो सोने को पेस्ट के रूप में ढाल के अंडर गारमेंट्स में छुपाया हुआ था।

**आंकड़े बताते हैं तस्करों की बढ़ती सक्रियता:** अप्रैल से जून 2019 के बीच भारतीय कस्टम विभाग ने तकरीब 1198 किलोग्राम सोना पकड़ने के आंकड़े जारी किए हैं। उनके मुताबिक पिछले साल की अपेक्षा इस साल सोने की तस्करी 23.2 फीसदी ज़्यादा है। 2018-19 के वित्तीय वर्ष में आधिकारिक आंकड़ों के हिसाब से तस्करी किया जा रहा कुल 4 टन सोना देश भर में पकड़ा गया, जबकि पिछले साल करीब सवा तीन टन पकड़ा गया था, जिसकी कीमत 974 करोड़ रुपये बताई गई थी। दूसरी तरफ डीआरआई की एक रिपोर्ट के अनुसार ज़ब्त सोना कुल तस्करी का ज़्यादा से ज़्यादा 10 फीसदी तक होता है। 2017-18 के वित्तीय वर्ष में 9 हज़ार करोड़ रुपये की कीमत के करीब 33 टन सोने की तस्करी का अनुमान था। वहीं वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का दावा है कि 2018 में भारत में 95 टन सोने की तस्करी हुई। गोल्ड रिफाइनरी व मिंट्स की भारतीय संस्था के आंकड़ों के मुताबिक इससे दोगुनी तस्करी हुई।

# शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएगा आस्ट्रेलिया

## ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात, शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की शिक्षा व्यवस्था में आए क्रांतिकारी बदलाव से देश और दुनिया के लोग प्रभावित हुए हैं। भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ फेरल ने उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा से शुक्रवार को विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में भेंट कर प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में किए गए व्यापक सुधारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बनाई गई डिजिटल लाइब्रेरी की पहल को भी क्रान्तिकारी बताया। भेंट के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं सहित अन्य मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया।

उप मुख्यमंत्री ने भेंट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने कहा कि देश एवं प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं, प्रदेश सरकार निवेश को बढ़ावा दिए जाने हेतु आधारभूत सुविधाएं तेजी से विकसित कर रही है। उन्होंने इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश को बढ़ावा दिए जाने के संबंध में उठाए जा रहे सकारात्मक कदमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान कहा कि देश में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में लगभग 56 लाख परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रदेश के बहुत सारे परीक्षार्थी अन्य प्रदेश या विदेशों में अध्ययन करने जाते हैं। उप मुख्यमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के 6 उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों के कैंपस उत्तर प्रदेश में भी खोले जाने के प्रस्ताव दिया, जिस पर ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने भी रुचि दिखाई है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के छात्रों को उच्चतर कौशल विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रस्ताव रखा कि उत्तर प्रदेश के छात्रों को आस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा की प्राप्ति के दौरान डुवल स्कीम की सुविधा प्रदान किया जाय, जिसके अंतर्गत उच्च शिक्षा में अन्य विषयों के अध्ययन के साथ साथ तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा विशेषकर मैन्युफैक्करिंग और सर्विस सेक्टर में दक्षता प्रदान की जाय। इसके साथ ही प्रदेश के छात्रों को वर्क एक्सपीरियंस की प्राप्ति हेतु पर्याप्त वीजा एक्सटेंशन की सुविधा भी प्रदान किए जाने संबंध में वार्ता की गई। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों की जमकर सराहना की, साथ ही उत्तर प्रदेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा और आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स को लेकर पारस्परिक सहयोग के लिए सहमति भी दिखाई। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के बीच में काफी मित्रता है। कोविड.19 दौरान जब लोग एक दूसरे से दूर हो रहे थे तो उस दौर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध और भी गहरे हुए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच में सहयोग की अच्छी संभावना है। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा तथा आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के प्रति बड़ी रुचि दिखाई।

बैरी ने वाल्टर बर्ली ग्रिफिन के बारे में भी बताया, जो की प्रसिद्ध वास्तुकार थे और उन्होंने ने ही ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा को डिजाइन किया था। उन्हें लखनऊ शहर से इतना प्यार हो गया की उन्होंने इसे अपना घर बना लिया।

# बूथ पर केन्द्रित अभियान चलाएं: बीएल संतोष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुई। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह की उपस्थिति में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित प्रदेश सहप्रभारी, प्रदेश सहमहामंत्री संगठन, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष सम्मिलित हुए। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने बूथ ईकाई की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि हमें बूथ को केन्द्रित करते हुए पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले अभियानों व कार्यक्रमों की योजना रचना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए बूथ को पार्टी का अभेद्य दुर्ग बनाना होगा। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों गतिविधियों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा के साथ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को आत्मसात किए हुए योगी सरकार के बजट पर बधाई दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर पार्टी संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए सरकार की योजनाओं और जनहित में किए गए कार्यों को जनता के बीच ले जाने का निर्णय किया गया। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि पार्टी द्वारा पंचायत चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएगीं साथ ही ग्राम चैपालों का आयोजन करते हुए गांव.गांव में पार्टी द्वारा ग्राम सम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। ग्राम चैपालों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व सीएम योगी के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहित में किए गए फैसलों को जनता के बीच पहुंचेंगे।


## कार्यालय : अधिशाषी अभियन्ता, जोन-4, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 784/LJS/EE4 दिनांक : 24.02.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 11/03/21 को अपराह्न 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सॉयकाल 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 11/03/21 को समय 02.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेष्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेष्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार महाप्रबन्धक महोदय, जलकल विभाग में निहित होगा। कार्य का पूर्ण विवरण जलकल कार्यालय, जोन–4 में किसी भी दिन कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | आपूर्ति करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of Vertical Turbine Pump set, Discharge 5400 LPM, Head 35 mtr at Zonal Pumping Station, Vipul Khand, Gomti Nagar, Lucknow | रु. 9,000.00 | रु. 400.00 | 30 दिवस | |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4,
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

## कार्यालय : अधिशाषी अभियन्ता, जोन-4, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 779/LJS/EE4 दिनांक : 24.02.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 11/03/21 को अपराह्न 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सॉयकाल 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 11/03/21 को समय 02.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेष्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेष्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार महाप्रबन्धक महोदय, जलकल विभाग में निहित होगा। कार्य का पूर्ण विवरण जलकल कार्यालय, जोन–4 में किसी भी दिन कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of old V.T. motor pump set along-with foundation for installation of new V.T. Pump Set for making of new foundation including all labour T&P etc. and Lowering of 5400 LPM Discharge, 35 mtr head, V.T. pump set at Zonal Pumping Station, Vipul Khand, Gomti Nagar, Lucknow | रु. 9,000.00 | रु. 400.00 | 30 दिवस | |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4,
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

## कार्यालय : अधिशाषी अभियन्ता, जोन-4, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 778/LJS/EE4 दिनांक : 24.02.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 11/03/21 को अपराह्न 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सॉयकाल 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 11/03/21 को समय 02.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेष्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेष्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार महाप्रबन्धक महोदय, जलकल विभाग में निहित होगा। कार्य का पूर्ण विवरण जलकल कार्यालय, जोन–4 में किसी भी दिन कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of old V.T. motor pump set along-with foundation for installation of new V.T. Pump Set for making of new foundation including all labour T&P etc. and Lowering of 5400 LPM Discharge, 35 mtr head, V.T. pump set at Zonal Pumping Station, Viram Khand, Gomti Nagar, Lucknow | रु. 9,000.00 | रु. 400.00 | 30 दिवस | |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4,
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ


# स्वच्छकारों के बैंक खातों में सरकार ने भेजी 3.35 करोड़ की धनराशि: डॉ निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सफाई** कर्मचारियों के हितों का ध्यान योगी सरकार में सबसे अधिक रखा जा रहा है। स्वरोजगार के लिए सरकार ने 3.35 करोड़ की धनराशि को सीधे स्वच्छकारों के बैंक खातों में भेजा गया है, जो हाथ से मैला उठाने के काम में लगे हुए थे। इससे स्वच्छकार स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ेंगे और उनका सशक्तिकरण होगा। ये बातें अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने शुक्रवार को केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री बबन रावत से अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में बैठक के दौरान कही। डॉ निर्मल ने कहा कि हाथ से मैला उठाने वाले सफाई कर्मचारियों के 37,379 स्वच्छकारों को एक मुश्त नकद सहायता के रूप में उनके बैंक अकाउंट में 128.11 करोड़ रुपए सीधे भेजे गए हैं। शेष अनुसूचित जातियों के लिए उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा 15 लाख रुपये तक का वित्तपोषण अनुसूचित जातियों को पशुपालन, डेयरी स्थापना, लाण्ड्री, टेन्ट हाऊस, टी.स्टाल एवं अन्य रोजगार हेतु दिए जा रहे हैं। समाज के इन कमजोर वर्गों के लिए ब्याज मुक्त दुकान निर्माण तथा लाण्ड्री शाप हेतु वित्तपोषण भी किया जा रहा है। डॉ निर्मल ने कहा कि आजादी के बाद दलितों की रहनुमाई का दम भरने वाली कांग्रेस हुकूमत भी बाल्मीकी समाज को विकास की मुख्यधारा से नहीं जोड़ पाई। हाथ से मैला उठाने की बीमारी का इलाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया।

# कठिन दौर से गुजर रहे कर्मचारी, एकजुटता की जरूरत: तिवारी

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आज अपने नए कार्यालय राजभवन गेट नम्बर एक के सामने परिषद का 55 वां स्थापना दिवस शालीनता एवं कोविड 19 की गाईड लाइन का अनुपालन करते हुए मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषद के संस्थापक सदस्य बीएन सिंह और पीएन सुकुल के तैल्यचित्रों पर माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि वर्ष 1966 में तृतीय एवं

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 55 वॉ स्थापना दिवस मनाया, याद किये गए संस्थापक सदस्य बीएन सिंह और पीएन सुकुल

चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारियों के समन्वय से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की आधार शिला रखी गई। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा मौजूदा दौर में सरकार और राजनेताओं के चिंतन में गिरावट आई है। यह कारण है कि कर्मचारियों का हक बेदर्दी से छीना जा रहा है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारी नेताओं से आहवान किया कि आज का दौर केवल एकजुटता का दौर है इसलिए हर हाल में एकजुट होकर ही संघर्ष किया जा सकता है। स्थापना दिवस का संचालन कर रहे प्रदेश महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश का राज्य कर्मचारी सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। उसे संगठन की शक्ति पर ही भरोसा है, हमें एकजुटता से अपने अधिकार हासिल करने होंगे क्योकि सरकार कर्मचारियों के अधिकारों को लगातार छीन रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोनिवि के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी, दिवाकर राय, एके मिश्रा, चेयरमैन संघर्ष समिति सतेन्द्र त्रिपाठी, सूचना जनसम्पर्क विभाग के अध्यक्ष दीपक वाजपेयी सहित कई घटक संघों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

# छात्रों ने मोनो-एक्टिंग व स्टोरी टेलिंग से दिखाई नैसर्गिक प्रतिभा

- सीएमएस स्टेशन रोड कैंपस का अन्तरराष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा महोत्सव





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा महोत्सव 'मीलेन्ज-2021' के दूसरे दिन आज रूस, जर्मनी, कैनडा, श्रीलंका, नेपाल एवं भारत के विभिन्न राज्यों के मेधावी छात्रों ने गेस द गुड वर्ड, टेल-ए-टेल, मोनोएक्ट इन थिएटर आदि बेहद रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में अपनी नैसर्गिक प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने न सिर्फ अपने अंग्रेजी भाषा ज्ञान का परचम लहराया अपितु अभिव्यक्ति क्षमता, कलात्मक क्षमता एवं बौद्धिक ज्ञान का आलोक बिखेरकर दिखा दिया कि भावी पीढ़ी विश्व समाज का एक आदर्श स्वरूप गढ़ने को उत्सुक है। विदित हो कि स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा तीन दिवसीय 'मीलेन्ज-2021' का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत कक्षा-4 से 8 तक के छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषा पर आधारित विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। 'मीलेन्ज-2021' के अन्तर्गत आज प्रतियोगिताओं का सिलसिला गेस द गुड वर्ड प्रतियोगिता से हुआ। कक्षा-4 के छात्रों के लिए आयोजित यह प्रतियोगिता चार चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें दो लिखित राउण्ड एवं दो मौखिक राउण्ड सम्पन्न हुए।

# जल जीवन मिशन के जरिए हर घर नल का सपना साकार करेगी सरकार

- मोहनलालगंज के 97 गांव समेत राजधानी के सभी राजस्व ग्राम होंगे आच्छादित

संवाददाता। मोहनलालगंज

**जल** जीवन मिशन के जरिए सरकार आगामी तीन साल में मोहनलालगंज समेत राजधानी के सभी ब्लाक की पंचायतों में हर घर नल के सपने को साकार करने की तैयारी में है। योजना के जरिए गांव-गांव पानी की टंकी का निर्माण कराकर घर-घर पाइप पेयजल आपूर्ति की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। जिसके लिए शासन स्तर से कार्यदायी संस्था के तौर पर निजी कम्पनियों का चयन कर पंचायतों में 2500 वर्ग मीटर उपयुक्त सरकारी भूमि की तलाश के लिए सर्वे शुरु कर दिया गया है। इस भूमि पर ट्यूबवेल ,आवरहेड टैंक ,पम्प रुम , स्टाफ क्वार्टर और परिसर में पेयजल आपूर्ति के अन्य संसाधन स्थापित किए जाएंगे। अकेले मोहनलालगंज ब्लाक की 71 ग्राम पंचायतों के 97 गांव को योजना का लाभ देने के लिए चुना गया है। जबकि राजधानी के अन्य ब्लाक में भी कमोवेश इसी तरह गांवों को योजना से आच्छादित करने के लिए चयनित किया गया है। शासन का पत्र मिलने के बाद जिला प्रशासन ने सभी बीडीओ को पत्र लिखकर पंचायतों में भूमि चिन्हित करने के लिए निजी कम्पनी के तकनीकि स्टाफ को सर्वे में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद मोहनलालगंज ब्लाक में निजी कम्पनी के जेई श्यामबाबू के साथ जेई एमआई जुबेर अहमद को सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जेई ने बताया जल्द ही योजना के बारे में ट्रेनिंग भी दी जाएगी। योजना से लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध होने के साथ पेयजल की बर्बादी पर भी काफी हद तक अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होने बताया जिन गांव में पेयजल योजना के संचालन के लिए विद्युत कनेक्शन में अधिक दूरी की बाधा होगी वहां सोलर सिस्टम के जरिए योजना का संचालन किया जाएगा।

**क्या कहते हैं सीडीओ:** मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार ने बताया गांवों में घर-घर पेयजल आपूर्ति मुहैया कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल योजना के प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे। जिसके लिए सरकार ने कम्पनियों का चयन कर लिया है। कम्पनी के तकनीकि स्टाफ के साथ ब्लाक की टीमें मिलकर प्रत्येक राजस्व ग्राम में प्रोजेक्ट लगाने के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कर प्रस्ताव तैयार करेंगे। फिर जिलास्तरीय समिति की बैठक में सभी प्रस्तावों को अन्तिम रुप देकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। धनराशि आवंटित होने के बाद योजना का कार्य शुरु कराया जाएगा जिसकी माइक्रो लेवल पर मानीटरिंग की व्यवस्था की गई है।

## फुफेरे भाई पर शादी का झांसा देकर आठ साल तक यौन शोषण का आरोप

**लखनऊ।** प्रेमजाल में फंसा कर फुफेरे भाई ने युवती के साथ आठ साल तक यौन शोषण किया। विरोध करने पर शादी का झांसा देता रहा। इस दौरान उसने धोखे से दूसरी शादी तय कर ली। ऐसे आरोप पीड़िता ने लगाये है। जब पीड़िता ने दवाब बनाया तो वह उसे छोड़कर भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला राजधानी के विकासनगर इलाके का है। पहले तो पुलिस कार्रवाई के नाम पर उसे टरकाती रही। जब उसने आलाधिकारियों से गुहार लगायी तो एडीसीपी नार्थ प्राची सिंह ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसके बाद अलीगंज थाने में युवती के फुफेरे भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर अलीगंज पन्ने लाल यादव ने बताया कि युवती विकासनगर निवासी है। जबकि उसका फुफेरा भाई कलीम मूलरुप से गोरखपुर का रहने वाला है। युवती का आरोप है कि कलीम अलीगंज में रहकर वर्ष 2010 में पढ़ाई करता था। इस बीच युवती को उसने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर साथ जीने मरने की कसमें खाईं। युवती को वह कई होटलों और कमरों में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला आठ साथ वर्षो तक चलता रहा। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता का आरोप है कि वह जब उसने शादी का दबाव बनाना शुरु किया तो टाल मटोल करता रहा। इसके बाद वह नौकरी लग गई यह कहकर गायब हो गया। पूछने पर यह भी नहीं बताया कि नौकरी कहां लगी है। बाद में कुछ लोगों से पता चला कि वह साउथ अफ्रीका में रह रहा है। फोन नम्बर पता करके बात की तो पहले एक साल बाद शादी करने के लिए कहा। उसके बाद मना कर दिया। अब पता चला कि उसने किसी अन्य लड़की के साथ शादी तय कर ली है।

## सीएमएस में नेशनल साइंस डे समारोह एक मार्च को

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा आगामी 1 मार्च, सोमवार को 'नेशनल साइंस डे' समारोह का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि 'नेशनल साइंस डे' के उपलक्ष्य में अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो-दिवसीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर महोत्सव 'विस्टा-2021' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 28 फरवरी को विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी जबकि 1 मार्च को 'नेशनल साइंस डे' समारोह में विजयी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा।

## सरोजनीनगर क्षेत्र में नहीं दिखा बंदी का असर

**सरोजनीनगर।** डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और जीएसटी व ई कॉमर्स के विरोध में व्यापारी संगठनों और ट्रांसपोर्टरों द्वारा पूर्व घोषित बंदी का असर शुक्रवार को सरोजनीनगर इलाके में नहीं नजर आया। पूरे दिन जहां इक्का दुक्का दुकानों को छोड़कर इलाके के सभी बाजार खुले रहे। वहीं सड़कों पर माल लेकर ट्रक भी दौड़ते नजर आए। बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से पेट्रोलियम पदार्थों के अलावा घरेलू गैस पर हो रही बेतहाशा वृद्धि से नाराज ट्रांसपोर्टरों ने जहां शुक्रवार को अपनी गाड़ियों के चक्के जाम करने की घोषणा की थी। वहीं जीएसटी व ई कॉमर्स के विरोध में तमाम व्यापारिक संगठनों और कारोबारियों ने शुक्रवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने को कहा था। लेकिन इसके बावजूद सरोजनीनगर इलाके के चुंगी, हाइडिल, गौरी बाजार, बंथरा, हरौनी, कटी बगिया, जुनाबगंज व बिजनौर आदि स्थानों पर इक्का दुक्का दुकानों को छोड़कर अधिकतर दुकानें पूरे दिन खुली रही। जबकि डीजल पेट्रोल मूल्य वृद्धि के विरोध में ट्रांसपोर्टरों द्वारा किए गए चक्का जाम के आवाहन का भी सरोजनीनगर में कोई असर नहीं दिखाई पड़ा। यहां ट्रांसपोर्ट नगर के अलावा कानपुर रोड, बनी-मोहान रोड और बनी-मोहनलालगंज रोड सहित लगभग सभी सड़कों पर पूरे दिन सामान लेकर ट्रक चलते रहे।

## सिलाई व ब्यूटीशियन का निशुल्क प्रशिक्षण एक से

**सरोजनीनगर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय व कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा संचालित और अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान के माध्यम से आयोजित होने वाले सेल्फ एंप्लॉयड टेलर (सिलाई) एवं हेयर स्टाइलिश (ब्यूटीशियन) ट्रेड के लिए आगामी 1 मार्च से निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। यह जानकारी प्रशिक्षण निदेशक प्रदीप कुमार अरोड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर में स्कूटर्स इंडिया चौराहा के निकट देवलोक कॉलोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में शुरू होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली इच्छुक अनुसूचित जाति की आठवीं कक्षा पास एवं 18 से 15 वर्ष आयु की युवतियां अपने शैक्षिक एवं जाति प्रमाण पत्र, एक फोटो व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आगामी 28 फरवरी तक आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाली युवतियों को 1500 रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप भी दी जाएगी।

## एसएसडी पब्लिक स्कूल ने बच्चों की 11 माह की फीस की माफ

**सरोजनीनगर।** वैश्विक महामारी कोरोना के चलते विद्यालय में पढ़ाई ना हो पाने के कारण सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के अलीनगर सुनहरा स्थित एसएसडी पब्लिक स्कूल ने अपने सभी छात्र- छात्राओं के लिए 11 माह की फीस माफ कर दी है। यह जानकारी देते हुए स्कूल के संस्थापक प्रबंधक रामानंद सैनी ने बताया कि वैसे स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए स्कूल के शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन पढ़ाई कराई गई लेकिन स्कूल में बच्चों की पढ़ाई ना होने के कारण स्कूल के सभी अध्यापकों को आधा वेतन भी दिया गया। इस वजह से अभिभावकों को भी राहत देते हुए उनके बच्चों की 11 माह की फीस माफकरने का निर्णय लिया गया है।

## विधायक ने किया सरावां फीडर की नई लाइन का शुभारंभ



**बख्शी का तालाब।** कुम्हरावां पवार हाउस से सरावां फीडर के तहत खींची गई नई लाइन का क्षेत्रीय विधायक ने किया शुभारंभ। वही विधायक के मीडिया प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि महिंगवा फीडर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण क्षेत्र में आये दिन बिजली की किल्लत बनी रहती थी जिस समस्या को क्षेत्रीय विधायक अविनाश त्रिवेदी ने संज्ञान में लेकर कुछ दिन पूर्व विद्युत नगरीय वितरण खण्ड बीकेटी के अंतर्गत 33-11 केवी, विद्युत उपकेन्द्र कुम्हरावां से पोषित महिंगवा फीडर पर ओवर लोड होने के कारण फीडर बाईफरकेशन के कार्य का शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसका बजट धनराशि करीब 16 लाख 14 हजार रुपये सरकार द्वारा क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयास से स्वीकृति हो गया था। जिस बजट से 1700 मीटर की नई लाइन उमरिया से मुसपिपरी तक खींच कर सरावां फीडर पर अब कुनौरा, भरिगहना, मुसपिपरी, गुलालपुर सहित 23 गाँवो को जोड़ दिया गया है । उक्त कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक अविनाश त्रिवेदी व एक्सईएन एचपी मिश्रा, जेई विशाल चौधरी, मण्डल अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, राजीव कश्यप, सौरभ बाजपेई सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे ।

## जनसमस्याएं सुनने गांव में पंहुचे अधिकारी

**बख्शी का तालाब।** सरकार की मंशा के अनरूप प्रशाशन के उच्चाधिकारियों द्वार ब्लाक के शिवपुरी गांव में चौपाल लगाई गयीं। जिसमे उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र, बीडीओ पूजा सिंह, क्षेत्राधिकारी ह्रदेश कठेरिया ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया । ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड ,नाली, आवारा गौवंशो की समस्या प्रमुख रूप से ग्रामीणों ने बताई । अधिकारियों ने संमस्त समस्याओं के निस्तारण के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया ।

## मेयो हास्पिटल से मरीज का रत्न चोरी

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र स्थित मेयो हास्पिटल में भर्ती एक मरीज का रत्न चोरी हो गया। रत्न की तलाशी में मेयो अस्पताल प्रबंधन पर असहयोग का आरोप लगाते हुए मरीज के परिजनों ने गोमतीनगर थाने में लिखित शिकायत की है। थाने में शिकायत खेतगली चौपटिया निवासी विवेक अग्रवाल ने की है, विवेक के पिता प्रभात कुमार अग्रवाल का मेयो हास्पिटल में किडनी इन्फेक्शन का इलाज चल रहा था। विवेक ने बताया कि 13 जनवरी को कोविड.19 और किडनी के इन्फेक्शन के इलाज के लिए उन्होंने पिता को मेयो अस्पताल में भर्ती कराया था। इस दौरान अंगूठी और अन्य रत्नों को उतारना पड़ा। लेकिन एक रत्न परिवार के विश्वास को देखते हुए हम लोगों ने गार्ड हीरालाल के माध्यम से डाक्टरों से बातचीत करके बाजू पर काले कपड़े में लपेट कर बंधवा दिया। 20 जनवरी को पिता की मृत्यु के पश्चात मैने पाया कि जो रत्न उनके बाजू में रखवाया गया था वह मौके पर नहीं है। अस्पताल प्रबंधन ने रत्नों को ढुढवाने का आश्वासन तो दिया लेकिन अभी तक उन्होंने किया कुछ नहीं है। उधर, इस प्रकरण पर मेयो हास्पिटल प्रबंधक राहुल राय ने बताया कि वह आजमगढ़ जा रहे है लौटने पर ही इस प्रकरण पर कुछ बता सकते हैं। उधर, एसएचओ गोमतीनगर धीरज कुमार ने बताया कि शिकायतीपत्र ले लिया गया है। यह मामला जांच का विषय है। जांच कराकर कार्रवाई की जा रही है।

## परीक्षा के दौरान हंगामा, पुलिस ने मामला शांत कराया

लखनऊ। गाजीपुर इलाके में एक कॉलेज में शुक्रवार को प्रतियोगी परीक्षा हो रही थी। इसी दौरान वहां हंगामा होने लगा। देखते देखते विवाद इतना बढ़ गया की धक्का मुक्की होने लगी। घटना की सूचना पुलिस कण्ट्रोल रुम नम्बर 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल मामला शान्त कराया। वहीं देर रात तक इस घटना के बाबत अधिकारी बोलने से कतराते रहे। कहा की कोई तहरीर नहीं आयी है। अगर कोई शिकायत आती है तो मुकदमा दर्ज कर आगे की सख्त काररवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर गाजीपुर प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को यूनिवर्सल बालिका इण्टर कौलेज हरीनगर में समीक्षा अधिकारी व अन्य प्रतियोगी परीक्षा चल रहा था। किसी छात्र ने दूसरे छात्र के नाम की सिलिप उखाड़ दी थी। इस पर कुछ परीक्षार्थियों का आपस में विवाद हो गया। बताया गया कि यह देख छात्रों ने पेपर खाली छोड़ दिया और हंगामा करने लगे। कहासुनी होने लगी। मौके पर पुलिस फोर्स पहुंचकर मामले की गम्भीरता को देख हंगामा शान्त कराया।

# एनटीपीसी को मिला मानव संसाधन व सीएसआर श्रेणी में यूपी लीडरशिप अवार्ड

**● टांडा परियोजना ने 'बेस्ट एचआर कंपनी टू वर्क फॉर एंड बेस्ट सीएसआर प्रैक्टिसेज' का खिताब जीता**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**एनटीपीसी** टांडा को मानव संसाधन एवं सीएसआर श्रेणी में 'यू.पी. लीडरशिप अवार्ड-2021' का दो खिताब दिनांक 26.02.2021 (शुक्रवार) को मिला। टांडा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक के0 श्रीनिवास राव ने ये दोनों पुरस्कार एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से प्राप्त किये। यू.पी. लीडरशिप अवार्ड ऐसे संस्थान अथवा व्यक्ति को दिए जाते हैं, जो अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों से सकारात्मक एवं रचनात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। एनटीपीसी टांडा ''यू.पी.लीडरशिप अवार्ड-2021'' अपनी व्यक्ति केंद्रित कार्यक्रमों के जरिए मानव संसाधन एवं सीएसआर श्रेणी में दो पुरस्कार जीतने में सफल रहा है। उक्त अवार्ड टांडा परियोजना ने मानव संसाधन क्षेत्र में ''बेस्ट एचआर कंपनी टू वर्क फॉर' की श्रेणी एवं सीएसआर के क्षेत्र में ''बेस्ट सी.एस.आर. प्रैक्टिसेज'' की श्रेणी में खिताब जीता। मुख्य महाप्रबंधक श्री राव ने पुरस्कार जीतने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टांडा परियोजना द्वारा मानव संसाधन एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र में किए गये कार्य अत्यंत प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा एनटीपीसी टांडा द्वारा सीएसआर के तहत किया गया कार्य कोई छोटा कार्य नहीं है, बल्कि यह बहुत बड़ा और प्रभावशाली रहा है। हम 'बेस्ट सीएसआर प्रैक्टिसेज' अवार्ड के लिए सुपात्र हैं क्योंकि हमारे कार्य परियोजना प्रभावित क्षेत्रों तथा आसपास के गाँवों के जरूरतमंद लोगों तक अपनी पहुँच रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विगत वर्षों में आसपास के गाँवों में आधारभूत संरचनात्मक विकास, ग्रामीणजनों के कौशल विकास, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने तथा ग्रामीणजनों के जीवन स्तर की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास किये गये हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के संकट के दौर में आसपास के सभी जरूरतमंद लोगों को हरतरह से सहायता पहुँचाने के लिए उनका प्रबंधन सदैव तत्पर रहा है। मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक एस0एन0 पाणिग्राही ने पुरस्कार प्राप्ति पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ''यूपी लीडरशिप अवार्ड-2021'' द्वारा दोहरा खिताब देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी टांडा के मानव संसाधन विभाग का उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन वास्तव में इसे कार्य करने के लिहाज से 'द बेस्ट एचआर कंपनी' के रूप में प्रतिष्ठित करता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान जारी सभी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए हमने कर्मचारियों के लिए अभिनव, समेकित एवं सुरक्षित संसाधनों का उपयोग किया है तथा कार्य के लिए कोरोना से भयमुक्त वातावरण का सृजन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में कर्मचारियों तथा संविदा श्रमिकों उनके कार्यस्थल पर समान आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ इस दौर की कठिनाइयों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए बिजली के उत्पादन एवं आपूर्ति के लक्ष्य को निरंतर बनाये रखा गया है। एनटीपीसी टांडा द्वारा अपने कार्य की 'उत्कृष्टता के स्तर में सुधार' के साथ ही नैगमिक सामाजिक दायित्व की विगत वर्ष की विविध गतिविधियों को व्यापक पैमाने पर किया गया है। विभिन्न विभागों एवं लोगों से निरंतर समन्वय एवं सरोकार स्थापित करने, संस्थान के अंदर एवं बाहर के लोगों से निरंतर संपर्क एवं संवाद स्थापित करके टांडा परियोजना के एच आर एवं सीएसआर कार्य को अनुकरणीय एवं उदाहरणीय बनाया जा सकता है। वर्चुवल एवं इलेक्ट्रानिक माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (मा0सं0) श्रीमती मृणालिनी एवं प्रबंधक (मा0सं0-सीएसआर) राजीव त्रिपाठी भी जुड़े रहे।

## वीडियो लिंक के माध्यम से दी विदाई

**गोरखपुर।** रेल, वाणिज्य, उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने 28 फरवरी को सम्पूर्ण भारतीय रेल से सेवानिवृत्त हो रहे 2673 रेलकर्मियों को कान्फ्रेस हाल, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली से वीडियो लिंक के माध्यम से बिदाई दी। अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली सुनीत शर्मा ने कहा कि आप सभी ने मिलकर अच्छ कार्य किया है। आप निरन्तर अच्छा कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि विश्व में लगभग 50 देशों की आबादी हमारे रेलकर्मियों की संख्या से कम है। आपने देश की उन्नति एवं देश के लिये कार्य किया। मुख्यालय, गोरखपुर में 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे 19 अराजपत्रित रेलकर्मियों को उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/अराजपत्रित आर.पी.चन्द ने गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में सहायक कार्मिक अधिकारी अनिरूद्व प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# रेल मंत्री ने जन शताब्दी विशेष गाड़ी को दिखाई हरीझंडी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**रेल, वाणिज्य** एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने वीडियो लिंक के माध्यम से टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी विशेष गाड़ी का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर रेल मंत्री पीयूष गोयल ने टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी विशेष गाड़ी के संचलन की बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्रीय जनता की मांग थी कि टनकपुर से देश की राजधानी दिल्ली जाने हेतु एक दैनिक गाड़ी चलायी जाये। इसे ध्यान में रखकर अति आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं सुरक्षित एल.एच.बी. कोचों से युक्त नई ट्रेन टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस के संचलन को स्वीकृति प्रदान की गयी। श्री गोयल ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से माँ पूर्णागिरी के दर्शन हेतु जाने के लिये एक सुगम्य साधन उपलब्ध हो गया है। इस गाड़ी के चलने से उत्तराखंड की जनता को दिल्ली जाने हेतु एक सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेगे। उन्होंने कहा कि आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिये रेलवे की आधारभूत संचरना को मजबूत करने के लिये व्यापक कदम उठाये गये हैं। दिल्ली से पीलीभीत तक का खंड विद्युतीकृत है तथा पीलीभीत से टनकपुर (62 किमी.) तक का विद्युतीकरण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के उपरान्त टनकपुर से दिल्ली तक सीधे विद्युत इंजन से गाड़ी चलायी जा सकेगी।

कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से शिक्षा मंत्री, भारत सरकार डा. रमेश पोखरियाल 'निशंक' उपस्थित थे। टनकपुर में आयोजित समारोह में सांसद अजय टम्टा, सांसद अजय भट्ट, सांसद अनिल बलूनी ने टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी विशेष गाड़ी के संचलन हेतु रेल मंत्री श्री गोयल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, विधायक पुष्कर सिंह धामी तथा विधायक पूरन सिंह फर्त्याल उपस्थित थे। इस दौरान रेलवे बोर्ड से सदस्य ओ.एण्ड बी.डी. पुर्णेन्दु मिश्रा उपस्थित थे। रेल मंत्री एवं टनकपुर में मंचासीन अतिथियों का स्वागत अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे अमित कुमार अग्रवाल ने किया। मंडल रेल प्रबन्धक, इज्जतनगर आशुतोष पंत ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर सुश्री नीतू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# सांसद ने अयोध्या फैजाबाद में रेल सुविधाओं के विकास व परियोजनाओं के प्रगति पर किया मंथन

संवाददाता। अयोध्या



**सांसद** लल्लू सिंह ने महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे आशुतोष गंगलए मण्डल रेल प्रबन्धक संजय त्रिपाठी व रेलवे विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ अयोध्या फैजाबाद में रेल सुविधाओं के विकास व चल रही परियोजनाओं के प्रगति पर चर्चा की। इनमें फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नव निर्माण व सौन्दयीकरणए रामघाट स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा देने के साथ उसका विकास व पूर्वोत्तर रेलवे से उत्तर रेलवे में शामिल करनाए फैजाबाद कोच 26 की वाशिंग लाईन का निर्माणए सलारपुर माल गोदाम का निर्माणए बाराबंकी से फैजाबाद होते हुए जफराबाद दोहरीकरणए बराबंकी जफराबाद व अयोध्या प्रतापगढ़ विद्युतीकरणए साकेत एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिनए कैफियत एक्सप्रेस का गोसाईगंज में ठहराव जैसे विषय शामिल है। महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे आशुतोष गंगल ने कहा कि सांसद लल्लू सिंह के अथक प्रयासों की बदौलत यहां चल रही कई परियोजनाओं को गति मिली है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या के रेलयात्रियों को विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विस्तृत योजना पर सरकार कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में अयोध्या व फैजाबाद रेलवे स्टेशन के साथ श्रद्धालुओं को रामघाट हाल्ट में बेहतर सुविधाएं मिलेगी। दोहरीकरण व विद्युतीकरण का कार्य पूरा होते ही ट्रेनों की संख्या में इजाफा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय रेलवे ने 2014 से अयोध्या को योजनाओं की श्रृखलाएं प्रदान की है। उन्होने कहा कि श्री राम एयरपोर्ट के विकास के लिए भारत सरकार ने 250 करोड़ की धनराशि प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के विकास को और गति मिलेगी। यह अयोध्या के विकास में अहम कड़ी साबित होगा। इसके लिए अयोध्या के साधू संतो व यहां की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को बधाई। वहीं सांसद लल्लू सिंह ने अयोध्या में सात रेलवे क्रासिंग पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति रेल विभाग से दिलाने के लिए एक पत्र महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे आशुतोष गंगल को सौंपा। सासंद लल्लू सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सेतु निगम विभाग में 7 लेबल क्रासिंगों पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। जिसमें तीन फोर लेन तथा चार टू लेन है।

## कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 1 मार्च से खुलेंगे प्राइमरी स्कूल: डीएम

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में कक्षा एक से पांच तक की कक्षाओं को 1 मार्च से संचालित किए जाने के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 के प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत पालन किया जाय। कक्षाओं को रंगीन गुब्बारे, फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया जाए। विद्यालय कैंपस एवं सभी कक्षाओं के फर्नीचर, उपकरण, स्टेशनरी, भंडार पानी की टंकी, किचन, बाथरूम, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी की सफाई सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय में हाथ की सफाई की सुविधा, क्रियाशील डिजिटल थर्मामीटर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय की परिवहन व्यवस्था आरंभ किए जाने के पूर्व बस को सेनिटाइजर करते हुए प्रधानाध्यापक द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक स्टाफ से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक मेडिकल सपोर्ट सुनिश्चित करें।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर थानान्तर्गत भिखारीपुर गांव के निकट गुरूवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पंहुचे प्रभारी निरीक्षण अमित कुमार सिंह ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मीरमलूकपुर गांव निवासी इन्द्रजीत पुत्र ओम प्रकाश तथा राजेश पुत्र बाबूराम मोटर साइकिल से पहितीपुर की तरफ जा रहे थे । भिखारीपुर गांव के निकट उनकी मोटर साइकिल सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी जब परिजनों को मिली तो वहां कोहराम मच गया। मृतकों में से एक की पत्नी पहले ही मृत हो चुकी है और उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं जबकि एक मृतक का गत दस फरवरी को ही वरीक्षा हुआ था।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पुलिस अधीक्षक** अपराध डॉ. महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक पुलिस लाइन के वाइट हाउस सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में पिछले माह में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक अपराध डॉ. महेंद्र पाल सिंह के द्वारा गुमशुदा बच्चों की वर्तमान में क्या स्थिति है? इस पर भी जानकारी ली गयी। संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बतलाया गया कि सभी बाल ग्रहों को ट्रैक द मिसिंगचिल्ड वेब पोर्टल का आईडी पासवर्ड दिया जा चुका है। परंतु सभी बाल गृह द्वारा अपलोड नहीं किया जा सका है। अध्यक्ष द्वारा आदेशित किया गया कि अगली बैठक में सभी संस्थाओं द्वारा उपरोक्त वेब पोर्टल पर अपलोड करते हुए आख्या प्रस्तुत किया जाए। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं किशोर न्याय बोर्ड के तरफ से यह बताया गया कि मेडिकल रिपोर्ट मिलने में समय लगने के कारण बच्चों के मामलों में विलंब होता है। जिस के क्रम में हेल्थ डिपार्टमेंट से आए हुए प्रतिभागी ने बताया कि एक्स-रे डॉक्टर के 2 बजे के बाद चले जाने के कारण विलंब होता है। एसपी क्राइम ने बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को आदेशित किया गया की यौन शोषण/पॉक्सो मामले मे अनिवार्य रूप से बाल कल्याण समिति को ज़रूर सूचना दिया जाए। मिशन शक्ति कैंपेन के दौरान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार जनपद में बाल श्रम के रोकथाम हेतु उन्मूलन अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है जिस के क्रम में जिला अधिकारी के द्वारा एक टीम चयनित किया गया है परंतु उपरोक्त विषय पर अभी तक कोई प्रोग्राम या अवेयरनेस नहीं हो पाया है। जिसके क्रम में एसपी क्राइम द्वारा आदेशित किया गया कि 2 मार्च को सुबह 11 बजे चयनित टीम के साथ बैठक किया जाए।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संभावित मतगणना केन्द्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**● व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**जिलाधिकारी** /जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पॉल एन ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत विकासखंड कटेहरी एवं भीटी में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं को परखा । इस दौरान उन्होंने छत्रपति शिवाजी पॉलिटेक्निक कॉलेज शिव बाबा , देव इंद्रावती पीजी कॉलेज कटेहरी, रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी , राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बैजपुर भीटी एवं कन्या इंटर कॉलेज भीटी में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किए। निरीक्षण में उन्होंने मतपेटी को व्यवस्थित रखे जाने हेतु मतगणना स्थल पर बनाए गए स्ट्रांग रूम ,मतगणना कक्ष ,वाहनों हेतु स्थान एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे ,पेयजल ,शौचालय एवं मूलभूत सुविधा दुरुस्त होना चाहिए । साथ ही साथ मतगणना केंद्र के बाउंड्री वाल को भी दुरुस्त कराने का निर्देश दिए । उन्होंने कहा जिन मतगणना केंद्रों का बाउंड्रीवाल जर्जर अथवा टूटा हुआ है उसे तत्काल दुरुस्त कराले । उन्होंने कहा कि मतगणना स्थलों पर बाहर पर्याप्त लाइटिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगा होना चाहिए। साथ ही साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होना अत्यंत आवश्यक होगा । उन्होंने कहा कि जिन मतगणना स्थलों पर कुछ कमियां है उसे तत्काल दुरुस्त कराले प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी सदर ,उप जिलाधिकारी भीटी, संबंधित वीडियो ,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर महेश चंद्र द्विवेदी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाएं अपराध पर अंकुश लगाएं: सीएम

**गोरखपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ 5 कालिदास मार्ग आवास से प्रदेश सहित गोरखपुर जोन के एडीजी के साथ कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग की। उन्होंने कहा कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराध एवं अपराधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जाय। उन्होंने एडीजी से कहा कि वह सभी पुलिस कप्तान को बताए कि अपने-अपने जनपदों में भ्रमण सील तो रहें ही साथ ही साथ एडिशनल पुलिस अधीक्षक व सर्किल अफसर को भ्रमण सील रहने का आदेश दें। थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया जाय। अपराध पर अंकुश लगाया जाए, छोटी-मोटी घटनाओं पर तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अपराधों को रोका जाए। अपराधी किस्म गवई के छोटे-मोटे गुंडे के ऊपर निरोधात्मक कार्रवाई की जाये। वीडियो कांफ्रेंसिंग में एडीजी जोन अखिल कुमार मौजूद रहें।

### 84 नए होमगार्डों की ड्यूटी लगाई गई

**गोरखपुर।** यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में यातायात होमगार्ड व ट्रैफीक जवानों के साथ जाम से निपटने के लिए मूल मंत्र दिया। उन्होंने टी आई को बाड़ी कैमरा लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करवाए। ड्यूटी में लापरवाही न बरती जाए, लापरवाही बरतने वाले के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। शहर के अंदर नये 84 कांस्टेबल एवं हेड कांस्टेबल की ड्यूटी बढ़ा दी गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक आशुतोष शुक्ला, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक नीतेश सिंह आदि शामिल रहें।

### राज्य मंडी समिति की सड़कें खस्ताहाल

**अम्बेडकरनगर।** राज्य मंडी समिति की सड़कें खस्ताहाल हो चुकी हैं। विगत दो दशकों से मरम्मत का कार्य न होने से उस पर चलना लोगों को भारी पड़ रहा है। आये दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। भारतीय नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रहम कुमार त्रिमूर्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र प्रेषित कर अतिशीघ्र बनवाये जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि विगत बीस वर्षों में बनवाई गई राज्य मंडी समिति की सड़कें पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी हैं। मरम्मत का कार्य न होने से ये सड़कें लोगों के लिए अभिशाप बन गई हैं। पूर्व में जिलाधिकारी से भी शिकायत की जा चुकी थीं लेकिन उनके द्वारा भी इस पर ध्यान नही दिया गया। वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी यह कहकर अपना पीछा छुड़वा लेते हैं कि यह सड़क हमारे विभाग की नही है।

### हिस्ट्रीशीटर व टॉप-10 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** क्षेत्र में मामूर पिपराइच थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेलवा तिराहा पर गाढाबन्दी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गौरजीत चौहान पुत्र स्व. शिवनाथ निवासी अगया बड़ा टोला थाना पिपराइच बताया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 1.34 किग्रा. अवैध गांजा, 6500 रूपये नगद, एक अदद मोबाइल टेक्नो कम्पनी, दो अदद बिजली का बिल उपभोक्ता सरस्वती देवी, एक अदद आरसी गाड़ी व एक अदद डीएल लाइसेंस नं.-239410 उक्त दोनों राजकुमार प्रजापति पुत्र गुलाब प्रजापति निवासी नगर पंचायत पिपराइच वार्ड नं. 12 थाना पिपराइच के नाम से व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि 24 फरवरी की रात कस्बा पिपराइच में एक मकान में अपने साथियों सानू खान, सानू अंसारी, व सोनू रावत के साथ मिलकर सोने चांदी के गहने व 24000 रूपया नगद, मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी किया था। पुलिस की माने तो वह थाने का हिस्ट्रीशीटर व टाप-10 अपराधी है जिसके विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही भी की जा चुकी है।

## सावरकर की 55 वीं पुण्यतिथि पर हिंदू महासभा ने किया नमन

**अयोध्या।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानीए अप्रतिम योद्धाए लेखकए अधिवक्ताए नाटककारएकविए स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की 55 वीं पुण्यतिथि पर हिंदू महासभा द्वारा पुष्पराज चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा की जल से सफाई करने के उपरांत माल्यार्पण करते हुए नमन किया गयाए इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा किएहिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा हिंदुत्व को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। उन्होंने परिवर्तित हिंदुओं के हिंदू धर्म को वापस लौटाने हेतु सतत प्रयास किये एवं इसके लिए आन्दोलन चलाये। उन्होंने भारत की एक सामूहिक ष्हिंदूष् पहचान बनाने के लिए हिंदुत्व का शब्द गढ़ा उनके एराजनीतिक दर्शनमें उपयोगितावादए तर्कवादए प्रत्यक्षवाद ए मानवतावादए सार्वभौमिकताए व्यावहारिकता और यथार्थवाद के तत्व थे।

# टाण्डा प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**● एसोशिएसन की निष्क्रियता के कारण लिया निर्णय**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।



**टाण्डा** प्रेस एसोसिएशन टाण्डा के महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सहमंत्री, ऑडिटर सहित कई सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न के बाद टाण्डा प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष की निष्क्रियता से आक्रोशित पदाधिकारियों व सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। पदाधिकारी व सदस्य टाण्डा प्रेस एसोसिएशन की निष्क्रियता से काफी आहत चल रहे थे तथा संगठन पर एकाधिकार होने से नाराज थे। आपको बताते चलें कि टाण्डा तहसील में स्थानीय स्तर पर पत्रकारों के हितैषी होने का दावा करने वाला दो संगठन लगभग आठ वर्ष पहले बनाया गया था जिसमें टाण्डा प्रेस एसोसिएशन टाण्डा के अध्यक्ष जावेद सिद्दीकी व दूसरा टाण्डा प्रेस क्लब टाण्डा के अध्यक्ष आजम अंसारी बने थे लेकिन समय के साथ साथ दोनों संगठनों की सक्रियता शून्य हो गई और जब भी किसी भी पत्रकार पर किसी तरह की कोई समस्या या उत्पीड़न का मामला सामने आया तो उसे सबसे पहले उसे गुट बाजी का सामना करना पड़ता जिससे पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त चल रहा था। टाण्डा प्रेस एसोसिएशन टाण्डा के अध्यक्ष जावेद सिद्दीकी पर आरोप है कि उन्होंने अपने ही गुट के सदस्य का सहयोग नहीं किया। बताते चलेंकि गत दिनों एक पत्रकार को टाण्डा कोतवाली पुलिस ने मामूली विवाद पर एक पक्षीय शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत कार्यवाही कर दिया था जिस पर दोनों संगठनों के अध्यक्षों द्वारा निष्क्रियता दिखाई गई। कोतवाली पुलिस द्वारा पत्रकार पर एक पक्षीय कार्यवाही करने एवं उक्त मामले में भी संगठनों की गुटबाजी व निष्क्रियता से स्थानीय पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त था। टाण्डा प्रेस एसोसिएशन के महामंत्री दानिश मेंहदी, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार कसौधन, सहमंत्री सरफराज अहमद व मिन्नत उल्ला, ऑडिटर सुनील सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष प्रतीक सोनी, सदस्य प्रवीण कुमार गुप्ता, सैय्यद मोहम्मद राशिद, अब्दुल माबूद आदि ने सामूहिक लिखित इस्तीफा दे दिया है तथा टाण्डा प्रेस एसोसिएशन संगठन से किसी तरह कोई का कोई सरोकार ना रखने का एलान किया है।

बहरहाल पत्रकारों के हितैषी होने का दावा कर लगभग आठ वर्ष पहले टाण्डा में दो संगठन बनाया गया था लेकिन दोनों संगठनों की निष्क्रियता एवं एकाधिकार से पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त चल रहा था जिसके कारण टाण्डा प्रेस एसोसिएशन टाण्डा के लगभग सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है।


## चार शातिर चोर पांच मोबाइल मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने जनपद में अपराधों पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कैण्ट सुमित शुक्ला के नेतृत्व में प्रभारी रामगढ़ताल जगत नारायण सिंह व उ.नि. सूर्य कान्त पंडित टीम को अंकुश लगाने एवं पर्दाफाश हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मूखबीर खास द्वारा सूचना दिया कि पैडलेगंज से नौकायन होते हुए एक मोटर साईकिल पर तीन व्यक्ति जो जनपद मे भीड़ भाड़ इलाके से मोबाइल चोरी करते हैं, सिक्टौर की तरफ जा रहे हैं। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम गुमटी व मन्दिर की आड़ मे छिपकर इन्तजार करने लगी कि एक मोटरसाइकिल पर सवार आ रहे तीन व्यक्ति को पुलिस रोकना चाहा तो मुड़कर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। दबोचे गए अभियुक्तों में अदनान ,आदिल व रिजवान उल्लाह उर्फ राज शामिल हैं।

## राहुल की टिप्पणी
### कांग्रेस की बढ़ी मुश्किल

**केवल** राहुल जानते होंगे कि केरल में की गई उनकी टिप्पणी अकस्मात कही बात थी या सुविचारित कार्रवाई। लेकिन इससे कांग्रेस और राहुल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाल में केरल में एक रैली में राहुल ने कहा था, 'पिछले 15 साल मैं संसद में उत्तर भारत का सदस्य रहा जिससे मैं अलग किस्म की राजनीति का आदी हो गया था। मेरे लिए केरल आना ताजा हवा की तरह था क्योंकि अचानक मुझे लगा कि यहां लोग मुद्दों में न केवल सतही, बल्कि गहरी दिलचस्पी लेते हैं।' यह बात मतदाताओं के विवेक पर छोड़ना ठीक रहेगा कि इससे आगामी चुनावों में 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' को लाभ होगा या हानि, पर राहुल के नवीनतम बयान से भाजपा को कांग्रेस पर हमले का नया हथियार मिल गया है। ईमानदारी से कहा जाए तो राहुल विभाजनकारी राजनीति के बयान नहीं देते हैं, वे सीधी-सीधी बात करते हैं और इससे वे संकट में फंस जाते हैं। अन्य राजनीतिक पार्टियों के सूचना प्रौद्योगिकी-आईटी सेलों के कारण उनके बयान अक्सर मजाक का विषय बन जाते हैं। वे लगातार सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि राहुल में नेता 'बनने' की कोई क्षमता नहीं है और वे भावी प्रधानमंत्री नहीं हो सकते हैं। लेकिन यदि यह बयान सोच-विचार कर दिया गया हो तो उनको अपने सलाहकार बदलने पर विचार का समय आ गया है। यदि शब्दों के चयन में थोड़ी सावधानी बरती जाती तो उन्होंने जो कहा, उसे बिना विवाद पैदा किए कहा जा सकता था।

सतही तौर से देखने पर ऐसे बयानों में कुछ भी अनुपयुक्त नहीं है, जब तक उनमें निहित अर्थ न तलाशे जाएं। लेकिन ऐसी विकृतियां



राजनीति में सामान्य हैं और यदि राहुल इनसे अनजान हैं तो यह उनकी गलती है। कहावत है कि 'राजनीति का अर्थ अवसरों का प्रयोग है'। इससे वरिष्ठ भाजपा नेताओं को यह कहने का अवसर मिल गया कि राहुल केरल चुनाव में लाभ पाने के लिए विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। ऐसे देश में राहुल की टिप्पणी पर ज्यादा शोर शराबा उचित नहीं है जहां नेता रोज नीचे गिरते हैं और फिर दावा करते हैं कि उनके कहने का यह अर्थ नहीं था। आजम खान के 'खाकी अंडरवियर' या एक वरिष्ठ नेता के इस बयान की याद दिलाने से हमारा सिर शर्म से झुक जाता है कि 'लड़के कभी-कभी गलतियां कर देते हैं। बलात्कारियों को फांसी देना गलत है।' लालू यादव की यह टिप्पणी भी थी कि 'बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसी चिकनी बना दिया जाएगा।' राहुल ने अब बंगाल में वाम-कांग्रेस संयुक्त रैली रद्द कर दी है क्योंकि शायद वे केरल पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। इसका कारण यह है कि टीएमसी व भाजपा में सीधी लड़ाई वाले पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की संभावनायें ज्यादा कमजोर होने के कारण वे दक्षिणी राज्यों पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। राहुल के संकट में फंसने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उचित सलाह दी है। कपिल सिब्बल ने कहा है कि 'मतदाताओं के विवेक का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि वे ही जानते हैं कि किसे और क्यों वोट दिया जाना चाहिए।' आश्चर्य है कि ऐसे समझदार, संतुलित और परिपक्व नेताओं की उपस्थिति के बावजूद राहुल उनकी सलाह नहीं लेते हैं और अपने बयानों के कारण संकट में फंस जाते हैं। हो सकता है कि इसका कारण कांग्रेस में व्याप्त आंतरिक विभाजन हो। इसके बारे में कांग्रेस को ही निर्णय करना होगा।

# पश्चिम बंगाल या दूसरा बांग्लादेश

राज्यों में चुनाव के पहले लोगों की सोच में बड़ा परिवर्तन आता है। सर्वाधिक सेक्युलर लोगों को भी डर है कि बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन सकता है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**ड्यूक** विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले तुर्क-अमेरिकी अर्थशास्त्री तिमूर कुरियन के अनुसार, इस्लाम का व्यवहार बिजनेस प्रगति में बाधा डालता है और आर्थिक प्रगति या विकास में सहायक नहीं होता है। सूदखोरी पर प्रतिबंध इसका एक उदाहरण है। इससे पता चलता है कि इस्लामी समाज आर्थिक रूप से उत्पादक क्यों नहीं बने। इसी कारण संसाधनों की तलाश में वे दूसरे देशों की जमीनें जीतने के आदी हो गए। बांग्लादेश के सामने एक और संकट था। शताब्दियों से भद्रलोक बंगाली बिजनेस-संचालक के बजाय विशाल जमीनों के मालिक थे। बांग्लादेशी संस्कृति का विकास बंगाली भद्रलोक से हुआ है। इस्लाम राजनीति समेत जीवन के लिए समग्र दिशानिर्देश देता है और कुरान उसका अंतिम संदर्भ बिंदु है। कोई भी मुस्लिम शासक इस रास्ते से अलग नहीं हट सकता है। आदर्श रूप से जम्हूरियत या लोकतंत्र समाधान है, जबकि राजतंत्र, स्वेच्छाचारी शासन या कुलीनतंत्र ऐसे विकल्प हैं जो लोकतंत्र के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ते हैं। हालांकि, शेख हसीना वाजिद चुनाव लड़ती हैं। वे चार कार्यकाल प्राप्त करने में सफल रही हैं तथा तुलनात्मक रूप से सेक्युलर व बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए भारत के प्रति एहसानमंद हैं। उनकी पूर्ववर्ती बेगम खालिदा जिया ऐसी नहीं थीं। खालिदा के पति जियाउर रहमान लगभग पाकिस्तान-समर्थक तथा पैगंबर मुहम्मद के वारिस मुस्लिम अशराफथे। लेकिन शेख हसीना के राजनीति से अलग होने या सत्ता छोड़ने पर क्या होगा? क्या देश की विदेश नीति में खासकर भारत को देखते हुए परिवर्तन होगा?

बंगाल के हिंदू भद्रलोक द्वारा हिंदू राजनीतिक विचारधारा की स्थापना आश्चर्यजनक है। राजनारायण बोस ने 'हिंदुत्व' शब्द को जन्म दिया था या उन्होंने कम से कम पहली बार 1863 में इसका प्रयोग किया था। वे योगी अरविंद घोष के बाबा थे। हिंदू अनुशीलन समिमि की स्थापना केवल बंगाल में हुई और वह वहीं काम करती थी। महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर उसके प्रमुख स्तंभ थे। 1905 में बंगाल के विभाजन के खिलाफआंदोलन का नेतृत्व मुख्य रूप से योगी अरविंद ने किया था और टैगोर ने इसका सक्रिय समर्थन किया था। बंगाली पुनर्जागरण एक हिंदू परिघटना थी। राजा जार्ज पंचम द्वारा बंगाल का विभाजन समाप्त कर 1911 में दिल्ली दरबार करने से हिंदू दृष्टिकोण नरम पड़ा तथा हिंदू-मुस्लिम सद्भावना केन्द्र में आ गई। यह बंगाल में तथाकथित सेक्युलरवाद की शुरुआत थी। बंगाली भद्रलोक ने मुसलमानों के प्रति अपने व्यवहार पर खेद प्रकट करना शुरू किया। उन्होंने मुस्लिम ग्रामीणों को शादियों में आमंत्रित किया, हालांकि उसे भोजन के लिए अलग बैठाया और खाने के बाद अपनी थाली साफकरने को कहा। यह केवल एक उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के उभार के साथ हिंदु-मुस्लिम सद्भाव मित्रता की ओर बढ़ा। कृषक पार्टी के मध्यमार्गी नेता फज़लुर रहमान बंगाल के प्रमुख बने और यह सेक्युलर प्रवृत्ति जारी रही। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी के बड़े भाई शरद बोस, फज़लुर रहमान व सर अब्दुल रहीम एक तीसरे आयाम की संभावनायें खोज रहे थे जिसमें हिंदुस्तान व पाकिस्तान के साथ अविभाजित बंगाल भी था। स्वतंत्रता के बाद नेहरूवादी सोच तथा वोटबैंक के कारण मुस्लिमों के तुष्टीकरण ने इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया।

> पश्चिम बंगाल इस समय खबरों में छाया हुआ है जिसका कारण खासकर विधानसभा चुनाव है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के प्रतिबद्ध आक्रमण के खिलाफ अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पश्चिम बंगाल का चुनाव अब नाटकीय रूप से ममता के खिलाफ स्पष्ट असंतोष की लहर में बदल गया है। तेजी से बदलता यह परिदृश्य 2021 विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल की राजनीतिक यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।

विभाजन ने अनेक हिंदुओं को उखाड़ दिया, जबकि बंगाल में मुसलमानों के सामने कोई असली समस्या फौरन व बाद में भी नहीं आई। स्थिति यहां तक बिगड़ी कि आरएसएस, हिंदू महासभा या जनसंघ के साथ जुड़ाव को कमतर माना गया। कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन होने के बाद हिंदू राजनीतिक आंदोलन कोई लोकप्रिय नेता नहीं तैयार कर सका। जनसंघ नेता हरिपद भारती का बहुत सम्मान था, पर जनता में उनके प्रति व्यापक आकर्षण नहीं था। इससे सेक्युलर राजनीति जारी रही तथा वोटों के कारण बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को बढ़ावा मिला।

लेकिन आखिरकार बंगाली हिंदू के दिमाग से इस्लामवादी भूत उतर गया। स्पष्ट रूप से एक क्रान्तिकारी परिवर्तन हो रहा है जिसकी प्रतिक्रिया सीमापार बांग्लादेश में भी दिख सकती है। विधानसभा चुनाव निकट आने के साथ पश्चिम बंगाल में लोगों की सोच में असाधारण परिवर्तन आ रहा है। दशकों बाद यह सचमुच परिवर्तनकारी है। पश्चिम बंगाल ने भद्रलोक ने उसके अपने शब्दों में 'हिंदी हृदयप्रदेश पार्टी' के प्रभुत्व का विरोध किया था, अपने स्पष्ट सेक्युलर दृष्टिकोण पर गर्व किया था तथा धार्मिक पहचान पर बंगाली पहचान हावी थी। लेकिन धार्मिक अल्पसंख्यकों पर ज्यादा ध्यान न देने के कारण सर्वाधिक उग्र जिहादीवादी तत्वों ने निश्चित रूप से बंगाली सोच बदली है। आज अधिकांश सेक्युलर सोच वाले लोगों को भी भय है कि उनका राज्य एक और बांग्लादेश बन सकता है। पश्चिम बंगाल में बदलती राजनीतिक सोच का पहला संकेत 2019 के लोकसभा चुनाव में दिखा जब भाजपा ने 42 संसदीय सीटों में से 18 पर विजय पाई। तेजी से बदलता यह परिदृश्य 2021 विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल की राजनीतिक यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है जिसका प्रभाव राज्य के बाहर भी होगा।

पश्चिम बंगाल इस समय खबरों में छाया हुआ है जिसका कारण खासकर विधानसभा चुनाव है। भारतवर्ष इस समय एक कटु संघर्ष देख रहा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के प्रतिबद्ध आक्रमण के खिलाफ अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पश्चिम बंगाल का चुनाव अब नाटकीय रूप से ममता के खिलाफ स्पष्ट असंतोष की लहर में बदल गया है। सामान्य रूप से मंत्री तथा कद्दावर नेता चुनाव के पहले पार्टी छोड़ कर विपक्ष में नहीं शामिल होते हैं, जैसा कि बंगाल में हो रहा है। लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण परिवर्तन बंगाली सोच में आया है। बंगाली जनता अपनी स्वेच्छा से 'भारत' के साथ ज्यादा मजबूती से जुड़ना चाहती है।

# कोविड-19 से उद्यमियों को मिले सबक

> शांत होना महत्वपूर्ण है, तर्कसंगत रूप से सोचें और निर्णय लें जो आपके कार्य वातावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

**प्रीतिका सिंह**
(लेखिका एक अस्पताल की सीईओ हैं)



**वर्ष** 2020 और इस पर हावी होने वाले कोरोनावायरस का प्रकोप हर किसी को पीछे खींच दिया, चाहे वह काम हो या जीवन। हालांकि, सामाजिक के मुकाबले छूत का आर्थिक प्रभाव अधिक महसूस किया गया। महामारी के वित्तीय निहितार्थ हर किसी को एक उलझन, उलझन और सोच में थे, क्या मैं इससे पार पाऊंगा? क्या मैं बचूंगा? इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यवसायों, काम, व्यक्तिगत मामलों पर घर में एक टोल लिया और सभी को प्रश्न किया और उनकी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार किया और फिर उन्हें अस्तित्व की स्थिति में डाल दिया। प्रकोप से मिले प्रमुख सबक में से एक, विशेष रूप से उद्यमियों के प्रमुख संगठनों के लिए था, अपने मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करें। यही एक प्राथमिकता है। यदि आपके मन में शांति है, तो बाकी सब कुछ गिरने के बावजूद, आपके चारों ओर गिरते हुए, आधी लड़ाई जीत ली जाती है। शांत होना, तर्कसंगत रूप से सोचना और निर्णय लेना जो आपके स्वास्थ्य और आपके कार्य के वातावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

देश में महामारी की चपेट में आने से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र चरमरा गया। अस्पताल के अन्य स्टाफ के रूप में डॉक्टरों और नर्सों को ओवरवर्क किया गया था। लोग दहशत की स्थिति में थे। हालांकि, यदि आप प्रवाह की निरंतर स्थिति में हैं, तो कुछ पर काबू नहीं है। किसी संगठन का मार्गदर्शन करने वाले नेताओं के लिए यह विशेष रूप से सच है। उन्हें वास्तविकता के साथ पकड़ में आना होगा कि महामारी लंबे समय तक रहेगी और काम करने और आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका कर्मचारियों के साथ पारदर्शी होना है, उन्हें बाहर सुनना, उनके इनपुटों को महत्व देना और उनकी देखभाल करना है।



हमारे जीवन में जो सबसे बड़ा बदलाव आया, वह था सामाजिक दूरी बनाए रखने की जरूरत, जिसने घर से काम की संस्कृति (डब्ल्यूएफएच) को जन्म दिया। कोरोनोवायरस रोगियों के साथ अस्पताल ओवरफ्लो हो रहे थे और चिकित्सा पेशेवर रोगियों के अलावा लोगों के साथ लगातार संपर्क में थे। अधिकांश चिकित्सा सुविधाओं के लिए प्रशासनिक कर्मचारियों में कटौती करना और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए डब्ल्यूएफएच को अनुमति देना महत्वपूर्ण था। इस कदम ने डॉक्टरों और नर्सों को मुफ्त में आंदोलन दिया, त्वरित निर्णय लेने में सक्षम हुए और इसके परिणामस्वरूप बारी-बारी से बदलाव हुए। एक अस्पताल के सीईओ के रूप में, लोगों को दो भूमिकाओं के अनुकूल और अतिरिक्त कार्यभार को अधिक कुशलता से और तेज़ी से देखना आश्चर्यजनक था। इसने एहसास दिलाया कि महामारी से सबसे बड़ी सीख थी घर से काम करना। इसने हमारे मानव के रूप में कार्य करने के तरीके को बदल दिया और उस समय और प्रयास को महत्व दिया जो किसी और को लगाता है। इसने दक्षता भी बढ़ाई और कर्मचारियों और उनके परिवारों को सुरक्षित रखा।

नेताओं के लिए भी एक सबक था। यदि आप एक संगठन के प्रमुख होने पर कठोर लेकिन परोपकारी निर्णय लेते हैं, तो लोग आपको अधिक महत्व देते हैं, आपका सम्मान करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी सफल हो। जनशक्ति और लागत में कटौती करना कभी समाधान नहीं है। कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है, न केवल अच्छा वेतन और, कर्मचारी शीर्ष नेतृत्व के दृष्टिकोण के आधार पर एक कंपनी चलाते हैं। एक और सबक जो छूत ने हमें सिखाया था वह यह था कि महिलाएं, जो हमेशा समाज में एक स्थिर और शांत कारक रही हैं, एक आपात स्थिति से निपटने में समान रूप से माहिर हैं। इस महामारी के दौरान, महिला कोविद योद्धा, सीमावर्ती कार्यकर्ता, कार्यालय जाने वाले, गृहिणी और सरकारी कर्मचारी इस अवसर पर पहुंचे और कुछ मामलों में सामने से अग्रणी थे। अंत में, प्रौद्योगिकी मानव जाति के बचाव में आ गई है क्योंकि हमें अपने काम करने के तरीके को बदलने, दस्तावेजों को संभालने, प्रक्रिया की जानकारी, बैठकों, सेमिनारों और यहां तक कि स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मजबूर किया गया है।

इसके साथ यह भी महसूस करना होगा कि भले ही हम अभी इस स्थिति में हैं, यह बदल जाएगा और चीजें वापस सामान्य हो जाएंगी। लेकिन अभी के लिए, हमें इस तथाकथित नए सामान्य सीखने और उसके अनुकूल होने की आवश्यकता है। उद्यमियों, विशेषकर महिला नेताओं को इससे सीखना और बढ़ना है।

## आप की बात

### मुख्यमंत्री की बात

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों के आचरण की आलोचना करते हुये सख्त प्रेरक टिप्पणियां किया। विधान सभा मे हंगामा, जोर जोर से चिल्लाकर और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वालो की तारीफ कोई नही करेगा।मुख्यमंत्री ने ऐसे नेताओं को नसीहत देते हुए कहा। जो जिस भाषा मे समझेगा। उसे उसी भाषा मे जवाब दिया जाएगा।लोकतंत्र में अच्छी चीजों को स्वीकारा जाता है और बुरी चीजो को नकारा जाता है। बुरी चीजो को परिपाटी मानकर और भी उसे कैसे बुरा बनाया जाए।यह लोकतंत्र के लिये अशुभ संकेत है। संसद हो या विधानसभाओ में विपक्ष द्वारा जो आचरण किया जाता है।देश के हित मे नही है और न देश के लोकतंत्र के लिये उचित है। हमारे देश के राजनेता केवल सरकार के हर कार्य की आलोचना ,हंगामा और विरोध करके सत्ता प्राप्त करने का सपना देखते है। जबकि जागरुक जनता नेताओ को चुनावों में सबक सिखा देती है। फिरभी सड़क और सदन में हंगामा होता है। देश को 6वर्षो में वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

– **कुलदीप मोहन**, जरगांव उन्नाव

### सोशल मीडिया पर अंकुश

**वर्तमान** दौर में हमारी युवा पीढ़ी, और छोटे बच्चे सोशल मीडिया से इतनी बुरी तरह से प्रभावित है कि उन्हें यह भी नही भान होता कि मोबाइल , वाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, आदि के अलावा भी पारिवारिक, सामाजिक जीवन है। शायद ही कोई घर हो जहां बच्चे अधिकांश समय वाट्सअप फेसबुक में समय नही बिताते हों। समाचारों के आधार पर सोशल मीडिया, ओटीटी, न्यूज पोर्टल्स के लिए केंद्र ने गाइड लाइन जारी की। आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कम से कम 5 वर्ष की जेल होगी। अक्सर सोशल मीडिया पर लोग ऐसी सामग्री डाल देते है जो हमारी संस्कृति सभ्यताओं के खिलाफ और इंसानियत के खिलाफ होकर शर्मनाक होती है। जिसका समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। और युवावर्ग में भटकाव भी आता है। सोशल मीडिया पर अब अनुशासन मानना बेहद जरूरी होगा। केंद्र सरकार की गाइडलाइंन के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी आपत्तिजनक पोस्ट की शिकायत मिलने पर 24 घण्टे में हटाना होगा। समाज के लोगों को भी सोचना होगा कि देश की एकता अखंडता, सामाजिक व्यवस्था, यौन शोषण , बाल शोषण अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों को डालने से पहले सोचे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### तैयारी में जुटें विद्यार्थी

**हर** वर्ष की भांति, इस वर्ष भी बोर्ड के विद्यार्थी तैयारी के रथ पर सवार होकर, अपने मंजिल की ओर निकल रहे हैं। पिछले वर्ष महामारी के कारण पैदा हुए बुरे हालात, अब लगभग सही दिशा में बढ़ गए हैं। हमेशा से अभिभावक बच्चों के भविष्य के लिए तत्पर और चिंतित रहे हैं, जिससे कि विद्यार्थियों का सपना पूरा हो सके। दसवीं के विद्यार्थी के लिए जहां ये पहलीबार बोर्ड परीक्षा में शिरकत करना होगा तो वहीं बारहवीं के छात्रों के लिए, आईआईटी और नीट जैसे परीक्षाओं को भी क्लियर करना आसान नहीं होगा।हालांकि मौका अच्छा है सभी विद्यार्थियों के लिए, वे अपना हरसंभव प्रयास करें और अपनी तैयारी को सफलता के मुकाम तक पहुंचाएं। अब तो सीबीएसई बोर्ड ने भी परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं, उम्मीद है आईसीएसई एवं राज्य बोर्ड भी जल्द ही घोषित कर देंगे। अब सभी छात्रों को ये मानकर परीक्षा की तैयारी में पुरजोर जुट जाना चाहिए कि परिणाम घोषित होने पर, ये महसूस न हो शायद थोड़ा और मेहनत कर दिए होते तो और अच्छा होता।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया




**पीएम** मोदी के नेतृत्व में असम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विकास का एक नया दौर प्रारम्भ हुआ है। सरकार ने इस क्षेत्र को भारत का वृद्धि वाहक बनाने का काम शुरू कर दिया है।

– **अमित शाह**
गृहमंत्री



**यदि** अखिलेश यादव ने सबकुछ किया था तो फिर जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया? समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनावों में क्यों मात खा गई?

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**पिछले** तीन महीनों में घरेलू गैस के दाम 200 रुपए बढ़े जबकि पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपए पहुंच रहे हैं। मोदी सरकार अरबपतियों के लिए काम कर रही है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

# तीन सालों में दिखाई देगी विकास की नई पहचानः सिद्धार्थ नाथ सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज




**शहर** पश्चिमी में पहले जाति और धर्म के नाम पर वोट पड़ते रहे जिस वजह से विकास अवरुद्ध हो गया। 2017 में विकास के नाम पर मत का प्रयोग किया तो विकास ही मिल रहा है। यह उदगार कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निवेश व निर्यात खादी व ग्रामोद्योग रेशम हथकरघा वस्त्रोद्योग एवं एनआरआई सिद्धार्थ नाथ सिंह द्वारा लोकार्पण पीडीए कॉलोनी रामनगर प्रीतम नगर एवं कंधईपुर न्याय नगर धूमनगंज इंटरलॉकिंग व नाली का लोकार्पण के उपरांत संबोधित करते हुए व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि अभी विकास का क्रम शुरू हुआ है अगले तीन वर्षों में शहर पश्चिमी के हर सड़क गली तथा हर घर को नल व जल मिलने लगेगा। शहर पश्चिमी में विकास का नक्शा प्रयागराज के उत्तरी और दक्षिणी विधानसभा से ज्यादा दिखाई देगा।योगी सरकार ने हर घर को नल और जल के लिए 15 हजार करोड़ रुपए दिया है। हर नागरिक का दायित्व है कि जैसे हम अपने घरों के अंदर सफाई और स्वच्छता का ख्याल करते हैं। उसी तरह घर बाहर नालियों में कूड़ा करकट न फेंके।स्वच्छता का विशेष ध्यान देकर कर्तव्य का पालन करें। सरकार द्वारा कोई भी जनहित का कार्य बिना समाज के सहयोग से संभव नहीं है।हर नागरिक का दायित्व से कर्तव्य को ओर चलेगा तभी विकास का आधार मजबूत होगा।लोकार्पण छोटे बालक रमन से सम्पन्न करवाकर जनता को मार्ग सौंपा। इस मौके पर अमर जीत सिंह अनिल कुशवाहा पवन श्रीवास्तव राजू राय अखिलेश सिंह प्रेम नारायण केसरवानी संजय कुशवाहा पवन मिश्रा पवन गुप्ता बबलू सहपार सुनील श्रीवास्तव चंद्रभूषण सिंह पटेल चंद्रभूषणधर दुबे अलका त्रिपाठी संजय श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना बिहार थाना क्षेत्र के छेदा खेड़ा गांव की है। यहां रहने वाले बच्चन बाबू (45) पुत्र स्वर्गीय नन्हकऊ का शव शुक्रवार अपरान्ह साढे तीन बजे के करीब घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। बताते हैं कि घटना के ठीक पूर्व युवक परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत पर मौजूद था। एकाएक वहां से घर चला आया था। घर में वह मृतावस्था में छत के कुंडे से दुपट्टा के फंदे से झूलता मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की मौत के बाद उसकी पत्नी शांती के अलावा बेटे धर्मेन्द्र व तीन बेटियों काजल, पूंजा व रूपा का रो-रोकर कर बुरा हाल था। घटना के संबंध में प्रभारी थाना निरीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना था कि युवक मानसिक रूप से बीमार रहता था। उन्होंने युवक की मौत को आत्महत्या बताया।

# महिला का हत्याभियुक्त गिरफ्तार, कुछ दिन पूर्व होटल के पीछे मिला था शव

**संवाददाता।** नवाबगंज, उन्नाव

**बीते** दिनों अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर स्थित एक होटल के पीछे यूकेलिप्टस की बाग में महिला का शव पड़ा मिला था। मृतका के पति ने दो लोगों पर शक जाहिर करते हुए कोतवाली में नामजद तहरीर दी थी। दोनों फरार नामजदों की तलाश में जुटी पुलिस ने बीती रात दोनों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयोग बाइक सहित लूट के जेवरात बरामद कर, कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

मालूम हो कि 17 फरवरी को अजगैन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिचपरी गांव के सामने राजमार्ग पर एक होटल के पीछे स्थित यूकेलिप्टस बाग में एक अज्ञात महिला का शव पाया था। जिसकी शिनाख्त बाद में कोतवाली क्षेत्र के भितरेपार निवासी नेकराम की पत्नी रोशनी उर्फबबली के रूप में हुई थी। मृतका के पति नेकराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए गांव के ही प्रेम पुत्र राजकुमार तथा क्षेत्र के बिचपरी गांव निवासी दयाशंकर पुत्र श्रीकृष्ण उर्फकन्हैया को नामजद करते हुए शक जाहिर किया था कि और भी लोग शामिल हो सकते हैं। अजगैन कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी घटना वाले दिन से फरार चल रहे थे। जिनकी तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर दोनों को राजमार्ग के किनारें अनामिका ढ़ाबा के समीप से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर प्रेम ने बताया कि मृतका से उसके प्रेम संबंध थे। जिसके चलते मृतका उससे भाग चलने की बात कहकर घर से जेवरात सहित पांच हजार रुपए लेकर आ गयी थी। जिसके बाद दया शंकर के साथ बाइक से निकले थे। देर शाम बिचपरी गांव के सामने राजमार्ग पर बाइक खड़ी कर बाग में जाकर मृतका को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मांनी जिसपर उसके जेवरात पैसे छीनकर गला दबाकर मार दिया। दोनों की निशानदेही पर जेवरात सहित बाइक बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### सपा ने किया प्रदर्शन

**बांगरमऊ, उन्नाव।** रसोई गैस, डीजल व पेट्रोल के मूल्यों में लगातार की जा रही वृद्धि को लेकर आज युवा सपा नेता मुकर्रम खान कंधे पर गैस सिलेंडर रखकर कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने केंद्र सरकार से रसोई गैस की कीमतें अति शीघ्र कम करने की मांग उठाई। इस दौरान युवा नेता श्री खान ने कहा कि विपक्ष में रहकर मामूली महंगाई पर नौटंकी करने वाली भाजपा के कार्यकाल में रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने बैठक कर तैयार की रणनीति

**संवाददाता।** मौरावां

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से हिलौली चतुर्थ वार्ड प्रभारी और मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव संबधित तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने की रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। हिलौली के गाँव पिडुरी स्थित एक शिक्षण संस्थान में बैठक का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप पहुँचे जिला कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष संगठन की ओर से हिलौली चतुर्थ वार्ड के प्रभारी बनाए गये हरिसहाय मिश्र मदन का सभी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती है कि वह पार्टी की रीति नीति की जानकारीं जन-जन तक पहुंचायें। कहा जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की स्थित स्पष्ट हो चुकी है। जल्द ही सदस्य पदों का आरक्षण भी स्पष्ट होने वाला है। जिला पंचायत क्षेत्र में वार्ड वार ग्राम चौपाल के माध्यम से सरकार की विकास योजनाओं के विषय में चर्चा करनी है। ग्राम पंचायतों की बैठकों में आवास गांव में शौचालय, उज्जवला योजना, प्राथमिक विद्यालय का सुंदरीकरण, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना के विषय में विस्तार में चर्चा करें। कोरोना वायरस जैसी महामारी के समय में सरकार व पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की विशेष रूप से राशन वितरण, मनरेगा के तहत हुए कार्यों की भी चर्चा करें। केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जैसे सामूहिक विवाह, वृद्धा पेंशन, छात्रवृत्ति, विद्युत कनेक्शन आदि सभी विषयों पर जन-जन तक पहुंचाएं।

## स्कूलों ने परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाये नियम

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी के कारण लंबे समय तक बंद रहे स्कूल कालेजों ने अब सख्त नियम और प्रोटोकाल बनाये हैं। द सिंधिया स्कूल हाल ही में कक्षा 9 10 11 12 के छात्रों के लिए दोबारा खोल दिया गया है। स्कूल खुलने के बाद परिसर में वापस आकर छात्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। अब तक इन कक्षाओं के 93 प्रतिशत छात्र स्कूल परिसर में वापस आ गए हैं। यह दर्शाता है कि छात्र के अभिभावक को स्कूल और इसके स्टाफ पर छात्रों की सुरक्षा को लेकर पूरा भरोसा है। इस बारे में अपनी बात रखते हुए द सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डा माधव देव सारस्वत ने कहा कि बच्चों का दोबारा परिसर में स्वागत करते हुए खुश हैं। जिन्होंने स्कूल पर अपना भरोसा जताया है। स्कूल में स्वास्थ्य और सुरक्षा के सख्त प्रोटोकॉल बनाए गए हैं। यह भी पता किया जाता है कि परिसर के अंदर किस वक्त कौन आया।

# आग लगने से झोपड़े में रखा सामान जलकर हुआ खाक

**घटना के समय परिवार के अधिकांश लोग खेत गए हुए थे, नहीं मिल सकी दमकल की मदद**

**संवाददाता।** पाटन, उन्नाव



**बीघापुर** तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को एक झोपड़े में आग लगने से उसमें रखी गृहस्थी व किराना का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना बिहार थाना अन्तर्गत स्थानीय कस्बा स्थित लोधौरा की है। यहां रहने वाले लोधेश्वर पुत्र स्व. मोहन लोध के झोपड़े में अपरान्ह 1:30 बजे करीब अचानक आग लग गयी। इससे पहले कि लोग एकत्रित होकर आग बुझाने का प्रयास करते हैं झोपड़े में रखी सामग्री जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित परिवार के अनुसार घटना के समय घर के ज्यादातर लोग खेत पर थे। झोपड़े में रोजमर्रा की गृहस्थी के अलावा परचून का सामान रखा था। जोकि जलकर नष्ट हो गया। घटना में करीब डेढ़ से दो लाख अनुमानित नुकसान होने की बात बताई जा रही है। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका। एसडीएम बीघापुर दयाशंकर पाठक ने बताया कि नुकसान के आकलन हेतु राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया है।

## क्विक न्यूज

### महिला महाविद्यालय में हुआ मिशन शक्ति व वेबिनार का आयोजन

**फतेहपुर।** डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिषन शक्ति के विशेष अभियान के तहत 10 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत मिशन शक्ति के उद्देश्य एवं कार्य विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का शुभारम्भ महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 गुलषन सक्सेना के द्वारा प्राचार्य एवं सभी अतिथियों के स्वागत से किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 मीरा पाल एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास ने अपने विचारों से सबको लाभान्वित किया। उन्होंने बताया कि आज भी महिलाओं के साथ हिंसा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से होती है लेकिन वे परिवार एवं समाज के डर से बताती नहीं है। सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि बालिकायें जागरूक हों और जाने कि कौन-कौन से प्रावधान है जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करते है। उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के साथ महिला संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने कहा कि वैदिक काल से महिलाओं को भारतीय समाज में देवी माना जाता रहा है। आज महिला चाहती है कि मुझे देवी नहीं इंसान माना जाय। इंसानियत का व्यवहार महिलाओं के साथ किया जाय समाज में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को स्वयं के अन्दर आत्मविष्वास जागाना होगा तथा आत्मनिर्भर बनना होगा। नयी शिक्षा नीति का उद्देष्य भी छात्र/छात्रा को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शकुन्तला, एसो0 प्रो0, राजनीति विज्ञान ने किया तथा इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार आदि उपस्थित रहा।

### निजीकरण की पैरवी दुर्भाग्यपूर्णः सुधाकर

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी ने देश के प्रधानमंत्री द्वारा एक जन सभा में की गयी निजीकरण की पैरवी को राष्ट्रीय हितों के खिलाफबताते हुये कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की राष्ट्रीय संपत्तियों को औने पौने दामों पर पूॅजीपतियों के हाथों बेंचा जा रहा है। निजीकरण के नाम पर देश की बहुमूल्य संपदाओं को जो जनता की गाढ़ी कमाई से बनाये गये थे उनकी चौकीदारी प्रधान सेवक से नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संस्थानों के निजीकरण से पूॅजीपतियों की सामंतशाही हावी होगी और जमींदारी के क्रूर साहूकारी जैसी कुप्रथा की पुर्नवापसी होगी जिसके दुष्परिणामों को देश की जनता को झेलने के लिये विवश होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि निजीकरण भ्रष्टाचार का नायाब तरीका है जिसे केन्द्र की मोदी सरकार कानूनी जामा पहनाकर भ्रष्टाचार को शिष्टाचार के स्वरूप में बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि निजीकरण में क्या आर्थिक भ्रष्टाचार, आर्थिक दोहन, तथा आर्थिक हानि नहीं होती। निजीकरण से सामाजिक संतुलन बिगड़ेगा जिससे सामाजिक सुख शांति के भंग होने की आशंका है। निजीकरण से अनुसूचित/पिछड़ी जाति को आरक्षण के संवैधानिक अधिकार से वंचित होना पड़ेगा। जिससे सामाजिक भेदभाव की खाई बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि निजीकरण को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार को आम जनता समय आने पर सबक जरूर सिखायेगी।

### सपाइयों ने किया ऊषा मौर्या का स्वागत

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में कांग्रेस व अन्य पार्टी को छोड़कर श्रीमती उषा मौर्या के नेतृत्व में आए हुए सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं का जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव की अगुवाई में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव देवी गुलाम कुशवाहा ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि श्रीमती उषा मौर्या के आने से पूरे जनपद में पार्टी को मजबूती मिलेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी में आए सभी नेताओं से अपील की।



प्रयागराज में जीएसटी के विरोध में सह आयुक्त को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

# भोजपुरी, गजल और हिंदी गानों को दी जाएगी प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**क्रिकेट लीग की तर्ज पर हो रहा म्यूजिक लीग**

**देश में** क्रिकेट लीग की तर्ज पर अब म्यूजिक लीग की शुरुआत हो रही है। जी टीवी पर पहले धमाकेदार नॉन फिक्शन शो इंडियन प्रो म्यूजिक लीग रियलिटी शो की शुरुआत शुक्रवार छब्बीस फरवरी को हुई। जो हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे प्रसारित होगा। शो के मंत्र म्यूज़िक ऊंचा रहे हमारा का महत्व दर्शाते हुए शो के कैप्टन शान साजिद खान आकृति कक्कर असीस कौर पायल देव शिल्पा राव ने म्यूज़िकल नोट के साथ आसमान में दो सौ से ज्यादा हीलियम गुब्बारे छोड़े। पिछले कुछ दशकों में कई क्रिकेट लीग देखी हैं।

वहीं यह दुनिया का पहला म्यूज़िक लीग रियलिटी शो होगा। जिसमें सुपर मैचेस लीग मैचेस आदि के साथ म्यूज़िक में क्रिकेट वाला प्रतियोगी माहौल शामिल किया जाएगा। इसमें भारत के अलग अलग क्षेत्रों की छह टीमें एक म्यूज़िकल चैंपियनशिप में मुकाबला करती नजर आएंगी। इनमें से हर टीम को बॉलीवुड एवं स्पोर्ट्स जगत की जानी मानी सेलिब्रिटीज़ सहायता करेंगी। शो के मंत्र म्यूज़िक ऊंचा रहे हमारा को प्रदर्शित करते हुए मुंबई वॉरियर्स के कैप्टन शिल्पा राव एवं शान बंगाल टाइगर्स की आकृति कक्कर पंजाब लायन्स की असीस कौर यूपी दबंग्स की पायल देव और दिल्ली जैमर्स के साजिद खान मुंबई के बांद्रा फोर्ट में हुए भव्य समारोह में एक साथ नजर आए। पायनियर संवाददाता से बातचीत के दौरान गीतकार और कंपोजर और स्म्यूल दिल्ली जैमर्स के कैप्टन साजिद वाजिद खान ने कहा कि म्यूजिक लीग के जरिए छोटे कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के प्रयास होगा। ऐसे कलाकारों को एक मंच पर लाकर गायकी के लिए तैयार करेंगे। इस दौरान साजिद ने अपने भाई वाजिद को भी याद किया। कहा कि उनके साथ किये गए गानों की याद रहेगी। इसमें रोमांटिक गानों की भी प्रस्तुति होगी। अनन्या बिरला फाउंडेशन बंगाल टाइगर्स के कैप्टन शान और आकृति कक्कर ने कहा कि इसके जरिये पापुलर गानों को प्रदर्शित करेंगे।

# जीएसटी के विरोध में सड़क पर उतरे व्यापारी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**व्यापारियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित ज्ञापन सह आयुक्त को सौंपा**

**उत्तर प्रदेश** व्यापारी एकता समिति द्वारा जीएसटी कानून के विरोध में शहीद नीम पेड़ चौक पर विजय गुप्ता अध्यक्ष की अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जीएसटी लागू होते ही उत्तर प्रदेश के करोड़ों व्यापारियों पर बहुत बुरा असर पड़ा।जटिल व विसंगतिपूर्ण जीएसटी बिना राय सलाह के लागू कर दी गई जिसका उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश के व्यापारियों ने विरोध किया।

इंस्पेक्टर राज व जटिलता को बढ़ाने वाली जीएसटी की वजह से लाखों ने कहा व्यापारी व्यापार बंद करने को मजबूर हुए। जीएसटी इतनी जटिल व विसंगतिपूर्ण है कि लागू होने के बाद से अब तक लगभग 923 से ज़्यादा संशोधन हो चुके हैं। जीएसटी इतनी जटिल और अव्यवहारिक है की स्वयं विभाग के अधिकारी व सीए अधिवक्ता भी इसको समझ नहीं पाते हैं तो आम व्यापारी इसको क्या समझेगा। किसी भी संशोधन से पहले व्यापारियों से कोई बातचीत नहीं की गई और न ही जीएसटी को लेकर व्यापारियों की परेशानियों को जानने का कोई प्रयास ही किया। व्यापारी नेताओं ने निजी स्वार्थ के कारण व्यापारियों समस्याओं को अनदेखी किया है। प्रमुख रूप से सर्वजीत सिन्हा बृजेश निषाद विशाल अग्रहरी रमेश वैश्य वीरेंद्र शर्मा युसूफ अंसारी विमल कुमार जीतू सोनकर विजय साहू सुरेश भारतीय आशुतोष मालवीय अनिल शर्मा अरमान कुरेशी विपिन निषाद आदि ने जीएसटी का विरोध प्रदर्शन किया।

प्रयागराज में बंद में इलाहाबाद कंप्यूटर डीलर वेलफेयर एसोसिएशन इलाहाबाद मोबाइल रिटेल एसोसिएशन इलाहाबाद इलेक्ट्रिक कांट्रेक्टर एवं डीलर मर्चेंट एसोसिएशन इलाहाबाद बैटरी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन इलाहाबाद टेंट एसोसिएशन व्यापारी एकता समिति आदि का सहयोग एवं समर्थन रहा। प्रयागराज में बंदी प्रातः काल पूर्णतया सफल रही और व्यापारियों ने अपनी दूकान को बंद रखा। कुछ बाजारों में 60 फीसद तो कुछ में 50 फीसद बंदी रही। किन्तु कुछ व्यापार मंडल द्वारा बंदी की सफलता से घबरा कर कुछ दुकानदारों को दूकान खोलने को कहा जिस कारण शाम को लगभग सभी बाजार खुल गए। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र गोयल के नेतृत्व में सभी व्यपार एसोसिएशन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित एक ज्ञापन केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं कस्टम विभाग के सह आयुक्त रोहित कुमार को दिया। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र गोयल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि आज व्यापारी किसी आतंकवादी से भी बुरी स्थिति में है। अजमल कसाब को भी आधी रात में कोर्ट खोल कर न्याय देने की व्यवस्था है। किन्तु व्यापारी से रिटर्न में गलती होने पर भूल सुधार की अनुमति नहीं है। अजय अवस्थी ने कहा कि छोटी गलती होने पर खातों को सीज़ कर देना या प्रॉपर्टी तक को अटैच कर देना कहाँ तक न्यायोचित है। व्यापारी का रजिस्ट्रेशन धारा 29 नियम 21 ए के अन्तर्गत बिना सुनवाई स्थगित कर देना अन्यायपूर्ण है। सौरभ गुप्ता एवं महामंत्री अविनाश ने कहा कि प्रतिमाह बिक्री करने वालों के इनपुट टैक्स क्रेडिट पर रोक लगाता है

यह कही से भी सही नहीं है। अनुपम अग्रवाल और विशाल गुप्ता ने कहा कि इस भारत व्यापार बंद ने साबित कर दिया है कि व्यापारियों की असली लड़ाई कौन लड़ रहा है। लगातार 15 दिन से सरकार तक कैट और तमाम व्यापार असोसिएशन अपनी बात ज्ञापन धरना आदि के माध्यम से सरकार तक पंहुचा रही थी पर सरकार व्यापारी को सुनने के लिए तैयार नहीं थी। बाजार बंदी का निर्णय लिया गया फिर भी सभी व्यापार मंडल निष्क्रिय रहे। किन्तु जब जागरूकता अभियान से व्यापारी का मन विद्रोही होने लगा तो बंदी से डरे व्यापार मंडलों ने बंदी का विरोध कर असफल करने का प्रयास किया। ज्ञापन देने वालों में महेन्द्र गोयल अजय अग्रवाल अजय गुप्ता अजय अवस्थी अनुपम अग्रवाल आशीष केसरी आशुतोष गोयल मनीष शुक्ल संजीव मिश्रा दिनेश केसरवानी सौरभ गुप्ता अविनाश विपिन गुप्ता अरविन्द जायसवाल विशाल गुप्ता अनु पांडेय आदि व्यापारी शामिल रहे।

# क्षय रोग से मुक्ति दिलाने में चिकित्सालय दिखा रहे दम

**वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य**

**मनीष द्विवेदी।** प्रयागराज



डॉ. एके तिवारी

**भारत को** टीबी मुक्त करने के लिए भारत सरकार ने 2025 का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकारी तथा गैरसरकारी दोनों ही स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में सरकारी चिकित्सा संस्थानों के साथ ही प्राइवेट संसथान भी इस अभियान में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही क्षय रोग पर जागरूकता के लिए टीबी चैंपियन ट्रीटमेंट सपोर्टर के साथ सामाजिक संस्थाएं भी कार्य कर रही हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा प्रभाकर राय और मेडिकल कॉलेज में उक्त विभाग के आचार्य एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डा तारिक महमूद ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षय रोग एक ऐसी बीमारी है जो बहुत तेज़ी से फैलती है।जितनी जल्दी इस रोग की पहचान होती है उतनी जल्दी मरीज का उपचार शुरू हो जाता है। यदि टीबी का उपचार समय से शुरू किया जाये और उपचार पूरा किया जाये तो मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। टीबी को जड़ से ख़त्म करने के लिए हम सभी मिल कर प्रयास कर रहे हैं। टीबी मरीजों की जाँच व उपचार के लिए सरकारी चिकित्सालयों में सुविधाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही टीबी मरीजों की पहचान के लिए प्राइवेट फार्मेसी लैब्स क्लिनिक डायग्नोस्टिक सेंटर्स और चिकित्सलयों से सहयोग किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा ए के तिवारी ने बताया कि वर्तमान में 744 प्राइवेट संस्थान निक्षय पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं।टीबी मरीजों के उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सक डा अमिताभ घोष डॉ आशीष टंडन डा आशुतोष गुप्ता डा ओ पी गुप्ता डा गौरव अग्रवाल डा राम आसरे डा वैभव और डा फारूक सहित लगभग 450 चिकित्सक और नर्सिंग होम्स टी बी मरीजों का उपचार कर रहे हैं।

# बिहार में शराबबंदी लागू रहेगी कोई ढिलाई नहीं होगी: नीतीश

**भाषा।** पटना



**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में शराबबंदी लागू रहेगी और कोई ढिलाई नहीं होगी। कुमार ने बिहार सैन्य पुलिस-5 परिसर स्थित मिथिलेश स्टेडियम में आयोजित राज्य पुलिस सप्ताह 2021 कार्यक्रम में कहा कि शराब मामले में अब तीव्र और व्यापक कार्वाई हो रही है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी में स्वान और उड़न दस्ते की भी मदद ली जाएगी।

उन्होंने कहा, शराबबंदी मेरा व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं है, यह लोगों के हित में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य से संबंधित 2018 में सर्वे रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि एक वर्ष में जितनी मौत होती है उसमें 5.3 प्रतिशत लोगों की मौत शराब पीने के कारण होती है। बीस से 39 आयु वर्ग के 13.5 प्रतिशत युवाओं की मौत शराब की वजह से होती है। कुमार ने कहा कि शराबबंदी की मुहिम में लापरवाही बरतने वाले पुलिस एवं उत्पाद विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कार्वाई की गई है। कुल 619 अधिकारियों एवं कर्मियों पर विभागीय कार्वाई की गई है और 348 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि 186 लोगों को बर्खास्त तथा 60 पुलिस पदाधिकारियों को थानाध्यक्ष के पद से हटाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ समाज में प्रेम, शांति एवं सद्भाव के साथ ही सकारात्मक माहौल बनाए रखने में पुलिस बल की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोई भी अपराध की घटना घटने पर तत्काल जांच होती है और दोषियों को सजा दिलाई जाती है। उन्होंने कहा, पहले से आज की तुलना में पुलिस के काम में बहुत अंतर आया है। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के साथ-साथ सांप्रदायिक एकता का माहौल कायम रखने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2005 के बाद से बिहार का माहौल बदला है। कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन राज्य में कानून का राज कायम रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हम लोगों ने पुलिस की सुविधाओं और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई कदम उठाए हैं। पिछले 15 वर्षों में 50 हजार से अधिक नियुक्तियां पुलिस में की गई हैं। दस हजार से अधिक नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। अगर पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की और आवश्यकता होगी तो उसे भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, महिला बटालियन का गठन किया गया और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए स्वाभिमान बटालियन का गठन किया गया।



पटना में शुक्रवार को ईंधन की कीमतों में वृद्धि के विरोध में बजट सत्र में भाग लेने के लिए बिहार विधानसभा पहुंचने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव ने साइकिल से की यात्रा



बीरभूम जिले के सूरी में प. बंगाल विस चुनाव से पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ईवीएम और वीवीपीएटी के काम का प्रदर्शन करते विशेषज्ञ

# मध्य प्रदेश में नगर निकाय और पंचायत चुनाव जल्द कराए जाएं : उच्च न्यायालय

**भाषा।** इंदौर

**मध्य प्रदेश** में नगर निकायों और पंचायतों के लंबे समय से टलते आ रहे चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने मामले से जुड़े पक्षों में सहमति बनने के बाद प्रदेश सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को यथाशीघ्र चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति शैलेंद्र शुक्ला ने बृहस्पतिवार को दो याचिकाओं का निपटारा करते हुए ए निर्देश जारी किए। मामले से जुड़े वकीलों को इन याचिकाओं पर खंडपीठ का लिखित आदेश शुक्रवार को प्राप्त हुआ।

अदालत ने आदेश में कहा, (संबद्ध पक्षों के बीच) सहमति बनी है कि याचिकाओं का निपटारा इन निर्देशों के साथ किया जा सकता है कि प्रतिवादी (प्रदेश सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग) नगर निकायों और पंचायतों के निर्वाचन की प्रकिया तेज करेंगे तथा ए चुनाव जल्द से जल्द संपन्न कराएंगे। पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सामने आए तथ्यों और प्रदेश सरकार तथा राज्य निर्वाचन आयोग के जवाब पर गौर करने के बाद कहा कि संबद्ध पक्ष स्थानीय निकाय चुनाव कराने को लेकर सहमति पर पहुंच चुके हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव साल भर से ज्यादा समय से लंबित हैं। इंदौर के पूर्व पार्षद भारत पारख और पड़ोसी धार जिले के निवासी तोलाराम गामड़ ने उच्च न्यायालय में अलग-अलग याचिकाएं दायर कर कहा था कि प्रदेश में निकाय चुनाव कराने में विलंब से संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा है।

## ओडिशा की जेल में दुष्कर्म के आरोपी ने शिकायतकर्ता से किया विवाह

**कटक।** अदालत के आदेश के बाद ओडिशा की एक जेल में दुष्कर्म के आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ विवाह किया। अधिकारियों ने इस बारे में बताया। चौद्वार क्षेत्र जेल अधीक्षक कुलमणि बेहेरा ने बताया, जिले के गुरुदिझटिया इलाके के विचाराधीन कैदी राजेश सिंह (23) ने पॉक्सो अदालत और डीजी (जेल) के आदेशों के बाद जेल परिसर के भीतर दुष्कर्म पीड़िता से विवाह किया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता पिछले महीने 18 साल की हो गई। बलात्कार के बाद वह पिछले साल गर्भवती हो गई थी और अब वह एक बेटे की मां है। विवाह के पश्चात पीड़िता अपने ससुराल गई लेकिन सिंह को फिलहाल जेल में रहना होगा क्योंकि उसके जमानत आवेदन पर अगले महीने फिर सुनवाई होनी है। जेल अधिकारी ने बताया कि इससे पहले (आरोपी की) जमानत की याचिका पर सुनवाई करते हुए पॉक्सो अदालत ने कहा था कि इसपर तभी विचार किया जाएगा जब वह महिला से विवाह करेगा।

# स्कूटर पर सवार होकर स्मृति ने बंगाल चुनाव में की पार्टी रैली की अगुवाई

**भाषा।** सोनारपुर (पश्चिम बंगाल)



**पश्चिम बंगाल** के दक्षिण 24 परगना जिले में विधानसभा चुनाव के वास्ते भाजपा के पक्ष में प्रचार करते हुए शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने स्कूटर पर सवार होकर अपनी पार्टी की एक रैली की अगुवाई की। भाजपा की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा में हिस्सा लेते हुए गरिया के समीप गंगाजोआरा में ईरानी ने भाजपा सांसद रूपा गांगुली एवं अग्निमित्रा पॉल के साथ पार्टी के रथ पर सवार होकर अभियान की शुरुआत की। कुछ दूर जाने के बाद वह रथ से उतर गईं और स्कूटर पर सवार हो गईं। उन्होंने काला हेलमेट पहन रखा था और मास्क लगाए थीं। ईरानी ने कहा, आज जब हमने रथयात्रा शुरू की तब प्रशासन ने जानबूझकर उसमें देरी करने का प्रयास किया। हम दो पहिया वाहन चलाकर जाएंगे, पैदल चलेंगे क्योंकि पश्चिम बंगाल बदलाव की ओर अग्रसर है। मंत्री के इस करतब से उत्साहित कई भाजपा कार्यकर्ता दोपहिया वाहनों पर सवार होकर चलने लगे और जय श्री राम एवं खेला होबे के नारे लगाने लगे। खेला होबे का नारा सबसे पहले तृणमूल कांग्रेस ने दिया था, जो अब इस चुनावी मौसम में आम हो गया है। कपड़ा मंत्री ईरानी ने कुछ किलोमीटर तक स्कूटर पर सवार होकर रैली की अगुवाई की। वह बीच-बीच में रुककर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से बातचीत भी करती नजर आईं। वह बांग्ला में धारा प्रवाह संवाद कर रही थीं। उन्होंने कहा, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं। हम आपका आशीर्वाद लेने के लिए बाहर निकले हैं। आप पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौका दे चुके हैं और पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान भाजपा एवं कमल को आशीर्वाद दीजिए। बाद में वह फिर रथ पर सवार हो गईं। ईरानी की इस बाइक रैली से एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पेट्रोल एवं डीजल के बढ़ते दाम के विरूद्ध सड़क पर स्कूटर की सवारी की थी।



जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना करते रॉबर्ट वाड्रा

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल के मंत्री पर बम हमला मामले में सीआईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने मुर्शिदाबाद के निम्तिता रेलवे स्टेशन पर किए गए बम हमले में राज्य के मंत्री जाकिर हुसैन और 20 अन्य लोगों के घायल होने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि दोनों पर विस्फोटक पदार्थ कानून, 1908 और हत्या के प्रयास समेत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया, आगे की कानूनी कार्वाई के लिए दोनों को अदालत में पेश किया जाएगा। सीआईडी के अधिकारी जांच के तहत राज्य मे विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक और राज्य के श्रम मंत्री हुसैन 17 फरवरी को करीब 10 बजे रात में कोलकाता जाने के लिए प्लेटफॉर्म संख्या दो पर ट्रेन के आने का इंतजार कर रहे थे। तभी यह विस्फोट हुआ, जिसमें वह और अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ तृणमूल नेता और अन्य घायलों का शहर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### ट्रेन में महिला यात्री के पास से जिलेटिन की छड़ें, डिटोनेटर बरामद

**कोझीकोड (केरल)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शुक्रवार को चेन्नई से एक ट्रेन से आ रही एक महिला यात्री के पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। संभागीय सुरक्षा आयुक्त जितिन बी राज के नेतृत्व में आरपीएफ के एक विशेष दस्ते ने यहां छापा मारा और इस दौरान उन्हें जिलेटिन की छड़ें और डिटोनेटर बरामद हुए। आरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तिरुवन्नमलई की रमाणी की सीट के नीचे से जिलेटिन की 117 छड़ें और 350 डिटोनेटर सहित विस्फोटक बरामद किए गए। वह चेन्नई मैंगलुरु सुपरफास्ट ट्रेन में चेन्नई से कन्नूर जिले के थालास्सेरी जा रही थी। राज्य में आगामी विधासनसभा चुनाव के मद्देनजर आरपीएफ ने हाल ही में ट्रेनों में तलाशी तेज कर दी है। आरपीएफ ने रमाणी को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### बांदीपोरा जिले में लश्कर-ए-तय्यबा के दो आतंकी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने आतंकी संगठन लश्कर ए तय्यबा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, गोपनीय सूचना के आधार पर सेना और सीआरपीएफ ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तय्यबा के दो सदस्यों को हाजिन शहर के बोनिकन मोहल्ला से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकियों के पास से हथियार, दो हैंड ग्रेनेड और एके 47 राइफल की आठ गोलियां बरामद कीं। प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकियों की पहचान गुलाम मोहिउद्दीन खान और रियाज अहमद बट के रूप में की गई है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लश्कर ए तय्यबा के लिए काम कर रहे थे और सुम्बल तथा हाजिन क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को आश्रय और अन्य सामग्री उपलब्ध करा रहे थे।

### अरूणाचल प्रदेश में एनएससीएन के दो धड़ों के आठ उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में एनएससीएन के दो धडों के कम से कम आठ उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एनएससीएन (केवाईए) के छह उग्रवादियों एवं एनएससीएन (आईएम) के दो उग्रवादियों ने लोंगडिंग के पुलिस अधीक्षक के सामने अपने हथियारों के साथ समर्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला पुलिस और असम राइफल्स ने इन उग्रवादियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समन्वित प्रयास किए। उन्होंने बताया कि ए सभी उग्रवादी अपने अपने गुटों में अहम पदों पर थे और जबरन वसूली में लिप्त थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, इन उग्रवादियों ने अपने साथियों से भी हथियार डाल देने और नई शुरुआत करने की अपील भी की।

### चिकबलपुर विस्फोट मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** राज्य के चिकबलपुर में पत्थर की एक खदान में विस्फोट के मामले के मुख्य आरोपी जी एस नागराजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी नागराजा गुडिबंदा से भाजपा का स्थानीय नेता भी है। उसे बृहस्पतविार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में तमिलनाडु के निवासी गणेश को भी पकड़ा है। ऐसा कहा जा रहा है कि वह खनन के लिए नियमित रूप से विस्फोट करता था। गौरतलब है कि कर्नाटक के चिकबलपुर के एक गांव में पत्थर की खदान में से जिलेटिन की छड़ों को हटाते समय मंगलवार तड़के हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा के गृह निवास शिवमोगा में 22 जनवरी को भी एक ऐसे ही हादसे में छह लोगों की ही मौत हो गई थी। पुलिस ने बुधवार को घोषणा की थी कि मामले में पत्थर की खदान के तीन साझेदारों राघवेंद्र रेड्डी, वेंकटशिवा रेड्डी, मधुसूदन रेड्डी और कर्मचारी प्रवीन और मोहम्मद रियाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। गुडिबंदा पुलिस थाने के क्षेत्रीय निरीक्षक मंजूनाथ और उप निरीक्षक गोपाल रेड्डी को कर्तव्यों का निर्वहन करने में लापरवाही के आरोप में निलंबित भी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उक्त पुलिस अधिकारी कम्पनी के मालिकों द्वारा खनन के लिए अवैध तौर पर विस्फोट किए जाने और विस्फोटक रखे जाने की पूर्व में मिली शिकायतों के बावजूद उन्हें गिरफ्तार करने में नाकाम रहे थे। उचित कार्वाई से इस घटना को रोका जा सकता था।

### युवती की मौत के संबंध में संजय राठौड़ पर जांच के मामले में भाजपा को धैर्य रखना चाहिए: मुशरिफ

**मुंबई।** पुणे में एक महिला मौत के संबंध में भाजपा द्वारा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय राठौड़ के विरुद्ध कार्वाई की मांग के बीच मंत्री हसन मुशरिफ ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा को धैर्य रखना चाहिए और जांच के बाद सच के सामने आने का इंतजार करना चाहिए। ग्रामीण विकास मंत्री और राकांपा नेता मुशरिफ ने एक समाचार चैनल से कहा कि जब तक जांच पूरी नही हो जाती तब तक किसी को सजा देना उचित नही। पुणे के हडपसर में आठ फरवरी को 23 वर्षीय एक युवती की एक इमारत से गिर कर मौत हो गई थी। विदर्भ क्षेत्र से आने वाले शिवसेना नेता राठौड़ का नाम इस मामले से जोड़ कर देखा जा रहा है। मुशरिफ ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मामले की जांच के आदेश पहले ही दे दिए हैं और राज्य के पुलिस महानिदेशक ने भी कहा है कि इस संबंध में जल्दी ही एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। कोल्हापुर में एक समाचार चैनल से मुशरिफ ने कहा, हमने देखा है कि मंत्री धनंजय मुंडे के प्रकरण में किस प्रकार भाजपा की किरकिरी हुई थी। इसलिए भाजपा को धैर्य रखना चाहिए। जांच के बाद सच सामने आएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री उचित कार्वाई करेंगे।

# एनआईए ने बंगाल, केरल से गिरफ्तार 11 आतंकवादियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय जांच** एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा के 11 सदस्यों के खिलाफ शुक्रवार को आरोपपत्र दाखिल किया। पाकिस्तान और बांग्लादेश में अपने आकाओं के इशारे पर भारत में कथित तौर पर हमला करने की योजना बनाने के लिए उन पर आरोपपत्र दायर किया गया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। एनआईए के अधिकारी ने कहा कि मुर्शीद हसन, मोशरफ हसन, मैनुल मंडल, लिया इयान अहमद, नजमुस साकिब, याकूब बिस्वास, शमीम अंसारी, अबु सुफियान, अतीउर रहमान, अल मामुन कमाल और अब्दुल मोमीन मंडल को भादंसं और अवैध गतिविधियां (निवारण) कानून तथा शस्त्र कानून के तहत आरोपित किया गया है। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि एनआईए को सूचना मिली थी कि हसन के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल और केरल में अल-कायदा से जुड़ा एक मॉड्यूल संचालित हो रहा है, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। एनआईए के अधिकारी ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्से में आतंकवादी हमला करने के लिए इस मॉड्यूल के सदस्य षड्यंत्र रचने के काफी अग्रिम चरण में थे।

पश्चिम बंगाल और केरल में पिछले वर्ष 19 सितंबर को छापेमारी में नौ आतंकवादी गिरफ्तार किए गए थे। इसके बाद पिछले वर्ष 26 अगस्त और एक नवंबर को दो और आतंकवादी गिरफ्तार किए गए। हसन पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल-कायदा के सरगना के संपर्क में था और उनसे उसे इन्क्रीप्टेड सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से दुष्प्रचार की सामग्रियां प्राप्त हुई थीं। एनआईए के अधिकारी ने कहा कि आरोपी विदेश स्थित अपने सरगना के मार्फत एक हथियार कारोबारी के भी संपर्क में थे।

# चौहान ने राज्यपाल के अभिभाषण में पीएम मोदी का संदर्भ दिए जाने का बचाव किया

**भाषा।** भोपाल



**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए जाने को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री का नाम लेना गर्व की बात है। राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में चर्चा के दौरान चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने दो दिन पहले सदन में सवाल उठाया था कि राज्यपाल पटेल ने बजट सत्र के दौरान सोमवार को दिए गए अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री मोदी का नाम बार-बार क्यों लिया? उन्होंने कहा, मोदी जी नाम ही ऐसा है कि बार-बार लेने का जी करता है। आज केवल हम नहीं ले रहे हैं, मोदी जी की चर्चा पूरी दुनिया में है। चौहान ने दावा किया कि वह (मोदी) भारत की करोड़ों जनता की हृदय के हार हैं और उनकी एक आवाज पर पूरा देश एक साथ खड़ा हो जाता है। इस पर नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे किसानों ने तो उनकी बात नहीं सुनी। इसके जवाब में चौहान ने कहा कि इन चंद किसानों को छोड़कर उनकी बात पूरे भारत के किसानों ने मानी है। उन्होंने कहा कि गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और एक सशक्त भारत के निर्माण का सपना नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा हुआ है। चौहान ने कहा, मैं विस्तार से नहीं जाना चाहूंगा लेकिन जिस तरह से कोरोना महामारी की लड़ाई देश ने लड़ी है, उनका नाम यहीं नहीं, पूरी दुनिया में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा, उनके नेतृत्व में भारत ने देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के बाकी देशों में भी कोरोना वायरस का टीका देने का काम किया है। इसलिए हमें उन पर गर्व है और इसी के चलते राज्यपाल के अभिभाषण में भी मोदी जी का नाम बार-बार लिया गया। इस पर कमलनाथ ने कहा कि सदन में मोदी का प्रचार करने की क्या आवश्यकता है? इस पर चौहान ने कहा कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं और कुशल नेतत्व कर रहे हैं। गौरतलब है कि कमलनाथ ने बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सदन में कहा था कि ऐसा कौन सा खौफ था कि राज्यपाल ने बजट सत्र के दौरान दिए गए अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री मोदी का नाम 10 बार लिया, लेकिन केन्द्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों, दिल्ली में जारी किसानों के आंदोलन एवं बेरोजगारी के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा।

## प्रचंड बहुमत का मतलब बेपरवाह बर्ताव करने का लाइसेंस नहीं है: शिवसेना

**मुंबई।** अहमदाबाद के सरदार पटेल क्रिकेट स्टेडियम का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर रखने को लेकर शिवसेना ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रचंड बहुमत का मतलब बेपरवाह बर्ताव करने का लाइसेंस नहीं है। शिवसेना ने कहा कि पिछले पांच साल में आरोप लगाए गए कि कांग्रेस और गांधी-नेहरू परिवार ने इतिहास से सरदार वल्लभ भाई पटेल का नामोनिशान मिटाने का प्रयास किया, लेकिन स्टेडियम का नाम बदले जाने से यह जाहिर हो गया है कि असल में कौन ऐसा प्रयास कर रहा है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा, ऐसा लगता है कि मोदी-शाह (नरेंद्र मोदी-अमित शाह) सरकार गुजरात में हर बड़ा काम करना चाहती है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन ऐसा लगता है कि वे भूल गए हैं कि वे देश का नेतृत्व कर रहे हैं...अहमदाबाद (गुजरात) में मोटेरा स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम कर दिया गया।

# हिमाचल के राज्यपाल के साथ धक्का-मुक्की

## ● कांग्रेस के पांच विधायक निलंबित

भाषा। शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ कांग्रेस के कुछ विधायकों ने विधानसभा परिसर में कथित तौर पर धक्का-मुक्की की जिसके बाद कांग्रेस के पांच विधायकों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के विधायकों के हंगामे के कारण राज्यपाल अपना अभिभाषण पूरा नहीं कर पाए और जब वह राजभवन जाने के लिए निकले तो विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर के सामने यह घटना हुई। विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने कहा कि राज्यपाल जब अपने काफिले की कार की तरफ जा रहे थे तो विपक्षी सदस्यों ने उनको रोकने की कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने अभिभाषण की प्रतियां फेंकते हुए राज्यपाल को चोट पहुंचाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के संबंध में वह सदन के नियमों की पड़ताल कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा के इतिहास में पहली बार ऐसी घटना हुई जब विपक्षी सदस्यों ने राज्यपाल से बदसलूकी की। घटना के बाद, ससंदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज द्वारा पेश विधायकों के निलंबन के प्रस्ताव पर विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस के चार अन्य विधायकों को 20 मार्च तक पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्ष के नेता अग्निहोत्री के अलावा कांग्रेस विधायक हर्षवर्धन चौहान, सुंदर सिंह, सतपाल रायजादा और विनय कुमार को निलंबित किया गया है। इससे पहले, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने हंगामा किया। हंगामे के बीच, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के दौरान कुछ पन्ने पढ़ने के बाद केवल आखिरी पंक्ति पढ़ी और कहा कि बाकी का भाषण पढ़ा हुआ माना लिया जाए। निलंबित किए गए कांग्रेस के विधायक हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि वे विधानसभा चैंबर के बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे और राज्यपाल से बस ए पूछना चाहते थे कि उन्होंने अपना अभिभाषण पूरा क्यों नहीं किया, लेकिन उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि उप विधानसभा अध्यक्ष हंस राज ने विधायकों से बदसलूकी की। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक हंगामा करने की योजना बनाकर आए थे। चौहान ने कहा कि राज्यपाल के साथ बदसलूकी करने का उनका कोई इरादा नहीं थी। उन्होंने कहा, अगर हमारे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई तो हम जमानत के लिए अदालत नहीं जाएंगे बल्कि गिरफ्तारी देंगे। साथ ही कहा कि कांग्रेस के निलंबित विधायक बजट सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर बैठेंगे। इससे पहले, भारद्वाज ने निलंबन का प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर ने धक्का-मुक्की को राज्यपाल पर हमला करार दिया है। पांच विधायकों को निलंबित किए जाने के समय कांग्रेस का कोई विधायक सदन में मौजूद नहीं था। यह सत्र 20 मार्च तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने बृहस्पतिवार को कहा था कि मुख्यमंत्री छह मार्च को 2021-22 का बजट विधानसभा में पेश करेंगे।



शिमला में शुक्रवार को विधानसभा में बजट सत्र के उद्घाटन भाषण के बाद कांग्रेस विधायकों ने बाहर निकल रहे गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय की कार को रोकने की कोशिश की।

# रचनात्मक चर्चा और संवाद सभी समस्याओं का समाधान :ओम बिरला

भाषा। शिलांग



**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि रचनात्मक चर्चा और संवाद लोकतंत्र में सभी समस्याओं को हल करने का तरीका है। वह मेघालय और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में स्थानीय निकायों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा, लोकतांत्रिक ढांचे में, रचनात्मक चर्चा और संवाद के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनके दौरे का मकसद चर्चा और संवाद की प्रक्रिया को मजबूत करना है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, चर्चा और संवाद हमारे लोकतंत्र की विशिष्टता है। दृष्टिकोण में अंतर और असहमति हमारे लोकतंत्र का हिस्सा है। यही कारण है कि लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता हूं कि बिना किसी अवरोध के चर्चा और संवाद जारी रहने चाहिए। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक चर्चा और संवाद से सभी संस्थानों चाहे पंचायती राज संस्थान हो या स्वायत्त जिला परिषद, जनता के मुद्दे के समाधान में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, हमारे देश में कई गांव, ग्राम पंचायतें हैं जिन्होंने अपनी भौगोलिक स्थितियों और सामाजिक-आर्थिक हालात के मुताबिक सर्वांगीण विकास के लिए आदर्श सामाजिक और आर्थिक मॉडल पेश किए हैं। बिरला ने कहा, यह हमारा प्रयास होना चाहिए कि सभी पंचायत और स्थानीय निकाय अपने ज्ञान, अनुभव और सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीका साझा करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रणाली तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि इस पर विचार होना चाहिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य, जैविक खेती और रोजगार के क्षेत्र में सफल मॉडल का विभिन्न स्थितियों में किस तरह इस्तेमाल हो सकता है।

संवददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बजट सत्र आठ मार्च से फिर से शुरू होगा और आठ अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 17 वीं लोकसभा के पहले सत्र में 125 प्रतिशत उत्पादकता रही और 35 विधेयक पारित किए गए। दूसरे सत्र की उत्पादकता 115 प्रतिशत रही और 28 विधेयक पारित किए गए और तीसरे सत्र की उत्पादकता 117 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि महामारी के बीच आयोजित चौथे सत्र में संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी सदस्य सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। मेघालय के दो दिवसीय दौरे के दौरान बिरला ने मेघालय विधानसभा के सदस्यों को भी संबोधित किया।



गुलमर्ग में शुक्रवार को स्की रिजॉर्ट में दूसरा खेलो इंडिया नेशनल विंटर गेम्स के उद्घाटन समारोह में 'रूफ' नृत्य करतीं कलाकार।

# पिछड़े वर्गों की जातिवार जनगणना की याचिका पर सुनवाई को कोर्ट सहमत

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय बजटीय संसाधनों के बेहतर आवंटन और किसी जाति से क्रीमी लेयर एवं गैर-पिछड़े वर्ग के लोगों को बाहर करने के लिए 2021 की जातिवार जनगणना कराने को लेकर केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका की सुनवाई करने को सहमत हो गया है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना तथा न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने याचिका पर केंद्र एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को नोटिस जारी करते हुए इस विषय को अन्य लंबित विषयों के साथ संलग्न कर दिया है।

अधिवक्ता जी एस मणि ने तेलंगाना के सामाजिक कार्यकर्ता एवं याचिकाकर्ता जी मल्लेश यादव की ओर से न्यायालय में पेश होते हुए कहा कि सरकारें जातिवार सर्वेक्षण के अभाव में पिछड़े वर्गों में प्रत्एक जाति को बजट का आवंटन करने में काफी परेशानी का सामना कर रही हैं। याचिका में कहा गया है कि 1979-80 में गठित मंडल आयोग की शुरूआती सूची में पिछड़ी जातियों और समुदायों की संख्या 3,743 थी। याचिका में कहा गया है, एनसीबीसी के मुताबिक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की केंद्रीय सूची में पिछड़ी जातियों की संख्या अब बढ़ कर 2016 में 5,013 हो गई, लेकिन सरकारों ने जातिवार कोई सर्वेक्षण नहीं किया।

इसमें कहा गया है कि प्रावधानों के मुताबिक आरक्षण किसी विशेष जाति के पिछड़े वर्ग के लोगों को दिया जा सकता है, लेकिन उसमें से क्रीमी लेयर (मलाईदार तबका) और गैर-पिछड़े लोगों को बाहर करना होगा। याचिका में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें पिछड़े वर्गों की जातिवार जनगणना के अभाव में ग्राम पंचायतों, नगर निकायों और जिला परिषदों में सीटों के आवंटन के सिलसले में फैसले लेने में वैधानिक एवं कानूनी अड़चनों का सामना कर रही हैं। याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार की योजना 2021 में जनगणना कराने की है और वर्तमान में एक दस्तावेज (परफॉर्मा) जारी किया गया है जिसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि धर्म के ब्योरे से जुड़े 32 कॉलम हैं। याचिका में कहा गया है कि दस्तावेज में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के ब्योरे के लिए कॉलम नहीं शामिल किया गया है।

# जींद में खटकड़ टोल प्लाजा पर किसानों ने मनाया युवा दिवस

**जींद।** केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर हरियाणा के जींद में खटकड़ टोल प्लाजा पर आंदोलनरत किसानों ने शुक्रवार को युवा दिवस मनाया। इस मौके पर युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति के नाम खून से चिट्टी लिखकर इन कानूनों को रद्द करने की मांग की। युवा दिवस होने के कारण किसानों के धरने की अध्यक्षता से लेकर मंच संचालन तक युवाओं ने किया। भाकियू युवा जिलाध्यक्ष दीपक गिल और युवा हल्काध्यक्ष अनूप करसिंधु ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नाम युवाओं ने खून से चिट्ठी लिख कर तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी जिद्द छोड़ देनी चाहिए और इन तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करना चाहिए।

# एक्सप्रेस-वे से सिर्फ दो घंटे का होगा दिल्ली-देहरादून का सफर

भाषा। देहरादून

**केंद्रीय** परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्लीदेहरादून एक्सप्रेस वे के बनने से दोनों शहरों के बीच का सफर छहसात घंटे से घटकर मात्र दो घंटे का रह जाएगा।

कुल 5000 करोड़ रुपए की लागत से बने मुजफ्फरनगर, हरिद्वार, देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग के डिजिटल उद्घाटन के मौके पर गडकरी ने कहा, आज मैं घोषणा करता हूं कि एक्सप्रेस वे बनने के बाद दिल्ली-देहरादून के बीच का फासला केवल दो घंटे में तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे से दिल्ली-देहरादून की दूरी 250 किलोमीटर से घटकर 210 किलोमीटर रह जाएगी।गडकरी ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से अनुरोध किया कि वह इस एक्सप्रेस वे के भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री से समय ले लें। उन्होंने कहा कि यह मुंबईपुणे एक्सप्रेस वे की तर्ज पर बनेगा और इसका निर्माण 26 जनवरी, 2024 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं खुद 26 जनवरी, 2024 से पहले दिल्ली से देहरादून दो घंटे में आकर बताऊंगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह केवल एक्सप्रेस वे ही नहीं बल्कि इकोनोमिक कॉरीडोर भी होगा जिसे सहारनपुर से हरिद्वार तक की कनेक्टिविटी भी दी जाएगी और दिल्लीदेहरादून की तरह ही दिल्ली से हरिद्वार भी दो घंटे में पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे छह लेन का होगा और इसकी कुल लागत 13000 करोड़ रुपए होगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष एसएस संधू ने कहा कि पौंटा साहिब से पहाडों की रानी मसूरी के लिए एक नया मार्ग बनाया जाएगा जिससे देहरादून से गुजरने वाला यातायात कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पौंटा साहिब से देहरादून के बल्लूपुर तक के राजमार्ग को चार लेन का कर दिया जाएगा। संधू ने कहा कि उत्तराखंड के लिए 25000 करोड़ रुपए की योजनाओं को स्वीकृति दी गई है जिनमें कई नए राजमार्ग भी शामिल हैं।

# श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर को मिली हाईकोर्ट से जमानत



## ● हरियाणा पुलिस ने कुंडली से 12 जनवरी को किया था गिरफ्तार, डेढ़ माह से करनाल जेल में हैं बंद

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

**हरियाणा** पुलिस द्वारा किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार की गई पंजाब की श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर को शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। देर रात नौदीप को रिहा कर दिया गया।

वह बीती 12 जनवरी से हरियाणा की करनाल जेल में बंद है। नौदीप ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमित जमानत की मांग की है। याचिका में आरोप है कि राज्य पुलिस ने उसको फर्जी केस में फंसाया है, इसलिए उसे नियमित जमानत दी जाए। पंजाब के मुक्तसर साहिब के तहत गांव ग्यानंदर की रहने वाली नौदीप कौर को सोनीपत पुलिस ने 12 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उन पर कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में हत्या का प्रयास और अवैध वसूली के आरोप हैं। नौदीप कौर हरियाणा के कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में उन मज़दूरों के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन कर रही थीं जिनके वेतन लंबित थे। पुलिस ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए। उन पर हत्या की कोशिश के लिए के तहत मामला दर्ज किए गया। आरोप है कि नौदीप कौर ने पुलिस वालों पर लाठियों से हमला किया। इन दिनों वह करनाल जेल में बंद है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि उनके पास फुटेज हैं जिसमें कौर पुलिस के खिलाफ लोगों को भड़का रही थी।

# शाह कल तमिलनाडु पुडुचेरी में जनसभाओं को करेंगे संबोधित



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तमिलनाडु और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भाजपा के नेताओं ने बताया कि शाह तमिलनाडु और पुडुचेरी में पार्टी की सांगठनिक बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। शाह के कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक वह शनिवार को तमिलनाडु जाएंगे और रविवार सुबह पुडुचेरी में कराईकल में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह तमिलनाडु में विल्लूपुरम जिले के जानकीपुरम में विजय संकल्प रैली में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा शाह राज्य और केंद्रशासित प्रदेश की पार्टी की इकाइयों की सांगठनिक बैठकों में भी हिस्सा लेंगे।

# टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को हटाया जाना जरूरी: भारत

## ● विदेश मंत्री जयशंकर ने चीनी समकक्ष से की बातचीत, संपर्क में रहने के लिए हॉटलाइन स्थापित करने पर सहमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**लद्दाख** में गतिरोध वाले स्थान पैंगोंग त्सो (झील) से भारत और चीन द्वारा सेनाओं को पीछे हटाने के बाद नई दिल्ली ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरिता बरकरार रखने के लिए टकराव वाले अन्य स्थानों से भी पीछे हटने की जरूरत पर बल दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की उनके चीनी समकक्ष वांग यी के साथ गुरुवार को 75 मिनट तक टेलीफोन पर हुई बातचीत का विवरण जारी करते हुए विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि चीन से कहा गया है कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर पिछले साल से गंभीर असर पड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री ने कहा कि सीमा संबंधी प्रश्न को सुलझाने में समय लग सकता है लेकिन हिंसा होने, और शांति तथा सौहार्द बिगड़ने से संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्री लगातार संपर्क में रहने और एक हॉटलाइन स्थापित करने पर सहमत हुए। दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हालात और भारत-चीन के बीच समग्र संबंधों को लेकर चर्चा की। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक वांग ने कहा कि चीन और भारत को आपसी भरोसे के सही मार्ग का कड़ाई से पालन करना चाहिए और दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग होना चाहिए। स्टेट काउंसलर का भी पद संभाल रहे वांग ने कहा कि दोनों देशों को द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर रखने के लिए सीमा मुद्दों को उचित तरीके से निपटाना चाहिए।

# जिसैट-1 के प्रक्षेपण की तैयारियों में जुटा है इसरो

भाषा। बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) पृथ्वी पर नजर रखने वाले उपग्रह जिसैट-। के प्रक्षेपण की तैयारियों में जुटा है। इस मिशन को ऐसे समय शुरू जाएगा जब 28 फरवरी को पीएसएलवी-सी 51 मिशन को भी अंजाम दिया जाना है। जिसैट-1 को जीएसएलवी-एफ 10 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। इस उपग्रह को पिछले साल पांच मार्च को प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दिया गया था। अंतरिक्ष सचिव एवं इसरो अध्यक्ष के. सिवन ने कहा कि तकनीकी मुद्दों का समाधान कर लिया गया है और प्रक्षेपण में विलंब कोविड-19 लॉकडाउन की वजह से हुआ जिसकी वजह से सामान्य कार्य प्रभावित हुआ। इसरो के सूत्रों ने कहा कि अब यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से मार्च के अंत में या अप्रैल के शुरू में किया जा सकता है।

# पेज 1 का शेष

## बाजार में...

हुआ। पिछले साल चार मई के बाद एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी 568.20 अंक यानी 3.76 प्रतिशत का गोता लगाकर 14,529.15 अंक पर बंद हुआ। पिछले साल 23 मई के बाद किसी एक दिन में एनएसई में यह सबसे बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर नुकसान में रहे। आठ शेयरों में 5 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ। खंडवार सूचकांकों में बैंक सूचकांक में 4.8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। वित्तीय और दूरसंचार सूचकांकों में भी क्रमश: 4.9 प्रतिशत और 3.85 प्रतिशत की गिरावट आई। मोतीलाल ओसवाल के इक्विटी रणनीति, ब्रेकिंग और वितरण मामलों के प्रमुख हेमांग जानी ने कहा, वैश्विक स्तर पर बांड पर रिटर्न में तेजी से इक्विटी बाजार नीचे आया। वैश्विक बांड बाजार में निवेश पर प्रतिफल की दर में तेज उछाल के चलते शेयर बाजारों में निवेशकों में घबराहट दिखी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बांड प्रतिफल में तीव्र वृद्धि से उत्पन्न वैश्विक उथल पुथल का असर घरेलू बाजार पर पड़ा और इसमें गिरावट आई। अमेरिका और सीरिया के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से भी बाजार पर असर पड़ा। इसके अलावा आज (शुक्रवार) जारी होनेवाले जीडीपी आंकड़े से पहले निवेशक थोड़े सतर्क दिखे। एशिया के अन्य बाजारों में भी भारी गिरावट रही। भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद खुले यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी में ट्रेजरी बिलों (अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूतियों) पर रिटर्न में तीव्र वृद्धि के बाद वाल स्ट्रीट में मुख्य शेयर सूचकांकों में भारी गिरावट आई। इसका दुनिया के ज्यादातर बाजारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 104 पैसे लुढ़क कर 73.47 पर बंद हुआ।

## अर्थव्यवस्था में...

चालू वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में 7.7 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान जताया था। एक साल पहले 2019-20 में जीडीपी में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था में 24.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में जीडीपी में 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चीन की अर्थव्यवस्था में अक्टूबर-दिसंबर, 2020 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं जुलाई-सितंबर में वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत रही थी।

## दूसरे राज्यों...

अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कोविड-19...

बढ़कर 194 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इनमें 187 मामले यूके वैरिएंट के, छह दक्षिण अफ्रीकी और एक ब्राजीलियाई वैरिएंट का मामला है। एनसीडीसी के एक अधिकारी ने कहा कि इन राज्यों से कहा गया है कि वे विदेश आने वाले लोगों पर निगाह रखे तथा पाजिटिव केसों को प्रोटोकॉल के मुताबिक आइसोलेट करें। साथ ही इन राज्यों में जीनोम सीक्वेंसिंग तेज किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात तथा राजस्थान जैसे बड़े राज्यों में भी विदेशी वैरिएंट की मौजूदगी पाई गई है। एनसीडीसी के निदेशक सुजीत कुमार सिंह ने इस बात की पुष्टि की है कि इन क्षेत्रों के नमूनों में वायरस के म्युटेड स्वरूप की मौजूदगी पाए जाने के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी सलाह दी गई है कि नियमों के मुताबिक प्रतिदिन लिए जाने वाले नमूनों में से पांच फीसदी को जीनोम सीक्वेसिंग के लिए भेजा जाए। वैज्ञानिक और शोधार्थियों का मानना है कि विदेशी वैरिएंट का म्युटेशन वायरस के संक्रमण की क्षमता तथा बीमारी को और गंभीर बनाता है। पिछले एक हफ्ते में भारत में संक्रमण के प्रतिदिन आने वाले मामलों में इजाफे लिए यह जिम्मेदार हो सकता है। इस बीच केंद्र ने देश में नोवल कोरोना वायरस के दो नए स्ट्रेन एन440के तथा ई484क्यू का पता लगाने की पुष्टि की है। ये ब्राजीलियाई, यूके तथा दक्षिण अफ्रीकी वैरिएंट के अलावा हैं। इन वैरिएंट का प्रसार महाराष्ट्र, केरल और तेलंगाना के जिलों में पाया जा रहा है। महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश में फिर कोविड मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। लेकिन मंत्रालय ने नए वैरिएंट के कारण केसों में वृद्धि से इनकार किया है।

## कोरोना पर...

मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर निगरानी, रोकथाम और सतर्कता के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों की समय सीमा बढ़ा दी तथा यह अब 31 मार्च तक लागू रहेगी। मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत सिनेमा हॉल और थिएटर को कहीं अधिक दर्शकों के साथ संचालित करने की अनुमति दी गई है, जबकि स्वीमिंग पूल को सभी के उपयोग के लिए अनुमति दी गई है। एक राज्य से दूसरे राज्य के बीच या एक राज्य के अंदर लोगों की आवाजाही तथा वस्तुओं की ढुलाई पर कोई पाबंदी नहीं है।

## टीके लिए...

अग्रिम मोर्चे के कर्मी छूट गये हैं, वे भी अपनी पंसद का टीकाकरण केंद्र चुन सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वहीं, दूसरी विशेषता यह है कि निजी क्षेत्र के अस्पताल भी टीकाकरण केंद्रों के तौर पर शामिल किये जाएंगे, जिससे टीकाकरण की रफ्तार बढ़ेगी। मंत्रालय ने इस बात का जिक्र किया कि सीवीसी अवश्य ही सरकार संचालित स्वास्थ्य सेवा संस्थान होने चाहिए। मंत्रालय ने कहा है कि सभी लाभार्थियों को अपना एक तस्वीर युक्त पहचान पत्र--आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र-आदि लेकर टीकाकरण केंद्र जाना होगा। वहीं, किसी बीमारी से ग्रसित 45 वर्ष से अधिक उम्र का लाभार्थी होने की स्थिति में बीमारी से संबद्ध प्रमाणपत्र भी लाना होगा, जिसपर पंजीकृत चिकित्सक के हस्ताक्षर हों।

## मेस इंचार्ज...

पूरे मामले की तफ्तीश की जा रही है।कमांड आफिसर्स मेस के इंचार्ज के पद पर दार्जिलिंग निवासी 11 जीआरआरसी के नायब सूबेदार पेम्बा शेरपा (44) तैनात थे। जबकि उनको यह चार्ज 11 जीआरआरसी के ही ईस्ट नेपाल के ईरम जिले के रहने वाले सूबेदार रमेश कुमार राई को सौंपना था। चार्ज एक दूसरे को हस्तांतरित करने से पहले दोनों ही पिछले पांच दिनों से एक साथ काम कर रहे थे। नायब सूबेदार पेम्बा शेरपा कमांड आफिसर्स मेस में ही बने एक कमरे में अकेले रहते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को सूबेदार रमेश कुमार राई को इंचार्ज का कार्यभार हासिल करना था लेकिन दोपहर 12.30 बजे रहस्यमय हालात में वह छावनी के कमांड अस्पताल पहुंच गया। घायल रमेश कुमार राई को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जबकि सेना के एक जवान ने जब नायब सूबेदार पेम्बा बहादुर शेरपा को कई बार फोन किया तो उनका मोबाइल फोन नहीं उठा। दोपहर 1.30 बजे कमांड आफिसर्स मेस के कमरे को खोलकर देखा गया तो वहां नायब सूबेदार पेम्बा शेरपा लहूलुहान मिले। उनके गले पर धारदार हथियार के कई वार थे। आनन-फानन में कमांड अस्तपाल ले आया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया।

## घायल जेसीओ...

में भर्ती है। उसके होश में आने पर हत्या की गुत्थी सुलझेगी। मेस में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल पुलिस मामले की तफ़्तीश कर रही है।

# मोटेरा का विकेट सामान्य था: रोहित

## इस पिच पर विकेट बचाने से ज्यादा रन बनाने का इरादा होना जरूरी था

## अक्षर पटेल ने शानदार गेंदबाजी की

भाषा। अहमदाबाद



**इंग्लैंड** के बल्लेबाजों को भले ही मोटेरा की पिच कठिन और चुनौतीपूर्ण लगी हो लेकिन भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने इस पिच को दिलचस्प लेकिन सामान्य करार देते हुए कहा कि इस पर विकेट बचाकर खेलने से ज्यादा रन बनाने का इरादा होना जरूरी था। इस सीनियर सलामी बल्लेबाज ने भारत के लिए मैच की एकमात्र अर्धशतकीय पारी खेली जबकि घरेलू टीम के स्पिनरों ने 19 विकेट झटके। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को अक्षर पटेल की सीधी गेंदों ने चकमा दिया जो टर्न लेने के बजाय सीधे स्किड कर रही थीं।

रोहित ने मैच के बाद वर्चुअल कांफ्रेंस में कहा कि जब आप ऐसी पिच पर खेलते हो तो आपके अंदर इरादा होना चाहिए और साथ ही आपको रन बनाने की कोशिश भी करनी चाहिए। आप सिर्फ ब्लॉक नहीं कर सकते। जैसा कि आपने देखा कि कोई कोई गेंद टर्न भी ले रही थी और जब आप टर्न के लिए खेलते तो कोई गेंद स्टंप की ओर फिसल भी रही थी। रोहित को लगता है कि 66 रन की पारी के दौरान वह इंग्लैंड के गेंदबाजों से दो कदम आगे थे।

उन्होंने कहा कि आपको कभी कभार थोड़ा आगे रहकर रन बनाने के तरीके ढूढने की कोशिश करने की जरूरत होती है। मेरी इच्छा सिर्फ टिकने की नहीं थी बल्कि रन बनाने की कोशिश करने की भी थी जिसमें अच्छी गेंदों को सम्मान करना भी शामिल था। बस मैंने इतना ही करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अक्षर की स्टम्प पर गेंद डालने की रणनीति कारगर साबित हुई। उन्होंने कहा कि अक्षर ने कमाल की गेंदबाजी की। अचानक से टीम में आकर इस तरह से प्रदर्शन करना आसान नहीं होता। वह चोटिल था लेकिन चेन्नई में उसने वापसी करके उम्दा प्रदर्शन किया। यहां उसने सीधे स्टम्प पर गेंद डाली जिसे खेल पाना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं था। रोहित ने चेपॉक पर दूसरे टेस्ट की पिच को अधिक चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दूसरे टेस्ट में गेंद यहां से ज्यादा टर्न ले रही थी। वह पिच अधिक चुनौतीपूर्ण थी लेकिन अश्विन ने शतक जमाया और विराट ने भी अर्धशतक बनाया। इसलिए अपने बेसिक्स पर डटे रहकर आप रन बना सकते हैं। रोहित ने स्वीकार किया कि गुलाबी गेंद से स्पिनरों को खेलने पर मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमें इस पर काम करना होगा। अधिकांश बल्लेबाज सीधी गेंद पर आउट हुए।

## यह सब आत्मविश्वास की बात है: पटेल



**अहमदाबाद**। अक्षर पटेल के लिए इंतजार काफी लंबा था और पिछले तीन साल से हर व्यक्ति उनसे बस एक ही सवाल पूछता था, तुम भारतीय टीम में क्यो नहीं हो? पटेल को हालांकि पता था कि उनका समय आएगा और वह कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यह सब आत्मविश्वास की बात है। गुजरात के आणंद के रहने वाले पटेल मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहते थे लेकिन स्कूल के एक दोस्त के कहने पर क्रिकेट खेलने लगे। इंग्लैंड के खिलाफ दिन रात के तीसरे टेस्ट में रिकॉर्ड 11 विकेट लेकर बाएं हाथ के इस स्पिनर को वह बड़ा ब्रेक मिल गया जिसकी उन्हें सात साल से तलाश थी। उन्होंने सात साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था। उस दिन के बाद से टीम में वह स्थाई जगह नहीं बना सके क्योंकि स्पिन हरफनमौला के रूप में रविंद्र जडेजा की जगह पक्की थी। इस श्रृंखला में भी जडेजा के चोटिल होने के कारण उन्हें मौका मिला। वह 2018 से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में दूसरे टेस्ट में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। अक्षर ने बताया कि मैं तीन साल से टीम से बाहर हूं और अपने खेल के पहलुओं पर मेहनत करता रहा। मैने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी पर काफी मेहनत की। उन्होंने कहा कि जब आप टीम से बाहर होते हैं तो दोस्त और दूसरे लोग बार बार पूछते हैं कि अच्छा प्रदर्शन करने पर भी टीम में क्यो नहीं हो। चीजें दिमाग में आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद से यही कहता था कि मौके का इंतजार करो और जब भी मौका मिलेगा, मैं अपना शत प्रतिशत दूंगा। अक्षर 15 वर्ष की उम्र में स्कूल के एक दोस्त के कहने पर क्रिकेट में आए। उनकी दादी ने उनका पूरा साथ दिया लेकिन उनके भारतीय टीम में आने से पहले ही दादी का देहांत हो गया। उन्होंने कहा कि मैं पूरा श्रेय अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को दूंगा जिन्होंने कठिन समय में मेरा साथ दिया। यह पूछने पर कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट आसान लगा, अक्षर ने कहा कि मुझसे हर कोई यह सवाल पूछ रहा है। जब चीजें अनुकूल हो तो आसान लगता है लेकिन जब आप फुलटॉस चूक जाए तो पता चलता है कि यह कितना आसान है।

## प्रधानमंत्री ने शीतकालीन खेलों का उद्घाटन किया

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुलमर्ग में दूसरे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का उद्घाटन करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर को शीत खेलों का गढ बनाने की दिशा में यह अहम कदम है। दो मार्च को खत्म हो रहे इन खेलों में 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय शीतकालीन खेलों में भारत की प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने और जम्मू कश्मीर को शीत खेलों का गढ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि गुलमर्ग में हो रहे खेल दिखाते हैं कि जम्मू कश्मीर शांति और विकास की नई बुलंदियां छूने के लिए कितना तत्पर है। खेल जम्मू कश्मीर में एक नया खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद करेंगे। जम्मू और श्रीनगर में दो खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र और 20 जिलों में खेलो इंडिया केंद्र युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी सुविधाएं हैं। ऐसे केंद्र देश भर के हर जिले में खोले जा रहे हैं।

# तमिलनाडु ने झारखंड की जीत की लय तोड़ी, पंजाब भी जीता

भाषा। इंदौर

**तमिलनाडु** ने शुक्रवार को यहां विजय हजारे ट्राफी के ग्रुप बी मैच में झारखंड की तीन मैचों में जीत की लय तोड़ते हुए उस पर 67 रन की जीत दर्ज की। अन्य मैचों में पंजाब ने विदर्भ के खिलाफ 291 रन के लक्ष्य का पीछा कर चार विकेट से जीत हासिल की जबकि मध्य प्रदेश ने आंध्र को 98 रन से पराजित कर दिया। झारखंड इस हार के बावजूद 12 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है जिसके बाद पंजाब, आंध्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की टीमों के आठ आठ अंक हैं। विदर्भ चार अंक से अंतिम स्थान पर है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज बी अपराजित (57), जे कौशिक (55) और शाहरूख खान (51) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 266 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। उसके लिए अंत में आर साई किशोर ने नाबाद 29 और एम मोहम्मद ने 20 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में झारखंड ने कप्तान इशान किशन का विकेट पारी की पहली ही गेंद पर गंवा दिया। टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए, हालांकि विराट सिंह (49) और सुमित कुमार (40) ने कुछ समय डटकर बल्लेबाजी की। इससे टीम पूरे 50 ओवर खेल सकी। राहुल शुक्ला ने अंत में 25 गेंद में तीन चौके और तीन छक्कों से नाबाद 42 रन बनाए। विदर्भ ने फैज फजल के 101 रन, गणेश सतीश के 78 रन और अक्षय वाडकर के नाबाद 63 रन से नौ विकेट पर 290 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब ने यह लक्ष्य प्रभसिमरन सिंह के 167 रन की मदद से 47.5 ओवर में छह विकेट पर 294 रन बनाकर हासिल कर चार अंक प्राप्त किए। मध्य प्रदेश ने रजत पाटिदार के शतक और शुभमन शर्मा के अर्धशतक से 50 ओवर में आठ विकेट पर 316 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद मिहिर हिरवानी (50 रन देकर चार विकेट) और अन्य गेंदबाजों की मदद से आंध्र की टीम को 42.3 ओवर में 218 रन पर समेटकर 98 रन से जीत हासिल की।

### दिल्ली विजय हजारे नॉकआउट चरण की मेजबानी करेगा

**मुंबई**। राष्ट्रीय वनडे चैम्पियनशिप विजय हजारे ट्राफी के नॉकआउट चरण के मैच सात मार्च से दिल्ली में खेले जाएंगे और इनका आयोजन अरूण जेटली स्टेडियम और पालम मैदान पर किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव के कार्यालय से सभी मान्यता प्राप्त इकाईयों को 25 फरवरी को भेजे गए ईमेल की एक प्रति पीटीआई के पास भी है, जिसके अनुसार, कृपया ध्यान दीजिए कि विजय हजारे ट्राफी 2020-21 का नॉकआउट चरण सात मार्च से नई दिल्ली में खेला जाएगा।

## इंग्लिश मीडिया ने हार के लिए टीम को दोषी ठहराया

**लंदन**। ब्रिटिश मीडिया ने गुलाबी गेंद के टेस्ट में अपनी क्रिकेट टीम के भारत से दो दिन में हारने की आलोचना की और इसके लिए विवादास्पद रोटेशन नीति और अपने बल्लेबाजों की तकनीकी असफलताओं को जिम्मेदार ठहराया जबकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर भी ऊंगली उठाई गई। इंग्लैंड को गुरूवार को तीसरे टेस्ट में स्पिनरों के मुफीद पिच पर भारत से 10 विकेट की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम चार मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। मैच दो दिन में खत्म हो गया जिससे पिच की भी आलोचना की गई जिसमें कुछ पूर्व खिलाड़ियों जैसे माइकल वॉन ने कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए आदर्श पिच नहीं थी, लेकिन द गार्डियन अखबार ने इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन की आलोचना की। इसकी रिपोर्ट का शीर्षक था, इंग्लैंड के दो दिन में हारने की जांच में कोई आसान जवाब नहीं मिलेगा। इसमें लिखा कि भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में मिली निराशाजनक हार के लिए किसे दोषी ठहराया जाए, यह काफी मुश्किल है क्योंकि इतनी सारी चीजें गलत हुईं। अखबार ने फिर रोटेशन नीति को इसका जिम्मेदार ठहराया जिसके कारण श्रृंखला के कारण मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया गया।

## धावक हिमा दास डीएसपी बनीं

**गुवाहाटी**। स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास को शुक्रवार को असम पुलिस में उप अधीक्षक बनाया गया जिसने इसे बचपन का सपना सच होने जैसा बताया। हिमा को नियुक्ति पत्र असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सौंपा जो केंद्र में खेलमंत्री भी रह चुके हैं। यहां आयोजित एक समारोह में पुलिस महानिदेशक समेत शीर्ष पुलिस अधिकारी और प्रदेश सरकार के अधिकारी उपस्थित थे। हिमा ने बाद में कहा कि वह बचपन से पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखती आई हैं। उसने कहा कि यहां लोगों को पता है। मैं कुछ अलग नहीं कहने जा रही। स्कूली दिनों से ही मैं पुलिस अधिकारी बनना चाहती थी और यह मेरी मां का भी सपना था।

### विनय कुमार ने संन्यास की घोषणा की



**नई दिल्ली**। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके कर्नाटक के अनुभवी मध्यम गति के गेंदबाज आर विनय कुमार ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। विनय कुमार ने अपने राज्य की टीम का नेतृत्व करते हुए लगातार रणजी ट्राफी खिताब भी दिलाए हैं। 37 साल के इस खिलाड़ी ने भारत के लिए एक टेस्ट, 31 वनडे और नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 49 विकेट हासिल किए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विनय कुमार ने 139 मैचों में 504 विकेट झटके हैं जिसमें उनका एक पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 32 रन देकर आठ विकेट लेना है। उन्होंने बयान में कहा कि आज दावणगेरे एक्सप्रेस 25 साल दौड़ने और क्रिकेटिया जिंदगी के इतने सारे स्टेशनों से गुजरने के बाद उस स्टेशन पर आ गई है जिसे संन्यास कहते हैं। इतनी सारी भावनाओं के साथ मैं विनय कुमार आर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

### यूसुफ पठान ने क्रिकेट को अलविदा कहा



**नई दिल्ली**। भारतीय आल राउंडर और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर यूसुफ पठान ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की और कहा कि उनकी जिंदगी की इस पारी को खत्म करने का समय आ गया है। पठान 2007 में शुरूआती टी-20 विश्व कप विजेता टीम और घरेलू धरती पर 2011 वनडे विश्व कप में जीत दर्ज करने वाली टीम का हिस्सा रहे थे। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने ट्विटर पर पोस्ट किए बयान में कहा कि आज अपनी जिंदगी की इस पारी को खत्म करने का समय आ गया है। मैं खेल के सभी प्रारूपों से आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करता हूं। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान के बड़े भाई यूसुफ ने 57 वनडे खेलकर 113.60 के स्ट्राइक रेट से 810 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 22 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी हिस्सा लिया जिसमें उन्होंने 146.58 के स्ट्राइक रेट से 236 रन बनाए और वह कोलकाता नाइटराइडर्स की इंडियन प्रीमियर लीग में खिताबी जीत का भी हिस्सा रहे। उन्होंने भारत के लिए अपना अंतिम मैच 2012 में खेला था।

### महिला क्रिकेट सत्र की शुरुआत 11 मार्च से

**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी संबंधित इकाइयों को सूचित किया है कि महिला घरेलू क्रिकेट सत्र का आरंभ 11 मार्च को 50 ओवरों के टूर्नामेंट से होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने पत्र में सारी जानकारी साझा की है जिनमें मैचों का कार्यक्रम भी शामिल है। टूर्नामेंट छह स्थानों सूरत, राजकोट, जयपुर, इंदौर, चेन्नई और बेंगलुरू में आयोजित किया जाएगा। टीमें चार मार्च को अपने संबंधित स्थानों पर इकट्ठा होंगी तथा उनके चार, छह और आठ मार्च को कोविड-19 के लिए परीक्षण होंगे। इसके बाद ही खिलाड़ी जैव सुरक्षित वातावरण में प्रवेश करेंगे। एलीट टीमों के पांच ग्रुप होंगे जिसमें से प्रत्एक में छह छह टीमें होंगी जबकि प्लेट ग्रुप में सात टीमें होंगी।

### दीपक कुमार फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली**। एशियाई रजत पदक विजेता दीपक कुमार (52 किग्रा) ने शुक्रवार को ओलंपिक और विश्व चैम्पियन शखोबिदिन जोइरोव को हराकर उलटफेर करते हुए बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल्स में प्रवेश किया। दीपक ने अपने करियर की सबसे यादगार जीत दर्ज की और अपने से कहीं मजबूत जोइरोव को 4-। से शिकस्त दी जिन्होंने भारत के अमित पंघाल को हराकर 2019 विश्व चैम्पियनशिप खिताब अपने नाम किया था। जोइरोव एशियाई खेलों और चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता भी हैं। दीपक ने गुरूवार को बुल्गारिया के दारिस्लाव वासिलेव को 5-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। पूर्व युवा विश्व चैम्पियन ज्योति गूलिया (51 किलो) और भाग्यवती कचारी (75 किलो) हालांकि महिला वर्ग में हारकर बाहर हो गई। महिला वर्ग में भारत की चुनौती बिना किसी पदक के खत्म हो गई। पुरूष वर्ग में मनजीत सिंह (प्लस 91 किलो) भी हारकर बाहर हो गए।

### नार्थईस्ट यूनाईटेड ने प्लेऑफ में जगह बनाई

**वास्को**। नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी ने शुक्रवार को यहां केरल ब्लास्टर्स को 2-0 से हराकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के प्लेऑफ में जगह बनाई। नार्थईस्ट की तरफ से सुहैर वेदाकेपीडिका ने 34वें और लालेंगमाविया ने 45वें मिनट में गोल किए। नार्थईस्ट यूनाईटेड पिछले नौ मैचों से अजेय है और 20 मैचों में उसकी यह आठवीं जीत है। उसके अब 33 अंक हो गए हैं और उसने नॉकआउट में पहुंचने के साथ ही तालिका में भी तीसरा स्थान हासिल कर लिया है।

# टर्निंग विकेटों पर सफलता के लिए अजहर की सीख रबड़ सोल वाले जूते पहनो

## अहमदाबाद टेस्ट मैच में बल्लेबाजों को घुटने टेकते हुए देखना निराशाजनक

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय कप्तान और स्पिन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले मोहम्मद अजहरूद्दीन का मानना है कि मोटेरा जैसी टर्निंग पिच पर रबड़ के तलवे (सोल) वाले जूते पहनना, सुनिश्चित फुटवर्क और शॉट का उचित चयन बल्लेबाजों के लिए सफलता की कुंजी होते हैं। अजहर ने भारत की इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ी जीत के बाद कई ट्वीट्स में दिलचस्प सुझाव साझा किए हैं।

इस 58 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि स्पाइक वाले जूतों के बजाय रबड़ के तलुवे वाले जूते पहनना बेहतर विकल्प हो सकता है। अजहरूद्दीन ने ट्वीट किया कि बल्लेबाजी करते समय स्पाइक्स पहनने का कोई मतलब नहीं बनता। रबड़ के तलुवे वाले जूते बल्लेबाज की क्षमता को कम नहीं करते। मैंने टेस्ट क्रिकेट में मुश्किल पिचों पर कुछ ऐसी शानदार पारियां देखी हैं जो बल्लेबाजों ने रबड़ सोल वाले जूते पहनकर खेली थी। उन्होंने कहा कि यह तर्क दिया जाता है कि इससे बल्लेबाज विकेटों के बीच दौड़ लगाते समय फिसल सकता है लेकिन विंबलडन में सभी टेनिस खिलाड़ी रबड़ सोल वाले जूते पहनकर खेलते हैं।

भारत की तरफ से 1985 से 2000 के बीच 99 टेस्ट और 334 वनडे खेलने वाले अजहरूद्दीन ने कहा, जिनका नाम जेहन में आता है उनमें सुनील गावस्कर, मोहिंदर अमरनाथ और दिलीप वेंगसरकर जैसे भारतीय ही नहीं बल्कि कई विदेशी खिलाड़ी जैसे विवियन रिचर्ड्स, माइक गैंटिंग, एलन बोर्डर, क्लाइव लॉयड और अन्य शामिल हैं।

अजहर ने तीसरे टेस्ट मैच में बल्लेबाजों के आसानी से घुटने टेकने पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद टेस्ट मैचों में बल्लेबाजों को घुटने टेकते हुए देखना निराशाजनक था। इस तरह के शुष्क और टर्निंग विकेटों पर शॉट का चयन और सुनिश्चित फुटवर्क सफलता की कुंजी होता है।

## भारतीय जिम्नास्ट के लिए ओलंपिक क्वालीफिकेशन के मौके खत्म

**नई दिल्ली**। ओलंपिक क्वालीफिकेशन से जुड़े दो विश्व कप रद्द होने से दीपा कर्माकर सहित भारतीय जिम्नास्टों की तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गई। दोहा, बाकू और कोटबस में फरवरी-मार्च में तीन विश्वकप होने थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) को कोविड-19 महामारी के कारण दो प्रतियोगिताओं को रद्द और एक को स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दीपा के कोच बिशेश्व नंदी स्पष्ट तस्वीर का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि विश्व संस्था रद्द प्रतियोगिताओं के लिए नई तिथियां घोषित करेगी।

नंदी ने कहा कि कुछ विश्व कप क्वालीफायर्स रदद कर दिए गए हैं, शायद एफआईजी नई तिथियां घोषित करे। अप्रैल या मई में विश्व कप के आयोजन पर विचार किया जा सकता है। यह परिस्थितियों और एफआईजी के फैसले पर निर्भर करता है। हम स्पष्ट तस्वीर का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीपा कड़ी मेहनत कर रही है लंकिन ओलंपिक में जगह बनाने के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता नहीं बची है। दीपा 2016 में रियो ओलंपिक में महिला वॉल्ट फाइनल में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई थी।

# इंग्लैंड दूसरी पारी में भयभीत नजर आ रहा था: नासिर हुसैन

भाषा। लंदन

**पूर्व** कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड लगातार दो मुश्किल पिचों पर खेलने के कारण अपनी लय खो बैठा और भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में वह भयभीत नजर आ रहा था। हुसैन ने कहा कि यह पूरी तरह से मानसिकता से जुड़ा है और इंग्लैंड को श्रृंखला ड्रा कराने का तरीका ढूंढना होगा जो कि उनके लिए अच्छा परिणाम होगा। इंग्लैंड को भारत के खिलाफ गुरुवार को तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में दो दिन के अंदर ही 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इस जीत से 2-1 से बढ़त हासिल की। जो रूट और उनके साथी मोटेरा की स्पिनरों की मददगार वाली पिच पर जूझते हुए नजर आए तथा दो पारियों में 112 और 81 रन ही बना पाए।

हुसैन ने कहा कि विशेषकर इस पिच पर जहां एक गेंद स्पिन ले रही थी और दूसरी स्किड कर रही थी आप लय खो बैठते हो। इस तरह की पिचों पर लगातार दो टेस्ट मैच खेलने से यह आपकी मानसिकता से जुड़ जाती है। उन्होने कहा कि इंग्लैंड दूसरी पारी में भयभीत नजर आ रहा था। मुझे नहीं लगता कि यह ऐसी पिच पर थी जिस पर 81 रन ही बनते लेकिन यह चेन्नई की तुलना में अधिक मुश्किल पिच थी। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने इंग्लैंड पर कहर बरपाया। उन्होंने मैच में 70 रन देकर 11 विकेट लिए। हुसैन ने कहा कि अक्षर ने सटीक गेंदबाजी की। उसने विकेट टू विकेट गेंदबाजी की। कुछ गेंदों ने टर्न लिया तो कुछ ने नहीं। उसने अधिकतर विकेट उन गेंदों पर लिए जो टर्न नहीं हुई थी इसलिए लोग इस पर गौर करेंगे और कहेंगे कि इन सीधी गेंदों को क्यों नहीं खेला गया। उन्होंने कहा, यह इस टीम की मानसिकता से जुड़ा है और सही बात तो यह है कि पिचों और अंपायरों को लेकर अधिकतर बातें बाहर हो रही हैं। मैंने इंग्लैंड के किसी खिलाड़ी को यह कहते हुए नहीं सुना कि परिस्थितियां अनुचित हैं। हुसैन ने कहा, उन्हें रास्ता निकालना होगा और जॉक क्राउली का पहली पारी का अर्धशतक सकारात्मक है। अब भी श्रृंखला समाप्त नहीं हुई। भारत के खिलाफ 2-2 से बराबरी किसी भी रूप में बुरा परिणाम नहीं होगा।

### हर हालात में जीत सकता है भारत: हेडन

**चेन्नई**। आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा है कि भारतीय टीम में महान टीम की सारी निशानियां है क्योंकि वह हर परिस्थिति में जीतने का हुनर जानती है। भारत ने आस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर 2-1 से हराया। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है। हेडन ने कहा कि भारत ने दिखा दिया है कि वह ऐसी आधुनिक टीम है जो जुझारूपन से खेलना और विषम परिस्थितियों में जीतना जानती है। अपनी धरती पर भी और विदेश में भी। चेन्नई और अहमदाबाद में विकेटों को लेकर हो रही आलोचना पर हेडन ने कहा कि विकेट बुरे तरीके से तैयार नहीं की गई थी। मुझे कोई दिक्कत नहीं है। हालात ऐसे होने चाहिए कि मुकाबला बराबरी का हो। उन्होंने कहा कि अपनी धरती पर और विदेश में भी टीमों को हालात के अनुकूल विशेषज्ञ रखने चाहिए। आधुनिक क्रिकेट, आधुनिक प्रारूप, अलग अलग हालात और अपार संसाधनों के चलते यही सही है।

## पारदर्शिता बढ़ाने के प्रयास में है ट्विटर: डोर्सी

**नई दिल्ली**। माइक्रोब्लॉगिंग सेवा प्रदाता कंपनी ट्विटर ने स्वीकार किया है कि सोशल मीडिया मंच इनदिनों भरोसे में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। कंपनी ने इसे लेकर पारदर्शिता बढ़ाने तथा उपयोक्ताओं को सामग्री पर अधिक नियंत्रण देने की बात की है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी ने विश्लेषकों से कहा कि ट्विटर दुनिया की सबसे खुली कंपनियों में से एक बनना चाहती है। इसके लिए कंपनी अपनी गलतियों को स्वीकार कर सुधार कर रही है।

उन्होंने कहा कि हम पारदर्शिता में पीछे छूट रहे हैं। हम अब लोगों को अधिक विकल्प और नियंत्रण दे रहे हैं। डोर्सी ने कहा कि ट्विटर सामग्री हटाने की अपनी नीतियों को अधिक पारदर्शी बनाने, लोगों को अपनी बातचीत पर अधिक नियंत्रण देने, प्रासंगिक एल्गोरिदम के लिए बाजार दृष्टिकोण उपलब्ध कराने और ओपन सोर्स मीडिया मानक का वित्तपोषण करने का इरादा रखती है।

# इरडा ने स्वास्थ्य, साधारण बीमा कंपनियों से मानक दुर्घटना उत्पाद पेश करने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

**बीमा** नियामक इरडा ने साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों से अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत दुर्घटना के मानक और सरल उत्पाद उपलब्ध कराने को कहा है। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने कहा कि बाजार में विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा उत्पाद हैं। प्रत्येक उत्पाद की अपनी विशेषताएं और खासियत हैं।

ऐसे में जो व्यक्ति पॉलिसी लेना चाहता है, उसे उपयुक्त उत्पाद चुनने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इरडा ने कहा कि उसने मानक दुर्घटना कवर को लेकर बीमा कंपनियों के लिए दिशानिर्देश जारी किया है। नियामक ने कहा कि पूरे उद्योगों में साझा कवरेज और एक जैसी पॉलिसी के लक्ष्य को लेकर प्राधिकरण ने सभी साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए यह अनिवार्य किया है कि वे व्यक्तिगत दुर्घटना उत्पाद को लेकर मानक उत्पाद पेश करेंगे। इरडा के अनुसार उत्पाद का नाम सरल सुरक्षा बीमा होना चाहिए।

उसके बाद उसमें संबंधित बीमा कंपनी का नाम हो। इसके अलावा किसी भी दस्तावेज में कोई अन्य नाम नहीं होना चाहिए। साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियां इन उत्पादों की पेशकश एक अप्रैल, 2021 से करेंगी। इरडा ने कहा कि उत्पाद में न्यूनतम 2.5 लाख रुपए और अधिकतम 1.0 करोड़ रुपए का बीमा कवर होना चाहिए। बीमा कवर 50,000 रुपए के गुणक में होगा। बीमा कंपनियां इससे भी कम या ज्यादा का दुर्घटना बीमा कवर दे सकती हैं, पर उसका नाम वही रहेगा।

## भारत बनेगा दुनिया की विद्या की राजधानी: गोयल

**नई दिल्ली**। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति नवोन्मेष, उद्यमशीलता और कौशल विकास पर केन्द्रित है। इससे भारत दुनिया की ज्ञान की राजधानी के तौर पर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत छात्र जिस क्षेत्र में भी पढ़ाई करेंगे उसमें वह अधिक सृजनशील और सक्रियता के साथ आगे बढ़ेंगे। गोयल ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को ऐसा स्तर हासिल करना होगा जिसमें विकसित देशों के छात्र भी भारत में आईआईटी और आईआईएम के अलावा अन्य संस्थानों में भी अध्ययन के लिए आएं। गोयल ने फिक्की द्वारा आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नवोन्मेष, उद्यमशीलता, कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है ` नई नीति से भारत दुनिया की विद्या राजधानी बन जाएगी।

# भारत के साथ जीएसपी के मामले को सुलझाना सबसे जरूरी: अमेरिका

संवाददाता। वाशिंगटन

**अमेरिका** के बाइडेन प्रशासन ने इस बात के संकेत दिए हैं कि भारत के साथ जीएसपी के मामले को सुलझाना उनके एजेंडो में सबसे ऊपर है। बाइडेन प्रशासन के समक्ष अनेक सांसदों ने भारत की तरफ से इस मामले में की गई जवाबी कार्वाई का मुद्दा उठाया था।

वर्ष 2019 में अमेरिका के पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने अमेरिका के सामर्नईकृत तरजीही प्रणाली (जीएसपी) के तहत लाभार्थी के तौर पर भारत की पात्रता को समाप्त कर दिया था। तब अमेरिका ने कहा था कि भारत ने यह आश्वावसन नहीं दिया है कि वह अपने बाजारों में अमेरिकी उत्पादों को समान और तर्कसंगत पहुंच उपलब्ध कराएगा। जीएसपी अमेरिका का सबसे पुराना व्यापार तरजीही कार्यक्रम है। इसके तहत चुने हुए देशों के उत्पादों को अमेरिका के बाजारों में शुल्क मुक्त प्रवेश दिया जाता है। अमेरिका के इस कार्यक्रम के लाभार्थियों में भारत भी शामिल था, जिसे पिछले ट्रंप प्रशासन ने समाप्त कर दिया था। अमेरिका की सीनेट वित्त समिति के कई सदस्यों ने इस मामले को उठाया। अमेरिका के बाइडेन प्रशासन के व्यापार प्रतिनिधि के पद की नामित कैथरीन सी टाई की इस पद के लिए पुष्टि को आयोजित बैठक के मौके पर यह मुद्दा उठा।

टाई ने इस अवसर पर कहा, भारत में जीएसपी के आपके सवाल पर मैं कहना चाहूंगी कि यदि सब ठीक हो जाता है तो यह मुद्दा मेरे एजेंडे में बहुत ऊपर है। उन्होंने सीनेटर मारिया कैंटवेल के सवाल पर यह जवाब दिया।

# अमेरिका की आव्रजन प्रणाली में सुधार जरूरी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि आव्रजन प्रणाली का आधुनिकीकरण करना आवश्यक है, जो कि लंबे समय से नहीं किया गया है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसमें प्रतिभाशाली, कुशल लोग देश मे रह सकें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है।

गौरतलब है कि बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वैश्विक महामारी के दौरान लागू की गई उस नीति को निरस्त कर दिया है, जिसमें ग्रीन कार्ड आवेदनों पर रोक लगाई गई थी। इस कदम से अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम करने वाले भारतीयों को भी फायदा पहुंचेगा।

ग्रीन कार्ड को आधिकारिक रूप से स्थाई निवासी कार्ड भी कहा जाता है। यह अमेरिका में अप्रवासियों का दिए जाने वाला एक ऐसा दस्तावेज है, जो इस बात का प्रमाण है कि उक्त व्यक्ति को स्थाई रूप से देश में रहने का अधिकार दिया गया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रपति का मानना है कि आव्रजन प्रणाली का आधुनिकीकरण करना आवश्यक है, जो कि लंबे समय से नहीं किया गया है। इसमें प्रतिभाशाली, कुशल लोग देश मे रह सकें और उनके देश में रहने के लिए उचित कागजी प्रक्रिया का पालन किया जाए, यह सुनिश्चित करना भी शामिल है।

बाइडन के ट्रंप के फैसले को बदलने के एक दिन बाद साकी ने कहा, हम इसके लिए कांग्रेस में डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं।

## व्हाइट हाउस को नीरा से उम्मीद

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने उम्मीद जताई है कि भारतीय-अमेरिकी नीतियों की विशेषज्ञ नीरा टंडन जब बाइडन प्रशासन में शामिल होंगी तो वह गरिमा, सम्मानित आचरण तथा सहयोग के उच्च मानदंड दिखाएंगी।

व्हाइट हाउस ने ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के प्रमुख के लिए टंडन की उम्मीदवारी को समर्थन दिया है। दरअसल टंडन ने अतीत में ट्विटर पर कई सांसदों, जिनमें उनकी अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद भी शामिल हैं, के खिलाफ बड़ी संख्या में ट्वीट किए थे और उनके इसी आचरण के कारण उनके नाम की पुष्टि में बाधाएं आ रही हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बृहस्पतिवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब कुछ सप्ताह पहले नीरा के नाम पर सुनवाई हुई तो उन्होंने अपनी पूर्व की टिप्पणियों के लिए माफी मांगी और कहा कि वह ऐसे प्रशासन में शामिल होने जा रही हैं, जहां गरिमा और सम्मानित आचरण तथा सहयोग के उच्च मानदंड की उम्मीद की जाती है, फिर चाहे वह सोशल मीडिया में हो या व्यक्तिगत आचरण में।

साकी ने कहा, और हम यकीनन उम्मीद करते हैं कि वह मानदंड पर खरी साबित होंगी। गौरतलब है कि रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के अनेक सांसदों के खिलाफ नीरा ने सैकड़ों ट्वीट किए थे और अब इन सदस्यों ने सीनेट में नीरा के खिलाफ वोट डालने का निश्चय किया है।

## बाइडन ने फोन पर अरब के शाह से बातचीत की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के दौरान बाइडन ने दोहराया कि अमेरिका वैश्विक मानवाधिकारों और कानून के शासन को अहमियत देता है।व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिकी मीडिया की खबरों के अनुसार बाइडन ने यह फोन ऐसे समय पर किया है जब सऊदी के पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में इस्तांबुल में सऊदी वाणिज्य दूतावास के अंदर बर्बर तरीके से हत्या किए जाने पर अमेरिका की रिपोर्ट आने वाली है।

कुछ ही समय में यह रिपोर्ट जारी की जानी है और माना जा रहा है कि इसमें इस बात का जिक्र होगा कि शाह के बेटे ने खशोगी को मारने की अनुमति दी था नहीं।

व्हाइट हाउस ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत के दौरान बाइडन ने कई सऊदी-अमेरिकी कार्यकर्ताओं और लोउजेन अल-हाथलोऊ को रिहा किए जाने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। साथ ही उन्होंने दोहराया कि अमेरिका वैश्विक मानवाधिकारों और कानून के शासन को अहमियत देता है।सऊदी अरब की महिला अधिकार कार्यकर्ता हाथलोऊ को तीन साल की हिरासत के बाद इस माह रिहा किया गया। उन पर अब भी यात्रा प्रतिबंध लगा हुआ है और मीडिया से बातचीत पर पाबंदी है।

# टीके के लिए ब्राजील ने भारतीय कंपनी से किया समझौता

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 के टीके कोवैक्सीन की दो करोड़ खुराक खरीदने के लिए भारत की दवा कम्पनी भारत बायोटेक के साथ समझौता किया है। कोवैक्सीन के इस्तेमाल को हालांकि स्थानीय नियामकों ने अभी तक मंजूरी नहीं दी है। यह समझौता उस दिन किया गया, जब ब्राजील में संक्रमण से मौत का आंकड़ा ढाई लाख पर पहुंच गया है।

ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के प्रशासन ने बताया कि कोवैक्सीन टीके की 80 लाख खुराक की पहली खेप मार्च में आएगी। 80 लाख खुराक की दूसरी खेप के अप्रैल में और अन्य 40 लाख खुराक के मई में आने की संभावना है। ब्राजील टीकों की कमी के कारण अपनी 21 करोड़ की आबादी में से केवल चार प्रतिशत लोगों को ही टीके लगा पाया है।देश की दवा कंपनी प्रीसीसा मेडिकामेंटोस और भारत बायोटेक दोनों में से किसी ने इस समझौते की पुष्टि नहीं की है।

# अमेरिका ने किया मिलिशिया गुटों के ठिकानों पर हवाई हमला

एपी। वाशिंगटन

## ● सीरिया में ईरान समर्थित गुट आए अमेरिका के निशाने पर

**अमेरिका** ने इराकी सीमा के पास ईरान समर्थित मिलिशिया गुटों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बृहस्पतिवार को हवाई हमले किए।

पेंटागन ने कहा कि ए हवाई हमले इराक में इस माह की शुरुआत में किए गए रॉकेट हमले की जवाबी कार्वाई है। रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और अमेरिकी सेना का एक जवान तथा अमेरिका नीत सैन्य गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता में आने के बाद यह सेना द्वारा किया पहला हवाई हमला है। बाइडन का सीरिया में हमले का यह कदम क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कार्वाई को बढ़ाने का नहीं बल्कि इराक में अमेरिकी सैनिकों की रक्षा करने की उनकी प्रतिबद्धता दर्शाता है।अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, हमें पता है कि हमने किसे निशाना बनाया है।

उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि जिस स्थान को निशाना बनाया गया उसका इस्तेमाल शिया आतंकवादी हवाई हमले में करते हैं। गौरतलब है कि उत्तरी इराक में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास रॉकेट हमला किया गया था, जिसमें अमेरिकी सेवा के एक असैन्य कॉन्ट्रेक्टर की मौत हो गई थी और गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे।इस हवाईअड्डे के पास ही में अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है। ऑस्टिन ने कहा कि उन्होंने ही बाइडन को इस कार्वाई का सुझाव दिया था।इससे पहले, पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने अमेरिका कार्वाई को एक नपी तुली सैन्य प्रतिक्रिया करार दिया था।

# एफएटीएफ के पाक को काली सूची में डालने की कोई संभावना नहीं: हम्माद

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक वरिष्ठ मंत्री ने शुक्रवार को दावा किया कि वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) द्वारा इस्लामाबाद को काली सूची में डाले जाने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि इसने संबंधित मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रति की है। आतंकी गतिविधियों को वित्तीय मदद को लेकर पाकिस्तान को एफएटीएफ द्वारा ग्रे सूची में बरकरार रखे जाने के एक दिन बाद उद्योग मंत्री हम्माद अजहर का यह बयान आया है। पाकिस्तान को ग्रे सूची में बरकरार रखते हुए एफएटीएफ ने कहा है कि आतंकी गतिविधियों को मिल रही वित्तीय मदद को रोकने में देश के प्रयासों में गंभीर खामियां हैं।

पेरिस आधारित वैश्विक धनशोधन एवं आतंकी वित्तपोषण रोधी संगठन एफएटीएफ ने पाकिस्तान को जून तक अपनी ग्रे सूची में बरकरार रखने का फैसला किया है। अजहर ने कहा कि पाकिस्तान ने अपने को चुनौतीपूर्ण समयसीमा मिलने के बावजूद लक्ष्यों को हासिल किया है और संबंधित कार्यों की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है, इसलिए एफएटीएफ द्वारा देश को काली सूची में डाले जाने की कोई संभावना नहीं है।उन्होंने दावा किया कि एफएटीएफ की 27 सूत्री कार्ययोजना को पूरा करने के पाकिस्तान के प्रयासों की दुनिया ने तारीफ की है।उल्लेखनीय है कि एफएटीएफ ने बृहस्पतिवार को कहा था कि पाकिस्तान बढ़ी हुई निगरानी सूची में बना रहेगा क्योंकि उसके द्वारा आतंकवाद का वित्तपोषण रोकने में गंभीर खामियां हैं और देश में इससे निपटने के लिए प्रभावी व्यवस्था की कमी है। एफएटीएफ के अध्यक्ष मार्कस प्लेयर ने कहा कि पाकिस्तान को दी गई समयसीमा पहले ही समाप्त हो गई है और इस्लामाबाद को एफएटीएफ की चिंताओं को जितनी जल्दी हो सके , दूर करना चाहिए।प्लेयर ने पेरिस में एफएटीएफ के पूर्ण सत्र के समापन के बाद कहा, अभी तक, पाकिस्तान ने सभी कार्वाई योजनाओं में प्रगति की है और अब तक 27 में से 24 कार्वाई पूरी कर ली हैं। पूरी कार्वाई योजना के लिए समयसीमा पूरी हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि आतंक के वित्तपोषण पर रोक लगाने में पाकिस्तान की ओर से गंभीर खामियां हैं और संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादियों तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ कार्वाई करना अभी बाकी है।प्लेयर ने कहा कि पाकिस्तान की अदालतों को आतंकवाद में शामिल लोगों को प्रभावी और निर्णायक सजा देनी चाहिए।

# सिंगापुर में भारतीय मूल की महिला और उसके पति को जेल

**सिंगापुर।** कोविड-19 सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने के आरोप में सिंगापुर में भारतीय मूल की एक महिला और उसके ब्रितानी पति को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

स्ट्रेट टाइम्स की खबर के अनुसार, अगाथा मागेश इयामलई को एक सप्ताह कैद की सजा सुनाई गई है, जबकि उसके ब्रितानी पति निजेल स्की को दो सप्ताह कैद की सजा सुनाई गई है और एक हजार सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

दोनों पर आरोप था कि उन्होंने पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में एक होटल में पृथक-वास के कड़े नियमों का उल्लंघन किया। भारतीय मूल की जिला न्यायाधीश जसविदंर कौर ने उन्हें जेल भेजने का आदेश देते हुए कहा कि महामारी को रोकने के लिए प्रतिबंध जरूरी हैं। आरोपी पति-पत्नी ने इस महीने के शुरू में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।



व्हाइट हाउस परिसर में मिशिगन के पूर्व गर्वनर को अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ऊर्जा सचिव के रूप में शपथ दिलाई




म्यांमां के दूसरे बड़े शहर मंडालय में बौद्ध भिक्षुओं ने तख्तापलट के विरोध में किया प्रदर्शन

# फेसबुक ने तीन प्रकाशकों से किया भुगतान समझौता

**कैनबरा।** फेसबुक ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रकाशकों के साथ प्रारंभिक समझौता होने की घोषणा की। इससे ठीक एक दिन पहले देश की संसद ने वह कानून पारित कर दिया कि डिजिटल कंपनियों को खबरें दिखाने के एवज में भुगतान करना होगा। फेसबुक ने कहा कि तीन स्वतंत्र समाचार संस्थानों प्राइवेट मीडिया , स्वाट्ज मीडिया और सोलस्टिक मीडिया के साथ आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। फेसबुक ने एक बयान में कहा कि व्याणिज्यिक समझौते के संदर्भ में अगले 60 दिनों में पूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।बयान में कहा गया, ए समझौते श्रेष्ठ पत्रकारिता की नई इबारत पेश करेंगे। इनमें से कुछ पहले की विषयवस्तु के लिए भुगतान भी शामिल हैं। स्वाट्ज मीडिया की मुख्य कार्यकारी रेबेका कोस्टैलो ने कहा कि यह समझौता उनकी कंपनी को स्वतंत्र पत्रकारिता को जारी रखने में मदद करेगी।

# कोरोना के टीके से किसी को नुकसान नहीं: एलीजाबेथ द्वितीय

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कहा है कि कोविड-19 से बचाव के लिए टीका लेने के बाद उन्हें कोई दिक्कतें नहीं हुई। उन्होंने संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए लोगों को भी टीके लेने के लिए प्रोत्साहित किया है।महारानी एलिजाबेथ (94) ने इस सप्ताह इंग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉल के दौरान ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान का समर्थन किया। महारानी और उनके पति प्रिंस फिलिप ने पिछले महीने टीके की पहली खुराक ली थी।

महारानी ने खुराक लिए जाने का हवाला देते हुए कहा, जब आप टीका लेते हैं तो सुरक्षित होने की भावना आती है, जो कि मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने, टीके से अब तक मुझे किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं हुई है। यह तुरंत हो गया और मुझे कई लोगों से पत्र भी मिले कि टीका लेना बहुत आसान है। टीके से किसी को नुकसान नहीं होता।

टीके को लेकर कुछ लोगों के बीच हिचकिचाहट पर चिंता प्रकट करते हुए महारानी ने कहा, मुझे लगता है कि जिन लोगों ने कभी टीका नहीं लगवाया, उनके लिए ए थोड़ा कठिन है। लेकिन उन्हें अपने बजाए दूसरों के बारे में सोचना चाहिए। शाही परिवार के सोशल मीडिया पेज पर भी बातचीत के इस वीडियो को साझा किया गया है। ब्रिटेन में टीकाकरण का कार्य देख रहे मंत्री नाधिम ज़हावी ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि करीब 11.15 प्रतिशत लोग टीके नहीं लेना चाहते हैं।

# म्यांमार के सुरक्षाबलों ने तख्तापलट विरोधियों को किया तितर-बितर

**यांगून (म्यांमार)।** म्यांमार के इस सबसे बड़े शहर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने 1000 से अधिक तख्तापलट विरोधियों को तितर -बितर करने के लिए चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं। यांगून में एक लोकप्रिय शॉपिंग मॉल के सामने प्रदर्शनकारी जुट गए। उनके हाथों में तख्तियां थीं और वे तख्तापलट के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उन्हें नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई एवं पानी की बौछार करने वाली गाड़ियां लाई गईं। सुरक्षाकर्मियों एवं प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई और चेतावनी स्वरूप गोलियां दागे जाने की आवाज सुनाई दी। सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा एवं वे आसपास की गलियों में छिपने लगे।यह टकराव बढ़ते लोकप्रिय विद्रोह और म्यांमार के जनरलों के बीच बढ़ते तनाव का परिचायक है।

# घेब्रेसस ने कोविड-19 टीका साझा करने संबंधी प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की

## ● दूसरे देशों से भी मोदी के अनुसरण की अपील

भाषा। जिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेसस ने दुनियाभर में 60 से अधिक देशों को कोविड-19 टीका साझा करने और टीके के समान रूप से वितरण संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता की सराहना की है और उम्मीद जताई कि अन्य देश उनका अनुसरण करेंगे।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक घेब्रेसस ने एक ट्वीट में कहा कि टीकों की आपूर्ति में भारत का समर्थन 60 से अधिक देशों को टीकाकरण प्रक्रिया शुरू करने में मदद कर रहा है।उन्होंने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, टीका समानता (इक्विटी) का समर्थन करने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। कोवैक्स और कोविड-19 टीके की खुराकों को साझा करने संबंधी आपकी प्रतिबद्धता 60 से अधिक देशों में उनके स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य प्राथमिकता वाले समूहों का टीकाकरण शुरू करने में मदद कर रही है। मुझे उम्मीद है कि अन्य देश भी आपकी इस प्रतिबद्धता का अनुसरण करेंगे।

भारत ने कोविड-19 टीके की छह लाख खुराक की पहली खेप बुधवार को अफ्रीकी देश घाना के लिए भेजी थी। यूनिसेफ के सहयोग से कोवैक्स समझौते के तहत घाना को टीके की डोज भेजी जा रही है। इस समझौते में कुल 92 देश शामिल हैं।विदेश मंत्रालय ने 12 फरवरी को कहा था कि भारत ने कोरोना वायरस के टीके की 229 लाख खुराक विभिन्न देशों को भेजी हैं। इनमें से 64 लाख खुराक अनुदान के तौर पर दी गई और 165 लाख की आपूर्ति वाणिज्यिक आधार पर की गई।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा था कि वैश्विक टीका आपूर्ति पहल को भारत आगे बढ़ाना जारी रखेगा और चरणबद्ध तरीके से इसमें कई देशों को शामिल किया जाएगा।

श्रीवास्तव ने कहा था कि भेंट के तौर पर कोरोना वायरस टीके की खुराकें बांग्लादेश (20 लाख), म्यांमा (17 लाख), नेपाल (10 लाख), भूटान (1.5 लाख), मालदीव (एक लाख), मॉरीशस (एक लाख), सेशेल्स (50,000), श्रीलंका (पांच लाख), बहरीन (एक लाख), ओमान (एक लाख), अफगानिस्तान (पांच लाख), बारबाडोस (एक लाख) और डोमिनिका (70,000) को भेजी गई हैं।उन्होंने कहा था कि वाणिज्यिक आधार पर ब्राजील (20 लाख), मोरक्को (60 लाख), बांग्लादेश (50 लाख), म्यांमा (20 लाख), मिस्र (50,000), अल्जीरिया (50,000), दक्षिण अफ्रीका (10 लाख), कुवैत (दो लाख), यूएई (दो लाख) को टीके की आपूर्ति की गई है।

# जेल निदेशक समेत आठ लोगों की मौत

**क्रूआ दि बूके (हैती)।** हैती की राजधानी में एक जेल से कैदियों के फरार होने की घटना के समय गोलीबारी में जेल निदेशक समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। घटना राजधानी पोर्ट-ऑ प्रिंस के उत्तर पूर्व में स्थित क्रूआ दि बूके सिविल जेल में हुई। इस जेल का निर्माण 2012 में कनाडा ने कराया था। 2014 में इसी जेल से 300 से अधिक कैदी फरार हुए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने कैदियों के फरार होने से पहले बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों को जेल के सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां चलाते देखा था। गोलीबारी शुरू होने के काफी देर बाद तक जेल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनाई देती रहीं। जेल निदेशक की मौत की पुष्टि करने वाले पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारी जेल में छापेमारी की तैयारी कर रहे थे। हत्या के मामले में सजा काट रहे 37 वर्षीय जॉन हिप्पोलाइट को गोली लगी जबकि एक कैदी फरार हो गया।



हांगकांग में सामुदायिक टीकाकरण केंद्र में वैक्सीन के लिए कतार में खड़े लोग

# जीजा जी... शो एक नए अवतार में




सोनी सब टीवी शीघ्र ही एक अत्यंत मनोरंजक शो 'जीजा जी छत पर कोई है' लेकर आ रहा है जिसमें इस बार रहस्य का भी पुट रखा गया है। इसमें इसके पूर्व के संस्करण के सभी कलाकार हैं बस हास्य और रहस्य का पुट नया है। इसे शीघ्र ही आप अपने टेलीविज़न के परदे पर देख पाएंगे।

अपनी इस नई कहानी में शो की पृष्ठभूमि दिल्ली के पंजाबी बाग की रखी गई है जहां जिंदल और जल्दीराम नाम के परिवार रहते हैं। इस शो की कहानी का आधार संपत्ति के एक पुराने विवाद को बनाया गया है। पूर्वजों की इस संपत्ति में किसी आत्मा की उपस्थिति को दिखाया गया है। इस विवाद के अलावा भी जल्दीराम और जिंदल के परिवारों के बीच उनके व्यवसाय को लेकर भी समस्याएं हैं जिसमें जल्दी राम की मिठाई की दुकान और जिंदल की एक गैराज होती है। दोनों के घरों के सामने दूसरे के व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं।

इस शो में पूर्व के शो में आश्चर्यजनक अभिनय करने वाली हिबा नवाब हैं जिन्होंने अपने कार्यकलापों से शो को काफी मनोरंजक बनाए रखने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार वो जल्दीराम की बेटी सीपी अर्थात कनॉट प्लेस, बनी हैं जबकि जीजाजी का महत्वपूर्ण चरित्र जीतेन्द्र जामवंत जिंदल निभाया है शुभाशीष झा निभाएंगे। इनके अलावा पूर्व के शो में महत्वपूर्ण चरित्र निभा चुके अनूप उपाध्याय इसमें जल्दीराम का चरित्र करेंगे जो जल्दीराम स्वीट्स नामक दुकान के स्वामी भी हैं। उनके अलावा जल्दीराम की पत्नी बनी सोमा राठौर इसमें सोफिया नामक चरित्र कर रही हैं और जल्दी राम के अधिवक्ता बने हैं जल्दीराम के वकील और सोफिया के भाई चकराल। चकराल का रोल फिरोज़ खान कर रहे हैं जबकि जल्दी राम की दुकान में वेटर की भूमिका निभा रही हैं राशी बावा जिनका शो में नाम सुनीता रखा गया है।

इनके अलावा शो में कुछ नए कलाकार भी लिए गए हैं जिनमें जीजाजी के पिता अर्थात नन्हें की भूमिका कर रहे हैं जीतू शिवहरे, जबकि नन्हें की पत्नी बिजलीदेवी की भूमिका निभाई है सुचेता खन्ना ने। इनके अतिरिक्त जिंदल का गोद लिया गया बेटा और और जीजा जी के मित्र की भूमिका में हैं गुलज़ार बने हैं विपिन। जिंदल के केस को लड़ रहे हैं पिता और पुत्र की जोड़ी ध्यानचंद और विज्ञानचंद नामक वकीलों की जोड़ी। इस जोड़ी के रूप में नागिन वडेल और सुमित अरोड़ा ने।

# कुमकुम भाग्य, में आया रोचक मोड़



ज़ी टीवी के लोकप्रिय शो 'कुमकुम भाग्य को दर्शक लगातार पसंद करते आ रहे हैं और पसंद क्यों न करें, शो की कहानी, उसके चरित्र और उनके अभिनय ने उनक दिलों पर गहरी छाप जो डाल रखी है। इसके चरित्र अभि, के रूप में शब्बीर अहलूवालिया, प्राची के रूप में मुग्धा चापेकर ने अद्भुत अभिनय किया है। पिछले छः सालों से अभि और प्राची की प्रेम कहानी का आनंद ले रहे हैं और इस शो की लोकप्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है। हाल ही में उनके विवाह के दृश्य ने तो सभी को काफी उत्साहित किया था। लेकिन अब दर्शकों को इस शो में एक झटका लगने वाला है उनके प्रिय चरित्र अभि के एक पहाड़ की चोटी से गिरने के दृश्य का फिल्मांकन किया जा रहा है और जल्दी ही दर्शक अपने टीवी की स्क्रीन पर इसे देख पाएंगे। दर्शकों का ये जानकर प्रसन्नता होगी कि उनके प्रिय चरित्र अभि ने अपनी ही मृत्यु के इस दृश्य को बहुत बहादुरी से किया।

आने वाले एपिसोड्स में आपको देखने को मिलेगा कि अभि और प्रज्ञा का पीछा कुछ गुंडे कर रहे हैं और जब ऐसा लगने लगता है कि वे उनसे बच निकलने में सफल होंगे गुंडे उनकी कार में टक्कर मार देते हैं और नवदंपत्ति अचेत हो जाते हैं। जब उनकी चेतना लौटती है तो वे भागने का प्रयास करते हैं लेकिन अभि को गोली लग जाती है और वो पहाड़ की चोटी से गिर जाता है। इस दृश्य के लिए जितने भी स्टंट किये जाने थे सब शब्बीर ने स्वयं किये थे। ये सही है कि दृश्य के लिए जरूरी स्टंट करने के लिए उन्होंने जरूरी सुरक्षा उपाय कर रहे थे, लेकिन जिस प्रकार से उन्होंने सब सीन दिये वो सराहनीय है। शब्बीर ने पहले ही टेक में शांतचित्त होकर पूरी एकाग्रता से दृश्य पूरे किये।

इन स्टंट्स के बारे में बात करते हुए शबीर ने कहा, 'जब निर्माताओं ने मुझे बताया कि अभि को गोली लगती है और वो चोटी से गिर जाता है तो मैं हैरान रह गया क्योंकि ऐसे ऐक्शन सीन करने में जोखिम के साथ साथ आनंद भी पूरा आता है। मुझे पहाड़ की चोटी से नीचे गिरना था और उन्होंने इस संबंध में जरूरी सुरक्षा उपाय पहले ही कर रखे थे। मैनें पूरा सीन अच्छे से समझने के बाद शॉट एक ही बार में पूरा किया। मैं चाहता हूं कि दर्शक भी इसे जल्दी जल्दी देख पाएं।'

जब उनसे अभि की परदे पर मृत्यु के बारे में पूछा गया कि क्या ये अब उनकी भूमिका का अंत है, शबीर ने कहा, 'मैंने पिछले छः साल से अभि का चरित्र कर रहा हूं और ऐसे में उसे गोली लगने और फिर उसकी संभावित मृत्यु के सीक्वेंस से मैं भी रोमांचित हूं। लेकिन उसका क्या हुआ, ये जानने के लिए दर्शकों को प्रतीक्षा करनी होगी। हमारी कहानी ने दर्शकों को लगातार बांधे रखा है तो हम कह सकते हैं कि इस बार भी दर्शक निराश नहीं होंगे क्योंकि एक अत्यंत रोचक मोड़ उनकी प्रतीक्षा कर रहा है।'

# साढ़े साती शो में गंजे लुक ने पैदा की रोचकता



**सोनी** इंटरटेन्मेंट टेलीविजन अब आपके लिए एक नई सिटकॉम लेकर आ रहा है जिसका नाम है 'साढ़े सती। इससे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होना तय है। इसकी कहानी में साढ़े सात पुरुषों का एक परिवार है और उसकी गतिविधियों को एक महिला सरगम नियंत्रित करती है। इसमें सरगम की भूमिका निभा रही हैं अंजलि तत्रारी।

इस अवस्थी परिवार में हर पुरुष का एक अलग व्यक्तित्व है जिसके कारण मनोरंजक परिस्थितियां पैदा होती रहती हैं। अपारशक्ति अवस्थी की भूमिका कर रहे हैं कुणाल सलूजा जो सरगम के पति हैं वो परिवार के हीरो हैं। वो पहले हीरो बनना चाहते थे। थोड़े समय अभिनय करने के बाद अब वो चंपक साबुन या ड्रैगन शैंपू जैसे विज्ञापन करते हैं। ऐसे ही एक विज्ञापन के एक उत्पाद के प्रयोग से वो गंजे भी हो गए थे।

कुणाल सलूजा उर्फअपारशक्ति अवस्थी अपने बुरे दिनों की याद करते हुए बताते हैं, 'मैं अपने बालों को प्यार करता हूं क्योंकि ये मेरा प्रतिबिंब हैं। इससे मेरी लुक को पूर्णता मिलती है और मैं आत्मविश्वास से भर जाता हूं। मैं अपने इस मुकुट को कभी अपनेसिर से हटने नहीं दूंगा। मैंने एक विज्ञापन शूट किया था जिसमें एक उत्पाद प्रयोग करने के बाद मैं गंजा हो जाता हूं। इसके बाद तो हर रात मुझे ऐसा सपना आता है।'

आगे उनका कहना था, 'परदे पर और परदे से अलग, जो चीज मुझे सबसे प्यारी है वो हैं मेरे बाल और इस शो मे भी सरगम अपारशक्ति को उसके बालों के कारण ही पसंद करती है और विवाह के लिए तैयार हो जाती है। मैंने अपने बदले लुक का एक वीडियो बनाया और जब फिर इसे पोस्ट कर दिया तो लोगों ने इस पर विचित्र प्रतिक्रियाएं दी क्योंकि उन्हें लगा कि मैं वास्तव में गंजा हो गया हूं।'

# वायु प्रदूषण के लिए भूमि के सराहनीय प्रयास

**अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने स्थानीय पर्यावरण योद्धा अनिरुद्ध शर्मा के साथ सहयोग किया जो प्रदूषण को प्रयोग की जा सकने वाली स्याही में परिवर्तित कर देते हैं और इससे हमारे पर्यावरण में कार्बन की मात्रा में कमी होती है।**





अभिनेत्री भूमि ने सदैव से पर्यावरण के लिए जागरूक रहते हुए कुछ न कुछ योगदान किया है। पर्यावरण संवर्द्धन के लिए उनके योगदान से ही अब लोगों में जागरूकता आ रही है। भूमि ने एक ऑनलाइन और ऑफलाइन पहल की है जिसका नाम है क्लाइमेट वॉरियर, इसके माध्यम से वो पर्यावरण के लिए अपने योगदान देने के लिए भारतीय जनता से आह्वान करती हैं। भूमि ने अब अनिरुद्ध शर्मा के साथ मिलकर प्रदूषण से इंक बनाने के लिए हाथ मिलाया है ताकि देश में कार्बन की मात्रा को घटाया जा सके।

वो बताती हैं, 'अनिरुद्ध जलवायु योद्धा है वो एअरइंक (ग्रेविकी) का सहरचनाकार है और बहुत ही कुशल आविष्कारक है। उसने एक उपकरण बनाया है जो प्रदूषण को इंक में परिवर्तित कर देता है। जब आप बाइक या गाड़ी चलाते हैं तो ये आपकी गाड़ी से निकलने वाले कार्बन को कम करदेता है। उसका ये नवोन्मेष कई कलाकारों तथा वैज्ञानिक समुदायों तक पहुंच चुका है। उसके पास एअरइंक के कुछ अद्भुत विचार हैं।'

ग्रेविकी ने एक एमआईटी मीडिया लैब प्रयोग के रूप में प्रारंभ हुई थी जिसमें एक उपकरण बनाया गया ताकि कार्बन को ग्रहण करके उसके धुएं को एकत्र किया जा सके। इसके बाद अनिरुद्ध ने एक उपकरण बनाया जो एअर प्रदूषण को ग्रहण कर इक में परिवर्तित कर देता है।

अब वो औद्योगिक उत्पादन में भी ऐसे ही प्रयोग करके प्रदूषण की मात्रा में रचनात्मक कमी लाना चाहता है। अनिरुद्ध वायुप्रदूषण को इंक, पेंट, कोटिंग, प्लास्टिक तथा निर्माण सामग्री में भी प्रयुक्त करने की सोच रहा है।'



# सलमान खान की सितारों से सजी सेल्फी!

**इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड की शूटिंग के दौरान इन सभी सितारों ने मंच पर कुछ जोरदार परफॉर्मेंस दी। हालांकि, ब्रांड एंबेसडर सलमान खान का स्वैग और मजेदार कारनामे देखकर सभी झूम उठे। सिर्फइतना ही नहीं! इस सुपरस्टार ने शूटिंग के दौरान एक मेगा सेल्फी भी ली जिसमें उनके साथ सभी सितारे एक ही फ्रेम में नजर आए।**

**पूरा** भारत आज रात शुरू होने जा रहे देश के पहले म्यूज़िक लीग – ज़ी टीवी के इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जिसमें स्पोर्ट्स चैंपियनशिप लीग की तरह म्यूज़िकल टीम्स एक दूसरे से मुकाबला करेंगी। हाल ही में इस शो से जुड़े सितारों ने मिलकर इस अभूतपूर्व म्यूज़िक रियलिटी शो के ग्रैंड प्रीमियर की शूटिंग की। इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग की मेगा ट्रॉफी के लिए 6 टीमें आपस में मुकाबला करेंगी, जिन्हें श्रद्धा कपूर, गोविंदा, राजकुमार राव, रितेश देशमुख एवं जेनेलिया और बॉबी देओल जैसे बॉलीवुड के दिग्गज सितारे और क्रिकेटर सुरेश रैना सपोर्ट करेंगे। ये टीमें देश के अलग–अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिनकी कप्तानी करने के लिए असीस कौर, मिका सिंह, आकृति कक्कर, शान, नेहा भसीन, साजिद वाजिद, शिल्पा राव, कैलाश खेर, भूमि त्रिवेदी, जावेद अली, पायल देव और अंकित तिवारी को चुना गया है। सितारों से सजी इन एंबेसडर्स और टीम मेंबर्स की लिस्ट में भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार सलमान खान भी शामिल हैं, जो आईपीएमएल के ब्रांड एंबेसडर हैं। इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड की शूटिंग के दौरान इन सभी सितारों ने मंच पर कुछ जोरदार परफॉर्मेंस दी। हालांकि, ब्रांड एंबेसडर सलमान खान का स्वैग और मजेदार कारनामे देखकर सभी झूम उठे। सिर्फ इतना ही नहीं! इस सुपरस्टार ने शूटिंग के दौरान एक मेगा सेल्फी भी ली, जिसमें उनके साथ सभी सितारे एक ही फ्रेम में नजर आए।

# मंदिर में बीएसएफब्रास बैण्ड ने दिया देशभक्ति का संदेश

## राधे-राधे के साथ भारत माता की जय बोलते रहे श्रद्धालु



**वृन्दावन।** बीएसएफ ब्रास बैण्ड ने ठा0 श्रीप्रियाकान्तजू मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच देशभक्ति संगीत बजाकर शहीदों का वंदन किया । अर्द्धसैनिक बल के ब्रास बैण्ड पौशाकधारी सैनिकों ने वाद्ययंत्रों से जब सेना की धुन बजानी शुरू की तो राह चलते लोग खिंचे चले आये । बैण्ड ने देशभक्ति गीतों के साथ भजनों पर भी अपनी प्रस्तुति दी । मंदिर प्रबंधन द्वारा सैनिकों को सम्मानित किया गया । गुरूवार साँय कमाण्डेंट वीरेन्द्र दत्ता एवं विनोद अधिकारी (द्वितीय कमान) के मार्गदर्शन में बीएसफ की 178 बटालियन के जवानों की टुकड़ी छटीकरा मार्ग स्थित ठा0 प्रियाकान्तजू मंदिर पहुँचीं । मंदिर प्राँगण में 18 सदस्यीय ब्रॉसबैण्ड ने एएसआई भगवान दास के नेतृत्व में सत्यम शिवम सुन्दरम की धुन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिये, मेरा रंग दे बसंती चोला, सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोंस्ता हमारा जैसे देशभक्ति गीतों पर एक घंटे की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को देशभक्ति भावना से ओतप्रोत कर दिया । लोगों ने राधे–राधे के साथ भारत माता की जय के नारे लगाये । श्रद्धालु.भक्त सैनिकों के इस नये रंग रूप को आश्चर्य और गर्वित भाव से देखते नजर आये। डिप्टी कमाण्डेंट जेएस चैहान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य अर्द्धसैनिक बल के सैनिकों का आम जनता से सीधा जुड़ाव करना है । ष्एक भारत.श्रेष्ठ भारतष् के अन्तर्गत देश के नागरिकों में यह संदेश पहुँचा रहे हैं कि सैनिक सीमा के साथ.साथ आमजन के बीच भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं । इसी क्रम में ब्रास बैण्ड ने ष्एक शाम.शहीदों के नामष् जनता के बीच आकर मनायी है ।

# क्षमता को सीमा ने बांधें: मनोज मुन्तशिर




**लखनऊ।** हिंदी सिने जगत के प्रसिद्ध गीतकार और पटकथा लेखक श्री मनोज मुन्तशिर आज गोमती नगर स्थित श्रीराम ग्लोबल स्कूल के शिक्षकों से रूबरू हुए । बाहुबली के संवाद और तेरी गलियाँ, तेरी मिट्टी में मिल जावां जैसे गीतों से प्रसिद्धि के शिखर को छूने वाले श्री मनोज मुन्तशिर का नाम किसी परिचय का मोहताज़ नहीं है।दो बार प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित मुन्तशिर सुल्तानपुर में एक पुरस्कार समारोह में शिरकत करने के लिए उत्तर प्रदेश आये थे। श्रीराम ग्लोबल स्कूल के शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह सन्देश दिया कि अपनी क्षमता को सीमा में नहीं बाँधना चाहिए बल्कि उससे आगे जाने का प्रयास करना चाहिए तथा उन्होंने यह भी कहा कि वे आशा करते हैं कि श्रीराम ग्लोबल स्कूल लखनऊ अपने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता और प्रतिभा की सीमा स्वयं निर्धारित करने हेतु प्रेरित करेगा। साथ ही उन्होंने विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती दीपिका के गीत एवं श्रीमती जयंती के वक्तव्य की भूरी.भूरी सराहना की।सम्पूर्ण विद्यालय परिवार उनके आगमन से उत्साहित था।

इंसानियत हुई शर्मसार...

# पहले गैंगरेप, फिर विवाहिता को जिंदा जलाने का किया प्रयास

● मिश्रिख कोतवाली इलाके में हुई वारदात से मचा हड़कंप

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**मिश्रिख इलाके** में इंसानियत को शर्मशार करने वाली एक वारदात से पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। वहशी दरिंदों ने ऋषि मुनियों की धरती को कलंकित कर दिया। पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद ससुराल से मायके जाने को निकली एक विवाहिता को पहले ठेलिया चालक ने शरण दी और फिर अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ अपने घर पर गैंगरेप किया। यही नहीं उसे जलाने का भी प्रयास किया गया। किसी तरह महिला उनके चंगुल से छूटकर भागी और खेत में छिपकर अपनी जान बचाई, सुबह होने पर



मिश्रिख-घटना के बाद अस्पताल में मौजूद पुलिस बल

दूसरे गांव के लोगों ने उसे तन ढकने के लिए कपडे दिए और पीडिता ने अपने मायके फोन कर आप बीती बताई। मायके वालों ने पहुंचकर उसे सीएचसी मिश्रिख पहुंचाया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस को हुई, हडकंप मच गया, आनन फानन एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ मिश्रिख एमपी सिंह, कोतवाल मनोज कुमार यादव, संदना एसओ राम नरेश यादव आसपास की पुलिस ने पहुंचकर सनसनीखेज हुई वारदात की कडियों को जोडना शुरू किया और फिर शुरू हुआ, अपराधियों का नाम और ठिकाना पता लगाने का दौर। शाम होते-होते पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह भी मौका-ए-वारदात पर पहुंच गए, हालांकि इस गंभीर घटना पर पुलिस का कोई भी अधिकारी कुछ भी बताने से बचता रहा। पीडिता का इलाज करने वाले मिश्रिख सीएचसी के डॉक्टर भारती के मुताबिक पीडिता 30 प्रतिशत जली है।

### पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया

पुलिस के मुताबिक इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। पीडिता की ससुराल संदना थाना इलाके में जबकि उसका मायका थाना कमलापुर इलाके में होना बताया जा रहा है। घटना गुरूवार रात की होनी बताई जा रही है, बताते हैं कि रात में ही किसी तरह बहशी दरिंदों के चंगुल से निकलकर खेत में जाकर छिप गई। अब सवाल यह उठता है कि हवस के भूखे दरिंदों ने गैंगरेप करने के बाद क्या साक्ष्य मिटाने के लिए उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया, सोचनीय बात तो यह है कि एक सप्ताह के अंतराल में बलात्कार के मामलों में कोर्ट ने तीन अलग-अलग गंभीर सजाएं सुनाई हैं और पुलिस प्रशासन मिशन शक्ति अभियान चला रहा है, शोहदों को हिदायत देने के दावे किए जा रहे हैं मगर फिर भी बलात्कार जैसे संगीन अपराध सीतापुर में रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

---

आयोग की नई बंदिशों ने बढ़ाई दावेदारों की मुश्किलें...

# चुनाव आयोग ने तय कर दी चुनाव में खर्च की राशि

संवाददाता। सीतापुर

**गांव की** सरकार चुनने के लिए पंचायत चुनाव में बेतहाशा खर्च किया जाता है। इस चुनाव में वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए भोज से लेकर जाम तक छलकाए जाते हैं, मगर चुनाव आयोग ने चुनाव में खर्च को लेकर नई गाइड लाइन जारी कर दी, आयोग की नई बंध्दिशों के चलते दावेदारों के सामने चुनाव प्रचार को लेकर चुनौती खड़ी हो गई। इससे उनके सामने अभी से ही चिंता सताने लगी है, वो तय राशि में यह सब कैसे मैनेज करेंगे। लिहाजा, प्रत्याशी भी इसकी काट खोजने में जुट गए हैं। इस बार प्रधान के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्योशी सिर्फ75 हजार रुपये खर्च कर सकेंगे। बीडीसी 75 हजार, वार्ड मेंम्बर 10 हजार, जिला पंचायत सदस्य 1 लाख 50 हजार, ब्लॉहक प्रमुख दो लाख, जिला पंचायत अध्यक्ष पद को 4 लाख तक खर्च करने की अनुमति दी गई है। आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक, चाहे प्रधानी या फिर पंच, बीडीसी, ब्लॉक प्रमुख




और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कोई भी पद हो, सभी को चम्मच से लेकर कुर्सी और दरी तक का हिसाब देना पड़ेगा। आयोग के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी खर्च की सीमा लागू कर दी गई है। कोई भी प्रत्याशी सीमा से ज्यादा खर्च नहीं कर सकेगा, अगर ज्यादा खर्च करते हैं तो लिखित जवाब के साथ खर्च का हिसाब देना होगा। नामांकन के दौरान रिटर्निंग अफसर प्रत्याशी को इस बाबत जानकारी देंगे।

---

# निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की डीआरएम ने परखी हकीकत

● रेलवे प्लेटफार्म यार्ड समेत माल गोदाम पर चल रहे निर्माण कार्यों को पूरा करने के दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर दौरे** पर आईं पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ की प्रबंधक मोनिका अग्निहोत्री ने शुक्रवार को रेल परियोजनाओं का लिया जायजा। मुआयने में उन्होंने रेलवे प्लेटफार्म यार्ड समेत थामसनगंज गोदाम में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूरा करने के भी दिए निर्देश सभी निर्माण निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शी बनाए जाएंए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होगी बर्दाश्तए उनका यह दौरा पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक वीके त्रिपाठी के पांच मार्च को प्रस्तावित सीतापुर दौरे के मददेनजर था। शुक्रवार को स्पेशल ट्रेन से पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ की डीआरएम मोनिका अग्निहोत्री सीतापुर


सीतापुर-निरीक्षण करतीं डीआरएम

पहुंचीए यहां पर उन्होंने सीतापुर जंक्शन प्लेटफार्म यार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। बाद में उन्होंने रनिंग रूम में जाकर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद डीआरएम वहां से सीधे थामसनगंज मालगोदाम गईए जहां पर उन्होंने मालगोदाम पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी कार्यों को समय से पूरा करने की नसीहत दी। मुआयने के बाद डीआरएम स्पेशल ट्रेन पर सवार होकर यहां से बुढ़वल को रवाना हो गईं। निरीक्षण में डीआरएम के साथ सीतापुर जंक्शन के अधीक्षक एके शुक्ला जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता आदि रेलवे अधिकारी उपस्थित थे।

---

इंडियन प्रो. म्यूजिक लीग में सीतापुर की बिटिया प्रियांशी श्रीवास्तव का करिए सपोर्ट...

# 'सीतापुर' के संगीत घराने की बिटिया 'बिखेरेगी जलवा'

● आज से हर शनिवार और रविवार को सीतापुर की बिटिया का देखिए धमाल

● सलमान खान के शो में सिने कलाकारों के बीच लिटिल चौम्स, द वाइस किट्स की चौंपियन प्रियांशी करेंगी मुकाबला

संवाददाता। सीतापुर

**वर्ष 2011** में लिटिस चौम्स और 2016 में दि वाइस किटस का खिताब अपने नाम करने वाली सीतापुर के संगीत घराने की बिटिया प्रियांशी श्रीवास्तव अब इंडियन प्रो म्यूजिक लीग में आगामी 27 व 28 फरवरी से हर शनिवार और रविवार को 19 मई तक अपना जलवा बिखेरेगी। सलमान खान के इस शो में छह म्यूजिक टीमें भाग लेंगी। इससे पहले शो के बारे में और भी बहुत कुछ आप जानेए पहले उभरती गायिका प्रियांशी श्रीवास्तव का सीतापुर से क्या है जुडाव यह जानेंए प्रियांशी के बाबा कैलाश नाथ श्रीवास्तव


गीत गाती प्रियांशी श्रीवास्तव

नामचीन संगीतज्ञ थे और उन्होंने सीतापुर में संगीत की प्रतिभाओं को निखारने के लिए संगीत महाविद्यालय की शहर के जेल रोड पर स्थापना कीए संगीत को बढाने में दादी मीरा श्रीवास्तव ने बढचढकर योगदान दिया। अब प्रियांशी के पिताए संगीतकार ब्रजेंद्र नाथ श्रीवास्तव संगीत महाविद्यालय को संचालित कर रहे हैं और जिसमें उनकी धर्मपत्नी सारिका श्रीवास्तव भी सहयोग दे रही है। सीतापुर की संगीत विधाओं को आगे बढाने का काम कर रहे ब्रजेंद्र नाथ श्रीवास्तव के इस महाविद्यालय में संगीत की एमए तक शिक्षा दी जा रही है। वह बताते हैं कि वर्ष 1952 में उनके पिता कैलाशनाथ श्रीवास्तव को एक जिलाधिकारी लेकर सीतापुर आए गए। तब से वह सीतापुर में ही रच बस गए और संगीत के नगीनों को तराश कर निखारने का काम करने लगे। इस संगीत घराने में ब्रजेंद्र की बडी बिटिया प्रतीक्षा श्रीवास्तव ने वर्ष 2009 में अपनी गायकी का जादू तब बिखेरा थाए जब वह महज नौ साल की थी। प्रतीक्षा लिटिस चौम्स रह चुकी है। छोटी बिटिया प्रियांशी अब इस बार रियलिटी शो से अलग बहुत सारे आर्टिस्ट और सेलिब्रेटिस से लेकर बालीवुड सिंगर से जुडे इंडियन प्रो म्यूजिक लीग के शो में अपनी आवाज का जादू बिखेरेगी।

### प्रियांशी श्रीवास्तव प्रतिभागी इंडियन प्रो म्यूजिक लीग शो

सलमान खान के इस शो में श्रृद्धा कपूर गोविंदा रितेश देशमुख बाबी देओल कैलाश खेर शक्ति कपूर क्रिकेटर सुरेश रैना जैसी बडी हस्तियां जुडी हैं। इस शो में छह बडी टीमें भाग लेंगी जिनमें यूपी दबंग बंगाल टाइगर गुजरात राकर्स मुंबई वारियर्स दिल्ली धुरंधर पंजाब लायंस शामिल हैं। प्रियाशी ने सभी सपोर्ट और शुभकामनाएं चाही हैं, तो 'पायनियर' भी सीतापुर वासियों से यह अपील कर रहा है कि अपनी बिटिया को भरपूर प्यार दें ताकि वह इंडियन प्रो म्यूजिक लीग की चौंपियन बन सके।

---

# किसानों का नहीं तौला जा रहा गन्ना, परेशान

● बहादुरपुर सेंटर पर किसानों ने काटा हंगामा


मछरेहटा-बहादुरपुर सेंटर पर तौल न होने से नाराज किसान

**मछरेहटा सीतापुर।** देश मे एक तरफ किसान आन्दोलन चरम सीमा पर है। सरकार द्वारा लाया गया कृषि कानून राजनीतिक चर्चा का केंद्र बना हुआ है वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रो मे गन्ना किसानो की मुसीबत कम होने का नाम नही ले रही है। खेतो से लेकर फैक्ट्री तक गन्ना पहुंचाने मे किसान को बड़े पापड़ बेलने पड़ते है । संवाददाता ने रामगढ़ शुगर फैक्ट्री द्वारा संचालित मछरेहटा कांटा संख्या ''अ'' का जायजा लिया तो हकीकत सामने आई। बहादुरपुर के किसान दिग्विजय ने बताया कि लगभग छः दिन से उनका गन्ना सेन्टर पर है कोई तौल नही हो रही है। अहिदानव के बबलू ने कहा कि हम लोगों को रोज बेवकूफ बनाया जा रहा है। वहीं के रहने वाले विमलेश यादव ने बताया की फैक्ट्री से साधन उपलब्ध ना होने के कारण छः दिन से हम लोगों का गन्ना यहां सूख रहा है और जो पर्ची आई थी उसका छिला हुआ गन्ना खेत में सूख रहा है ऐसी स्थिति में हम लोग जाएं तो कहां जाएं इस सम्बन्ध मे जब रामगढ शुगर फैक्ट्री के जीएम (केन) पाठक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक दो दिन मे स्थिति सामान्य हो जायेगी ।

---

## क्विक न्यूज

### घर से निकली बालिका का आठ घंटे बाद नहर में मिला शव

● तालगांव के नयागांव नेवादा की रहने वाली थी मृतका, सदरपुर इलाके में शारदा सहायक नहर से बरामद हुआ शव

**महमूदाबाद सीतापुर।** सदरपुर थाना इलाके में शुक्रवार की सुबह शौच के लिए घर से निकली बालिका का शव आठ घंटे बाद शारदा सहायक नहर से संदिग्ध हालातों में बरामद किया गया है। 17 वर्षीया मृतका अंजलि द्विवेदी पुत्री कृपा शंकर थाना तालगांव के नयागांव नेवादा की रहने वाली थी। नहर में शव उतराता देख ग्रामीणों ने सदरपुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से षव को नहर से बाहर निकलवाया। मृतका की शिनाख्त के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एचटी लाइन में बांस टच करने से युवक की मौत

● मंदिर के सामने लटक रहे जर्जर विद्युत तार बने हादसे की वजह

● थानगांव थानाक्षेत्र के राजपुर क्योंटाना की घटना

**थानगांव सीतापुर।** थानगांव थानाक्षेत्र के राजपुर क्योंटाना की घटना, गांव में कोहराम मच गया। आपको बता दें, कि थाना थानगांव इलाके में राजपुर क्योंटाना निवासी कुलदीप षुक्ल के घर शुक्रवार को रामायण के अखंड पाठ का षुभारंभ होना था। पूरा परिवार इसकी तैयारियों में जुटा हुआ था। गांव का ही 25 वर्षीय सुधाकर मिश्र पुत्र रामचंद्र भी इसी तैयारियों में लगा हुआ था। कुलदीप के घर के सामने स्थित मंदिर के पास हाईटेंषन विद्युत लाइन के जर्जर तार काफी नीचे तक लटक रहे हैं। झंडा लगाने के दौरान इन्हीं एचटी तारों में बांस छूने से उसमें करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर सुधाकर बुरी तरह से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी महमूदाबाद ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोशित कर दिया। पुलिस ने षव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। उधर, हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया है। सीएचसी महमूदाबाद में युवक को डॉक्टरों ने घोषित किया मृत। मृतक सुधाकर मिश्रा पुत्र श्री रामचन्द्र मिश्रा उम्र 25 वर्ष राजपुर क्योटाना थाना थानगांव का है रहने वाला था।

### बढ़ती कीमतों को लेकर किया विधायक ने प्रदर्शन

● महमूदाबाद विधायक नरेन्द्र वर्मा ने भाजपा पर साधा निशाना

**महमूदाबाद सीतापुर।** क्षेत्रीय सपा विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने गैस की बढ़ती कीमतों पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होने रामकुण्ड चौराहे के पास नाले पर स्टॉल लगाकर नाले से गैस भरने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होने लोगो से पीएम मोदी की बातें मानकर आत्मनिर्भर बनने की बात कही। शुक्रवार की शाम विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ रामकुण्ड चौराहे पहुँचे। यहां उन्होने एक नाले के ऊपर पांच खाली सिलेण्डर रखवाये और नाले में पाइप डालकर सिलेण्डर भरने की कोशिश की। इस दौरान उन्होने सड़क से निकल रहे लोगो को बुलाकर उन्हें इस तकरीब के बारे में विस्तार से बताया और व्यंग्य करते हुए कहा कि देश के पीएम कह चुके हैं कि नाले की गैस से पकोड़ा तला जा सकता है। हम सबको उनकी बातों को मानना होगा। गैस की कीमतें बढ़ रही है। सरकार को कोसने से अच्छा है हम सब आत्मनिर्भर बनें और नाले से ही अपने अपने सिलेडर भरने की कोशिश करें। उन्होने कहा कि मुझे जानकारी हुई कि यहां के नालों में गैस निकल रही है और लोग सिलेण्डर भर रहे है तो मैं भी आ गया। अगर महमूदाबाद के नालों से गैस भर जाये तो हमारे क्षेत्र की तरक्की हो सकेगी। इस दौरान उनके साथ सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष ऋषिराज सिंह, उपाध्यक्ष डा. प्रतीक, नदीम अहमद, सरताज, शिवेन्द्र, आफताब, साकेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### आग बुझाने के प्रयास में झुलस गए दो ग्रामीण

● अग्निकांड में छह मकान जलकर हुए राख, साढे चार लाख की सम्पत्ति के नुकसान का अनुमान

**सीतापुर।** थानगांव थाना इलाके में अग्निकांड का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। षुक्रवार को हुए अग्निकांड में 6 घर जलकर राख हो गए और आग बुझाने के प्रयास में दो ग्रामीण भी झुलस गए। जिनका इलाज सीएचसी रेउसा में चल रहा है। सरैंया गांव में रहने वाले फूल सिंह यादव के घर षुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने रघुनाथ, गुलाबा, छोटकन्ने, संतोश और महदेई के मकानों को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कडी मषक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सभी 6 घरों की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। अफरा-तफरी के बीच आग बुझाने और गृहस्थी बचाने के प्रयास में आग से फूल सिंह और रघुनाथ झुलस गए। जिन्हें सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया है। अनुमान के मुताबिक अग्निकांड में साढे चार लाख की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बिसवां तहसील प्रषासन को दे दी है।

---

# वलीमा की दावत खाकर आधा दर्जन लोग हुए बीमार

● महमूदाबाद के भट्टा मोहल्ले में हुई थी वलीमा की दावत

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**महमूदाबाद में** दूषित भोजन करने से शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे सैकड़ों लोगों में लगभग आधा दर्जन से अधिक जनाती फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। एक के बाद एक करके जनाती बीमार होते चले गए। जिन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद लाया गया। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। जब इतनी संख्या में देर रात मरीज स्वास्थ्य केंद्र में आना शुरू हुए तो अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। आननकृफानन में जनातियों को अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वहां भी सभी के लिए जगह कम पड़ गई। दो जनातियों को एक ही बेड पर लेटाया गया। जहां इसी दशा में उनका उपचार किया जा रहा है। पूरा मामला थाना महमूदाबाद क्षेत्र के मोहल्ला भट्ठा से बादशाह की चौथी का वलीमा था। शुक्रवार दोपहर में आयोजित वलीमा में मोहल्ले के लोग भी आमंत्रित थे, जिन्होंने वलीमा खाया था। शुक्रवार रात वलीमा में शामिल मोहम्मद कलीम पुत्र सलीम निवासी महमूदाबाद की तबियत बिगड़ी तो उन्हें इलाज के लिए आनन फानन में सीएचसी लाया गया। जिसके बाद लगातार मरीज आते रहे। वलीमा में शामिल लोगों में बुजुर्गो व बच्चों की तबियत सबसे ज्यादा बिगडी। घटना को लेकर इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं सदरपुर से वलीमा में शामिल होने आये एक परिवार के लोग वहीं किसी प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। घटना की जानकारी पाकर तहसीलदार महमूदाबाद अशोक कुमार , सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद, कोतवाल अनिल पांडे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना तथा सभी को बेहतर इलाज की बात कही।

आपातकालीन सेवाओं में तैनात डॉ. अनवर का कहना है कि रात्रि करीब 11 बजे उनके पास पहला मरीज आया जिसके बाद धीरे धीरे फूड प्वायजनिंग का शिकार लोग काफी संख्या में आने लगे। डॉक्टर ने बताया सभी को अच्छे से दवाई दी गई है, हमारे लोग यहां पर मौजूद हैं। अब सबको राहत है। उन्होंने मरीजों की संख्या करीब 40 से 50 बताई है।

---

# शहीद कैप्टन मनोज पांडेय स्मारक का मुआयना करने पहुंचे सेना के अफसर

● परमवीर चक्र विजेता मनोज पांडेय के गांव में जल्द होगा प्रतिमा का होगा अनावरण

● शहीद के पैतृक गांव रूढ़ा में सेना ने बनवाया है स्मारक, लगाई गई है छह फिट की प्रतिमा

संवाददाता। सीतापुर

**कारगिल जंग** के महानायक परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडेय किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनके अदम्य साहस और वीरता का हर देश वासी ऋणी है। शहीद की जयंती और कारगिल विजय दिवस पर शासन-प्रशासन ने उनके पैतृक गांव सीतापुर के रूढा में बहुत कुछ करने की घोषणाएं जरूर कीं, लेकिन 21 साल से इस वीर सपूत के लिए ऐसा कुछ भी नहीं किया गया जिससे उनकी यादों को सहेजा जा सके। आखिर में सेना को आगे आना पडा और वीर शहीद के उस घर में उनका स्मारक बनवाया गया जहां उनका जन्म हुआ था। सेना के जवानों ने रूढा गांव में परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की 6 फीट की प्रतिमा बनवाई गई है। जिसका जल्द ही अनावरण होगा। शुक्रवार को सेना का एक हेलीकाप्टर कमलापुर चीनी मिल के मैदान पर उतरा उस पर मध्य कमान आर्मी के चीफके साथ सेना के अन्य अधिकारी और कर्मियों ने स्मारक स्थल पहुंचकर कराए गए कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान शहीद के भाई मनमोहन पांडेय और अमित पांडेय भी मौजूद रहे। ग्रामीण हेलीकाप्टर को देखने के लिए उमड पड़े और हर कोई यह जानने में जुट गया कि आखिर सेना की चहल कदमी क्यों है। हांलाकि सेना के अधिकारियों ने मीडिया को कुछ भी नहीं बताया लेकिन वह स्मारक स्थल




सीतापुर-रूढ़ा गांव में उतरा सेना का हेलीकाप्टर

से लेकर प्रवेश द्वार तक की लोकेशन लेते रहे जिससे ऐसे संकेत मिल रहे हैं, कि सेना के किसी बडे अधिकारी के द्वारा बहुत जल्द ही शहीद स्मारक स्थल पर लगाई गई परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। यह प्रतिमा करीब तीन माह में बनकर तैयार हुई है इसे सेना के जवानों ने गांव में रुककर बनवाया है। 'पायनियर' ने इस बारे में शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के पिता गोपीचंद पांडेय से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है कि प्रतिमा का कब और कौन लोकार्पण करेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें इतनी ही जानकारी है कि उनके गांव मध्य कमान आर्मी ऑफ चीफ आए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सेना के लोग आए थे और शहीद के चाचा कौशल किशोर से भी मिले। ग्रामीणों की मांग है कि कैप्टन शहीद मनोज पांडेय के नाम से गांव में स्कूल-कॉलेज या अस्पताल होना चाहिए।

### सरकारें देती रही सिर्फ आश्वासन

बताते चलें कि वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध फतह करने में 3 जुलाई को महज 24 साल की उम्र में अपनी जान न्यौछावर कर देने वाले परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडेय का जन्म 25 जून 1975 को रूढा में हुआ था। जब उनका पार्थिव शरीर सीतापुर लाया गया तो देश की खातिर बलिदान हो जाने वाले शहीद की गाथाओं को सुनाकर नेताओं जनप्रतिनिधियों ने शहीद की याद में बहुत कुछ करने की घोषणाएं की थीं। गांव में पार्क बनेगा शहीद स्थल का निर्माण होगा प्रतिमा स्थापित की जाएगी आदि आदि। लेकिन घडियाली आंसू बहाने वालों ने कुछ भी नहीं किया। तब से अब तक केन्द्र से लेकर प्रदेश में हर दल की सरकार आई लेकिन किसी ने भी शहीद का सम्मान करने की जरूरत नहीं समझी। तब देश की रक्षा करने वाली सेना ने अपने रणबांकुरे शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की बहादुरी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने उनके पैतृक गांव में शहीद स्थल का निर्माण कराया। शहीद के नाम और पहचान के रूप में रूढा गांव जाने वाले मुख्य द्वार पर एक गेट का सौन्दर्यीकरण पूर्व जिलाधिकारी अमृत त्रिपाठी ने एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान के सहयोग से कराया था।

# पलिया पहुंचे निदेशक, नागरिक उड्डयन एयर स्ट्रिप का किया निरीक्षण

## एयर स्ट्रिप के संचालन से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, संचालन हेतु जल्द तैयार होगी कार्ययोजना

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शुक्रवार को** मुख्यमंत्री के सचिव व निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग उप्र सुरेंद्र सिंह औचक रूप से पलिया पहुंचे। जहां उन्होंने राजकीय हवाई पट्टी पलिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व एसपी विजय दुल ने उनके जनपद आगमन पर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के सचिव व निदेशक, नागरिक उड्डयन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गत चार वर्षों में नागरिक उड्डयन की फील्ड में ऐतिहासिक काम किया। सरकार की मंशा है कि प्रदेश के कोने-कोने को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाए। सरकार का लक्ष्य हर डिविजनल हेड क्वार्टर को राजधानी से जोड़ना है। प्रदेश में ईको टूरिज्म व पर्यटन को विकसित करने के लिहाज से नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में विभिन्न कार्ययोजनाओं पर काम चल रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों का विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद की पलिया स्थित राज्य की हवाई पट्टी के जल्द ही दिन बहुरने वाले है। उन्होंने कहा कि पलिया राजकीय हवाई पट्टी को टूरिज्म के फैसिलिटेशन के लिहाज से विकसित करने के लिए आज का यह निरीक्षण किया है। पलिया राजकीय हवाई पट्टी पर कुछ सुविधाएं बढ़ाकर इस पर कमर्शियल ऑपरेशन किए जाएंगे। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि पलिया हवाई पट्टी उपयोग के लिए बिल्कुल तैयार है। दुधवा नेशनल पार्क-दुधवा टाइगर रिजर्व में पर्यटक को आकर्षित व सुगम सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एयर स्टिप के उपयोग करने की कार्य योजना जल्द ही तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मार्केट सर्वे के बाद इस हवाई पट्टी में कितना पोटेंशियल है यह तत्समय निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी विजय दुल, एसडीएम पलिया डॉ. अमरेश कुमार, सीओ संजय नाथ तिवारी सहित नागरिक उड्डयन के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जंगली हाथियों ने महिला को कुचला, हुयी मौत

**लखीमपुर-खीरी।** सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र व दुधवा नेशनल पार्क के इंडोनेपाल बॉर्डर पर स्थित सोठियाना रेंज की कैमा चौकी के पिलर संख्या 184 से लगभग दो किमीबी जंगल क्षेत्र के अंदर नेपाल जिला कंचनपुर थाना त्रिभवनबस्ती के गांव सितावस्ती गाम निवासी धाना देवी पत्नी लालबहादुर थापा लगभग 55 वर्षीय सुबह दुधवा पार्क क्षेत्र जंगल के अंदर लकड़ी लेने गयी थी।

जहां पर जंगली हांथियों ने नेपाली महिला पर हमला करते हुए कुचल कर मारडाला। सूचना पर मौके पर फारेस्ट टीम व सम्पूर्णानगर पुलिस के साथ डायल 112 व नेपाली पुलिस पहुंच गई। मृतका के शव को पुलिस ने परिजनों की मांग पर सौंप दिया। सम्पूर्णानगर हल्का इंचार्ज एसआई शिवकुमार ने बताया जंगली हांथियों के हमले हुई नेपाली महिला की मौत के बाद परिजनों व नेपाल पुलिस की मांग पर सौप दिया गया।

# पुलिस ने अपहृत युवक को किया बरामद

## एक अपहरणकर्ता गिरफ्तार, तीन दिन पहले हुआ था अपहरण, दो अभियुक्त जंगल का लाभ उठाकर फरार

**गोला-खीरी।** थाना कोतवाली गोला पुलिस ने तीन दिन पहले एक युवक का हुआ अपहरणकांड का पर्दाफाश कर अपहृत युवक को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को मौके से गिरफ्तार किया है जबकि दो घने जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार थाना गोला के ग्राम अल्लागंज से 23 फरवरी को सुबह आठ बजे शौंच जाते समय मनोज पुत्र स्व- बृज बिहारी का अपहरणकर्ताओं ने बलपूर्वक अपहरण कर लिया था और मोवाइल पर फिरौती की मांग की थी।पुलिस ने अपहरण को चुनौती के रुप में लेकर तलाश चालू की थी।पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला आरके वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने पुलिस टीम गठित कर अपहृत युवक को बरामद करने का निर्देश दिया था। पुलिस टीम ने अलीगंज रोड के सामने जंगल से अपहृत युवक मनोज कुमार को साकुशल बरामद कर मौके से अपहरणकर्ता ओमप्रकाश निवासी बढईपुरवा थाना खुटार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि प्रमोद कुमार निवासी बसैकापुर थाना मैगलगंज व महेश निवासी अमीरनगर थाना मोहम्मदी जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए।

## सपा जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**औरंगाबाद-खीरी।** समाजवादी पार्टी के लखीमपुर-खीरी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल यादव का सपा कार्यकर्ताओं के द्वारा माखन चौराहे, औरंगाबाद चौराहे पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।

माखन चौराहे पर विवेक यादव की अगुवाई में औरंगाबाद चौराहे पर मंजुराज यादव, रानू बाजपेई, अबरार मंसूरी के नेतृत्व में नवनियुक्त समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल यादव का भव्य स्वागत किया गया। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधानसभा कस्ता के पूर्व विधायक सुनील लाला, अजीत यादव, इंसान खान, रानू बाजपेई, अबरार मंसूरी, गुरविंदर व बेनिपाल सहित सैकड़ों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हजरत अली के यौमे पैदाइश पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**पैगंबरे** इस्लाम के दामाद और इमाम हुसैन के पिता शेरे खुदा के नाम से मशहूर हजरत अली की यौमे पैदाइश 13 रजब के दिन सभी लोगों ने उत्साह और जोश के साथ मनाया। सभी ने हजरत अली द्वारा किए गए कारनामा और उनकी जिंदगी में किये कामों को गिनाते हुये कहा कि हजरत अली ने दरे खैबर को दो उगलियों से उखाड़ने का बायका पेश किया। हजरत अली पैगंबरे इस्लाम के साथ जिस जग में गये, उसमें कामयाबी मिली। शिया कमेटी के अध्यक्ष मो. अब्बास नकवी ने कहा कि सुनकर अली का नाम जो चेहरे उतर गये, ऐसा लगा हुसैन के कातिल पकड़ गये। वहीं श्री नकवी ने कहा कि जिस खाने काबा में हम सभी हज करने जाते है, उसी में हजरत अली की पैदाइश 13 रजब को हुईएहम तो कूद पड़ते है। आग में अली कहके एबाज लोग हैदर के नाम से ही जलते है, हजरत अली को नुसहरी खुदा मानते है जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा हजरत अली अनेकों नाम से मशहूर है जैसे शेरे खुदा, मुश्किल कुशा, शाकिऐ कौशर, शहरे ईल्म का दरवाजा सहित अन्य मानो से पुकारा जाता है, वही गदीर के मैदान मे पैगम्बरे इस्लाम ने कहा जो मेरा है वो अली का है, यौमे पैदाइश के मौके पर जहा औरतो की महफिल इमामबाड़े में आयोजित की गयी। वहीं अनजुमने हुसैनिया ने भी महफिल का आयोजन कर हजरत अली के शान में कसीदे पढ़े और लोग एक-दूसरे के घर जाकर यौमे पैदाइश की मुबारकबाद दी। आज सभी के घर अच्छे-अच्छे पकवानो पर नजर अदा की गयी। इस मौके पर हसन नकवी, आलिम रजा, जमीर हसन, असलम रिजवी, भोला जैदी, जमन जैदी, अच्छन जैदी, इबबन रिजवी, अफजल जैदी, अली नकी, कुमैल नकवी, वहीद हसन, रानू जैदी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार आमिर रज़ा हुए सम्मानित

**लखीमपुर-खीरी।** विश्व मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय अवार्ड समारोह में लखीमपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार आमिर रज़ा पम्मी को कोरोना काल के दौरान बेहतर रिपोर्टिंग करने के लिए बेस्ट रिपोर्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# एसआरएमएस द्वारा रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र का शुभारंम्भ

संवाददाता। बरेली




**श्री राममूर्ति** स्मारक रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस वार्ता को एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने प्रेस को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र की स्थापना हिंदुस्तान की साझा विरासत को संजोने और पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से की गई है । हमारे प्रेरणा स्रोत और पूज्य बाबू जी स्वतंत्रता सेनानी , पूर्व मंत्री , स्वर्गीय राम मूर्ति का भारतीय कला और संस्कृति की ओर विशेष झुकाव था । उन्हीं से प्रेरणा लेकर रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र का लोकार्पण 8 फरवरी को किया गया । कथक गुरु जितेंद्र महाराज , अंतरराष्ट्रीय शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी और शब्बू मिया ने इसे बरेली को समर्पित किया । यह सेंटर बरेली में चुन्ना मिया और पंडित राधेश्याम कथावाचक द्वारा स्थापित गंगा जमुनी तहजीब की विरासत को संजोए रखने में मील का पत्थर साबित होगा । इसके माध्यम से युवा पीढ़ी के पास साझा विरासत को जानने ही साथ में शास्त्रीय नृत्य , शास्त्रीय और सुगम संगीत , नाट्य कला , ललित कला एवं रंगमंच की बारीकियों को सीखने का भी मौका मिलेगा ।आदित्य मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से ऋतुओं के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों और संस्कृति से लोगों को परिचित कराने के लिए रिद्धिमा में कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे । दिल्ली और लखनऊ की तरह बरेली के नाट्य प्रेमियों के लिए अगले माह मार्च में प्रत्येक शनिवार ड्रामा का मंचन किया जाएगा । जिसमें ख्याति प्राप्त नाटक कारों द्वारा लिखे गए ड्रामा का मंचन होगा । रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र की सेंट्र हेड डा.कविता अरोरा ने भी प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया । उन्होंने सेंटर द्वारा आयोजित पहले कार्यक्रम वसंतोत्सव और चित्रोत्सव की विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कहा कि दो दिवसीय चित्रोत्सव का आयोजन 26 से होगा । राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के रूप में आयोजित इस चित्रोत्सव का विषय फाल्गुन के रंग , जीवन के संग रखा गया है । चित्रोत्सव के लिए अब तक 50 से ज्यादा प्रतियोगियों ने पंजीकरण करवा लिया है । इसमें देश के प्रसिद्ध घरानों से संस्थान में शामिल हुए गुरुजनों की प्रस्तुतियां होंगी । मिडिया प्रभारी राघवेन्द्र उपाध्याय,आफिस अधिक्षक नीलम परवीन,रिसप्शनिस्ट दीपा अरारो, डांस सहायक रिया सक्सेना भी मौजूद रहे ।

# टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी विशेष गाड़ी का शुभारम्भ

**बरेली।** रेल, वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने वीडियो लिंक के माध्यम टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी विशेष गाड़ी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी विशेष गाड़ी के संचलन की बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्रीय जनता की मांग थी कि टनकपुर से देश की राजधानी दिल्ली जाने हेतु एक दैनिक गाड़ी चलायी जाये। इसे ध्यान में रखकर अति आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं सुरक्षित एल.एच.बी. कोचों से युक्त नई ट्रेन टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस के संचलन को स्वीकृति प्रदान की गयी। श्री गोयल ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से माँ पूर्णागिरी के दर्शन हेतु जाने के लिये एक सुगम्य साधन उपलब्ध हो गया है। इस गाड़ी के चलने से उत्तराखंड की जनता को दिल्ली जाने हेतु एक सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेगे। उन्होंने कहा कि आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिये रेलवे की आधारभूत संचरना को मजबूत करने के लिये व्यापक कदम उठाये गये हैं। दिल्ली से पीलीभीत तक का खंड विद्युतीकृत है तथा पीलीभीत से टनकपुर (62 किमी.) तक का विद्युतीकरण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के उपरान्त टनकपुर से दिल्ली तक सीधे विद्युत इंजन से गाड़ी चलायी जा सकेगी। मंडल रेल प्रबन्धक, इज्जतनगर श्री आशुतोष पंत ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर सुश्री नीतू ने कार्यक्रम का संचालन किया। कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए यह समारोह आयोजित किया गया।

# पुलिस ने चलाया एंटी रोमियो व वाहन चेकिंग अभियान



**बिंदकी (फतेहपुर)।** पुलिस द्वारा नगर के मुख्य चौराहे में एंटी रोमियो तथा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कई वाहन चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई जिसके चलते हड़कंप मचा रहा।

जानकारी के अनुसार सुबह नगर के मुख्य ललौली चौराहे में कोतवाली बिंदकी के एसआई मानसिंह तथा अकील अहमद के नेतृत्व में एंटी रोमियो तथा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया आ जा रहे तमाम लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस ने पूछताछ के बाद संतुष्टि होने पर उन्हें जाने दिया गया। इसके अलावा बाइक सवारों को रोककर जांच पड़ताल की गई। जिन बाइक में 2 से अधिक लोग बैठे थे। उन बाइक सवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। बाइक के कागजात देखे गए जिन बाइक में का ज्यादा अधूरे थे रजिस्ट्रेशन नहीं था या बीमा नहीं या फिर बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाया था। ऐसे बाइक सवारों पर कानूनी कार्रवाई की गई। इसके चलते हड़कंप मचा रहा। इस कार्रवाई के दौरान कोतवाली कांस्टेबल लोकेंद्र तोमर, रविंद्र कुमार, ऋषभ मिश्रा, महिला कांस्टेबल पूजा यादव, कृष्णा देवी तथा दिव्यांगना देवी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने प्रस्तावित परिव्यय को किया अनुमोदित

## प्रदेश के प्रथम एमएनसीयू, एसएनसीयू का फीता काटकर किया उद्घाटन

संवाददाता। फतेहपुर




**आबकारी मंत्री** राम नरेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2021-22 जिला योजना समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। प्रभारी मंत्री को जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति रणवेन्द्र प्रताप सिंह धुन्नी सिंह, कारागार एवं लोक सेवा प्रबधंन जय कुमार सिंह जैकी को मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, विधायक सदर विक्रम सिंह जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्रा, विधायक बिन्दकी को सीएमओ, विधायक अयाह शाह को वनाधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

प्रभारी मंत्री ने जिला योजना की समिति के सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि आज जो जिला योजना प्रस्तावित थी वह जनपद के विकास के लिये अनुमोदित की गयी है। इस योजना से जनपद का चौमुखी विकास होगा और प्रदेश सरकार के अन्त्योदय का सपना साकार होगा। उन्होने अधिकारियों से कहा कि जनपद के उत्थान के लिये पुन: प्रयास करना होगा जो धनराशि अनुमोदित की गयी है, के सापेक्ष मिलेगी उसका सदोपयोग करके विकास कार्यो में लगाया जाय। उन्होने कहा कि जनपद के सहयोग के लिये अधिकारी के रूप में नही आता हूॅ मेरा उद्देश्य है कि जनपद विकास के रास्ते पर चले और अपनी अच्छी पहचान बनाये। हमने एक अच्छी जिला योजना का प्रस्तुतीकरण किया है जिसमें जनपद का चौमुखी विकास होगा। इस दौरान विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, विधायक बिन्दकी करन सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा प्रमोद द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्रा, पीडी एके निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, ईओ नगर पालिका परिषद, जिला सूचना अधिकारी आरएसवर्मा, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, पीडब्लूडी, जल निगम एवं जिला योजना समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहें। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री के कर कमलों द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में प्रदेश के पहले एमएनसीयू, एसएनसीयू का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 गोपाल महेश्वरी, मुख्य चिकित्साधीक्षिका महिला डॉ0 रेखा रानी आदि उपस्थित रही। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महिला चिकित्सालय ने बताया कि जनपद कि आबादी लगभग 26.03 लाख है, में 45 हजार बच्चे प्रतिवर्ष जन्म लेते है जिनमें लगभग 2000 बच्चे एक वर्ष की आयु के पूर्व एवं लगभग 800 जन्म लेने के 24 घण्टे के अन्दर विभिन्न कारणों जैसे-ठण्डा बुखार, श्वांस लेने में परेशानी, इंफेक्शन आदि से मर जाते है जिसमें से अधिकांश बच्चों को बचाया जा सकता है।

# क्विक न्यूज

## दो माह से सीएचसी में नहीं है एंटी रैबीज इंजेक्शन

**मितौली-खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने वाले मरीज दर-दर भटकने को मजबूर है। बताया जाता है कि दो माह से अस्पताल में एंटी रेबीज के इंजेक्शन नहीं हैं। इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल के लगाकर चक्कर लगा रहे मरीज मायूस होकर बैरंग लौटने को मजबूर हैं। सूबे की सरकार जहां अस्पतालों में दवाइयों की कमी नहीं होने का वादा करती है और मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसलिए दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मितौली में लगभग दो माह से एंटी रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध न होने के कारण मरीज अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सूत्रों की माने तो मेडिकल पर यही इंजेक्शन 350 से 375 रुपये का लगवाने के लिए मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस बावत जब मुख्य चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की गयी तो उन्होंने बताया कि इस समय राज्य से एंटी रैबीज कम मिल पाते हैं, जैसे ही हमें प्राप्त होंगे, तत्काल अस्पतालों में उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इधर सबसे बड़ी बात यह है कि प्राइवेट दवा दुकानदारों के पास इंजेक्शन आसानी से ऊंची कीमतों पर उपलब्ध तथा सरकारी संस्थाओ में एंटी रैबीज का टोटा क्यों, यह विचारणीय बिंदु है।

## कच्ची शराब को लेकर युवाओं को किया जागरूक

**मोहम्मदी-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर आबकारी विभाग के नेतृत्व में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अबैध कच्ची शराब की रोकथाम के लिए जागरूक अभियान रेहरिया चौकी के ग्राम साहबगंज में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं धरोहर संस्कृति दल की ओर से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

## बलात्कार मामले में कोर्ट ने फिर से दिए जांच के आदेश

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली मे 8 सितंबर 2019 को चर्चित बलात्कार सहित अन्य धाराओ मे एक शाहजहांपुर की महिला द्वारा मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना क्राइम ब्रांच हरदोई कर रहा था। मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। वादी द्वारा उच्च न्यायालय मे अपील की गई। जिसमें एसीजेएम लखीमपुर ने कोतवाली मोहम्मदी को 20 फरवरी 2021 को फिर से विवेचना के आदेश दिऐ है। 23 मार्च तक विवेचना कर न्यायालय मे प्रस्तुत करने के आदेश दिऐ हैं। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर की एक पीड़ित महिला व सिपाही की पत्नी रंजीत कौर द्वारा न्यायालय में क्राइम ब्रांच हरदोई के माध्यम से मोहम्मदी कोतवाली में दर्ज कराई गई। 8 अक्टूबर 2019 को विपक्षी ओमप्रकाश तिवारी एडवोकेट के खिलाफ बलात्कार सहित चाय में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर गलत काम करने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। क्राइम ब्रांच हरदोई ने विवेचना कर मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाकर न्यायालय को प्रस्तुत की। जिस पर न्यायालय द्वारा 20 फरवरी 2021 को कोतवाली मोहम्मदी को 23 मार्च 2021 तक फिर से विवेचना कर आख्या कोर्ट में तलब की गई है। गौरतलब है डेढ़ वर्ष पूर्व प्रार्थिनी द्वारा एक जमीन के मामले में अधिवक्ता के घर गई थी जहां पर अधिवक्ता द्वारा जोर जबस्ती कर अश्लील हरकतों के साथ बलात्कार करने की बात सामने आई थी।

## दिल्ली के लिए उड़ान को शेड्यूल दोबारा जारी

**बरेली।** बरेली से दिल्ली के लिए शुरू होने वाली उड़ान का दोबारा शेड्यूल एलायंस एयर ने जारी किया है। बरेली से दिल्ली का किराया 1954 रुपये होगा। बरेली से दिल्ली के लिए पहली उड़ान की बुकिंग गुरुवार से शुरु हो गई है। वही एक बुकिंग काउंटर एयरपोर्ट पर बनाया गया है। हालाकि अभी वह शुरु नहीं हो पाया है। अभी सिर्फ उड़ान के लिए ऑनलाइन ही बुकिंग होगी। एलायंस एयर बरेली से दिल्ली के लिए उड़ान आठ मार्च से शुरु करने जा रही है। उड़ान सप्ताह मे चार दिन यात्रियो के लिए उपलब्ध रहेगी। उड़ान बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध रहेगी। पहली उड़ान दिल्ली से बरेली के लिए आठ मार्च को आएगी। इसके बाद दस मार्च से यात्रियो के लिए चार दिन नियमित रूप से उड़ान संचालित की जाएंगी।

## नशेड़ी पति से आजिज महिला ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के दतौली गांव में पति-पत्नी के आपसी कलह के चलते सोनी देवी पत्नी रतीलाल पासवान 30 वर्ष ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर छत के हुक से फाँसी लगाकर जान दे दी। जबकि मृतका का 8 वर्षीय नौनिहाल पुत्र की मोह माया भी महिला के इस कदम को नहीं रोक सकी। सोनी देवी की शादी की तकरीबन 10 वर्ष पूर्व असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। कुछ दिन तक तो इनका वैवाहिक जीवन सुखमय कटा परंतु शादी के दो वर्ष बाद सन्तान हो जाने पर दोनों का विवाद आपस में गहराने लगा। महिला के पिता की माने तो उसका पति आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता रहता था। जिससे आजिज होकर उसने अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा का विच्छेदन के लिए भेजा। ललौली एसओ संदीप तिवारी ने बताया कि दतौली गांव का एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के उपरांत ही विधिक कार्रवाई संभव होगी।

## ट्रैक्टर पेड़ से टकराया, एक की मौत, तीन घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मोहनियापुर मोड़ के समीप गुरुवार की देर शाम अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पेड़ से टकराकर पलट गया। जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रामखेलावन 18 वर्ष पुत्र धरम वीर ट्रैक्टर चालक सत्तू यादव निवासी दूरीपर पूसू अनिल के साथ ट्रैक्टर में बैठकर काम से जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही ट्रैक्टर मोहनियापुर मोड़ के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गया। जिसमें चारों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां धर्मवीर की हालत गंभीर होने पर सरकारी अमले द्वारा जिला चिकित्सालय भेजा। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने धर्मवीर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चकेरी में संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 25 वर्षीय एक युवक की हालत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव को लेकर वापस अपने घर चले गए। जानकारी के अनुसार चकेरी गांव निवासी सुरेश के पुत्र सुखराज की गुरुवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाएं। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस अपने गांव ले गए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## मार्ग दुर्घटनाओं में तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी राम कुमार का 35 वर्षीय पुत्र मान सिंह आज सुबह मोटरसाइकिल से चौडगरा किसी काम से जा रहा था जैसे वह सौंरा के समीप पहुंचा तभी अचानक सड़क पार कर रहे युवक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक पलट गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के टिकरी मनौटी गांव निवासी कल्लू का 25 वर्षीय पुत्र नरेश कुमार मोटरसाइकिल द्वारा किसी काम से जा रहा था जब वह जोनिहां रोड पर पेट्रोल पम्प के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। जबकि शहर क्षेत्र के मोहल्ला अरबपुर निवासी मुश्ताक अहमद का 50 वर्षीय पुत्र इश्तियाक अहमद आज दोपहर मोटरसाइकिल से नुरुल हुदा किसी काम से जा रहा था जैसे ही वह लखनऊ बाईपास हाईवे पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## पहली मार्च से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**बिंदकी (फतेहपुर)।** आगामी 1 मार्च से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन ठीक से निभाए ताकि संचारी रोग पर नियंत्रण किया जा सके। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई। जिसमें यूनिसेफके पदाधिकारी अजय प्रताप सिंह तथा बीएचडब्ल्यू अमृता सिंह ने मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आगामी 1 मार्च से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू जैसे संचारी रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किस कारणों से यह बीमारियां होती हैं उनके बचाव के उपाय क्या हैं और इन रोगों का इलाज किस प्रकार किया जा सकता है। इस मामले में यूनिसेफके अधिकारी ने बताया कि आगामी 1 मार्च से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई है। जिसमें उन लोगों को समझाया गया है कि वह क्षेत्र में जाकर लोगों को संचारी रोग से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दें लोगों को समझाएं कि एक जगह पानी एकत्र ना होने दें घरों के आसपास जहां भी गड्ढे हो पानी भरा हो उन में मिट्टी डाल दें नालियों की सफाई होती रहनी चाहिए। इसके अलावा घरों में मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। इस मौके पर बीएचडब्ल्यू ने भी मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजना संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि लोगों को जागरूक कर इस रोग से बचाया जा सकता है क्योंकि यह रोग से बीमार होने वाला व्यक्ति कई दिनों तक बीमार रहता है और जानलेवा भी हो जाता है इसलिए संचारी रोगों से बचाव बहुत जरूरी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 159 जोड़े एकदूजे के हुए

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया सौम्या पांडे की निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत जनपद में 159 जोड़ो का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इको पार्क में 39 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे 37 हिन्दू व दो मुस्लिम जोड़े उपस्थित रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में हिंदू जोड़ों का सात फेरों और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तथा मुस्लिम जोड़ो का निकाह रीति रिवाजो के साथ विवाह कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री जी की परिकल्पना अनुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर वधु के परिवार वालों हेतु बैंड बाजे की व्यवस्था के साथ.साथ अन्य चीजो की व्यवस्था भी की गई थी। 'विवाह कार्यक्रम को इको फ्रेंडली बनाए जाने हेतु' जिलाधिकारी महोदय एवम मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा 'प्लास्टिक का प्रयोग निषेध रखते हुए विवाह कार्यक्रम में मिट्टी के कलश का प्रयोग किया गया है'एसाथ ही मुख्य विकास अधिकारी महोदया 'सुश्री सौम्या पांडे जी द्वारा विवाह कार्यक्रम में समस्त जोड़ों को उपहार में तुलसी एवं सहजन का पौधा दिया गया' ताकि वे अपने घरों पर उनके विवाह के शुभ अवसर पर पौधे लगाकर वृक्षारोपण को भी बढ़ावा दे सकें। 'विवाह कार्यक्रम में जोड़ों हेतु एक सेल्फी प्वाइंट' भी बनाया गया था जिसमें सभी जोड़ों द्वारा फोटो सेशन भी किया गया। विवाह कार्यक्रम के साथ.साथ इको पार्क में मिशन शक्ति का भी प्रचार प्रसार किया गया जिसमें महिलाएं एवं बालिकाएं भी उपस्थित रही।इस अवसर पर माननीय राज्यमंत्री श्री अजीतपाल जीए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अविनाश सिंह एअन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवम कर्मचारी उपस्थित रहे।





## 26 जोड़े बंधे बंधन में

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें 28 जोड़ों में से 26 जोड़े पहुंचे। जिनका धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सामूहिक विवाह योजना के तहत रसूलाबाद में स्थित स्नेह लता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कॉलेज में 26 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा और एक दूजे के हुए हालांकि कार्यक्रम में 28 जोड़ों का पंजीकरण था।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंची क्षेत्रीय विधायक निर्मला संखवार ने वर.वधू को आशीर्वाद दिया व उनको उपहार भेंट किया। विधायक निर्मला संखवार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। जिसमें जो लोग आर्थिक तंगी के अपने बेटियों के हाथ पीले नहीं कर पाते थे वह भी अब सरकार के सहयोग से अपनी बेटियों की शादी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का नारा देकर प्रदेश में चौमुखी विकास करा रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वरदान से कम नहीं है। इसका लाभ पूरे प्रदेश में गरीब लोगों को मिल रहा है। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया। उपजिलाधिकारी अंजू वर्मा व अधिशासी अधिकारी संजय पटेल ने विवाहिता जोड़ों को आशीर्वाद देकर उन्हें वैवाहिक जीवन की बधाई दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ लिपिक अमित कुमारए एडीओ समाज कल्याण रसूलाबाद बृजमोहन वर्माए बब्बन शर्माए रामविलास त्रिपाठीएविजय सिंहए बृजेंद्र पालए राजेश बाबूए प्रत्यूष राजपूतएरामचन्द्र दोहरेए शिव शंकर दुबे सम्मी सिद्दीकी सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कानपुर-बांदा लाइन पर इंटरसिटी का संचालन फिर से शुरू

- लॉकडाउन के बाद से बंद चल रही थी इंटरसिटी
- फिर से संचालन शुरू होने से लोग खुश
- सांसद के प्रयास के चलते शुरू हुआ संचालन

**संवाददाता** घाटमपुर

**अकबरपुर** लोक सभा सीट के सासंद देवेन्द्र सिंह भोले के अथक प्रयास से करीब 11 माह से बन्द कानपुर चित्रकूट इंटर सिटी आज 26 फरवरी से फिर चलने लगी, इंटरसिटी के चालू होने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। दिन में करीब साढ़े 11 बजे कानपुर से चलकर कठेरुवा, पतारा, घाटमपुर और बरीपाल ( हमीरपुर रोड ) रेलवे स्टेशनों में ठहराव के बाद हमीरपुर जनपद के भरुवा सुमेरपुर स्टेशनों में कुछ छण रुकने के बाद बांदा जनपद से होकर चित्रकुट तक जाती है। आज शनिवार को माघी पूर्णमा के पर्व के एक दिन पूर्ब इंटरसिटी के चलने से कामता नाथ के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालु वहाँ जो के लिये बड़ी संख्या में लोग सभी स्टेशनों में भीड़ उमडती दिखी। मालुम हो कि भगवान कामता नाथ के दर्शन के लिये क्षेत्र के अलावा कानपुर देहात और फतेहपुर जनपद तक के हजारों लोग अमावस्या को चित्रकूट जाते-आते हैं। लंम्बे समय बाद फिर से इंटरसिटी चालू होने पर भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह, डा0 दिलीप पटेल, बरीपाल मंण्डल के महामत्री पुष्पेंन्द्र सिंह, संजय तिवारी बरीपाल, राजा सिंह राहा ने सांसद देवेन्द्र सिंह भोले का अभार ब्यक्त किया है।

# डीएम के आदेश से हटाया गया अवैध कब्जा



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**सिकंदरा** कस्बा के विकास नगर स्थित नगर पंचायत के नलकूप के पीछे गुरूवार को खलिहान की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सिंह के आदेश पर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी व कानून गो के साथ ही पुलिस की मौजूदगी मे नगर पंचायत की जेसीबी मशीन और कर्मचारियों द्वारा कब्जा हटाया गया । कस्बा के नगर पंचायत के विकास नगर के सभासद विकास कटियार ने जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सिंह को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कस्बा के विकास नगर स्थित नलकूप के पीछे खाली पडी गाटा संख्या 993 खलिहान की कीमती भूमि पर कस्बा के गांधी नगर निवासी अरसद अंसारी व रधुराज सचान ने झोपडी बना कर अवैध कर लिया है। वही खलिहान की भूमि पर हो रहे कब्जे को लेकर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी राजाराम व उपजिलाधिकारी रमेशचन्द्र यादव से की जाने के उपरान्त भी खलिहान की भूमि पर कब्जेदार अरसद अंसारी ने पक्का मकान बनवाने के लिए ईट और मौरंग डलवा ली है साथ ही बताया कि कस्बा के पक्के तालाब के समीप मुगलरोड के किनारे अन्य बंजर की कीमती जमीन गाटा संख्या 982 पर कस्बा के गांधी नगर निवासी उस्मान गनी द्वारा धीरे धीरे पक्का निर्माण किया जा रहा है।वही कानून गो नरेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने बताया कि गाटा संख्या 993 खलिहान की जमीन को लेखपाल तेजप्रताप सिंहए बसंत लालएसमीर शुक्ला थाना पुलिस की मौजूदगी मे नगर पंचायत की जेसीबी मशीन व कर्मचारियों द्वारा कब्जा हटवाया गया है । वही नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राजाराम व लेखपाल तेजप्रताप सिंह ने बताया कि पक्के तालाब के समीप गाटा संख्या 982 पर कब्जेदार का मामला कोर्ट मे विचाराधीन है ।फ़ोटो सहित खबर भेज दी है।

# भागवत कथा व रामकथा का आयोजन कल से

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के अकबरपुर रोड स्थित सॉई मण्डप में कल रविवार से श्रीमदभागवत कथा व रामकथा के साथ भजन सॅध्या का आयोजन का शुभारम्भ किया जायेगा। 7 दिवसीय इस आयोजन का विश्राम शनिवार को किया जायेगा। 7 मार्च को विशाल भण्डारा आयोजित किया जायेगा। अमृतमयी व मोक्षदायिनी भागवत कथा, रामकथा भजन सॅध्या के आयोजक विश्ववीर सिंह भदौरिया(पूर्व चैयरमैन स्व0 महेश सिंह भदौरिया के पुत्र) ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा परमपूज्य पं0 महेन्द्र जी मिश्र गरल पूर्व प्रधानाचार्य विधूना संस्कृत महाविद्यालय द्वारा उपस्थित भक्तों को श्रवण करायी जायेगी। रामकथा परमपूज्य पं0 राघव किंकर जी मानस आलोक द्वारा श्रवण करायी जायेगी। इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रख्यात आकाशवाणी छतरपुर के भजन गायक रविकान्त तिवारी होंगें भजन सॅध्या में अपनी चिरपरिचित शैली में भजनों की श्रॅखला पेश करेंगे। परीक्षित की भूमिका में पूर्व चैयमैन ब्रम्हलीन महेश सिंह भदौरिया की धर्मपत्नी शिवकुमारी भदौरिया होंगी। कथा आयोजक डा0 बृजेन्द्र सिह भदौरिया, मयॅक भदौरिया उर्फ अॅशू ने कस्बाई व क्षेत्रीय लोगों से कथा व भजन सॅध्या में पधारने की अपील की है।

# सेवक का स्थान स्वामी से भी ऊपर होता है: आर्चाय नवलेश

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**बालाजी** मॅदिर में आयोजित की जा रही श्री विष्णु महायज्ञ व रामकथा के विश्राम के अवसर पर चित्रकूट धाम से पधारे रामचरित मानस के प्रकाण्ड विद्वान ने हनुमान जी के भगवान राम से मिलन की कथा का मनोहारी व सॅगीतमय शैली में प्रभावी वर्णन कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर रूरा निवासी पूर्व अकबरपुर रनियॉ विस प्रत्याशी नीरज सिंह गौर ने आचार्य से आर्शीवाद ग्रहण किया। रामकथा आचार्य नवलेश जी महाराज ने बताया कि भगवान राम का हनुमान जी से मिलन ऋष्यमूक पर्वत पर मिलन हुआ था। भक्त और भगवान व सेवक एवं स्वामी का मिलन हमारी सनातनी परम्परा में हमेशा यादगार रहा है इसी प्रेरणा से आज भी लोग जितना भगवान राम का आदर व पूजन करते है उससे ज्यादा उनके सेवक हनुमान जी का ध्यान व अर्चन करते चले आ रहे है। हनुमान जी ने भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कॅधे में बिठाकर सुग्रीव से मिलवाया। सुग्रीव से भगवान राम की मित्रता करवाने के बाद सुग्रीव के शत्रु भाई महाबली बली का वध भी भगवान राम ने किया। माता सीता की खोज में हनुमान जब अशोक वाटिका पहुचे तब माता सीता भी हनुमान जी की सेवा से बेहद प्रभावित हुयी और माता सीता ने हनुमान जी को अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता की उपाधि से विभूषित किया। कथा के विश्राम के अवसर पर पूर्व अकबरपुर रनियॉ सपा प्रत्याशी नीरज सिंह गौर ने रामकथा आचार्य से आर्शीवाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह गौर, गोविन्द सिंह गौर गप्पू, आशीष गुप्ता मोनू, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, अशोक चौहान, अभिषेक पाण्डेय अपौना, पॅकज तिवारी, मयॅक गुप्ता तीती सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विष्णु महायज्ञ व कथा आयोजक गोविन्द सिंह गौर सप्पू भईया ने बताया कि आज शनिवार को पूर्णाहूति के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन बालाजी परिसर में किया जायेगा।

## डीएम ने लिया जायजा

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने ईको पार्क सामुदायिक भवन में पहुॅचकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए उप जिलाधिकारी अकबरपुरए राजीव राजए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुरए देवहूति पाण्डेयए जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि सम्बन्धित अधिकारियों निर्देशित किया गया कि दिनांक 26 फरवरी को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सभी तैयारिया पूर्ण रखें तथा किसी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाये तथा भव्य तरीके से शादी विवाह कार्यक्रम किया जाये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बैण्ड बाजेए टेण्टए सजावटए नाश्ताए भोजनए सैल्फी प्वाइंट आदि की व्यवस्था भी रहेगी। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ध्शिथिलता क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होनें कहा कि शासन द्वारा जो योजना के तहत सामग्री दी जानी है उसे पहले से ही रख ले तथा सभी को उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि होर्डिगए बैनर भी प्रचार प्रसार के लिए लगाये जाये। जिलाधिकारी ने कोविड.19 के गाइडलाइन का पालन करने के भी निर्देश दिये। वहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि दिनांक 26 फरवरी को जनपद में करीब 164 शादी होगी। जिसमें ईको पार्क में लगभग 37 जोडों की शादी की जायेगी। इस मौके पर भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक के पुत्र सहित आठ जुआरियों को पुलिस नें दबोचा

**फर्रुखाबाद।** आठ जुआरियों को पुलिस नें दबोच लिया। पुलिस नें उन्होंने गिरफ्तार कर बाद में निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

थाना पुलिस नें क्षेत्र के ग्राम हरसिंगपुर में प्रतिदिन की तरफ शुक्रवार को भी जुआ हो रहा था। जिस पर थाना पुलिस को मुखबिर नें सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने दविश देकर पूर्व सैनिक सुखदेव के पुत्र यशदीप, सत्य वीर पुत्र बोदिल सिंह, धीरेंद्र पुत्र राम अवतार, उमेश पुत्र शंकर, सिल्लू सिंह पुत्र पुतान सिंह, आलोक पुत्र राजवीर, चंदन शुक्ला पुत्र लक्ष्मी नारायण शुक्ला व शैलेन्द्र पुत्र चन्द्रिका बक्श को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस को फड़ पर 2 हजार की नकदी और तलाशी में 3100 रूपये के साथ ही साइकिल व ताश की गड्डी आदि बरामद हुआ है।

दारोगा दिलीप कुमार ने थाने के टॉप-10 अपराधी देवेन्द्र पुत्र जगुनाथ सिंह नगला माखन को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया ।

# नौकरी के लिए फर्जी अभिलेख लगाने में सात साल की सजा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार सिंह ने धोखाधड़ी व जालसाजी के मुकदमे में सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही छह हजार रुपये जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।साल 1991 में डाक सहायक पद की नियुक्तियां निकली थीं। इसमें औरैया जिले के थाना फफूंद के गांव पुरवा उदई निवासी गंगा प्रसाद ने आवेदन किया था। उन्होंने उत्तर माध्यमा परीक्षा 1986 व शास्त्री परीक्षा 1988 के अंक पत्र संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के लगाए थे। इन अभिलेखों की विश्वविद्यालय से जांच कराई गई।27 दिसंबर 1992 में कुल सचिव ;परीक्षा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी ने सत्यापन रिपोर्ट दी। इसमें गंगा प्रसाद द्वारा लगाए गए शैक्षिक अभिलेख विश्वविद्यालय से जारी होना नहीं बताए गए। डाक अधीक्षक फतेहगढ़ आरएस दोहरे ने गंगा प्रसाद के खिलाफ वर्ष 1993 में शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें नौकरी पाने को धोखाधड़ी व जालसाजी कर फर्जी शैक्षिक अभिलेख लगाने का आरोप लगया था।विवेचक ने जांच कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील व अभियोजन अधिकारी लक्ष्मीराज सिंह ने दलीलें पेश कीं। सुनवाई के बाद सीजेएम ने आरोपी को दोषी पाकर सजा व जुर्माने से दंडित किया है। जेल में बिताई अवधि सजा में समायोजित करने का भी आदेश दिया है।

## शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**फर्रुखाबाद।** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी लेखपाल का शस्त्र लाइसेंस जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया है। दो अन्य लोगों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। एक माह में शस्त्र बिक्री न करने पर मालखाने में जमा कराने के आदेश दिए गए हैं।फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र निवासी निलंबित लेखपाल बेटी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में एटा जेल में बंद है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने आरोपी की पिस्टल और डबल बैरल बंदूक का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

# ब्लाक प्रमुख नवाबगंज की फेसबुक आईडी हुई हैक

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश सचिव डा ॅजितेन्द्र यादव की पत्नी एवं जनपद के ब्लाक नवाबगंज की प्रमुख डॉ.अनीता रंजन की फेसबुक आईडी हैकरों ने हैक कर ली। हैकर फेसबुक से जुड़े लोगों से पैसे की डिमांड की जा रही है।शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख नवाबगंज डॉ.अनीता रंजन की फेसबुक आईडी किसी हैकर ने हैक कर ली। मामले की जानकारी तब हुई जब हैकर ने डॉण्अनीता रंजन के किसी करीबी से रुपये मांगे और उसने ब्लाक प्रमुख से सम्पर्क किया। प्रमुख समाजसेविका डॉण्अनीता रंजन ने अपील की है कि कोई भी व्यक्ति पैसे न भेजे। उनकी एफबी आईडी हैकर के नियंत्रण में है। ब्लाक प्रमुख के करीबी लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भी भेजी जा रही है।

## दिन भर जाम के हवाले रहा इटावा-बरेली हाई-वे

**फर्रुखाबाद।** मेला रामनगरिया समापन की ओर है जिसके चलते श्रद्धालु तेजी से गंगा स्नान करनें और मेला घूमनें के लिए आ रहे हैं। इसके साथ ही शुक्रवार को 26 फरवरी को माघ पूर्णिमा के चलते गंगा स्नान करनें वालों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई। जिससे इटावा-बरेली हाई-वे दिन भर जाम के हवाले बना रहा।शुक्रवार को श्रद्धालु ट्रैक्टर, निजी वाहन व बसों से गंगा घाट पंहुचे। जिससे सेन्ट्रल जेल चौराहा, मसेंनी, गंगा पुल पर जाम के हालात बने रहे। जाम कई किलोमीटर लम्बा लगा था। जिससे श्रद्धालु तेज धूप में परेशान रहे। कई जगह एम्बुलेंस को निकलने में काफी समय लगा। तो कही तो बाइक सबारों को काफी लम्बा इंतजार करना पड़ा। परेशान बाइक व कार सबार गलियों से होकर गन्तव्य तक पंहुचे। शनिवार को भी पूर्णिमा स्नान की और अधिक भीड़ रहेगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**सीडीओ की** अध्यक्षता पंचायत निर्वाचन हेतु आरक्षण को अंतिम रूप देने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई'

मुख्य विकास अधिकारी महोदया सौम्या पांडे की अध्यक्षता में सदस्य ग्राम पंचायतए ग्राम प्रधानए सदस्य क्षेत्र पंचायतए सदस्य जिला पंचायतए प्रमुख क्षेत्र पंचायत के आरक्षण तय करने हेतु शासन द्वारा दिनांक 11 फरवरी 2021 को जारी नवीन आरक्षण के संबंध में समस्त सम्बंधित अधिकारियो संग बैठक की गयी।बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है की आरक्षण की प्रकिया लगभग पूरी कर ली गयी है।सूचियो को अंतिम रूप दिया जा रहा ताकि समयबध्द तरीके से सूचियो का त्रुटिरहित अनंतिम प्रकाशन कराया जा सके।बैठक में महोदया ने सभी अधिकारियो को निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्य समयबध्द तरीके से पूर्ण करने के आदेश दिए।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण के संबंध में अति आवश्यक बैठक विकास भवन में आहूत की गई इसमें सभी संबंधित को निर्देश दिए गए हैं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण प्रक्रिया को पूरी पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से और शासनादेशों तथा जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत अधिनियम तथा संविधान की संगत धाराओं का पालन करते हुए समय बद्ध तरीके से और निष्पक्ष तरीके से पूर्ण कराया जाए यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी

# अतिक्रमण कारियों को खदेड़ने के बाद पालिका ने लगाना शुरु किया जुर्माना



**घाटमपुर।** नगर पालिका और पीएनसी के अधिकारियों द्वारा नगर के कानपुर और हमीरपुर रोड का फुटपाथी अक्रिमण हटवाये जाने के बाद भी चौराहे के चारो रोडों पर लगने वाली ठेलिया तथा दुकानदारों द्वारा समान रख कर अतिक्रमण करने से बाज नही आ रहे हैं जिसके चलते बीते कल यानी गुरुवार को फिर पालिका के अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ कानपुर रोड पर चौराहे से लेकर मंण्डी समिति तक सड़क के दोनों ओर कब्जा जमाये दुकानदारो और ठेलिया वालों को हटाया थां, लेकिन आज फिर दुकानदारों और ठेलिया वालें जमे दिखे जिसके चलते आज अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने पालिका का दस्ता लेकर निकले और सीमांकन के अन्दर सब्जी की दुकानें व ठेलिया वालों का चालन करना शुरु कर दिया तो हड़कम्प मच गया। दस्ते में सफाई प्रभारी सुधीर सचान, अशोक अवस्थी, कम्प्यूटर प्रभारी दीपक गुप्ता, प्रेमसिंह आदि भी मौजूद रहे, अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने चेतावनीदी है कि चलान करने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# विवाहिता ने लगाई फांसी

**घाटमपुर**-कोतवाली क्षेत्र के गांव भदरस में एक नव बिवाहिता का शव घर के अन्दर फॉसी पर लटका मिला, सूचना पर पंहुची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। उधर घटना के बाद पंहुचे मायके वाले हंगामा कर दहेज को लेकर फॉसी लगा कर मार डालने की तहरीर दी है। कानपुर देहात के गांव भतौली निवासी की पुत्री प्राची ( 22 ) की शादी भदरस निवासी राजन के साथ 9 फरवरी 2019 को हुई थी, बीती रात प्राची का शव फॉसी पर लटका मिला, शुक्रवार सुबह ससुराली जनों ने पुलिस को सूचना दी। फोरेंन्सेस टीम भी मौके पर पहुचकर साक्ष जुटाये। कोतवाली प्रभारी धनेश प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर ससुराली जनों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की बिबेचना की जा रही है।

## बाइकें भिड़ीं तीन घायल, दो हैलट रेफर

**घाटमपुर**-देर शाम स्टेट हाइवे 46 ( मूसानगर रोड) पर स्थित राहा मोढ़ के पास बिपरीत दिशा से आ रही दो वाइको के बीच सीधी टक्कर में तीन लोग घायल हो गये घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टरो ने बताया कि घायलों में कोतवाली के गांव किरांव निवासी केश कुमार व दूसरी वाइक की कानपुर देहात के गांव दयानक थाना सिकंन्दरा निवासी विद्या देवी को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रिफर कर दिया गया है जब कि दयानक की ही राधा को मामूली चोंटे आयी है जिसे उपचार के बाद घर जाने को कहा गया है।

# अपराधिक इतिहास वाले शास्त्र धारकों के लाइसेंस होंगे निरस्त



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा आगामी पंचायत चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। डीएम नें कहा कि अपराधिक इतिहास वाले शस्त्रधारकों का लाइसेंस निरस्त करनें की रिपोर्ट भेजें।डीएम नें निर्देश दिये कि सभी सीओ और एसडीएम अपने क्षेत्रों के चार.चार गांवों का दौरा करें। इसके साथ थानाध्यक्षो के साथ बैठक कर 107-16 की कार्यवाही बढ़ाई जाये। वहीं डीएम नें कहा कि अब तक जनपद में 657 लोगों को पाबंद किया गया है, जो आगामी चुनाव को देखते हुए बहुत कम है। इसके साथ ही उन्होंने संवेदनशील प्लस व अतिसंवेदनशील गांवों का दौरा करनें के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निरीक्षण में यह भी देख लिया जाए की किसी शस्त्रधारक का आपराधिक इतिहास है तो उसका शस्त्र लाइसेंस निरस्त्रीकरण की रिपोर्ट भेजें। उन्होंने कहा की पंचायत चुनाव के मानक के अनुसार ही शास्त्र लाइसेंस भी जमा कराए जाए। शस्त्र दुकानों का संयुक्त निरीक्षण कर जाँच करनें के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी विवेक श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप, एसडीएम सदर अनिल कुमार आदि रहे।

# शहर में अस्थाई अतिक्रमण पर प्रशासन की नजर टेढ़ी, गरजेगा बुलडोजर

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**उद्योग** बंधु की बैठक में डीएम मानवेंद्र सिंह के सामने व्यापारियों ने जाम की समस्या उठाई। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को अस्थायी अतिक्रमण हटवाने और ईओ को 15 दिन में ई रिक्शा के रूट तय करने और पार्किंग के बाहर खड़े होने वाले वाहनों को उठवाने के लिए वाहन खरीदने के निर्देश दिए।कलक्ट्रेट सभागार में हुई बंधु की बैठक में व्यापारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद भी जाम की समस्या बनी है। डीएम ने एएसपी व नगर मजिस्ट्रेट को अस्थाई अतिक्रमण भी हटाने के निर्देश दिए। ईओ नगर पालिका से कहा कि पार्किंग के बाहर खड़े वाहनों को उठाने के लिए गाड़ी खरीदें। डीएम ने ईओ से कहा कि शहर में चलने वाले ई.रिक्शा के रूट ;मार्गद्ध 15 दिन में तय करें। इसकी जानकारी मुझे भी दी जा। व्यापारियों शहर में बंदरों की समस्या भी बताई। डीएम ने ईओ को कार्रवाई करने के लिए कहा। साथ ही गोवंश छोडने वाले पशु पालकों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए।शहर में पॉलिथीन के उपयोग पर रोक लगाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को पॉलिथीन के थोक व बड़े व्यापारियों के यहां छापा मारकर जुर्माने वसूलने के निर्देश दिए। लोहिया अस्पताल में डॉक्टरों के समय पर न बैठने के मामले में सीएमओ डॉण्वंदना सिंह को निरीक्षण कर सुधार कराने के लिए भी कहाबिजली कटौती की शिकायत पर अधिशासी अभियंता को जेई पर कार्रवाई के लिए कहा। ओडीओपी योजना के कलक्ट्रेट में स्टॉल लगवाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी डॉण्राजेंद्र पैंसिया आदि मौजूद रहे।

## बयां किया दर्द

**फर्रुखाबाद।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम नौकरी संवाद् के अंतर्गत जिले में कायमगंज ब्लॉक के चिलौली पठान में सम्पन्न हुआ। संवाद के दौरान बेरोजगार युवाओं अपना दर्द बयां किया।

# मवेशियों ने गेहूं की फसल चौपट की

- गौशाला के तार तोड़ निकले जानवर
- कई गौवंश कटीले तारों में फंसकर हुए घायल, फसलों की रखवाली के लिये किसान कर रहे रतजगा



संवाददाता। कदौरा (जालौन)

**गौशाला** के तार व खम्बे तोड़कर निकले मवेसियो ने फसल बर्बाद कर दी तारों में फंस कर दो मवेसी घायल हो गए। क्षेत्र के ग्राम बरखेरा में बीती रात गौशाला में बंद लगभग दो दर्जन मवेशियों ने भूख और प्यास के चलते तार व खम्बों को तोड़कर गौशाला के बगल में स्थित गेंहू के खेत पर धावा बोलकर खड़ी फसल को चट कर डाला। गौशाला से निकले मवेशियों को खेत में घुसा देख खेत की रखवाली कर रहे किसानों में हड़कम्प मच गया और उन्होंने आनन फानन में मवेशियों को पकड़ कर कड़ी मशक्कत के बाद गौशाला में बंद किया। ताज्जुब की बात तो यह है कि खेतों में लहलहाती फसलों की रखवाली रतजगा करने को मजबूर हो रहे हैं।

किसान महेश ने बताया कि वह गौशाला के बगल में 9 बीघा खेत बलकट लिए हुए है। जिसमें उसने गेंहू की फसल बो रखी थी। बीती रात में अचानक गोशाला में बंद मवेशियों ने गौशाला के तार व खंबे तोड़ डाले और सारे मवेशी उसी के खेत में जा पहुचे और उसकी लगभग 1 बीघा से अधिक फसल बर्बाद कर डाली वही तारों में फंस कर दो मवेसी घायल भी हुए है। किसानों का आरोप है कि जब से ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हुआ है। तब से गौशालाओं का हाल बेहाल है। रात रात भर जाग कर किसानों को अपनी फसलों को बचाना पड़ रहा है। शिकायत करने पर अधिकारियों के कानों में जूं तक नही रेंगती है। इस संबंध में बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि टूटे तारो व खम्बो को सही करा दिया गया है इस तरह की पुनरावृत्ति दुबारा होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही होगी

# वित्त एवं लेखाधिकारी आदि पर मामला दर्ज

संवाददाता। चित्रकूट

**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आशीष कुमार सिंह बनाम आकाश गर्ग आदि के मामले में मामला दर्जकर थानाध्यक्ष को विवेचना के आदेश दिये हैं। शुक्रवार को जिला कचहरी के अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र के जरिये आशीष कुमार सिंह ने सीजेएम के समक्ष आवेदन किया कि आकाश गर्ग, कमलेश कुमार व शाखा प्रबंधक बैंक आफ बडौदा मऊ ने साजिश रचकर आवेदक को क्षति पहुंचाने की मंशा से प्राइवेट कम्पनी से अवैध इकरारनामा तैयार कर उसके खाते से 99 सौ रुपये वेतन पर्ची से काटकर कम्पनी के खाते में जुलाई 2017 तक 39600 रुपये की क्षति पहुंचाई है। पीड़ित ने कहा कि वह प्राथमिक विद्यालय हनुवा में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत है। वीआरएस फिनलिज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ऋणदाता का कार्यालय करवरिया गेस्ट हाउस पुरानी बाजार कर्वी में है। नौ मार्च 2017 को एक लाख 90 हजार रुपये पर्सनल लोन 1.85 फीसदी मासिक ब्याज की दर से उसके खाते बैंक ऑफ बडौदा में क्रेडिट कर दिया। बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी कमलेश कुमार ने अपने पद का दुरुपयोग कर आकाश गर्ग से साजिशकर उसे क्षति पहुंचाने की मंशा से ये काम किया है।

## विक्षिप्त को किया परिजनों के सुपुर्द

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना के नेवादा गांव के मजरा गुइयां के राकेश कुमार एड ने पुलिस को सूचना दी कि तीस वर्षीय एक महिला जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। काफी पूंछने पर अपना नाम गीता पत्नी रामपाल निवासी जंगल टिकारी थाना अमेठी जिला अमेठी पिता का नाम रामवरन पाल निवासी जंगल रामनगर अमेठी बता रही है।

## क्विक न्यूज

### खेत में मिला लापता किसान का शव

**बांदा।** लापता युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरे दिन खेत में बनी सूखी नाली से बरामद हुआ। उसके शरीर में जहां चोट के निशान मिले हैं। वहीं स्वजन ने वजह के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम नगलापुरवा निवासी विशाली प्रजापति का पुत्र मातादीन बुधवार शाम करीब 6 बजे घर से गांव स्थित मंदिर जाने को कहकर निकले थे। इसके बाद जब वह रात में घर नहीं लौटे तो स्वजन ने उनकी खोजबीन शुरू की। पूरी रात खोजने पर उनका कहीं कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उनका शव चंद्रभवन व छोटा यादव के खेत के बीच में बनी सूखी नाली में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी स्वजन व पुलिस को दी। मृत किसान के भाई रामधन्नी व बच्चा ने पुलिस को बताया कि वह अपने हिस्से की पांच बीघा जमीन में कृषि कार्य करने के साथ राजमिस्त्री भी थे। उनके दो बेटे व तीन बेटियां हैं। गले में जहां साफी लिपटी मिली है। वहीं आंख के पास गले व कंधे में चोट के निशान मिले हैं। इससे मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि उनकी किसी से गांव में कोई रंजिश नहीं है। इससे अभी अचानक उनकी मौत होने के बारे में कुछ समझ नहीं पा रहे हैं। घटना से पत्नी मुन्नी समेत अन्य स्वजन बेहाल हैं। थाना निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत होने की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### बियावल बालू घाट में हो रहा अवैध खनन

**चित्रकूट।** जिले का विवादित रहने वाले मऊ के बियावल बालू घाट अपने अवैध काले कारनामों के लिए कुख्यात है। खनन माफिया बालू खनन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। खनिज अधिकारी भी नाक के नीचे से राजस्व को चूना लगवाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। शुक्रवार को बियावल घाट के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के आरोप हैं कि खनन सीमा के बाहर खनन माफिया शाम होते ही छह बजे से पोकलैंड मशीनों समेत सैकड़ों ट्रकों को यमुना नदी के किनारे लगाकर सवेरे नौ बजे तक भारी तादाद में नदी से बालू भरते हैं। बालू निकालकर किनारे लगा देते हैं और सवेरे होते ही बालू निकालने वाले गड्ढों को जेसीबी से भर दिया जाता है।मऊ के बियावल घाट में ओवरलोडिंग के चलते हाल ही में एक बच्चे की मौत हुई थी, लेकिन अभी भी घाट संचालकों ने पोकलैंड मशीनों को नदी के किनारे लगा कर नदी की बीच धारा से बालू निकाल रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि सत्ता पक्ष की हनक में सफेदपोश नेताओं की हिस्सेदारी के अवैध खेल में सरकार को करोड़ों का चूना लगाकर अपनी झोली में हर दिन लाखों रुपये डाल रहे हैं। कल शाम बियावल घाट में चल रहे अवैध काले कारनामों को देखा गया। पहले भी इस घाट से एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसे प्रशासन ने यह कहकर नजरअंदाज कर दिया कि यह वीडियो इस घाट का नहीं है। अब नई वीडियो को लेकर एक बार सरकार और सिस्टम से लड़ने को तैयार है।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: अंकित मित्तल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने मास्क चेकिंग का तीस दिन का कोई भी अभियान नहीं चलाया है। न ही ऐसी कोई सूचना प्रसारित की गई है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के हवाले से मीडिया सेल के देवेन्द्र चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस मास्क चेकिंग का कोई भी अभियान नहीं चला रही है। कोई ऐसी सूचना भी नहीं प्रसारित की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान दें, जो भी इस प्रकार का भ्रम फैलायेगा, उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। कल की खबर का खंडन करते हुए ये बात कही गई है।

### खेत में मिली बच्ची को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया

**चित्रकूट।** पीआरवी 2037 थाना पहाड़ी पुलिस ने ममसी बुजुर्ग गांव से नवजात बच्ची को खेत से बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द किया। शुक्रवार को पीआरवी 2037 थाना पहाड़ी को ललित कुमार ने सूचना दी कि उसके खेत में एक नवजात बच्ची पड़ी है। पीआरवी ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर ललित कुमार से बात कर नवजात बच्ची को खेत में देखा। पीआरवी कर्मियों ने नवजात बच्ची को लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी पहुंचकर बच्ची को स्वास्थ्य केन्द्र से सकुशल सुपुर्दगी में लिया। पीआरवी स्टाफ ने दीवान कौशल किशोर, सिपाही वीरपाल व चालक मइयादीन शामिल रहे।

### श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पण अभियान का आज अंतिम दिन

**उरई ( जालौन )।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अयोध्या में बनने वाले भव्य मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पण अभियान अपने आखिरी पड़ाव की ओर चल रहा है। 27 फरवरी के वाद लोगों को प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में भागीदारी का मौका नहीं मिलेगा। 498 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद आये इस अवसर को लोग छोड़ना नहीं चाहते। यही कारण है कि निधि समर्पण अभियान में लगी टोलियां जहां भी जा रही है। वहां आमजन श्रद्धाभाव से समर्पण कर रहे है। आज एक साथ 184 लोगों ने अपनी श्रद्धा अनुसार समर्पण किया। यह अभियान 27 फरवरी तक चलेगा। उसके बाद ये अभियान समाप्त हो जाएगा। जिस किसी को समर्पण करना है वो 27 फरवरी के पहले समर्पण करें। निधि समर्पण अभियान के दौरान प्रमुख रूप से जिला प्रचार प्रमुख सुमित प्रताप सिंह, विनियन दुबे, कमल निरंजन, शिवेंद्र निरंजन, पप्पू कुशवाहा, शिवा सोनी, रत्नम दादु, लवी कैथेरी, अंकित निरंजन, सुधांशु अग्रवाल, नितेश थापा ने अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य की रसीद कटवाकर अपना समर्पण किया।

### कुल्हाड़ी व डंडों के हमले से दो युवक लहूलुहान

**बांदा।** जमीन के विवाद में पड़ोसियों ने युवक को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पिता ने शराब पिलाकर एक हजार रुपये व मोबाइल छीनने का आरोप लगाया। एक अन्य जगह उधार रुपये न देने पर महिला ने युवक को कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। थाने में दोनों घटनाओं की शिकायत की गई है। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया है।शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मवई निवासी अशोक का 16 वर्षीय पुत्र धरमपाल दोपहर में घर से पड़ोस में लगे हैंडपंप नहाने जा रहा था। रास्ते से पड़ोसी दो युवक उसे पकड़कर खेतों की ओर ले गए। वहां दोनों ने उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इससे शाम तक किशोर खेत में बेहोश पड़ा रहा। ग्रामीणों ने उसे बेहोश देखकर स्वजन को मामले की जानकारी दी। इससे स्वजन उसे खेत से उठाकर जिला अस्पताल ले गए। पिता ने पुलिस से बताया कि हमलावर पड़ोसी युवक के पिता उनका जमीन का विवाद चल रहा है। जिसके चलते उन्होंने अशोक को पहले जबरन शराब पिलाई है। बाद में पीटकर जेब में पड़े रुपये व मोबाइल छीन लिए हैं। एक अन्य मारपीट की घटना कालिजर थाना क्षेत्र के ग्राम चटपरा की है। वहां के 25 वर्षीय हरदौल राजपूत ने पुलिस को बताया कि पखवाड़ा भर पहले उसने गांव की चंद्रकली राजपूत से 200 रुपये उधार लिए थे। घटना के वह सुबह घर से साइकिल पर गुलाकी गांव अपनी मजदूरी का पैसा लेने जा रहा था। रास्ते में गांव की चंद्रकली राजपूत उसे रोककर अपने रुपये मांगने लगी थी। लौटकर पैसा देने को कहने पर महिला ने उसके सिर में कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है। घायल होने पर उसकी साइकिल भी छीन ली है। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर घायल युवक का डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

### घर के बाहर खड़ी डीसीएम चोरों ने की पार

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** माल उतार कर वापस बेवर जाते समय चालक तेराजाकेट जीटी रोड के किनारे घर के सामने डीसीएम खड़ी कर दी। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। सुबह जानकारी होने पर चालक ने डीसीएम स्वामी को जानकारी दी। जिस पर डीसीएम स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद मैनपुरी थाना बेवर के मोहल्ला काजी टोला निवासी आर्यन पुत्र बालकृष्ण द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम तेराजाकेट स्थित विद्यालय के सामने खड़ी उसकी डीसीएम को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता मौदहा रोडवेज बस स्टैंड



संवाददाता। मौदहा हमीरपुर

**जहां** राज्य सरकार अपने शासनकाल में किए गए विकास कार्यों का राग अलापते नहीं थक रही है तो वही आजादी के 74 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी जनपद हमीरपुर के मौदहा कस्बे का रोडवेज बस स्टैंड अपनी बिगड़ी हुई दुर्दशा में आंसू बहाता नजर आ रहा है। आपको बता दें कि सबसे रोचक तथ्य यह है आजादी के बाद से अब तक लगभग 74 वर्ष बीत जाने के बाद भी मौदहा रोडवेज बस स्टैंड एक किराए के भवन में स्थापित रहा है जिसकी आज जीर्ण शीर्ण व्यवस्था को देखकर तमाम रोडवेज बसों के चालक अपनी बसों को मौदहा रोडवेज बस स्टैंड में लाना लाना अपनी बदकिस्मती समझते हैं जिससे बसों के चालक अपनी अपनी बसों को लेकर सीधे बड़े चौराहे से मुख्यालय की ओर प्रस्थान कर जाते हैं हैंए और मौदहा विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचने वाले यात्रियों को सीधे रोडवेज बस स्टैंड ना जाकर बड़े चौराहे तक जाना पड़ता है जो कि कम आय वाले लोगों के लिए बड़े ही परेशानी की बात है लेकिन सत्ता में बैठे सत्ताधीशों को इस बात की जरा भी परवाह नहीं हैए की आम जनमानस को बसों के प्रति कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आपको बता दें कि मौजूदा समय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह जब भाजपा सरकार में परिवहन मंत्री पर काबिज हुए थे तो मौदहा क्षेत्र की जनता को यह पूर्णतया विश्वास था कि कहीं ना कहीं परिवहन मंत्री जी मौदहा के रोडवेज बस स्टैंड को एक नई दिशा देंगे और रोडवेज बस स्टैंड का जीर्णोद्धार हो सकेगा लेकिन तत्कालीन परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मौदहा क्षेत्र की जनता को सिर्फ और सिर्फ निराशा ही दीए क्षेत्र की जनता तत्कालीन परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को मौदहा कस्बे से जुड़ा हुआ एक जमीनी नेता मानती थी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम काशीपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हुई। विवाहिता के भाई ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा बहिन को प्रताड़ित करने एवं दहेज न मिलने पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की रात काशीपुरा निवासी नीरज देवी (40) पत्नी नरेंद्र बाबू अपने घर में सोई थीं। शुक्रवार की सुबह उनका शव कमरे में पड़ा मिला। नीरज के शव को देखते ही चीख पुकार मच गई। किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी कोतवाल आनंद सिंह व पुलिस फोर्स ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उधर, मायके से आए मृतका के भाई आकेंद्र साह ने पुलिस को बताते हुए आरोप लगाया कि उसके पिता बालाप्रसाद ने वर्ष 2006 में बहिन नीरज की शादी पर्याप्त दान दहेज देकर की थी। लेकिन मिले दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं हुए और 1 लाख रुपये अतिरिक्त की मांग करने लगे। रुपये न देने पर बहिन के साथ मारपीट शुरू कर दी। कई बार पंचायत लगवाने के बाद भी उनकी आदतों में सुधार नहीं हुआ। भाई का आरोप है कि बीती 21 फरवरी को उनकी बहिन को लाठी, डंडों से बुरी तरह मारा पीटा गया। जब उसे सूचना मिली तो उसने 22 फरवरी को बहिन नीरज को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे उरई फिर झांसी रेफर कर दिया। झांसी में इलाज के दौरान 24 फरवरी को ससुराल के लोग जबरन उसे काशीपुरा ले गए। भाई का आरोप है कि 25 फरवरी की रात ससुराल के लोगों ने मिलकर उसकी बहिन नीरज की हत्या कर दी।

# बढ़ रही महंगाई पर भाजपा सरकार का अंकुश नहीं: राशिद जमाल



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार बढ़ रही महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।शुक्रवार को ग्राम खाड़ेदेवर में कमालगंज ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी नें कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ तानाशाह भाजपा सरकार किसानों व्यापारियों एवं आम जनमानस की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। जनता का ध्यान बटाने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता संप्रदायवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में हो रही बढ़ोतरी को लेकर आम जनमानस त्राहि-त्राहि कर उठा है। फिर भी भाजपा की सरकार शाइनिंग इंडिया का सपना लोगों को दिखा रही है। उनके साथ मौजूद भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष एवं सपा नेता इरशाद अली ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों ही जनता की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आम जनता लगातार बढ़ रही महंगाई से त्रस्त है और भाजपा के लोग सिर्फ हवाई बातें कर वोटों का ध्रुवीकरण करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में यही जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। इस दौरान मोहसिन खान, रजाउल अली, ओमकार कुशवाह, दानिश अली, फहीम, चंदू, मोहसिन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## आपरेशन कायाकल्प के तहत अधूरे विद्यालयों में 15 तक कराएं काम पूरा

**बांदा।** परिषदीय विद्यालयों की ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सूरत बदली जा रही है। सीडीओ ने गुरुवार को मिशन प्रेरणा की समीक्षा की। 511 विद्यालयों के अपूर्ण पाए जाने पर 15 मार्च तक काम पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ हरिश्चंद्र ने विद्यालयों में शौचालय रैंप पेयजल वाल पेंटिग सहित अन्य बिदुओं के काम को लेकर जानकारी ली। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत पंचायत निधि कंपोजिट ग्रांट से किए जा रहे कार्य की 14 बिदुओं पर समीक्षा की। सभी खंड विकास अधिकारियों खंड शिक्षा अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत तकनीकी सहायक समंवयकों से प्रगति के बारे में विस्तार से पूछा। साथ ही अधूरे कार्यों को 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बीएसए हरिश्चंद्रनाथ ने बताया कि 1729 परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 283 विद्यालयों में हर बिदु पर काम पूरा हो चुका है। 278 विद्यालय 28 फरवरी तक पूरे हो जाएंगे। सीडीओ ने शेष 513 विद्यालयों को 15 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि पंचायत निधि से किए जा रहे कार्यों की निगरानी विद्यालय के अध्यापकों द्वारा की जाए। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जिला पंचायतीराज अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## इंडियन बैंक में पखवारे भर से ठप चल रहा लेनदेन का काम

**जालौन ( उरई )।** इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक बनने के बाद उपभोक्ता परेशान हैं। बैंक के स्थानीय शाखा में 2 सप्ताह से सर्वर की दिक्कत हो रही है। सर्वर न आने के कारण बैंक से लेन देन ठप्प है।इलाहाबाद बैंक का विलय पिछले वर्ष 1 अप्रैल को हो गया था। विलय हुए 10 बीत चुके हैं। इलाहाबाद बैंक के सर्वर इंडियन बैंक में मर्ज करने की प्रक्रिया 12 फरवरी से शुरू हुई थी तथा इसे 15 फरवरी तक पूर्ण होना था। सर्वर मर्ज होने की प्रक्रिया शुरू होने के पहले से 11 फरवरी से बैंक से लेन देन बंद हैं। इसके साथ ही साथ एटीएम कार्ड, आनलाइन फंड ट्रांसफर, चैक से लेनदेन समेत सभी काम बंद हैं। 2 सप्ताह से बैंक में लेनदेन बंद होने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। इंडियन बैंक में व्यापारियों के खाते होने के व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को परेशान उपभोक्ताओं तथा बैंक कर्मचारियों की बीच तू तू मैं मैं तक हो गयी तथा बैंक में मौजूद बागवान समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कर दी। बैंक के परेशान उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर जब एलडीएम अनुपम गुप्ता से बात की तो उन्होंने की चेन्नई में टीम लगातार काम कर रही है। हम लोग स्वयं परेशान हैं। उम्मीद है कि सर्वर की समस्या का समाधान जल्द हो जायेगा।

# मजदूर की संदिग्ध मौत, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम सहाव में मजदूरी कर रहे युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक के भाई ने मकान मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव में रामू गुर्जर के यहां मकान निर्माण का काम चल रहा है। गांव के दिलीप कुमार 40 वर्ष पुत्र शिवराम बाथम उनके यहां मजदूरी कर रहा था। मजदूरी करते समय अचानक वह जमीन पर गिर गया। उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई संतोष कुमार ने पुलिस को प्रत्यावेदन देकर रामू गुर्जर पर षड्यंत्र करके हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एस एस आई आनंद कुमार कुमार ने बताया कि मृतक के भाई की शिकायत मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चार दिनों से वृद्ध लापता

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलकपुरा से 4 दिनों से वृद्ध गायब है। पिता के गायब होने के कारण परिवार के लोग परेशान हैं। मलकपुरा निवासी 68 वर्षीय फूलशाह पुत्र भैरव मंगलवार की सुबह से गांव से गायब हो गये हैं। 4 दिन से गायब पिता की खोजने में परिवार के लोग परेशान हैं। वृद्ध के पुत्र अच्छे लाल ने पुलिस को सूचना देकर पिता की खोज कराने की मांग की है।

## कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** उप निरीक्षक गंगासागर ने ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी इन्द्र विजय को पकड़ा है जिसके पास से 30 क्वार्टर देशी शराब के बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

## हेल्पलाइन नंबरों पर करें शिकायत

**गुरसहायगंज( कन्नौज )।** नगर पंचायत समधन कार्यालय के बारात घर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गोष्ठी के दौरान महिला उपनिरीक्षक द्वारा सभी महिलाओं को अवगत कराया गया कि किसी भी महिला को किसी प्रकार की अगर कोई समस्या होती है तो सरकार द्वारा कई हेल्पलाइन नंबरों का संचालन किया गया है जिसके अंतर्गत आप लोग अपनी समस्याओं को उन हेल्पलाइन नंबरों पर दर्ज करा कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकती हैं। कहा की अगर किसी भी महिला का किसी प्रकार से शोषण किया जाता है तो वह अपनी शिकायत संबंधित कोतवाली या थाने में करें अध्यक्ष प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुट्टो द्वारा सभी छात्र छात्राओं महिला सफाई कर्मचारी उप केंद्र संगठन के अन्य स्टाफको प्रशस्ति पत्र वितरण कर प्रशंसा की और सभी महिलाओं से आग्रह किया कि अगर आप लोगों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो अपने संबंधित थाने या हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क कर समस्या को दर्ज करा कर निस्तारण करें।

# आधुनिक जीवनशैली एवं जैव विविधता के अस्तित्व पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। चित्रकूट

**गोस्वामी** तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट में ''आधुनिक जीवनशैली एवं जैव विविधता का अस्तित्व'' विषयक आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0 विनोद कुमार शानवाल, विभागाध्यक्ष, शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय नोयडा एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 राजेश त्रिपाठी एसो0प्रोफेसर, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना, म0प्र0 तथा डॉ0 राकेश राणा सहायक प्रोफसर समाजशास्त्र विभाग, एम0एम0एच0 कालेज गाजियाबाद उपस्थित रहे। विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर देवेन्द्र पाण्डेय एसो0प्रोफेसर, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना, म0प्र0, डॉ0 नीरज द्विवेदी, असि0प्रोफसर हिन्दी, डी0वी0 कालेज उरई, श्री देवेन्द्र कुमार एमिटी विश्वविद्यालय तथा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उपस्थित रहे। जैव विविधता के पारिस्थितिक महत्व के बारे में बताते हुए डॉ0 वी0के0 शानवाल ने बताया कि भारत एक विशाल जैव विविधता वाला राष्ट्र है। यहाँ अनेक पारिस्थितिकीय तन्त्र हैं। किन्तु जैव विविधता संकटग्रस्त है और इसका निरन्तर क्षरण होने से विलोपन भी हो रहा है। विश्व संरक्षण एवं नियन्त्रण केन्द्र के अनुसार लगभग 88000 पादम एवं 2000 जन्तु प्रजातियों पर यह खतरा मंडरा रहा है। प्रति 100 वर्ष लगभग 20 से 25 स्तनधारी एवं पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। इसके अतिरक्त 24 प्रतिशत जन्तु एवं 12 प्रतिशत पक्षी प्रजातियां विश्व सतर पर खतरे में हैं। इस प्रकार क्षरण अधिकांशत: मानवीय क्रियाओं द्वारा हो रहा है। इसी प्रकार डॉ0 राजेश द्विवेदी एसो0प्रोफसर ने जैव विविधता के क्षरण के कारणों में आवास विखण्डन, कृषि एवं वानिकी की परिवर्तित प्रवृत्ति, नवीन प्रजातियों का प्रभाव, व्यापारिक उपयोग हेतु अतिशोषण, प्रदूषण, वैश्विक जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक आपदाओं को प्रमुख रूप से उत्तरदायी बताया। संगोष्ठी के दूसरे मुख्य वक्ता डॉ0 राकेश राणा, असि0 प्रोफसर ने जैव विविधता के अस्तित्व के बारे में बताते हुए कहा मानव आज दिन प्रति दिन तरक्की के रास्ते पर अग्रसर है। यहाँ तक कि इंसान आज मंगल और चाँद तक पहुँच गया है तथा हर परिस्थिति में मानव जीवन को ढालने के नये-नये प्रयोग किये जा रहे हैं। आज मानव शून्य से भी कम तापमान पर अपने जीवन को सहजता से निर्वाह कर लेता है तो वहीं भीषण गर्मी में भी वह अपने जीवन को बचाने में सक्षम हो रहा है। किन्तु इन प्रयोगों से जैव विविधता को अत्यन्त हानि हो रही है। ऐसा नहीं है सरकारें इस विषय पर चिन्तित नहीं है। जैव विविधता के बचाव लिए सरकारें हमेशा प्रयासरत रहती हैं।

# श्वेतधारा के साथ बढ़ी हरियाली पशु व मत्स्य पालन से मिला लाभ

संवाददाता। बांदा

**पशुपालन** व वन विभाग सहित डेयरी व मत्स्य पालन के अधिकारियों ने चार सालों में कराए गए कार्यों व योजनाओं की प्रगति का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने कहा कि पौधरोपण से हरियाली व डेयरी की योजनाओं से दुग्ध उत्पादन का दायरा बढ़ा है। पशुपालन विभाग ने चार सौ से अधिक निराश्रित गोवंशों को पशुपालकों के सुपुर्द किया है। वहीं मत्स्य पालन के लिए तालाबों व फिश सीड रियरिग यूनिट का निर्माण कराया गया है।

विकास भवन स्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में वन पशुपालन डेयरी व मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में चार सालों की उपलब्धियां गिनाई। जिला प्रभागीय वनाधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि वन प्रभाग के अंतर्गत चार रेंज बांदा तिदवारी पैलानी व बबेरू स्थापित हैं। प्रभाग का कुल क्षेत्रफल 5193ण्547 हेक्टेअर है। सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा मृदा व जल संरक्षण के कार्यों के साथ ही पौधारोपण के कार्य कराए जाते हैं जिससे हरियाली बढ़ी है। दुग्ध निरीक्षक शारदा प्रसाद ने बताया कि पहले की तुलना दुग्ध उत्पादन बढ़ा है। शहर के नरैनी रोड पर अवशीतन केंद्र परिसर में आधुनिक मल्टी प्रोडक्ट ग्रीन फील्ड दुग्धशाला निर्माण के लिए शासन ने 103ण्6 करोड़ की धनराशि दी है। इसके निर्माण से चित्रकूटधाम मंडल के ग्रामीण क्षेत्र के किसान व दुग्ध उत्पादकों को रोजगार मिलेगा। वहीं शहरी क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता का दूध उचित मूल्य पर दूध व इसके उत्पादों की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित होगी। मत्स्य विभाग अधिकारी जंगबहादुर पटेल ने बताया कि मत्स्य विभाग ने निजी क्षेत्र में तालाब निवेश फिश सीड रियरिग यूनिट मछुवा आवास मनरेगा से तालाब एवं मत्स्य बीज के लिए हेचरी का निर्माण कराया गया।

# युवक की हत्या करके गड्ढे में फेंका

संवाददाता। ऊंचाहार



**युवक** की संदिग्ध परिस्थितियो में गंभीर चोटो के निशानयुक्त शव एनटीपीसी के पाइप लाइन के किनारे बने गड्ढों में पड़ा हुआ मिला है।जिसमे पुलिस ने युवक का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।घटना हत्या से जुड़ा होने पर पुलिस हर बिन्दुओ पर अपनी जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव अरखा के निकट एनटीपीसी से अरखाऐशपांड के लिए एनटीपीसी की पाइपलाइन गई है।जिस पाइपलाइन से गांव मुगलपुर की ओर पाइपलाइन से सटकर धारदार हथियार के निशान लगे युवक की संदिग्ध परिस्थितियो में शव मिला है ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि किसी ने हत्या करके शव को छिपाने के लिए सूनसान जगह पर फेंका था लेकिन सवाल हत्यारे कौन है और जिसकी हत्या क्यो किया गया और हत्या के बाद इसी जगह को क्यो चुना गया ये प्रश्न खड़ा कर रहा है।ये शव लखनऊ से प्रयागराज मार्ग से तकरीबन दो मीटर दूर होने पर युवक की हत्या को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।जिसमे युवक की हत्या की सूचना पर एएसपी विश्वजीत श्रीवास्तवयसीओ व कोतवाली निरीक्षक एवं फारेंसिक टीम मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम हेतु लावारिस युवक का शव भेजा है।वहीं फारेंसिक टीम ने हत्या से जुड़े हर बिन्दुओं पर साक्ष्य लेकर विधि प्रयोगशाला सैंपल जांच हेतु भेजा है।एएसपी ने बताया कि युवक के शव मिलने पर चोट के निशान की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक कहां का है उसके शिनाख्त करवाया जा रहा हैं और उसकी हत्या क्यो और कौन किया है हर बिन्दुओं पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।जिसको लेकर पुलिस के साथ एसओजी तक को लगाया गया है।

## लालूमऊ गांव के जंगलों में संदिग्ध परिस्थितियों लगी आग

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे चंदेल नगर मजरे लालूमऊ गांव के जंगलो में संदिग्ध परिस्थितियों आग लग गई। देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोगो की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान काफी संख्या में पेड़ आग की चपेट में आने से झुलस गये। जानकारी के अनुसार आज सुबह जगलो में अचानक तेज धुंआ उठने पर लोगो को मामले की जानकारी हुई जिसके बाद मौके पर लोगो का मजमा लग गया और मामले की जानकारी फायर विभाग को दी गई। मौके पर पुलिस कर्मियों की मदद से फायर विभाग के कर्मियो ने कडी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान वहां अफरातफरी मची रही। ग्रामीणो की माने तो आगजनी की इस घटना में लगभग 50 बीघे जंगल की फसल जलकर राख हुई।

# समर्पण निधि में योगदान के लिए सीएम ने की आदिति सिंह की तारीफ

संवाददाता। रायबरेली



**अयोध्या** में श्री राम जन्मभूमि पर प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण के लिए रायबरेली सदर विधायका आदिति सिंह द्वारा प्रयास करके 51 लाख रुपए समर्पण निधि में जमा कराए जाने पर बीते बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधान सभा में की गई मुक्त कंठ से प्रशंसा का रायबरेली वासियों ने जमकर स्वागत किया है, और लोगों का कहना है कि, सदर विधायका अदिति सिंह ने पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। लोगों ने कहा है कि, अन्य लोग भी आदित्य सिंह से प्रेरणा लेकर समर्पण निधि में अधिक से अधिक योगदान करने और कराने के लिए प्रेरित होंगे। आपको बता दें कि, बीते दिनों सदर विधायका आदिति सिंह ने अपने समर्थकों के सहयोग से 51 लाख रुपए की धनराशि समर्पण निधि में जमा कराए थे। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि न्यास के महामंत्री चंपत राय आदि ने स्वयं आदित्य से रायबरेली पहुंचकर यह धनराशि ग्रहण की थी। जिसकी जानकारी जब सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को हुई, तो उन्होंने बुधवार को विधानसभा में चर्चा के दौरान आदिति सिंह की जमकर सराहना करते हुए कहा था कि, अन्य लोगों को भी आदिति सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आदिति सिंह को ऊर्जावान और भविष्य की राजनीति का सशक्त महिला नेता बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। उधर मुख्यमंत्री द्वारा की गई भरे सदन में अदिति सिंह की प्रशंसा पर रायबरेली के लोग खासे गदगद हैं।

### नेत्र शिविर14 मार्च को

**बछरावां ( रायबरेली )।** ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान बजरंग नगर कृष्णानगर लखनऊ द्वारा आगामी 14 मार्च को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन बछरावां विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय शेखपुर समोधा में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक डीसी श्रीवास्तव ने बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से लगातार संस्था नेत्र शिविर का आयोजन कर निशुल्क आंखों का ऑपरेशन कराने में प्रयत्नशील है। संस्था का उद्देश्य समाज के उस वर्ग को जो महंगा इलाज नहीं करा सकते हैं उन्हें आंखों की रोशनी प्रदानकरना है।

## आईजीआरएस पर दर्ज शिकायत के निस्तारण में कोताही बरत रहे जिम्मेदार

● **ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी की अनियमितता और भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला**

**सुलतानपुर।** शासन-प्रशासन के लाख फरमान के बाद भी सरकारी धन के बंदरबाट और अनियमितता का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होना जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की मिली भगत या फिर लापरवाही को उजागर करता है। कुछ ऐसा ही मामला विकास खण्ड धनपतगंज का प्रकाश में आया है। जहां एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोषी ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी पर कार्यवाही सिर्फऔर सिर्फकागजों तक ही सिमट कर रह गई है। विकास खण्ड धनपतगंज के बिसावां गांव निवासी विनय कुमार तिवारी ने एक बार फिर जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ अनियमितता को लेकर कई बार शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई थी। जिस पर जांच भी जिम्मेदार कमिर्यो को मिली लेकिन मिलीभगत या फिर लापरवाही के चलते कार्यवाही सिर्फऔर सिर्फकागजों तक ही सिमट कर रह गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जानकारी करने पर भी जांच अधिकारी द्वारा बेतुका जवाब दिया जाता है तो कि उनकी लापरवाही को उजागर करता है। विनय ने पूर्व में किए गए शिकायतों का हवाला देते हुए एक बार फिर पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। आरोप तो यहां तक है कि शासन स्तर से की जाने वाली आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में भी विभागीय अधिकारियों द्वारा मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है।

# एएसपी ने जयसिंहपुर कोतवाली का किया निरीक्षण

● **मिली कमियों पर जताई नाराजगी**

संवाददाता। सुलतानपुर



**अपर** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को जयसिंहपुर कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उच्च कोटि पाए जाने पर एएसपी ने संतोष व्यक्त करते हुए छोटी-छोटी कमियों को तत्काल पूर्ण करने के कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिए। निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जयसिंहपुर कोतवाली के निरीक्षण पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस कर्मियों ने गार्ड ऑफऑनर की सलामी दी। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर, आगंतुक कक्ष, हवालात, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। कोतवाली में चहारदीवारी न होने पर एएसपी ने कोतवाल को जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही। साथ ही कोतवाली परिसर में लंबे समय से रखे वाहनों की बाबत प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। महिला आरक्षियों के लिए बाहर बनाये गए शौचालय पर एएसपी ने नाराजगी जाहिर की। अभिलेखों के अवलोकन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ने शस्त्र रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, महिला रजिस्टर, मिशन शक्ति हेल्पडेस्क रजिस्टर, न्यायालय ऑर्डर बुक, पुलिस ऑर्डर बुक, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर समेत अन्य का बारीकी से जांच की। अपराध की समीक्षा के दौरान एएसपी ने विवेचकों को जल्द विवेचना पूरी करने का निर्देश दिया। जानकारी देते हुए एएसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभिलेखों में कमियां पाई गई थी जिन्हें सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर दलबीर सिंह, जयसिंहपुर कोतवाल बेचू सिंह यादव, चौकी प्रभारी बिरसिंहपुर मोहम्मद अकरम खान, बरौंसा चौकी इंचार्ज गौरव अवस्थी, उप निरीक्षक कन्हैया यादव आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दहेज हत्या मामले में पति को दस साल की सजा

**सुलतानपुर।** फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश पीके जयंत ने दहेज हत्या अभियुक्त शत्रुघ्न गुप्ता उर्फ पिंटू को दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास व 2000 के अर्थदंड से दंडित किया है। सास राजदेई को 7 वर्ष के साधारण कारावास वह 2000 के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक थाना पीपरपुर निवासी पल्लर सुत संतलाल गुप्ता निवासी बासुदेवपुर जनपद अमेठी ने अपनी पुत्री आरती देवी का विवाह 24 मई 2008 में शत्रुघ्न गुप्ता उर्फपिंटू सुत मोतीलाल निवासी नोनरा थाना पीपरपुर जनपद अमेठी के साथ किया था। विवाह के बाद से ही दहेज में मोटरसाइकिल व 50000 की मांग को लेकर पति व सास राजदेई मृतका को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। दिनांक 13 नवंबर 2013 को गला दबाकर आरती को मार दिया गया था। मामला स्थानीय थाने पर दहेज उत्पीड़न, दहेज मांग समेत दहेज हत्या के रूप में दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया तदुपरांत अभियोजन पक्ष ने छह गवाहों की गवाही कराई। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के पश्चात उपलब्ध साक्ष्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश पीके जयंत पति व सास को दोषसिद्ध करते हुए सजा सुनाई।

### अजय विक्रम बने राष्ट्रीय संयोजक



**गोंडा।** भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने जिले के युवा अधिवक्ता अजय विक्रम सिंह को महासंघ के अनुशासन समिति उ0प्र0 एवं उत्तराखंड प्रांत का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है।इससे जिले के अधिवक्ताओं व बुद्धजीवियों हर्ष व्यक्त किया है। मनोनयन के उपरान्त श्री सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व मुझे सौपा है, उस पर खरा उतरते हुए पूर्ण मनोयोग से श्रमिकों/कामगारों के हित में कार्य करते हुए उन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। वहीं उनके मनोनयन पर भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह, उत्तराखंड के प्रदेशअध्यक्ष सुयश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संतोष ठाकुर, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला, प्रदेश महामन्त्री मनीष मिश्रा, शिवान्जली पांडेय, रविन्द्र मिश्रा, फौजदारी बार एशोसिएशन के अध्यक्ष रवि प्रकाश पांडेय, उपाध्यक्ष राजन श्रीवास्तव, इजहार अहमद, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, अन्जनी श्रीवास्तव, शशी श्रीवास्तव, अरविंद विश्वकर्मा, नागेन्द्र शर्मा, सत्येन्द्र वर्क, जसपाल सिंह सलूजा सत्य संस्था के अध्यक्ष रीतेश यादव, महामन्त्री गौरी शंकर चतुर्वेदी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सम्मान समारोह आयोजित

**करनैलगंज ( गोंडा )।** उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ इकाई करनैलगंज के उपाध्यक्ष उमेश कुमार के पारस्परिक स्थानांतरण हो जाने से उनके सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह, मंत्री सईद अहमद, कोषाध्यक्ष रामकुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह, वरिष्ठ शिक्षक दूधनाथ सिंह, इंद्र कुमार सिंह, कैलाशनाथ शुक्ल, शफीक अहमद, अशोक सिंह, आदर्श सिंह, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया।

### दो पक्षों में जमकर विवाद

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बाबा मजरे सेमरपहा गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षो में जमकर विवाद हो गया जिसके चलते कई लोगो को चोटें आई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायलो को इलाज के लिये सीएचसी भेज दिया है। एक पक्ष के तिलकराज पुत्र पन्नालाल ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही पवन, पुत्तन, दिलीप व इंद्रमोहन की पत्नी ने मामूली विवाद के चलते हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही दूसरे पक्ष के इंद्रमोहन ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में तिलकराज, मोहित, धुन्नी व पन्नालाल की पत्नी पर मामूली बात को लेकर पिटाई का आरोप लगाया है।

### चौपाल में गुरुजनों ने ली प्रेरक स्कूल बनाने की शपथ

**सुलतानपुर।** मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए बेशिक शिक्षा विभाग की ओर से न्याय पंचायतवार स्कूलों में प्रेरणा ज्ञानोत्सव एवं शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने को जानकारी दी जा रही है। दूबेपुर विकास खंड के लोहरामऊ न्याय पंचायत के परऊपुर प्राथमिक विद्यालय में गुरूवार को प्रेरणा ज्ञानोत्सव एवं शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में मिशन ज्ञानोत्सव में समृद्ध हस्त पुस्तिका एवं प्रारंभिक आंकलन प्रपत्र समेत विभिन्न जानकारियां दी गई। चौपाल में शिक्षकों द्वारा लगाए गए टीएलएम का अवलोकन किया। कहाकि अभिभावकों को भी संकुल की मासिक बैठक में आमंत्रित किया जाय। एआरपी पंकज सिंह, प्रधानाध्यापिका नीलम तिवारी ने भी शिक्षकों को सुझाव दिया कि वे संकुल की मासिक बैठक में अधिक से अधिक अभिभावकों को भी आमंत्रित करें। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संकुल आरिफ नियाज ने प्रेरणा ज्ञानोत्सव एवं शिक्षा चौपाल पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। शिक्षक संकुल शिव कुमार यादव के द्वारा मिशन प्रेरणा को सफल बनाने हेतु प्रेरणा सूची, प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा तालिका, प्रिन्टरिच सामाग्री व मैथ किट के उपयोग पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। डा.आशुतोष पांडेय, विवेक सिंह, पूर्वा गुप्ता, सविता वर्मा, मालती आदि ने अपने-अपने विद्यालय को प्रेरक बनाने की शपथ ली गई।

# पुलिस अधीक्षक ने मल्हीपुर क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

संवाददाता। श्रावस्ती



**पुलिस** अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने शुक्रवार को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व होली के त्यौहार के दृष्टिगत थाना मल्हीपुर क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने ग्राम भेलागांव मल्हीपुर जाकर मतदान केंद्र भेलागांव का निरीक्षण किया व गांव के हालात के बारे में जानकारी ली तथा ग्रामीणों से वार्तालाप किया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने व चुनाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक माल्हीपुर दद्दन सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मल्हीपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गयाए निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रखरखाव व शस्त्रों की साफ सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ थाना प्रभारी सहित सभी हल्का प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में जाकर छोटे.मोटे विवादों को यथासंभव निपटाने व मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाय तथा अराजकता फैलाने वाले लोगों की सूची बनाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की की जाए।

## संगीतमय रामकथा में बही भक्ति की रसधार

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** राम का नाम लेने से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि कुछ समय निकाल कर के भगवान राम का नाम अवश्य लें। जिससे हर व्यक्ति का कल्याण हो सके। उक्त उद्गार डॉ.मदन मोहन मिश्र ने तीन दिवसीय संगीतमय रामकथा नींद बाबा मंदिर मलिकपुर नोनारा में कहीं। उन्होंने भरत चरित्र का विस्तार पूर्वक वर्णन किया राम कथा के तीसरे दिन मानस कोकिला सुधा पांडेय ने अपने भजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने माता कौशल्या और भारत की वार्ता का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। मानस मर्मज्ञ पंडित राधे कृष्ण दूबे ने कहाकि राम के सबसे प्रिय भक्त हनुमान थे। इसलिए कलयुग में लोग हनुमान की पूजा करते हैं। जामवंत भी बहुत बुद्धिमान थे। उन्हीं के कहने पर राजा सुग्रीव अपनी बांदरी सेना को माता सीता का पता लगाने के लिए भेजते थे।

# नहरों में पानी न आने से गेहूं की सिंचाई को लेकर अन्नदाता चिंतित

**श्रावस्ती सोनवा।** नहर में पानी न आने से खेतों में गेहूं की खडी फसल की सिंचाई नही हो पा रही है जिससे बेबस किसान निजी संसाधनों से फसल की प्यास बुझाने को मजबूर हैंए डीजल के दामो ने बेतहाशा बढोत्तरी से किसानों की फसलों की लागत बढ़ती जा रही है। गैंहू की फसल में फूल आने का पीक समय हो रहा है सिंचाई न हो पाने से किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें साफ नजर आने लगी हैं। विकास खण्ड गिलौला के ककन्धुए बरदेहराए सोनवाए गुजरवाराए खुरुहरीए गिलौलीए केशवापुर पजावाए मोहरनियाए उत्तमापुरए पुरखियापुर आदि दर्जनों गांवों के किसानों की सिंचाई का मुख्य जरिया नहर है। इन गांवों की फसल की सिंचाई सरयू नहर खण्ड.6 की माइनर ददौरा रजवाहा और शाहपुरकठौतिया रजवाहा से होती है। एक महीने से ज्यादा समय हो गया है इस माइनर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे क्षेत्र के किसानों की गैंहू की फसल सूखने लगी है। किसान प्रेम कुमार बताते हैं यदि गैंहू की फसल को समय पर सींचा नहीं गया तो फूल गिर जाएंगे जिससे फसल नष्ट हो जाएगी। वही किसान ओम प्रकाश पटेल का कहना हैं की इस समय डीजल के भाव में बेतहाशा बृद्धि किसानों की कमर तोड़ रही हैए पम्पिंग सेट से सिंचाई करना किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या है। किसान शिव गोपाल बताते हैं हम लोग हमेशा नहर के भरोसे ही सिंचाई करते इस वर्ष लगता है निजी साधन से सिंचाई करना पड़ेगा। किसान राम अभिलाख कहते हैं हमारा धान भी अब तक क्रय केंद्र पर नहीं बिक पाया है मजबूरन कर्ज लेकर ही सिंचाई करना पड़ेगा। अवर अभियन्ता आर यन मौर्य बताते हैं कि मुख्य नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे माइनरों को पानी नहीं मिल पा रहा है जैसे ही पानी आयेगा इन सूखी माइनरों में पानी छोड़ दिया जाएगा।

# न्यायालय के आदेश पर हत्या व साक्ष्य छुपाने का केस दर्ज

**करनैलगंज ( गोंडा )।** पत्नी ने अपने पति की हत्या के आरोप में अपनी सौतेली मां, ससुर समेत पांच लोगों के विरुद्ध हत्या एवं साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को जला देने के साथ-साथ धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढेमा निवासी महिला अनीता देवी पत्नी स्वर्गीय राम शंकर उर्फछोटू की तहरीर पर पुलिस ने उसके ससुर धर्मराज, सास राजकुमारी पत्नी धर्मराज, व चचेरे ससुर शेषपाल, धर्मपाल, धर्मवीर के विरुद्ध धारा 302, 201 व 506 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया है। जिसमें कहा गया है कि 11 सितंबर 2020 को उसके पति राम शंकर उर्फ छोटू को उपरोक्त लोग बीमार होने का बहाना बताकर डॉक्टर के यहां ले जाने के लिए निकले और उसको बताया कि इलाज कराने के लिए लखनऊ ले चलना है तुम तैयार हो जाओ। उसे तैयार कर मोटरसाइकिल पर बैठा कर के उसके बुआ के घर ग्राम कटका हुजूरपुर में छोड़ दिया और रात में ही उसके पति को जलाने का प्रयास किया गया। जिसमें उनके पिता व कुछ लोग हाथ में जल गए। लाश जब नहीं जली तो उस अधजली लाश को खेत में गाड़ दिया और दूसरे दिन उसे जला दिया। जब उसे पता चला कि तुम्हारे पति की मौत हो गई है तो वह भाग कर घर पहुंची उस समय वह 8 माह के गर्भ से थी। तब उपरोक्त लोगों ने उसे धमकाया कि कहीं भी ये बात कहोगी तो जो हाल तुम्हारे पति का हुआ है वही तुम्हारा करेंगे। अनीता देवी का आरोप है कि उसकी सास को भी उपरोक्त लोगों ने मिलकर मार डाला था और उनके जीवित रहते ही दूसरी पत्नी को घर ले आए थे। उसका आरोप है कि सौतेली सास लगातार उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाती रही और उसे प्रताड़ित करती रही।

# अभ्युदय योजना के तहत आयुक्त ने छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स

संवाददाता। गोंडा

● **'गुरु व शिष्य' दोनों भूमिका में नजर आए आयुक्त**

**शुक्रवार** को आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव 'गुरु व शिष्य' दोनों भूमिका में नजर आए। मौका था अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को पढ़ाने का। एलबीएस पीजी कॉलेज में पहुंचे आयुक्त ने एक ओर जहां छात्र छात्राओं को गुरु के रूप में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के टिप्स दिए, वहीं दूसरी ओर बच्चों के बीच सबसे पीछे वाली सीट पर बैठकर बतौर शिष्य एसडीम कर्नलगंज शत्रुघ्न पाठक द्वारा दी जा रही जानकारियों को सुना।

अपने एक घंटे के शिक्षण पीरियड के दौरान आयुक्त श्री रंगाराव ने स्पष्ट किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में समय प्रबंधन व सिलेबस की जानकारी बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि एक्सरसाइज एक दिन में नहीं पूरी की जा सकती बल्कि यह रोजाना प्रैक्टिस का विषय है। उन्होंने कहा कि मन को एकाग्र और शांत करने के लिए वह लोग भगवत गीता का अध्ययन जरूर करें। सफलता के मूल मंत्र के बारे में तीन प्रमुख घटकों 'लक्ष्य, लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग और परिश्रम इन तीनों को अपना हथियार बनाएं तो निश्चित ही सफलता हासिल कर सकेंगे।उन्होंने कहा की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। बिना परिश्रम के सफलता कतई हासिल नहीं हो सकती। परीक्षाओ में सफलता शॉर्टकट से नहीं हासिल की जा सकती। उन्होंने कहा की न्यूज पेपर, अच्छी किताबें और दुनिया के रोल मॉडल्स के बारे में जरूर पढ़ें। इससे उन्हें उनके जीवन दर्शन से परिश्रम करने और लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा जरूर मिलेगी। आयुक्त ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी। महात्मा गांधी, अब्दुल कलाम होमी जहांगीर भाभा जैसे महान व्यक्तित्व के कई उदाहरण देते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन और मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एकाग्रता नितांत आवश्यक है, बगैर एकाग्रता के कोई भी विषय तैयार नहीं किया जा सकता। इसलिए सिलेबस के अनुसार तैयारी करें और करंट की चीजों से जरूर अपडेट रहे।छात्रों को पढ़ाने के बाद आयुक्त श्री रंगाराव बच्चों के बीच सबसे पीछे वाली सीट पर जाकर बैठ गए और उन्होंने एसडीएम कर्नलगंज शत्रुघ्न पाठक को निर्देश दिया कि वह भूगोल विषय के बारे में बच्चों को तैयारी करने के टिप्स दें। आयुक्त श्री रंगाराव पीछे की सीट पर बतौर शिष्य एसडीएम कर्नलगंज द्वारा बताए जा रहे टिप्स को ध्यान से सुना और बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन जरूर करें।

## बिना कार्य के ही भुगतान का हुआ खुलासा

**करनैलगंज( गोंडा )।** बिना कार्य किये ही श्रमिको के बैंक खाते में रुपये भेजने का खुलासा शोशल आडिट टीम ने किया। टीम के समक्ष श्रमिकों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कार्य नही किया है फिर भी उनके बैंक खाते में सरकारी धन मजदूरी के रूप में भेजा गया है। मामला विकास खंड करनैलगंज के ग्राम पंचायतों से जुड़ा है। शुक्रवार को ऑडिटर भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव के साथ राधेश्याम व बाबादीन की टीम ग्राम पैरौरी में मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यो का ऑडिट करने पहुंची। जहां टीम के सामने काम न करने वाले श्रमिकों के नाम का मस्टर रोल बनाकर खाते में फर्जी तरीके से भुगतान करने का मामले सामने आया। ऑडिटर भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पंचायत भवन का निर्माण 9 फरवरी को शुरू हुआ था, जो लगातार 21 फरवरी तक संचालित रहा। श्रमिक राधा व रीना द्वारा बयान दिया कि उन्होंने पंचायत भवन निर्माण में एक दिन भी कार्य नही किया है।

# अधिकारियों की फौज करेगी पीएम आवास योजना की जांच

**● 84 ग्राम पंचायतों का सत्यापन करेंगे 42 जिला स्तरीय अधिकारी**

संवाददाता। बस्ती

**प्रधानमंत्री** आवास योजना ग्रामीण के तहत 2020-21 में स्वीकृत आवासों के सत्यापन के लिए विकास खण्डवार सत्यापन अधिकारी नामित किए गए हैं। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने सत्यापन अधिकारी नामित करते हुए पात्रता की जांच कर निर्धारित प्रारूप पर दस दिन के भीतर आख्या जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेषक को उपलब्ध कराने का आदेष दिया है।

विकास खण्ड बस्ती सदर के गनेषपुर, समसपुर में डीडीओ, कुदरहा के बानपुर, कटरा बुजुर्ग, परसाजागीर में डीएसओ, बक्सर, मरवटिया बाबू में जिला कृषि अधिकारी,बगही में पीडी जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,बनकटी के बेलसुही, खोरिया में जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहादुरपुर के पिपराखास, कलवारी मुस्तहकम में उपायुक्त एनआरएलएम,बैष्णोपुर, नगर बाजार में उपायुक्त मनरेगा, कोड़र, मटेरा में जिला सहायक निबन्धक सहकारी समितियां, बनकटी के गुलौरा, मोहनाखोर में डीपीआरओ, पकरीचन्दा, देवमी में सहायक निदेषक मत्स्य, दुबौलिया के धर्मपुर, बैरागल में डीडी कृषि, पिठिया लष्करी, आराजी डूही धर्मपुर मुस्तहकम में भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि, हेंगापुर, केवाड़ी मुस्तहकम में डीएचओ, गौर के पैकोलिया पाली, डुहवा में पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, पकड़ी जसी, कवलसिया में जिला प्रोवेषन अधिकारी, किषुनपुर, अगया बुजुर्ग में पीडी डूडा, हरैया के मुइली, गाजीपुर में अधिषासी अभियंता पीडब्लूडी प्रांतीय खण्ड, त्रिलोकपुर तिवारी, दिवाकरपुर में डीडी दिव्यांगजन, हरिवंषपुर, कौवाडाड़ में सहायक अभियंता डीआरडीए, कप्तानगंज के पोखरा, बढ़नी में अधिषासी अभियंता जलनिगम,बसंतपुर, खदरा में अधिषासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड, अक्षतपुर, लहिलवारा में एसओसी चकबन्दी, कुदरहा के परेवा, जिभियांव में प्राचार्य डायट, पाऊं, अइलिया में प्राचार्य आईटीआई, परसरामपुर के धेनुगांवा खुर्द, टेढ़ाघाट में अधिषासी अभियंता सरयू नहर खण्ड -4, रानीपुर, बनगंवाखास में अधिषासी अभियंता आरईडी, जीतीपुर, ढेल्हूपुर में डीपीओ, रामनगर के परसाखुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल, कटरिया नानकार में जिला गन्ना अधिकारी, खम्हरिया, भैसहिया खुर्द बुजुर्ग में सहायक अभियंता लघु सिंचाई, मनौढ़ी, चन्दोखा में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी प्रथम, रूधौली के हसनी, महुआपार में जिला क्रीड़ा अधिकारी, मुगरहा, टिकरी में एएमए जिला पंचायत, हटवा बाजार, छपिया में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वितीय, सल्टौवा केएकडेंगवा, औड़ जंगल में डीआईओएस, अमरौली सुमाली, चौकवा में अधिषासी अभियंता निर्माण पीडब्लूडी, कोरियाडीह, कोठली में अधिषासी अभियंता नलकूप खण्ड, साऊंघाट के पैडत्रा खरहरा, सोनौरा में बीएसए, कुर्थिया, मझौवामीर में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, विक्रमजोत के देवखाल, अमोढ़ा में उपायुक्त उद्योग, अकला, चपिलांव में जिला प्रषिक्षण अधिकारी, खेसुआ, चरथीकथित में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सत्यापन अधिकारी नामित कर उन्हे पात्रता की जांच करने के आदेष दिए गए हैं। जिनके पास दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन, तीन पहिया, चार पहिया मषीनी कृषि उपकरण यंत्र, 50 हजार या इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड, जिस परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में हो, कृषि संस्था के रूप में सरकार से पंजीकृत परिवार, जिनके परिवार का सदस्य 10 हजार रूपए से अधिक कमा रहा हो, आयकर देने वाले परिवार, जिस परिवार में रेफ्रीजरेटर, लैण्डलाइन फोन, ढाई एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि, एक सिंचाई उपकरण हो, दो या इससे अधिक फसल वाले मौसम के लिए 5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि, साढ़े 7 एकड़ या इससे अधिक भूमि और कम से कम एक सिंचाई उपकरण हो वह योजना के लिए अपात्रता की श्रेणी में है।

## लोक अदालत का आयोजन 10 अप्रैल को

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर एवं तहसील मेंहदावल, खलीलाबाद, तथा धनघटा एवं अन्य सम्बंधित विभागो में 10 अप्रैल को किया जाएगा है। उक्त जानकारी सत्य प्रकाश आर्य, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी। उन्होने बताया कि लोक अदालत में भरण पोषण, वैवाहिक मामलें जिसमें लम्बित एवं प्री-लीटिगेशन मामले भी लम्बित है, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत समनीय वाद, वन अधिनियम, किरायेदारी, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटर यान अधिनियम, मनोरंजन कर अधिनियम, वाट माप, प्रचालन अधिनियम, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम, गृह कर, जल कल, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड , जाति एवं आय प्रमाण पत्र दाखिल खारिज वाद, मेड़बन्दी सम्बंधित प्रकरण आदि का भी निपटारा आपसी सुहल समझौते के आधार कराया जा सकता है। साथ ही अर्द्धन्यायिक अधिकरणों, फोरमों आदि में लम्बित प्रकरणों का भी निपटारा प्री-लीटिगेशन के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है।

# बैंक में मिले 80 हजार के नकली नोट, खाताधारक गिरफ्तार

**● पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ समेत जांच एजेंसियों ने अभियुक्त से की पूछताछ**



**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** बृहस्पतिवार को दुधारा थाना क्षेत्र के गांव बाघनगर निवासी अब्दुल हकीम पुत्र शब्बीर अहमद को नकली नोटों के मामले में गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। नकली नोटों के मामले में मुकामी पुलिस, जांच एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव बाघनगर निवासी अब्दुल हकीम पुत्र शब्बीर अहमद भारतीय स्टेट बैंक बाघनगर के अपने बैंक खाते में गत 25 फरवरी को तीन बजे 500 के 160 नोट कुल 80 हजार रूपया जमा करने गया था। कैशियर रविकांत को शक हुआ। उन्होंने इसकी सूचना शाखा प्रबंधक को दी। शाखा प्रबंधक कमलवीर सिंह ने जांच के लिए पुलिस के साथ भारतीय स्टेट बैंक कोर्ट एरिया बस्ती शार्टिंग मशीन जांच के लिए भेजा जहां नकली नोट होने की पुष्टि हुई। नकली नोट बरामद होने की खबर से हड़कंप मच गया। मुकामी पुलिस ने कैशियर रविकांत तथा शाखा प्रबंधक कमलवीर सिंह की तहरीर पर धारा 498ख ग के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच एजेंसियों ने पहुंचकर घंटों की पूछताछ शुक्रवार की सुबह से सेंट्रल सीआईडी और एटीएस की टीम ने घंटों पूछताछ की और मामले की तह में जाने के लिए गहन छानबीन में जुटे रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, सीओ सदर गयादत्त मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मामले की जांच आगे भी जारी रहेगी। जांच में एजेंसियां भी अपना पूरा सहयोग करेंगी। जल्द ही पूरा मामला सामने आ जायेगा। आगे जैसी भी सूचना होगी बताया जायेगा।

# वशिष्ठ कैरियर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

संवाददाता। बस्ती



**आवास** विकास कालोनी में वशिष्ठ कैरियर इंस्टीट्यूट का सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह ने उद्घाटन किया। कहा कि यह इंस्टीटयूट प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेगा। श्री कृष्ण पाण्डेय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य योगेश शुक्ल ने कहा कि कुषल और विषेषज्ञ षिक्षकों के मार्गदर्षन में यहां के छात्र सफलता के सोपान पर आगे बढ़कर जिले और क्षेत्र का नाम रोषन करें यही शुभकामना है। पूर्व ब्लाक प्रमुख राना दिनेष प्रताप सिंह, समाजसेवी जगदीष शुक्ल, कर्मचारी नेता राम अधार पाल, एमएलसी प्रतिनिधि हरीष सिंह, एसके सिंह, संतोष पाल, अर्जुन उपाध्याय व अन्य ने इंस्टीटयूट संचालन टीम को बधाई दी। कहा कि आईआईटी-जेईई, नीट की तैयारी करने वाले प्रतियोगी छात्रों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की दिषा में यह षिक्षण संस्थान उपयोगी साबित होगा। ई0 शोभित शुक्ला, अखण्ड प्रताप सिंह ने सभी का आभार जताया। संचालक योगेष षुक्ल ने किया।

## शास्त्री ब्रिज मरम्मत कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज शास्त्री ब्रिज पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता/नोडल अधिकारी लोक निर्माण विभाग कन्हैया झा को निर्देशित करते हुये कहा कि सेतु निगम से रिपोर्ट लेकर प्रस्तुत करे कि कितना कार्य अवशेष रह गया है, कितने दिन में पूर्ण हो जायेगा तथा प्रतिदिन किये जाने वाले मरम्मत कार्य के प्रगति की रिपोर्ट प्रत्येक दिन लेकर समीक्षा करे।

उन्होने सेतु निगम के किसी अधिकारी मौके पर न पहुँचने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि सेतु निगम के अधिकारियो से समन्वय स्थापित करते हुये कार्य में तेजी लाने के लिये निर्देशित किया जाय। उन्होने कहा कि किसी भी दशा मे मार्च में ही आवागमन के लिये मरम्मत कार्य को पूर्ण कराये। ताकि स्कूल से आने जाने वाले बड़े वाहनो को राहत मिल सकें।

# देशराज इंटर कालेज के प्रिंसिपल के निलंबन का अनुमोदन

**● वित्तीय अनियमितता और फर्जीवाड़े में डीआईओएस ने की कार्रवाई**

संवाददाता। बस्ती

**वित्तीय** सहित अन्य गंभीर आरोपों में देशराज नारंग दयानंद इंटर कालेज वाल्टरगंज के प्रधानाचार्य रमेशचंद्र सिंह के निलंबन का अनुमोदन डीआईओएस डीएस यादव ने की है। यह कार्रवाई संस्था के सानिधार नियंत्रक के रिपोर्ट पर की गई। इनके द्वारा इन्हें निलंबित भी किया जा चुका है, उसी का अनुमादन डीआईओएस ने 25 फरवरी 21 को किया। यह मामला पिछले कई सालों से चल रहा हैं। प्रधानाचार्य की ओर से बचाव के सारे हथकंडे अपनाए जा चुके है। यहां तक कि अपने पक्ष रिपोर्ट लगाने के लिए जेडीई माध्यमिक के फर्जी आदेष और उनके हस्ताक्षर का भी इस्तेमाल किया गया। जिन आरोपों में इनके निलंबन का अनुमोदन डीआईओएस के द्वारा किया गया, उनमें राष्ट्रीय कृषक इंटर कालेज सूदीपुर के प्रधानाचार्य पद तथा केंद्रीय विधालय गोंडा में प्राथमिक षिक्षक के पद पर एक साथ वेतन लेना, विकास निधि एवं छात्र निधि को मनमाने तरीके से खर्च करना, संयुक्त षिक्षा निदेषक कार्यालय का फर्जी पत्र तैयार करना, फर्जी अभिलेख तैयार कर/करवा कर पुत्र को षिक्षक बनाना, संस्था से संबद्ध प्राइमरी स्कूल में नियम विरुद्ध षिक्षकों की नियुक्ति करना, अभिलेखों का सत्यापन कराए बिना षिक्षकों का वेतन निर्गत करना, अभिलेख बदल देना, संस्था की सोसायटी में परिवार व सगे संबधियों को सदस्य बनाना, अनधिकृत व्यक्ति से संस्था के प्रबंधक का कार्य लेना, अनधिकृत रुप से प्रबंधक बनाए रखना, प्रतिबंध के बावजूद चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति करना और पूर्व प्रबंधक के फर्जी हस्ताक्षर से हाईकोर्ट में रिट दायर करने जैसे आरोप षामिल है।

## वारंटी गिरफ्तार

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन व न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत शुक्रवार को थाना के उप बृजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम सभा बीजपुर के टोला पुनर्वास प्रथम निवासी शाहनवाज खाँ पुत्र स्व0 मंसूर खां नामक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी को पुलिस ने अग्रीम कार्रवाई हेतु संबंधित न्यायालय में पेश किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वारंटी के ऊपर न्यायालय में 25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा चल रहा था। समय से न्यायालय में उपस्थित न होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था।

# बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ जांच कर आख्या देने का आदेश

संवाददाता। बस्ती

**डीआईएफएससी** के शाखा प्रबन्धक सुरेष कुमार, सहायक शाखा प्रबन्धक चन्द्रशेखर एवं सत्य नरायन के विरूद्ध पिगरी फार्म खोलने के लिए पांच लाख का ऋण देने के नाम पर उपभोक्ता से रूपया लिए जाने के मामले में सीजेएम श्वेता यादव की अदालत ने कोतवाली पुलिस को 20 दिन के भीतर जांच कर न्यायालय में आख्या प्रस्तुत करने का कोतवाली पुलिस को आदेष दिया है।

अधिवक्ता कृष्ण कुमार उपाध्याय के माध्यम से कोतवाली क्षेत्र के मछिया गांव निवासी घनष्याम ने कोर्ट के समक्ष दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया। यह तथ्य संज्ञान में लाया कि पिगरी फार्म खोलने के लिए उसने पांच लाख रूपए के ऋण के लिए बैंक से सम्पर्क किया। आरोपियों ने ऋण दिलाए जाने का आष्वासन देते हुए फाइल खर्च के नाम पर पहले उससे 15 सौ रूपए लिए। इसके बाद 50 हजार और एडवांस लिया। बावजूद इसके ऋण स्वीकृत नहीं होने पर जब उसने दिए गए रूपए वापस मांगे तो वे आमादा फौजदारी हो गए। बड़ेबन ओवरब्रिज के पास बुलाकर मारने के लिए दौड़ा लिए। कोतवाली पुलिस और पुलिस अधिकारियों को सूचना, प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। मामले की सुनवाई करते हुए सीजेएम न्यायालय ने प्रस्तुत मामले की प्रमाणिकता की जांच करते हुए 20 दिन के भीतर जांच आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करने का प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को आदेष दिया है। जांच आख्या/सुनवाई के लिए 12 मार्च को पत्रावली पेष करने का आदेष दिया है।

# आशाओं को मिले 18 हजार रुपया वेतन व राज्य कर्मचारी का दर्जा

**● राज्य महिला आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संघ की जिलाध्यक्ष माया सिंह ने एसीएमओ के माध्यम से डीएम को सौंपा छह सूत्रीय मांग पत्र**

संवाददाता। संतकबीरनगर



मांग पत्र सौपती आशायें — पायनियर

**राज्य** महिला आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती माया सिंह ने शुक्रवार को संगठन की पदाधिकारी/आशाओं के साथ जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद परिसर में बैठक कर आशाओं के समस्याओं पर चर्चा किया। बाद में आशाओं ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मोहन झा को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौपा। आशाओं ने कहा है कि उन्हें 18 हजार रूपया न्यूनतम वेतन व राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाय। आशा कार्यकर्ताओं को ए0एन0एम0/जे0एन0एम0 का प्रशिक्षण कराकर उक्त पद पर कार्य अनुभव के आधार पर समायोजित किया जाय। आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान बी0सी0पी0एम0 के ऐप द्वारा न कराकर ए0आर0ओ0 के द्वारा कराया जाय क्योकि जब से बी0सी0पी0एम0 द्वारा भुगतान हो रहे है सभी मदो पे बिना कमीशन भुगतान नही दिया जाता तथा तमाम भुगतान लम्बित रह जाते है। आशा कार्यकर्ताओ का प्रदेश सरकार द्वारा घोषित पारिश्रमिक में बढ़ोत्तरी 750 रूपये जो माह मार्च 2019 से माह मार्च 2020 तक लम्बित है जिसमें सारी लापरवाही बी0सी0पी0एम0 की है कि समय से रिपोर्ट जमा करने के बावजूद आशाओं का भुगतान नही किया गया जिसे तत्काल कराया जाय। आशा कार्यकर्ताओ का तमाम मदो का भुगतान आज भी लम्बित है बी0सी0पी0एम0 ऐप के कारण भुगतान में दिक्कत आ रही है। क्योकि अधीक्षक/ए0आर0ओ0 द्वारा समय से एडवाईज निकाल दी जाती है, लेकिन बी0सी0पी0एम0 लोगो द्वारा उसे लिंगर करके धनादोहन किया जाता है। तत्काल लम्बित भुगतान किया जाय तथा आशा कार्यकर्ताओं को सरकारी नियमानुसार राज्य कर्मचारियों की भांति बीमा का लाभ दिया जाय। ज्ञापन सौपने वालो में आशा देवी, कैलाशी देवी, पूनम, आरती देवी, किसमती, सुमन, शशिकला, चमेली देवी, सुनीता देवी, प्रेमलता, राजमती देवी, विद्या देवी, उर्मिला पाण्डेय, मिथिलेश राय, कमलावती, विनीता सिंह, रामराजी सहित आशाये शामिल रही।

# बस्ती और गोरखपुर मंडलों में जिला अव्वल रहा, प्रदेश में आठवां स्थान

**● टाप फाइव में रहने का लक्ष्य, जिला 44वें से चौथे स्थान पर पहुंच चुका**

संवाददाता। बस्ती

**विकास** के मामले में जिला दिन प्रति दिन आगे बढ़ रहा है। दिसंबर में जारी रैंकिंग में जिला 44वें स्थान पर रहा, जनवरी में जबरदस्त छलांग लगाकर जिला चौथे स्थान पर पहुंच गया। मगर जब यही रैंकिंग फरवरी में जारी हुई तो जिला आठवें स्थान पर पहुंच गया। अधिकारियों का लक्ष्य मार्च में अंडरफाइव में रहने का है। वैसे जिला गोरखपुर और बस्ती मंडल के सात जनपदों में पहले स्थान पर है। सबसे खराब स्थित गोरखपुर मंडल के चार जिलों की है। इनमें देवरिया 72, गोरखपुर 67, कुशीनगर 64 एवं महराजगंज की रैकिगं 41वीं है। वहीं बस्ती मंडल के जनपद सिद्धार्थनगर का 12वां और संतकबीरनगर की रैकिंग 13वीं है। डीएम आशुतोष निरंजन कहते हैं कि चूंकि रैंकिग दिसंबर 20 से शुरु हुआ, इस लिए सुधार करने का मौका नहीं मिला, अन्यथा आज जिला पहले स्थान पर होता है। बताया कि शासन द्वारा कुल 73 मानक विकास कार्यों के तय किए गए हैं जिसमें से 61 जिले में लागू होते हैं। इसमें से 43 मानक पर जिले को ए श्रेणी प्राप्त हुई है। कहते हैं कि अगर गोल्डन कार्ड और गोंवश संरक्षित करने का लक्ष्य अधिक न होता तो आज जिले की पोजिषन और बेहतर होती। कहते हैं कि अगर कोई जिला अंडर टेन में भी रहता है, तो उस जिले में अच्छा माना जाता हैं, बताया कि लक्ष्य अंडरफाइव में रहने का है, और इसके लिए अधिकारी मेहनत कर रहे हैं।

# अच्छे कर्मों का फल अच्छा मिलता ही है.: पीयूष कुमार श्रीवास्तव

संवाददाता। मीरजापुर

**विन्ध्याचल** परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री पीयूष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छे कर्मों का फल अच्छा मिलता है जबकि बुरे कर्म से भले की कोई तात्कालिक उपलब्धि मिल गई हो लेकिन उसका अंत बुरा ही होता है। श्री श्रीवास्तव नगर के हिंदी साहित्य के शीर्ष समालोचक डॉ भवदेव पांडेय की 11वीं पुण्यतिथि पर गुरुवारए 25ध्2 को तिवराने टोला में श्धर्म एवं विज्ञान में सान्निध्य के आयाम विषयक परिचर्चा गोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्वत समाज नई राह दिखाता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में एक समय आता है जब व्यक्ति खुद अपना मूल्यांकन करने लगता है। विन्ध्याचल मण्डल में श्विंध्य विद्वत परिषदश् के स्वरूप का दायित्व श्री श्रीवास्तव ने उपस्थित विद्वानों पर छोड़ा। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप अपर आयुक्त ;प्रशासनद्ध श्री रमेशचन्द्र कार्यक्रम उपस्थित रहे। निर्धारित श्धर्म एवं विज्ञान में सान्निध्य के आयामश् विषय की शुरुआत करते हुए केबीपीजी कालेज के अवकाशप्राप्त गणित विभागाध्यक्ष डॉ कैलाशनाथ त्रिपाठी ने कहा कि सभी धर्मों में आस्थाए प्रेरणाए शांतिए प्रेमए उदारता का उल्लेख तो है लेकिन हकीकत में होता इसके विपरीत ही है। धर्म के नाम पर लोग जिंदा जलाए जाते हैं जो चिंता की बात है। इतिहास के पन्नों को पलटने पर धर्म के नाम पर अत्याचारों का विवरण मिलता है। उन्होंने कहा कि पूजा.पाठए शादी और मांगलिक कार्यक्रम जितने भी हो रहे हैंए वह वेदों के अनुसार नहीं बल्कि पुराणों के आधार पर हो रहे हैं। वर्ष में कोई भी त्योहार वेद के अनुसार नहीं मनाए जाते। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि वैदिक ज्ञान स्वत: विज्ञान है। एक एक ग्लैक्सी में अरबों.अरबों तारे है। विज्ञान ने जिन अणुओं और परमाणुओं को देखाए उसका उल्लेख वेदों में मिलता है। संगोष्ठी में आदर्श इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य वृजदेव पांडेय के व्याख्यान का आधार उपनिषद रहा और उन्होंने धर्म एवं विज्ञान को एक दूसरे का पूरक कहा जबकि केबीपीजी कालेज के अवकाशप्राप्त प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ के एम सिंह ने कहा कि विज्ञान कभी धर्म को खंडित नहीं करताए बल्कि उस पर शोध करता है। सगोत्री.विवाह न करने का निर्णय अब मेडिकल साइंस ने भी दे दिया है। इसी क्रम में केबीपीजी कालेज के पूर्व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष तथा माध्यमिक शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व सदस्य श्री नन्द जी चौबे का भी मानना था कि उन्नत एवं आदर्श समाज के लिए धर्मयुक्त विज्ञान लाभप्रद होगा। गोष्ठी की अध्यक्षता करते नए केबीपीजी कालेज के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ बैजनाथ पांडेय ने जो धारण करने योग्य है वह धर्म तथा जो जीवन को गति दे वह विज्ञान।

# स्वावलम्बन हमारे जीवन को आर्थिक विकास से जोड़ता हैः अमरेन्द्र प्रसाद सिंह

**● हिंडालको रेनूसागर में स्वावलम्बन कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

संवाददाता। सोनभद्र




**हिण्डालको** रेनुसागर पावर डिवीजन ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर द्वारा चलाये जा रहे ग्रामीण विकास विभाग के अर्न्तगत रेनूसागर प्रेक्षागृह में स्वावलम्बन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए सिलाई मशीन एवं कृषि कार्य हेतु ग्रामीणों को स्प्रेयिंग मशीन व इलेक्ट्रीकल प्रशिक्षण प्राप्त कामगारों कोटूल्सकिट्स व प्रमाण पत्र सुदूरवर्ती क्षेत्र के मेद्यावी छात्रों कों सोलर लैम्प जरूरत मंदो को आत्म निर्भर बनाने के लिए0 हाथ ठेला एंव गरबन्धा व परासी में चलाए जा रहे कोचिंग सेन्टर के माध्यम से 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यर्क्रम के मुख्य अतिथि जनपद के पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह व रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के. पी. यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान स्कूली बच्चियों ने स्वागत गीत गाकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने स्वावलम्बन कार्यक्रम के तहत अपने उद्बोधन में कहा कि स्वावलम्बन हमारे जीवन को आर्थिक विकास से जोड़ता है। हिण्डालको रेनूसागर जरूरतमंदो के सर्वागीण विकास के लिए अहम भूमिका निभा रहा हैं। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर बनाने वालें जन कल्याणकारी कार्यक्रम लोगो के लिये बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा और उम्मीद है कि आगे भी हिण्डालको रेनूसागर ऐसे कार्य करते रहेगें। इसके पूर्व हिण्डालको रेनूपावर के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए हिण्डालको ग्रामीण विकास विभाग रेनूपावर द्वारा किए गये कार्यो पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे संस्थान द्वारा सुदूरवर्ती ग्रामीणों के विकास के लिए शिक्षा स्वास्थ्य कृषि पेयजल जरूरत मंदो के लिए बकरी पालन मत्सय पालन के कार्य किये जा रहे है एंव महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन हैण्ड़ीक्राफ्ट का प्रशिक्षण देकर उन्हे लाभाविन्त किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्त में रेनूसागर के एच आर हेड शैलेश विक्रम सिंह नें आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग प्रभारी अनिल झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिण्डालको रेनूसागर के संचालन विभाग के योगेश प्रजापति के आर बाबू कर्नल मुन्ड़ी हितेन्द्र झा बी के वाजपेयी सहित निकटवर्ती ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग की टीम का सहयोग सरहनीय रहा।

# किसानों को जागरुक होने की जरूरतः शाही

### तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेला एवं प्रदर्शनी का कैबिनेट मंत्री ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**। देवरिया



आचार्य नरेन्द्र देव इंटर कालेज पथरदेवा में शुक्रवार से आयोजित तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया और विकास एवं कृषि विभाग से जुड़े विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि पिछले तीन वर्षो से इसी स्थान पर यह मेला आयोजित हो रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश में किसानों को लाभ मिला तथा देश में इस योजना में उत्तर प्रदेश को बेहतरीन कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। यह अवसर आप सभी के द्वारा ही मिला है, इसके लिए आप सभी को बधाई है। प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के समृद्धि के लिए यह योजना संचालित की गई। पिछले चार वर्ष के भीतर प्रदेश में अच्छा कार्य हुआ है। इसी का परिणाम है कि किसानों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2019 में इस योजना को लांच किया गया। एक बटन क्लिक करने के माध्यम से किसानों के खाते में सीधे दो दो हजार की धनराशि भेजी गई। यह योजना दुनिया में पहली महत्वाकांक्षी योजना हैए जो प्रधानमंत्री ने इस देश में लागू किया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से ही यह संभव हो पाया हैए जिसका लाभ किसानों को पारदर्शी तरीके से उनको मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कल्याण केंद्र के माध्यम से एक ही छत के नीचे सभी कृषि निवेशों को उपलब्ध कराए जाने का कार्य किया गया है। कृषि विश्वविद्यालयों को टिशू कल्चर पर कार्य करने के लिए कहा गया है। तीन वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन में यह प्रदेश नंबर वन की स्थिति में है। नियोजित तरीके से कृषि का विकास कैसे करें, यह करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देवरिया के किसानों को जागरूक एवं योजनाओं का लाभ उठाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से वंचित किसानों की कठिनाइयों को दूर कराने का कार्य किया जाएगा और उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। वरासत अभियान के तहत सभी अवशेष वरासतों को कराए जाने के लिए जिलाधिकारी से उन्होंने कहा। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उसकी उत्कृष्ट कार्य करने वालों की चर्चा करते हुए कहा कि बेहतर कार्य करने वालों को उजागर करने से दूसरों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने नारी शक्ति मिशन से लेकर कृषि विभाग आदि क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को रखा। उन्होंने कहा कि पथरदेवा विधानसभा के 18 सड़कों के निर्माण कार्य की परियोजना 33 करोड़ 87 लाख की स्वीकृत हुई है। तेजी से विकास के कार्य आगे बढ़ रहे हैं योजनाओं से अपने आप को जोड़ेंए इसकी जानकारी रखें और लाभ उठाएं।

## टैक्स वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी

**मुगलसराय (चन्दौली)**। राष्ट्रीय लोक दल जिला व नगर ईकाई की बैठक स्थानीय खोवामंडी स्थित कैंप कार्यालय पर गुरूवार को जिलाध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा बोर्ड की बैठक मे यूजर टैक्स को लेकर एक नया प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके लिए निजी कंपनियों द्वारा सर्वे भी कराया जा रहा है जो घरों मे पहुँच सबका नाम और मोण्नंण्लिख रहे हैं।उक्त यूजर टैक्स पालिका द्वारा प्रतिमाह वसूली की जाएगी। उन्होने कहा कि एक तरफ जनता कोरोना काल मे रही बंदी से ऐसे ही बेहाल है वही दूसरी ओर पालिका द्वारा राजस्व बढ़ाने के मकसद से उक्त टैक्स को बोझ के रूप मे डालने की तैयारी की जा रही है। यदि उक्त टैक्स को तत्काल वापस नहीं लिया जाता तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। मुख्य रूप से महेन्द्र यादव, बनारसी चौहान, शिवकुमार पटेल, ताज मुहम्मद आदि मौजूद रहे।

# अब निःशुल्क बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड ,10 मार्च से चलेगा अभियान

**संवाददाता**। सिद्धार्थनगर

**पीएम** जन आरोग्य योजना व सीएम जन आरोग्य अभियान के तहत जिले में पंजीकृत आयुष्मान योजना के लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड (गोल्डेन कार्ड) निशुल्क बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग 10 से 24 मार्च के बीच जिले भर में कार्ड विहीन परिवारों के लिए आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित करेगा। लाभार्थियों को कैंप कार्ड स्थल तक लाने के लिए आशा कार्यकर्ता घर-घर समय से पूर्व पर्ची बांटकर पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगी। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने डीएम को भेजी चिठ्ठी में कहा है कि आयुष्मान लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। जिसमें लक्षित परिवारों को योजना के प्रति जागरूक करते हुए आयुष्मान कैंप तक लाने एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के हर संभव प्रयास किये जाएं। जिला सूचना तंत्र प्रबंधक प्रत्यूश दूबे ने बताया कि शासन स्तर से चिठ्ठी आई है। जिले भर में आयुष्मान पखवाड़ा के दौरान शत प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए गोल्डेन कार्ड विहीन परिवारों तक पहुंचने की पूरी योजना तैयार की जा रही है। गांव.गांव कैंप आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कैंप आयोजित होने से पूर्व गांव की आशा गोल्डेन कार्ड विहीन परिवार के घर जाकर जाकर पर्ची देंगी। जिसमें कैंप स्थल की जानकारी, परिवार के मुखिया का नाम व कैंप की तिथि अंकित होगी। आयुष्मान कार्ड कैंप स्थल पर हेल्थ चेकअप की व्यवस्था की जाएगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से अन्यत्र कैंप लगने पर सीएचसी-पीएचसी की सहायता से कैंप लगाए जाएंगे।

# मरीजों की सेवा को प्राथमिकता देने का कार्य करें: सचिन वैश्य

### प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता**। सिद्धार्थनगर

**प्रांतीय** चिकित्सा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. सचिन वैश्य ने कहा कि संवर्ग से जुड़े साथियों के सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संगठन तत्पर है। सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए मरीजों की सेवा को प्राथमिकता देने का कार्य करें।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सचिन वैश्य शुक्रवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में चिकित्सकों ने स्वयं के साथ परिवार की चिंता किए बगैर सेवा देते रहेए इसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। अपने अधिकार को लेकर सजग रहे। संगठन हर स्तर पर साथ देने को तैयार है। प्रांतीय सचिव डाण् अमित सिंह ने कहा कि एकजुटता के कारण ही समस्याओं का समाधान सहजता से हो जाता है। सभी को अपने कार्य एवं दायित्व के प्रति सतर्क रहना होगा। प्रांतीय चुनाव अधिकारी डा. राजीव बंसवाल ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही आम हो या खास हो, वारिस हो या लावारिस हो, सबका उपचार प्राथमिकता पर करने की पहल हो। इसी से सभी की पहचान है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके कटियार ने कहा कि जिला अस्पताल में कार्यभार ग्रहण करने के बाद संगठन को गतिशील बनाने की दिशा में अहम निर्णय लिए। चिकित्सकों के सम्मान में समझौता नहीं किया। इसी कड़ी में जिला अस्पताल परिसर में संघ के लिए अलग से भवन देने की पहल की। इस भवन में चिकित्सा संवर्ग के अलावा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य संवर्ग के लिए भी सुलभ रहेगा।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**संवाददाता**। देवरिया



**पंचायत** में भाजपा के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में विजयी हो इसके तैयारियों के लिए भाजपा की 56 में से 23 वार्डो की बैठक हुई। बैठकों में संबंधित वार्ड के सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, उस वार्ड में रहने वाले मण्डल, जिला, क्षेत्र और प्रदेश के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसी के तहत वार्ड 14 बैतालपुर मध्य की बैठक को औरा चौरी कार्यालय पर संबोधित करते हुए पंचायत चुनाव के जिलासंयोजक कृष्णानाथ राय ने कहा कि सभी वार्डो और ग्राम पंचायतों से भाजपा के कार्यकर्ता जीत कर आये इसके लिये हम सभी को काम करना है।

पंचायत चुनाव को हम मजबूती लड़े और जीते इसके लिये पार्टी ने तय किया है कि दो से पांच मार्च तक विधानसभा सह सेक्टर संयोजकों और सेक्टर प्रभारियों की बैठक होगी। छह से 10 मार्च तक ग्रामसभा स्तर की बैठक होगी। बैठक में बूथ समिति के सदस्य, गांव में रहने वाले पार्टी के कार्यकर्ता तथा विचार परिवार के लोग भी रहेंगे।11 से 18 तक ग्राम चौपाल का आयोजन होगा।इसके लिये हर गांव में कार्यक्रम को आयोजित करने वाले कार्यकर्ता का नाम एक से दो दिन में तय कर लिया जाये। बैठक में वार्ड 14 के प्रभारी रमाशंकर निषाद,वार्ड संयोजक राधेश्याम शुक्ला, अम्बिकेश पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह, विकास मणि, अंगद मणि, राजेश निषाद, अमित कुमार सिंह समेत वार्ड के सभी सेक्टर संयोजक और सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

### आक्रोशित लोगों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

**संवाददाता**। मऊ

**थाना** दक्षिण टोला क्षेत्र अंतर्गत चंडी सागर मंदिर के पास शुक्रवार की सुबह मुर्गा लदे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क के किनारे टहल रहे दो लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे 26 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया, जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।

इस दौरान आक्रोशित लोगों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर किसी तरह से जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। स्थानीय दक्षिण टोला थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्तूपुरा निवासी 22 वर्षीय बंधन सोनकर पुत्र लालू सोनकर शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिर्जाहादीपुरा की तरफटहलने के लिए निकला था। इस दौरान ज्यों ही वह थाना क्षेत्र के चंडी सागर मंदिर के पास पहुंचा कि पीछे से मुर्गा लदा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आ गया और टहल रहे युवकों को जोरदार ठोकर मार दिया। तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन के धक्के से 22 वर्षीय युवक बंधन सोनकर गंभीर रुप से लहूलुहान होकर तड़पने लगा। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया, जबकि उसका एक अन्य दोस्त गंभीर रुप से घायल हो गया। उधर घटना के बाद पिकअप वाहन चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। उधर घटना से आक्रोशित लोगों ने युवक का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग मुआवजा समेत आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

उधर घटना की सूचना लगते ही दक्षिण टोला के एसआई सरफराज भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क जाम कर रहे लोगों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोग टस से मस नहीं हुए। उधर घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी सदर नरेश कुमारए नगर मजिस्ट्रेट जेएन सचान भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और जाम खत्म हुआ।

# होम्योपैथ चिकित्सकों ने चिकन पॉक्स के मरीजों को देखा

### जिले के कोपागंज नगर पंचायत के हिकमा मुहल्ले में शिविर का आयोजन

**संवाददाता**। मऊ




**जिले** के कोपागंज नगर पंचायत के हिकमा मोहल्ले में इन दिनों चिकनपाक्स का प्रकोप है। बीमारी की जद में कई परिवारों के नौनिहाल हैं। होम्योपैथी में इसकी बेहतर दवा होने के चलते शुक्रवार को जिला अस्पताल की चिकित्सक डा. नम्रता श्रीवास्तव एवं डा. अरविद श्रीवास्तव ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 150 मरीजों में दवाएं वितरित किया गया। इसको देखते हुए कोपागंज में रामकुमार गिरजा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हिकमा गांव में किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष व वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद श्रीवास्तव एवं जिला अस्पताल मऊ की प्रभारी होमपेथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ नम्रता ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि चिकन पॉक्स मीजल्स संक्रामक बीमारी है अक्सर मौसम के तेज़ बदलाव पर इसके वायरस बहुत एक्टिव हो जाते हैं और लोगों को विशेष रुप से बच्चों को संक्रमित करते हैं। स्वयं की स्वच्छता के साथ.साथ घर एवं आसपास की साफसफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छ पानी शुद्ध एवं ताजा भोजन करना चाहिए। उनको अलग साफ-सुथरे बिस्तर व स्वच्छ हवादार कमरे में रहना चाहिए। बिस्तर पर या बिस्तर के पास में नीम की हरी पत्तियों को रखने से संक्रमण फैलने का खतरा कम हो जाता है एवं जख्म तेजी से भरता है।

# समर्पण सहयोग राशि के लिए लोगों से मिल रहे कार्यकर्ता

**संवाददाता**। चकिया (चन्दौली)



**राम** मन्दिर निर्माण के लिए भाजपा और संघ के कार्यकर्ता लोगों से मिल कर समर्पण सहयोग राशि ग्रहण कर रहे है। मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि के लिए बहुत संघर्ष किया गया है। ऐसे में हम सभी की इच्छा है कि राम मंदिर करोड़ों लोगों के स्वैच्छिक सहयोग से बने।

उन्होंने बताया कि जनसंपर्क के दौरान हजारों कार्यकर्ता गांव-गांव और मोहल्लों में जा रहे है तथा सभी राम भक्तों से स्वेच्छा पूर्वक दिए गये सहयोग को प्राप्त कर रहे हैं। वहीं एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजकुमार जायसवाल ने कहा कि भगवान के काम में धन बाधा नहीं बन सकती। आर्थिक पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ट्रस्ट की ओर से 10 रुपये, 100 रुपये,1000 रुपये के कूपन व रसीदें छापी गई हैं।

जो जितना दान करेगा, उसी के अनुरूप कूपन या रसीद उन्हें दी जाएगी। इस दौरान दीप गुप्ता, शुभम मोदनवाल, शिवरतन गुप्ता, प्यारे लाल सोनकर, अरविंद मोदनवाल, सारांश केसरी, मनोज जायसवाल, रवि गुप्ता, राजू सैनी, सुशील पांडे मौजूद रहे।

# नारद मोह का मंचन देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**संवाददाता**। डुमरियागंज (सिद्धार्थ नगर)

डुमरियागंज क्षेत्र के खोरिया रघुवीर सिंह गांव में चल रहे रामलीला में गुरुवार की रात कलाकारों ने नारद मोह का सजीव मंचन किया जिसे देख श्रद्धालु भाव विभोर हुए। कलाकारों ने दिखाया कि हिमालय पर्वत पर तपस्या कर रहे नारद की तपस्या भंग करने के लिए इंद्रदेव ने कामदेव को भेजते हैं ए लेकिन वहां उनकी तपस्या भंग नहीं कर पाते बाद में नर्तकी एउर्वशी भी इस कार्य में विफल रही तो नारद में अभिमान आ जाता है कि उन्होंने कामदेव को जीत लिया है। अभिमान में भरे नारद ने अपने पिता ब्रह्मा और भगवान भोले शंकर व विष्णु भगवान के पास जाकर अपने अभिमान का प्रदर्शन करते हैं । इस पर भगवान विष्णु नारद का अभिमान तोड़ने को मृत्यु लोग की खबर लेने भेजते हैं। वहां भगवान विष्णु माया रचाते हैं एकि राजकुमारी लक्ष्मी के साथ विवाह करने को नारद मुनि आतुर हो जाते हैं लेकिन भगवान विष्णु माया से नारद उनको वानर रूप मुख प्रदान कर देते हैं । जिससे राजकुमारी लक्ष्मी नारद मुनि को ठुकरा देती है और भरी सभा में नारद मुनि को उपहास का पात्र बनना पड़ता है । जिससे आक्रोशित नारद मुनि भगवान विष्णु को श्राप देते हैं की मृत्यु लोक में लीला के दौरान इसी बानर मुख रूप से आपको सहायता मांगनी पड़ेगी । इससे पूर्व नौ दिवसीय रामलीला का उद्घाटन सपा नेता रामकुमार चिंकू यादव ने किया। इस दौरान विश्वनाथ धर दुबे, अरुण पाठक, अशोक दुबे, विजय कुमार यादव, लालजी दुबे, सुरेश मौर्य, अनुराग पाठक, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, जगदम्बा प्रसाद पाठक, सुरेश पान भंडार, गिरीशचंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव सहित क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

# दर्जन भर स्थानों पर कबूतरों के अड्डों पर धधकती शराब उतारने की भट्टियां

### अनेकों बार हो चुकी कार्रवाई फिर भी कच्ची शराब उतारने का सिलसिला जारी

### पुलिस से भी भिड़ने से नहीं चूकतीं महिलाएं

**संवाददाता**। उरई (जालौन)

**पिछले** दिनों ग्राम ददरी में जहरीली शराब पीने से दो युवकों की मौत के बाद जहां पुलिस महकमा ऐसे स्थानों पर छापामार कार्रवाई करने में जुटने की तैयारी कर रहा है तो वहीं जनपद में दर्जन भर ऐसे स्थान हैं, जहां पर स्थायी रूप से कबूतरों ने अपना आशियाने बनाकर 24 घंटे कच्ची शराब उतारने के लिए भट्टियां धधकती रहती है। हैरानी की बात यह है कि जब भी ऐसे स्थानों पर पुलिस छापामार कार्रवाई को अंजाम देती है तो ढेरे से पुरुष तो भाग जाते हैं और उनकी महिलायें मोर्चा संभालती देखी जाती है। कई अवसर ऐसे भी आए जब पुलिस को ढेरे की महिलाओं के तीखे विरोध का सामना तक करना पड़ा। गौरतलब हो कि जिले में करीब दो दशक पूर्व कबूतरा समाज की इंट्री हुई थी उस दौरान वह बस्ती से दूर ऐसे स्थानों पर अपना डेरा जमाते थे जहां पानी का इंतजाम हो ताकि वह कच्ची शराब उतारकर उसकी बिक्री कर सके। इसके बाद कबूतरा समाज जैसे ही आर्थिक रूप संपन्न हुआ तो उन्होंने जमीन खरीदकर अपने स्थायी आवास बना लिये और अवैध तरीके से कच्ची शराब के धंधे से जुड़ गये। बताया जाता है कि जिला मुख्यालय में ही झांसी रोड व हड्डी मील के समीप कबूतरों के स्थायी आशियाने बने हुये हैं जहां पर 24 घंटे कच्ची शराब उतारने के लिये भट्टियां धधकती रहती है। तो एट थाना क्षेत्र का बिरासनी डेरा तो समूचे क्षेत्र में विख्यात हो चुका है। जालौन कोतवाली क्षेत्र में नगरीय क्षेत्र के छत्रसाल इंटर कालेज के समीप उनके डेरे हैं।

तो कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना के समीप कबूतरों का डेरा पोषित हो रहा है। कोंच कोतवाली क्षेत्र की बात करें तो वहां पर महेशपुरा रोड व चांदनी रोड कबूतरों के लिए सुरक्षित स्थान बना हुआ है। कालपी कोतवाली क्षेत्र में चौरासी गुंबद लंगरपुर के समीप वर्षो से कबूतरा का डेरा कच्ची शराब उतारने के धंधे से जुड़े हुए है। तो गोहन थाना क्षेत्र सहित लगभग दर्जन भर स्थानों पर कबूतरों के डेरे हैं जहां वर्षों से कच्ची शराब उतारने का सिलसिला बेखौफ तरीके से जारी रहता है। ऐसा नहीं कि जिम्मेदारों ने कबूतरों के अड्डे पर छापामार कार्रवाई को अंजाम ना दिया हो लेकिन कबूतरा समाज अवैध कच्ची शराब के धंधे से अपना मोह नहीं त्याग पा रहा है।

**आबकारी विभाग कार्रवाई करने में रहता फिसड्डी**

**उरई**। आबकारी विभाग का जुड़ाव महज सरकारी शराब ठेकों तक ही सीमित रहता है। कभी कभार ही वह कबूतरा डेरों पर छापामार कार्रवाई की जेहमत उठाता है तो भी वह पुलिस का सहयोग का लेता है। आबकारी विभाग के जिम्मेदारों से जब भी कबूतरा डेरों पर कच्ची शराब के अवैध धंधे के बारे में बात की जाती है तो वह खुद की लाचारी दिखाकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

## 11 शातिर जालसाजों को किया गिरफ्तार

**जौनपुर**। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम थानाध्यक्ष चंदवक मय हमराह ने मुखबिर की सूचना पर छावनी तिराहा वहद ग्राम बरामनपुर के पास से उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 25 लाख रुपये के पुराने नोट, एक पिस्टल मय दो जिन्दा कारतूस .32 बोर, एक देशी तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व 16 एटीएम कार्ड बरामद हुआ। बरामदगी के संबंध में पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि उक्त पैसे को बदलने के फिराक में थे एवं एटीएम कार्ड का प्रयोग स्थान बदलकर सीधे साधे वृद्ध, अशिक्षित व्यक्तियों को देखकर एटीएम कार्ड से पैसा निकालते समय धोखधड़ी से एटीएम बदलने में करते है। अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

# राकसं परिषद के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों का सम्मान

**संवाददाता**। सिद्धार्थनगर




**राज्य** कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के 56वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा सिद्धार्थनगर की तरफसे जनपद के वरिष्ठतम कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव तथा संग्रह अमीन संघ सिद्धार्थनगर के पूर्व जिला मंत्री दीप नारायण लाल श्रीवास्तव को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री सुजीत कुमार जायसवाल एवं मंडल मंत्री अरुण कुमार प्रजापति द्वारा माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री सुजीत कुमार जायसवाल ने बताया कि हमारे वरिष्ठतम साथियों के संघर्ष ने कर्मचारियों को बहुत कुछ दिलाया केंद्र के समान वेतनमान एवं महंगाई भत्ता जो उत्तर प्रदेश सरकार ने लागू कियाए इन वरिष्ठ कर्मचारियों के संघर्षो का परिणाम रहा। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल मंत्री अरुण कुमार प्रजापति ने बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के 56 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुराने कर्मचारियों के संघर्ष का परिणाम है कि आज हम इस स्थिति में पहुंचे।

बैठक में परिषद के जिला संगठन मंत्री विनय श्रीवास्तव, पशुपालन के मनोज पांडेए विकास विभाग के अरुण कुमार, रोजगार सेवक अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार , 27 फरवरी 2021



# डीएम ने निर्माणाधीन अंडरपास व इको पर्यटन स्थल का किया निरीक्षण

● निर्माण कार्य को एक महीने में पूरा करने का दिया निर्देश

संवाददाता। मुसाफिरखाना, अमेठी



**शुक्रवार** की सुबह डीएम अरुण कुमार ने क्षेत्र के कादूनाला के रेलवे क्रासिंग निर्माणाधीन अंडरपास पुल का निरीक्षण करने के साथ ही वेटलैंड संरक्षण में कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।डीएम ने अंडरपास पुल का निर्माण एक महीने के अंदर पूरा करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए हैं ।

शुक्रवार को क़रीब ग्यारह बजे स्थानीय क्षेत्र अन्तर्गत कादूनाला के पास उतरेटिया वाराणसी रेल लाइन पर निर्माणाधीन अंडरपास पुल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य को एक महीने के अंदर पूरा करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में मानक के अनुरूप काम हो ।इसके साथ ही डीएम अरुण कुमार ने शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। वहीं पास में ही वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र में वेटलैंड संरक्षण में कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में वन क्षेत्राधिकारी दिनेश बडोला व बीडीओ डॉ हरि कृष्ण मिश्रा से गहन जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।ऐतिहासिक व पौराणिक क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कराई जा रही परियोजना के निरूपण के सम्बन्ध में वन क्षेत्र के प्रभावी संरक्षण जल का परिशोधन एवं ग्रीष्मकाल में वन्य जीवों को देने हेतु स्थाई जल स्रोत उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही इको पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा तथा प्रवासी पक्षियों के सुरक्षित एवं उनके अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं ।वेटलैंड एरिया का स्थलीय निरीक्षण करते हुए डीएम अरुण कुमार ने क्षेत्र को जनपद में इको पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने का निर्देश दिया ।इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान नेवादा गांव निवासी सुल्तानपुर के पूर्व सांसद व वयोवृद्ध कांग्रेस नेता राज करन सिंह ने भी डीएम अरुण कुमार से मुलाकात कर जन समस्याओं से अवगत कराया।

## जिलाधिकारी ने मशरूम की खेती का किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज विकास खंड बाजार शुकुल अंतर्गत ग्राम पाली में किसान देश दीप सिंह पुत्र दिनेश बहादुर सिंह द्वारा की जा रही मशरूम की खेती का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित किसान से इसकी पैदावारए लागत व मुनाफे की जानकारी लियाए तथा संबंधित किसान की प्रशंसा किया साथ ही अन्य किसानों को भी पारंपरिक खेती के साथ-साथ औद्यानिक खेती करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि किसान भाई ऑर्गेनिक खेती के माध्यम से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। जिलाधिकारी ने मौके पर ही जिला उद्यान अधिकारी को किसानों के हित में संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्यानिक क्षेत्र में सरकार द्वारा किसानों को बड़ी मात्रा में सब्सिडी दी जाती हैए जिसका लाभ किसान बंधु प्राप्त कर सकते हैं। परंतु सही जानकारी ना हो पाने के कारण उनको इन योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है।

# रेल महाप्रबंधक ने किया बाराबंकी जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

संवाददाता। बाराबंकी



**अयोध्या** रेलवे स्टेशन पर चल रहे यात्री सुविधाओंके विस्तारीकरण का जायजा लेकर वापस लौटे रेल महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने शुक्रवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण में रेल महाप्रबंधक ने इंजीनियरिंग विभाग द्वारा लगाये स्टाल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिएए इस दौरान उन्होंने पत्रकारो से बातचीत भी की जिसमे बताया कि अयोध्या में विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर हैए जल्द ही वहाँ यात्री सुविधाओं में इजाफा किया जायेगा। इसके अलावा फैजाबाद व अन्य स्टेशनों पर भी यात्रियों की सुविधा बढ़ाई जाएगीएयह भी कहा कि बन्द ट्रेनों के संचालन पर जल्द ही निर्णय होगा जिसके लिये वार्ता भी हो रही हैउन्होंने बताया कि फैजाबाद रेलखंड मार्ग का दोहरीकरण भी होगा जिसकी मंजूरी दे दी गयी है इससे पहले अपनी स्पेशल ट्रेन से पंहुचे रेल महाप्रबंधक का स्टेशन अधीचक विनय शुक्ल ने स्वागत कियाए इस मौके पर रेल महाप्रबंधक के साथ साथ डी आर एम एसंजय त्रिपाठी समेत पूरा रेल महकमा मौजूद रहा । **चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था देख गदगद हुए जीएम:** रेल महाप्रबंधक के आने की सूचना के मद्देनजर स्थानीय रेलवे स्टेशन की व्यवस्था काफी चुस्त दुरुस्त रही जहां प्रत्येक कर्मचारी बावर्दी नजर आ रहा था वही साफ सफाई व्यवस्था एवं कार्यशैली देखने लायक थी जिसको देखकर रेल महाप्रबंधक गदगद हो गए यहां तक कि उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का लोकन उपरांत गालियों से स्वागत किया यही नहीं मंडल रेल प्रबंधक ने यह भी कहा कि बाराबंकी रेलवे जंक्शन इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि यहां से गोंडा एवं फैजाबाद रेलखंड मार्ग है बल्कि यहां विश्व प्रसिद्ध देवा महादेवा का पवित्र स्थल भी पड़ता है उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही स्थानीय रेलवे स्टेशन सुविधाओं से लैस किया जाएगा ।

## अनियंत्रित होकर बस पलटने से 27 लोग घायल, दो रेफर

**जगदीशपुर, अमेठी।** बीती रात्रि सवारी से भरी डबल डेकर बस चालक को झपकी आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार सत्ताईस लोग घायल हो गए घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने पर दो लोगो की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर किया है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित लालीपुर बड़ागाँव के निकट आजमगढ़ से दिल्ली सवारी भर कर जा रही वोल्वो डबल डेकर बस चालक को अचानक झपकी आ जाने के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे लगभग साठ लोग सवार थे बस पलटने से उसमे सवार अम्बेडकर नगर निवासी सुन्दरा बन्दना राज बिट्टा प्रिंस प्रभात जोगेन्द्र बिक्रम सिंह विनोद ममता राम सहाय, ओमकार, राम सहाय सावित्री पूरनमासी रामजीत पाण्डेय दिल्ली निवासी आयूषी तौसीख गजाला तथा आजमगढ़ निवासी स्वीटी साक्षी विनोद व कृष्णा देवी सहित सत्ताईस लोग घायल हो गए घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने पर दो की हालत गम्भीर होने के चलते डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर किया है। इस सम्बंध में कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि बस को अपने कब्जे में ले लिया गया है जब कि मौका पाकर चालक भागने में सफल रहे जिनकी तलाश जारी है। **मरीजों ने लगाया चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप :** घायलो को इलाज के लिए अस्पताल पहुचने पर अफरा तफरी का माहौल रहा जहां मरीजो ने समय से डॉक्टर न आने व इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



संवाददाता। बाराबंकी

**पदमेश सूर्या कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। उसका छः महीने पहले एक राष्ट्रीय चैनल की एडिटर के संग विवाह हुआ था।**

बीती देर रात्रि जिला अस्पताल लाये गये दो अज्ञात शवो की शिनाख्त उनके परिजनो द्वारा सुबह की गयी। उक्त सड़क हादसा कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर चौकी के निकट ढाबे के सामने होने की पुलिस ने जानकारी दी है। बीती रात पदमेश राय (27) पुत्र शत्रुघ्न राय निवासी शेरपुर थाना भावरकोल क्षेत्र जिला गाजीपुरए वर्तमान पता लखनऊ विस्तार खण्ड गोमतीनगर व अंकुर सिंह (27) पुत्र मनोज सिंह निवासी मोहल्ला लोहरबाग कोतवाली नगर क्षेत्र जिला सीतापुर, वर्तमान पता वृज़ कॉलोनी चिनहट क्षेत्र लखनऊ की सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी। एक शव को देर रात्रि 1 बज कर 50 मिनट पर एम्बुलेंस द्वारा लाया गया। जबकि उसके ठीक 6 मिनट पश्चात् दूसरे युवक का शव अज्ञात लोगो द्वारा लाया गया। पोस्टमार्टम आये दोनो मृतको के परिजनो ने बारी . बारी से अपनी बात में बताया गया की घटना के विषय में पुलिस से सूचना मिलने पर बाराबंकी पहुंच कर शव की शिनाख्त की। मृतक अंकुर सिंह के चाचा संजय सिंह ने बताया की अंकुर उनके साथ रह कर टेल्को के निकट बृज हॉस्पिटल की कैंटीन चलाने में सहयोग करता था। बीती रात 8 बजे पहली बार पदमेश को अंकुर से कैंटीन पर मुलाक़ात करते देखा और दोनो कोल्ड्रिंक् पीकर तुरंत बुलेट बाइक से रवाना हो गये थे। वही पदमेश के बड़े भाई निवासी विस्तार खण्ड गोमतीनगर मयंक राय ने बताया की दोनो किसी काम से बाराबंकी जाने की बात कह कर निकले थे।

## जिले के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दी जा रही टेलीमेडिसिन सेवाः डॉ. सीपी शर्मा

**प्रतापगढ़।** ग्रामीण स्तर पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं के लिए जनपद के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसिन सेवाएं दी जा रही हैं। टेलीमेडिसिन सेवाओं के अंतर्गत 13 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऑनलाइन परामर्श दिया जा रहा है।

नोडल अधिकारी डॉ सीपी शर्मा ने पायनियर से एक मुलाकात में बताया कि जिले के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसिन सेवाएं दी जा रही है। इनमें बाल रोगए सामान्य औषधि, त्वचा रोग, मूत्र रोग, हड्डी रोग, तंत्रिका, हृदय रोग, अन्तःस्राव, किडनी, प्रसूति एवं स्त्री रोगए फिजियोथेरेपी, गैस्ट्रो एवं कैंसर रोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सीएचसी पर स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधायें सीमित होती हैं। उच्च सेवाओं के लिए व्यक्ति को जिला चिकित्सालय या फिर मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है। जबकि टेलीमेडिसिन सेवाएं उपलब्ध होने से व्यक्ति या मरीज को वहीं उच्च स्वास्थ्य परामर्श मिल जाता है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसिन सेल बनाए गए हैं। जब किसी व्यक्ति को उच्च परामर्श की आवश्यकता होती है तो सीएचसी के चिकित्सक व्यक्ति को टेलीमेडिसिन सेल रेफर कर देते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी उच्च स्वास्थ्य सेवाएं मिल पा रही हैं। इससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकों पर मरीजों का भार भी कम हो रहा है।

उन्होंने बताया कि सीएचसी पर बने टेलीमेडिसिन सेल में कैमराए टीवी आदि के साथ ही जांच उपकरण भी उपलब्ध हैं। साथ ही एक ट्रेंड स्टाफनर्स भी रहता है। यहाँ सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक परामर्श सेवाएं दी जाती हैं। टेलीमेडिसिन सेवाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप, हैदराबाद से सेवाएं ली हुई हैं। जब कोई व्यक्ति रेफर हो कर टेलीमेडिसिन सेल में आता है तो स्टाफ नर्स वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन अपोलो, हैदराबाद से संपर्क करती है।

### आज आयेंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेगें। श्री तिवारी सांगीपुर तथा लालगंज विकासखण्ड के अनेक गांव मे आयोजित विविध कार्यक्रमों मे शामिल होगें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### अभिनय के क्षेत्र मे दिलशाद ने बेल्हा का लहराया परचम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अभिनय के क्षेत्र मे बेल्हा के लाल की सफलताओं से लोगों मे खुशी का माहौल देखा गया। क्षेत्र के घरौरा लीलापुर निवासी दिलशाद को फिल्म परवाज मे बेहतर भूमिका के लिए स्थानीय लोगों मे इसे कला के क्षेत्र मे जिले की बड़ी उपलब्धि ठहराया है। शशिनाथ द्विवेदी के द्वारा प्रदर्शित ओमप्रकाश के निर्देशन मे परवाज की अयोध्या मे जारी शूटिंग देखने के लिए भी क्षेत्रीय लोग उत्साहित देखे जा रहे है। गौरतलब है कि दिलशाद अन्य कई फिल्मों मे भी कला का प्रदर्शन कर चुके है। बतौर दिलशाद परवाज के जरिए सामाजिक क्षेत्र को मजबूत संदेश मिल सकेगा। वहीं परवाज की अयोध्या मे शूटिंग को लेकर उत्साहित सिने कलाकार का मानना है कि इसकी सफलता यूपी के कलाकारों को प्रदेश मे ही अभिनय के क्षेत्र मे अपने कला का जौहर दिखाने का वातावरण भी सृजित कर सकेगा।

### निधन पर जताई गई संवेदना

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्र के हण्डौर निवासी समाजसेवी हरिप्रसाद तिवारी की पत्नी शांती देवी का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लोगों मे शोक छा गया। प्रधान मनोज सिंहए व्यापारमण्डल अध्यक्ष जाकिर अलीए पत्रकार डाण् आशीष सिंहए चंद्रशेखर तिवारीए मनोज सिंहए संजय शुक्लए उदयराज तिवारीए सुरेश मिश्र मदनए संजीव तिवारीए संजय तिवारीए राजीव तिवारी आदि ने मृतक के परिजन व पत्रकार उमेश तिवारी से मिलकर संवेदना प्रकट की।

### कमरे में लटकता मिला महिला का शव

**बाराबंकी।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके कमरे में रस्सी से लटकता मिला सूचना पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार घुंघटेर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी छोटू की 23 वर्षीय पत्नी सुधा की गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के समय घर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था ।मृतक का पति छोटू लखनऊ तथा ससुर खेत गया हुआ था ।शाम को जब ससुर खेत से वापस लौटा तो दरवाजा बंद होने पर उसे शंका हुई ।इस पास लोगों की मदद से दरवाजा खोला तो महिला का शव छत के कुंढे से लटकता मिला। मृतका के ससुर ने मामले की सूचना घुंघटेर पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।घुंघटेर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका का पति लखनऊ में मजदूरी करता है ।घटना के समय घर में मौजूद नहीं था ।मामले की सूचना मृतका के मायके वालों दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जेई की पिटाई पर आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कनेक्शन काटने के विवाद मे अवर अभियंता से गालीगलौज तथा मारपीट को लेकर सांगीपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। घुइसरनाथ धाम पावर हाउस के जेई ने दी गई तहरीर मे कहा है कि क्षेत्र के रामगंज बाजार मे वह लाइनमैन के साथ चेकिंग मे निकले थे। तभी भोजपुर निवासी उमेश कुमार व चार अन्य ने जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए मारापीटा। आरोपियो ने अवर अभियंता को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट को लेकर पांच के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद मे मारपीट को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के कंजास निवासिनी संगीता ने दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर आरोपियों ने घर मे घुसकर उसे तथा परिवार के सदस्यों को मारापीटा।

## गाय गंगा और गांव को समृद्ध करने के लिये विहिप गौ रक्षा ने कसी कमर

● प्रांत पदाधिकारी मीनाक्षी मिश्रा को अमेठी का भी प्रभार

संवाददाता। अमेठी

**विहिप** गौ रक्षा विभाग के नेत्रत्व मे भारत को सोने की चिड़िया के रुप मे पुनरू स्थापित करने के लिये गौ आधारित कृषि गांव व गंगा को स्मृद्ध करने के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा व प्रोफेसर बी एच यू गुरु प्रसाद सिंह, केंद्रीय मंत्री विहिप गौ रक्षा विभाग वासुदेव पटेलए प्रांत अध्यक्ष विहिप गौ रक्षा विभाग कासी भोला नाथ मिश्र ने प्रयाग राज की धरती से सैकडों की संख्या मे आये प्रांतीय पदाधिकारियों व जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं मे जमीनी स्तर पर कार्य करने व प्रशासन से सही कार्य लेने के लिये प्रशिक्षित करते हुए हुंकार भरी। इस दौरान प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी ने कार्यकर्ताओं को गौ वंश की रक्षा के लिये जी जान से जुटने व हर प्रकार से प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिया। परिषद गौरक्षा विभाग काशी प्रांत के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गुरु प्रसाद सिंह ने कहाकि गाय, गंगा और गांव की रक्षा से ही भारतीय संस्कृति रक्षा संभव है उन्होंने कहाकि भारत का गांव न होता तो कोविड19 से देश नहीं बचा होता यदि भारत को बचाना है तो गायए गंगा और गांव को बचाना होगा स आज कीटनाशक के माध्यम से जहां खेतों की उर्वराशक्ति समाप्त हो रही है वही देश का नागरिक कैंसर जैसी बीमारी का शिकार हो रहा है स हमारा उद्देश्य कृषि के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर गांव में उद्योग को विकसित करना है। प्रांत अध्यक्ष भोला नाथ मिश्र ने प्रत्येक प्रखंड तक संगठन के विस्तार के लिये प्रांतीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

## जीवन में सुख पाना है तो दूसरों के प्रति अच्छी भावना रखो

**फतेहपुर** बाराबंकी। जैन धर्मशाला में चल रहे संघ प्रवास के पांचवें दिन भावलिंगी संत श्रमणाचार्य विमर्श सागर गुरुदेव ने कहा कि जब भी कोई मनुष्य दूसरों के दुखी होने की इच्छा रखते है। वो स्वयं ही अपने लिये दुखों का कारण बनते है ।जो जैसा करेगा उसे वैसा ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर आप सुखी रहना चाहते है तो दूसरे के प्रति भी सुखी रहने की भावना रखनी चाहिए। आप अपने कानों से जो भी सुनते है आप वैसा ही आचरण करने लग जाते है। अच्छी भाषा बोलेंगे तो जीवन मे कभी भी आपको अपमान नही मिलेगा। वही परिवार में आपके बच्चे भी अच्छा व्यवहार करेंगे। आपके अंदर शांति है तो आपको चारो ओर शांति ही मिलेगी। भगवान महावीर के जीवन की तरह जिओ भगवान महावीर जिस मार्ग पर चलते थे। उस मार्ग पर परस्पर बैर रखने वाले जीव भी आपस मे प्रेम करने लगते थे। प्रकृति हमें अनेकों प्रकार से जीवन देती है। प्रकृति ध्यान रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

# मरीजों को फल वितरण करके मनाया हजरत अली का जन्मदिन



संवाददाता। बाराबंकी

**शिया** मुसलमानो के पहले इमाम व सुन्नी मुसलमानो के चौथे खलीफा हज़रत अली रजि अल्लाह त अ क़ा जन्मदिन मरीजों को फल वितरण करके मनाया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जनाब हाफ़िज़ अयाज साहब ने बताया हजरत अली पैगंबर मोहम्मद साहब के के चचा जात भाई वाह दामाद थे उन्होंने 656 से 661 राशिदून खिलाफ्त के चौथे खलीफा के रूप में शासन किया और शिया इस्लाम के अनुसार वह 632 से 661 तक पहले इमाम थे इनकी शहादत 21 रमजान को हुई। 13 रजब को इनकी विलादत हुई। इन्होंने ही कहा था मजदूरों का उनका मेहताना पसीना सूखने से पहले देना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष ताज बाबा राईन साहब, शाद चौधरी, शमीम ख़ान साहब, मोहर्रम कमेटी महामंत्री मोहम्मद आसिफ साहब समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा नगर अध्यक्ष मोहम्मद हफीज सलमानी साहब, उपाध्यक्ष जावेद राइन साहब, आदि सैकड़ो लो लोग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में दंपती एवं एक युवक गंभीर रूप से घायल

**सिरौलीगौसपुर** बाराबंकी । बाइक सवार दो लोगों की आमने-सामने की टक्कर में पति-पत्नी एवं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि एक साल की मासूम बच्ची बाल-बाल बच गई। कोतवाली व कस्बा बदोसराय के पश्चिम रामनगर बदोसरांय मार्ग पर स्थित पीएचसी के पास बाइक सवारों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई । थाना बड्डूपुर के सलेमपुर गांव के रहने वाले विशाल अपनी पत्नी शारदा व एक साल की मासूम बच्ची के साथ अपने घर जा रहे थे जबकि जिला बहराइच के थाना जरवल रोड रानीपुर के रहने वाले प्रवेश अपने फूफा के घर श्यामनगर जा रहे थे। बदोसराय पश्चिम एक किलोमीटर की दूरी पर पीएचसी के पास दोनों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे विशाल व उसकी पत्नी तथा दूसरा प्रवेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पीआरवी की पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायल विशाल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# इच्छाशक्ति से ही सेवा मिशन को दी जा सकती है मजबूतीः ईओ

● विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समापन

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**नगर** स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाईयों के संयुक्त शिविर का शुक्रवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सुभाषचंद्र सिंह एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता सत्यांशु ओझा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविरार्थी छात्र छात्राओं सुनिधि एवं सुरूचि तिवारीए काजल सिंहए मधूए रश्मि पाण्डेयए सलमाए सेजलए जन्मेजयए मेराजए अमिता आदि ने सरस्वती वंदनाए एकल गायनए सामूहिक एकता गीतए दहेज गीतए नारी सशक्तीकरण तथा सामुदायिक गान से समापन समारोह की समां बांधी। ईओ सुभाषचंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन मे इच्छाशक्ति को सेवा की मूल साधना ठहराया। उन्होनें कहा कि सेवा और समर्पण से ही राष्ट्रीय प्रगति को मंजिल दी जा सकती है। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय संचालन समिति के सदस्य एवं अधिवक्ता सत्यांशु ओझा ने कहा कि समर्पण और त्याग तथा सह अस्तित्व की भावना से ही किसी देश को मजबूती दी जा सकती है। विशिष्ट वक्ता आचार्य रामअवधेश मिश्र ने जीवन मे अनुशासन तथा विचारों को आत्मसात करने को युवा पूंजी ठहराया। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर भारतीय मेधा की सफलता को स्वर्णिम उपलब्धि करार दिया। समारोह का संचालन शिविरार्थी छात्रा जयति शुक्ला एवं अर्पिता सिंह ने किया।

## मोबाइल हाथ में 1090 साथ मेंः एडीजी

**बाराबंकी ।** तहसील नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को छेड़खानी के विरुद्ध चुप्पी तोड़ो अब तो बोलो तुरंत कॉल कर 1090 वीमेन पावर लाइन से पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए पहुंचेगी। थाना सतरिख क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छेदानगर में मिशन शक्ति के माध्यम से एडीजी मीरा रावत ने नारी सशक्तिकरण जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं पर होने वाले अत्याचार जैसे कोई व्यक्ति फोन के माध्यम से आपके साथ छेड़छाड़ या उत्पीड़न कर रहा हो या सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स आदि के माध्यम से या किसी सार्वजनिक स्थान पर पीछा कर रहा हो व स्वयं या अपने मित्रों के साथ किसी खास स्थान पर लड़कियों से छेड़छाड़ करता हो तो तुरंत वीमेन पावर लाइन 1090 की कार्यप्रणाली से पीड़िता की काल केवल महिला अधिकारी द्वारा ही ली जाती है पीड़िता की शिकायत उनकी तरफ से कोई और महिला भी दर्ज करा सकती है परंतु 1090 की आपरेटर पीड़िता से स्वयं बात करेगी वीरता के मोबाइल पर एक रजिस्ट्रेशन नंबर भेजा जाएगा पीड़िता के पहचान सदैव गोपनीय रखी जाएगी पीड़िता को कभी पुलिस स्टेशन नहीं बुलाया जाएगा 1090 के अधिकारी पीड़िता से समस्या के समाधान तक संपर्क में बने रहेंगे आदि विषयों पर चर्चा की । मिलेनियम स्कूल साउथ सिटी लखनऊ की ओर से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया । इस अवसर पर नगर पंचायत सतरिख चेयरमैन मुमताज बेगम व पूर्व चेयरमैन रेहान कामिल ग्राम प्रधान छेदानगर वीरेंद्र कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष सतरिख बृजेश कुमार वर्मा पूरी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे ।

# प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास से हम सब निरोग रह सकते हैंः सीडीओ

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृद्ध आश्रम में तीन दिवसीय योग शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि आयुष विभाग द्वारा इस वृद्ध आश्रम में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन हो रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यहां के वृद्ध जनों को अपनी उम्र एवं अनुभवों के आधार पर ज्येष्ठ बताते हुए कहा कि आज इस अवसर पर हम सभी आप लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करने आए हैं उन्होंने कहा कि आप सभी अपने आप को वृद्ध ना समझेंए बल्कि योग शिविर के दौरान आप सभी ने जो आसन सीखे हैंए उनका अभ्यास कर आप निरोगी रहें। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि योग शिविर के दौरान आयोग विभाग की ओर से योग प्रशिक्षक डॉ रामू कांत द्वारा तीन दिवसीय योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर यहां के वृद्ध जनों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय बताएं तथा आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया। इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया है साथ ही दैनिक जीवन में नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में बताया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास से हम सभी निरोगी रह सकते हैंए योग से बड़ी बड़ी बीमारियां ठीक होती हैं आप सभी वृद्धजन नियमित योगाभ्यास करें व निरोगी रहें। इसके उपरांत समाज कल्याण अधिकारी ने आश्रम में वृद्ध जनों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही तीन दिवसीय योग शिविर की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश खटीक द्वारा वृद्ध आश्रम के वृद्ध जनों को चप्पल एवं माताओं को साड़ियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के अंत में आश्रम प्रबंधक दामोदर और व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र जिला अभिषेक अवस्थी योग प्रशिक्षक डॉक्टर रामूकांत श्रीमती बसंती पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश खटीक नंदलाल पहलवान पूरन सिंह निरंजन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा



संवाददाता। ललितपुर

**कोतवाली** तालबेहट की चौकी तेरई फाटक के अंतर्गत शहजाद बांध के पास एक खंडहर में कुछ लोगों को डकैती की योजना बनाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मारा।

मौके से तीन बदमाशों को दबोचा और तीन मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार जिंदा कारतूस दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपों में डग्गी राजा निवासी रजपूरा थाना बार छोटू कुशवाहा निवासी बिजरौठा थाना तालबेहट महेश कुशवाहा निवासी बिजरौठा थाना तालबेहट और बंटी यादव निवासी रजपुरा थाना बार सतीश बसौर और निवासी रजपुरा थाना बार निवासी ग्राम वटवाहा थाना बार फरार बताए जा रहे हैं।